सूर्योदय : 6:37
सूर्यास्त : 6:02
अधिकतम तापमान : 29.0
न्यूनतम : 15.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-246 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, गुरुवार, 27 फरवरी 2025
28 शाबान 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com



## महाशिवरात्रि पर महाकुम्भ का भव्य समापन

# 45 दिनों में 66+ करोड़ श्रद्धालुओं ने लगायी डुबकी

### भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने पूरे आयोजन को सलामी दी, सीसीटीवी व पब्लिक एड्रेस सिस्टम से कड़ी निगरानी

- देश-विदेश के लोगों का सीएम योगी ने किया धन्यवाद
- 2019 में आए थे 25 करोड़ श्रद्धालु
- मौनी अमावस्या पर थी दुनिया की सबसे अधिक आबादी
- महाकुंभ में अमेरिका की आबादी से दोगुने श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी
- भारतीय वायुसेना के जांबाज पायलटों ने हवा में अद्भुत कलाबाजियां दिखाई



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ-2025 का बुधवार को महाशिवरात्रि पर अंतिम दिन रहा। 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक महाकुंभ में देश-विदेश से लेकर राजनीति, खेल, बॉलीवुड जगत की तक तमाम हस्तियों ने पवित्र त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई।

महाकुंभ के अंतिम दिन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए जानकारी दी है कि प्रयागराज महाकुंभ में कितने श्रद्धालुओं ने गंगा, यमुना और सरस्वती के त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई। सीएम योगी ने कहा कि 45 दिनों तक चले प्रयागराज महाकुंभ में 66 करोड़ 21 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में स्नान का पुण्य लाभ प्राप्त किया। विश्व इतिहास में यह अभूतपूर्व है, अविस्मरणीय है। इसके साथ ही उन्होंने महाकुंभ को सफल और सुरक्षित बनाने के लिए मेला प्रशासन, स्थानीय प्रशासन, पुलिस प्रशासन, स्वच्छताकर्मियों, गंगा दूतों, स्वयंसेवी संगठनों, धार्मिक संस्थाओं, नाविकों और महाकुंभ से जुड़े केंद्र व प्रदेश सरकार के सभी विभागों के लोगों का आभार व्यक्त किया। सीएम योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में आयोजित मानवता का महायज्ञ, आस्था, एकता और समता का महापर्व महाकुंभ-2025, प्रयागराज आज महाशिवरात्रि के पवित्र स्नान के साथ ही अपनी पूर्णाहुति की ओर अग्रसर है। 13 जनवरी, पौष पूर्णिमा से प्रारंभ महाकुंभ-2025, प्रयागराज में 26 फरवरी, महाशिवरात्रि की तिथि तक कुल 45 दिवसों में 66 करोड़ 21 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने पावन त्रिवेणी में स्नान का पुण्य लाभ प्राप्त किया। विश्व इतिहास में यह अभूतपूर्व है, अविस्मरणीय है। उन्होंने लिखा, पूज्य अखाड़ों, साधु-संतों, महामंडलेश्वरों एवं धर्माचार्यों के पुण्य आशीर्वाद का ही प्रतिफल है कि समरसता का यह महासमागम दिव्य और भव्य बनकर सकल विश्व को एकता का संदेश दे रहा है।

> पावन संगम की धर्म धरा पर सनातन आस्था के सबसे बड़े केंद्र महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं ने महारिकॉर्ड बना दिया है। भारत और चीन की जनसंख्या ही इससे ज्यादा है। अब तक दुनिया में किसी भी धार्मिक, सांस्कृतिक या अन्य आयोजनों में इतनी भीड़ नहीं जुटी है। कुंभ 2019 में 25 करोड़ श्रद्धालु आए थे। प्रयागराज में 45 दिन में जुटे श्रद्धालुओं की संख्या विश्व के 231 देशों की आबादी से ज्यादा है। सिर्फ भारत और चीन की आबादी ही प्रयागराज पहुंचे लोगों की संख्या से ज्यादा रही। जहां भारत की अनुमानित आबादी 145 करोड़ है, वहीं चीन की अनुमानित जनसंख्या 141 करोड़ है।

### वायुसेना का रोमांचक प्रदर्शन



महाकुम्भ के समापन अवसर पर भारतीय वायुसेना के जांबाज पायलटों ने हवा में अद्भुत कलाबाजियां दिखाई। विमानों की तेज गर्जना सुन श्रद्धालुओं ने आसमान की ओर देखा, जहां सुखोई और एएन 32 और चेतक का शानदार प्रदर्शन चल रहा था। इस रोमांचक नजारे को श्रद्धालुओं ने अपने मोबाइल कैमरों में कैद किया और सोशल मीडिया पर साझा किया। लोगों ने इसे महाकुम्भ का यादगार पल बताया। जिस वक्त महाकुम्भ में संगम के ऊपर एयर शो चल रहा था, उसे देख श्रद्धालु गर्व और उत्साह से तालियां बजाने लगे।

## न्यूज डायरी

### राज्यसभा जाएंगे केजरीवाल



**चंडीगढ़।** विधायक गुरप्रीत गोगी के निधन के बाद खाली हुई विधानसभा की लुधियाना पश्चिम सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए राज्यसभा सदस्य और प्रसिद्ध उद्योगपति संजीव अरोड़ा को पार्टी ने चुनाव मैदान में उतार दिया है। महत्वपूर्ण यह है कि अभी तक इस सीट पर चुनाव आयोग ने चुनाव की घोषणा नहीं की है। लेकिन आम आदमी पार्टी ने उन्हें अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया है। संजीव अरोड़ा को प्रत्याशी बनाए जाने के बाद राजनीतिक हलकों में यह अटकलें तेज हो गई हैं कि आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल को पंजाब से राज्यसभा में भेजने की तैयारी की जा रही है। हालांकि पार्टी के प्रवक्ता नील गर्ग ने इन अटकलों को सिरे से खारिज कर दिया है।

### सेना के वाहन पर गोलीबारी



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के सुंदरबनी सेक्टर में बुधवार को सेना के वाहन पर गोलीबारी की गयी। आधिकारिक सूत्रों ने यहां कहा कि सुंदरबनी सेक्टर में फुल गांव में आज अपराह्न सेना के वाहन पर तीन से चार गोलियां चलाई गईं। सूत्रों ने बताया कि गोलीबारी के कारणों का पता लगाया जा रहा है। पुलिस और सेना की संयुक्त टीम ने इलाके में तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। यह हमला सुंदरबनी क्षेत्र में हुआ है। सुंदरबनी के एक गांव में दोपहर एक बजे के आसपास यह कांड हुआ। शुरुआती रिपोर्ट्स के मुताबिक, आतंकियों ने सेना के वाहन पर एक से दो राउंड फायरिंग की है। हमले के समय सेना का वाहन गश्ती पर निकला हुआ था। इस हमले में अभी तक किसी के हताहत होने की खबर सामने नहीं आई है। इससे पहले भी सात फरवरी को भारतीय सेना ने पाकिस्तान के 7 घुसपैठियों को मार गिराया था। इससे पहले भी आतंकियों ने कई बार घात लगाकर हमला किया है।

## यूपी में मंत्रिमंडल का होगा विस्तार

**दो से तीन मंत्रियों की हो सकती है छुट्टी**



**लखनऊ।** यूपी में अगले आठ से 10 दिन में मंत्रिमंडल विस्तार हो सकता है। नए मंत्रिमंडल में तीन से चार नए चेहरों को शामिल किया जा सकता है। वहीं, खराब प्रदर्शन और भ्रष्टाचार की शिकायतों के आधार पर दो से तीन मंत्रियों की छुट्टी हो सकती है। मंत्रिमंडल फेरबदल में कई मंत्रियों के विभाग भी बदले जाएंगे और 75 पार हो चुके नेताओं को आराम दिया जाएगा।

भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने राज्यस्तर से फीडबैक लेने के बाद अपना होमवर्क पूरा कर लिया है। मंत्रिमंडल में पश्चिमी यूपी की हिस्सेदारी बढ़ेगी। मंत्रिमंडल में नये चेहरों को मौका देने का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए संदेश देना भी है कि पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ताओं की अनदेखी नहीं होने दी जाएगी। अभी हाल ही में सम्पन्न हुए विधानसभा उपचुनाव में भाजपा ने प्रतिष्ठित मिल्कीपुर सीट सहित 10 में से आठ सीटों पर जीत दर्ज की थी। भाजपा का अगला प्रदेश अध्यक्ष ब्राह्मण समाज से हो सकता है जिसकी घोषणा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष की घोषणा से पहले हो सकती है। बता दें कि पहले भी इस तरह के अनुमान लगाए जा रहे थे कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा के नये अध्यक्ष की घोषणा हो सकती है। दिल्ली में भाजपा ने 27 साल बाद वापसी की है। अब सबकी नजरे भाजपा के नये राष्ट्रीय अध्यक्ष पर हैं। वहीं, यूपी प्रदेश अध्यक्ष का नाम भी चौंका सकता है। भाजपा के जिलाध्यक्षों की सूची भी जल्द ही जारी की जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी इस पर स्थिति स्पष्ट कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव और महाकुंभ के आयोजन की वजह से प्रक्रिया कुछ धीमी हुई। जिलाध्यक्षों की सूची जारी होने में अब कहीं कोई पेंच नहीं है।

### बागेश्वर धाम में राष्ट्रपति ने नवविवाहित जोड़ों को दिया आशीर्वाद

## संतों ने दिलाया महिलाओं को समाज में सम्मानजनक स्थान : द्रौपदी मुर्मू

- सामूहिक विवाह समरोह में 251 जोड़ों का विवाह हुआ सम्पन्न



**छतरपुर (मध्य प्रदेश)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि भारत में संतों ने समाज में महिलाओं के लिए सम्मानजनक स्थान सुनिश्चित किया है और देश आज 'महिला विकास से महिला-नीत विकास' की ओर बढ़ रहा है।

मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले के गढ़ा गांव के बागेश्वर धाम में आयोजित एक सामूहिक विवाह समारोह को संबोधित करते हुए मुर्मू ने कहा, ''समकालीन संत आत्मनिर्भर, सामंजस्यपूर्ण और पर्यावरण के अनुकूल भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।'' इस सामूहिक विवाह समरोह में 251 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। संत समुदाय ने समाज से सामाजिक बुराइयों के खिलाफ आवाज उठाकर उन्हें दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और समाज में महिलाओं के लिए सम्मानजनक स्थान सुनिश्चित किया है। आज, जब हमारा देश महिला विकास से महिला-नीत वाले विकास की ओर बढ़ रहा है, तो हमें अपनी बेटियों और बहनों को मजबूत और सक्षम बनाने में योगदान देना चाहिए। उन्होंने लोगों से महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा पर ध्यान देने का आग्रह किया। हमारे छोटे-छोटे प्रयास बहन बेटियों को सशक्त बनाएंगे। उन्होंने महिलाओं को उनकी शिक्षा और आत्मनिर्भरता के लिए निरंतर प्रयास करने की सलाह दी। भारतीय परंपरा में संतों ने सदियों से अपने कर्म और वाणी से जनमानस को राह दिखाई है और उन्होंने समाज में फैले अंधविश्वासों के बारे में लोगों को जागरूक किया है।

## बिहार में नीतीश कैबिनेट का विस्तार

- भाजपा के सात विधायकों ने ली शपथ
- नए मंत्रिमंडल में विभिन्न जातियों का प्रतिनिधित्व बढ़ाया गया




**पटना।** तीसरे विस्तार के बाद बिहार मंत्रिमंडल ने अपना पूर्ण आकार ले लिया है। इस संरचना में क्षेत्रीय संभावना के साथ सामाजिक समीकरण का वह स्वरूप भी है, जिसके बूते राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन, विशेषकर भाजपा, द्वारा चुनावी जीत का ताना-बाना बुना जा रहा।

यह ताना-बाना सवर्णों के साथ पिछड़ा व अति-पिछड़ा के कॉकटेल का है। कुल जनसंख्या में इस वर्ग की हिस्सेदारी लगभग 79 प्रतिशत है, जबकि 2020 के विधानसभा चुनाव में राजग को कुल 37.23 प्रतिशत मत मिले थे। बहरहाल, तीसरे विस्तार में जिन सात विधायकों को मंत्री बनाया गया है, वे सभी भाजपा से ही हैं। विधानसभा में दलीय स्थिति के आधार पर मंत्रिमंडल में उसी के कोटे के पद भी रिक्त थे। इस विस्तार के बाद नीतीश कुमार के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल में भाजपा कोटे के मंत्रियों की संख्या 21 हो गई है। जदयू के 13 मंत्री हैं और हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा से एकमात्र संतोष कुमार सुमन। निर्दलीय सुमित कुमार भी सरकार में हैं, जिन्हें जदयू खेमे का ही माना जाता है। संतोष और सुमन तो नीतीश के नौवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेते समय ही मंत्री बनाए गए थे। वह तारीख 2024 की 28 जनवरी थी। महागठबंधन को छोड़कर नीतीश एक बार फिर राजग के साथ हुए थे। तब मुख्यमंत्री के अलावा कुल आठ मंत्रियों ने शपथ ली थी। भाजपा कोटे से दो उप मुख्यमंत्री (सम्राट चौधरी व विजय कुमार सिन्हा) सहित प्रेम कुमार को सामाजिक समीकरण के दृष्टिगत ही मंत्रिमंडल में स्थान मिला था। हालांकि, तब क्षेत्रीय समीकरण नहीं सध पाया था। तीनों कमोबेश दक्षिण बिहार से आते हैं। जदयू से विजय कुमार चौधरी, बिजेंद्र यादव व श्रवण कुमार मंत्री बने थे। उनमें मुख्यमंत्री सहित श्रवण भी बिहार से थे। मंत्रिमंडल के दूसरे विस्तार ने इसकी भरपाई की। सभी क्षेत्रों को उचित प्रतिनिधित्व देने का प्रयास हुआ। हालांकि, उसके बाद मिथिला और सीमांचल को लेकर राजनीति सरगर्म हुई। इस कारण तीसरे विस्तार में इन क्षेत्रों का महत्व बन आया और साथ में जातियों का कॉकटेल बनाने का प्रयास भी हुआ। पिछले चुनावों में इसी बूते राजग को सफलता मिलती रही है, जिसे भाजपा आगे कुछ व्यापक स्वरूप में दोहराना चाह रही। कुर्मी समाज के कृष्ण कुमार मंटू और कुशवाहा समाज के डॉ. सुनील कुमार को मंत्री बनाकर उसने इसका संदेश देने का प्रयास किया है।

### भ्रष्टाचार को लेकर डीएमके पर बरसे शाह

## 2026 में तमिलनाडु में बनेगी एनडीए सरकार : गृहमंत्री



**चेन्नई।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक सरकार पर तीखा हमला बोला और उसके नेताओं पर भ्रष्टाचार और कुशासन का आरोप लगाया। कोयंबटूर, तिरुवन्नामलाई और रामनाथपुरम में भाजपा जिला कार्यालयों के उद्घाटन के अवसर पर बोलते हुए, शाह ने कहा कि भ्रष्टाचार के मामलों में, छ्रस्र्ख के सभी नेताओं के पास मास्टर डिग्री है। उनका एक नेता नौकरी के लिए नकद मामले में उलझा हुआ है, दूसरा मनी लॉन्ड्रिंग और अवैध रेत खनन में शामिल है, और तीसरा आय से अधिक संपत्ति से संबंधित आरोपों का सामना कर रहा है। शाह ने अपने संबोधन की शुरूआत में कहा कि मैं कोयंबटूर के सभी नागरिकों, तमिलनाडु के सभी नागरिकों को और देशभर के शिव भक्तों को शिवरात्रि की बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं। आज हमने कोयंबटूर, तिरुवन्नामलाई और रामनाथपुरम में कार्यालयों का उद्घाटन किया। बाकी सभी राजनीतिक दलों के लिए कार्यालय सिर्फ एक ऑफिस होता है, जबकि हम सब के लिए कार्यालय एक मंदिर होता है, जहां से हम पार्टी का संचालन करते हैं। हाल ही में, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने केंद्रीय बजट पेश किया। बजट में मध्यम वर्ग और किसानों को समर्थन देने के साथ-साथ एमएसएमई व्यवसायों के विकास और विस्तार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई कल्याणकारी योजनाएं पेश की गई।

# बच्चों की गवाही भी होगी मान्य

**बड़ा फैसला**

### गवाह के लिए कोई न्यूनतम उम्र निर्धारित नहीं : सुप्रीम कोर्ट


- सात साल की बच्ची की गवाही से आरोपी पिता को मिली उम्रकैद
- आरोपी व्यक्ति ने बेटी के सामने पत्नी की कर दी थी हत्या

**नई दिल्ली।** कोर्ट ने 7 साल की बच्ची की गवाही पर हत्यारे पति को दोषी ठहराते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। बच्ची ने अपने पिता को मां की हत्या करते देखा था। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि गवाह की कोई उम्र सीमा नहीं होती है। अगर कोई बच्चा गवाह देने में सक्षम है तो छोटी उम्र के बच्चे भी ऐसे मामले में गवाही दे सकते हैं।


दरअसल, यह मामला मध्य प्रदेश के सिंघराई गांव का है। जिसमें आरोपी व्यक्ति ने अपनी 7 साल की बेटी के सामने अपनी पत्नी की हत्या कर दी थी। जब ये मामला सुप्रीम कोर्ट गया तो, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि गवाही में उम्र की सीमा नहीं होनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने ये भी कहा कि बच्चों के बयानों को आसानी से बदला जा सकता है, ऐसे में पुलिस को सावधानी जरूर बरतनी चाहिए। साथ ही उन्होंने साफ किया कि बच्चा अगर गवाही देने और पहचान करने में सक्षम है, तो वो गवाह की तरह ही गवाही दे सकते हैं और ये मान्य भी होगी। बच्चे की गवाही को ऐसे खारिज कर देना ठीक नहीं है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने आरोपी पिता को उम्रकैद की सजा सुनाई है।

**मध्य प्रदेश कोर्ट ने खारिज की थी बच्ची की गवाही**

मामला नजरों में तब आया, जब मृतक के रिश्तेदार भूरा सिंह उर्फ यशपाल ने चीख-पुकार सुनने और बाद में जल्दबाजी में अंतिम संस्कार किए जाने का पता चलने पर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने उसी बच्ची की गवाही पर उसके पिता के खिलाफ केस दर्ज किया और मामला हाईकोर्ट तक चला गया। इस मामले में मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने बच्ची की गवाही मानने से इनकार कर दिया और आरोपी को बरी कर दिया था।



## केंद्र असम में जलमार्ग विकास पर 4,800 करोड़ रुपये खर्च करेगा : सर्बानंद सोनोवाल



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने बुधवार को कहा कि केंद्र सरकार अगले पांच साल में असम में जलमार्ग और संबंधित बुनियादी ढांचे के विकास पर 4,800 करोड़ रुपये खर्च करेगी। बंदरगाह, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री यहां 'एडवांटेज असम 2.0 निवेश एवं अवसंरचना शिखर सम्मेलन' के दौरान राज्य की सड़क, रेलवे और नदी अवसंरचना पर आयोजित सत्र में यह बात कही। सोनोवाल ने कहा, '' मैं घोषणा करना चाहता हूं कि अगले पांच साल में मेरा मंत्रालय असम में 4,800 करोड़ रुपये खर्च करेगा।'' यह राशि जहाज मरम्मत सुविधा, बंदरगाहों के लिए वैकल्पिक सड़कों के निर्माण तथा टर्मिनल के विकास जैसे विभिन्न कार्यों पर खर्च की जाएगी। सोनोवाल ने कहा कि राज्य में समुद्री शिक्षा में उत्कृष्टता केंद्र भी स्थापित किया जाएगा, जिसमें पोत परिवहन उद्योग के लिए सालाना 5,000 कुशल युवाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा।

## हजारीबाग में शिवरात्रि पर झंडा लगाने को लेकर बवाल

### दो गुटों में जमकर पथराव और आगजनी



**हजारीबाग।** हजारीबाग के इचाक प्रखंड के डुमरौन गांव में बुधवार की सुबह महाशिवरात्रि समारोह के लिए झंडे और लाउडस्पीकर लगाने को लेकर दो समूहों के बीच हिंसक झड़प हो गई। विवाद जल्द ही पथराव में बदल गया, जिसके परिणामस्वरूप कई लोग घायल हो गए। अफरा-तफरी में तीन मोटरसाइकिलों और एक बलेनो कार को आग लगा दी गई, जबकि एक अन्य मोटरसाइकिल और एक ऑटोरिक्शा में तोड़फोड़ की गई। साथ ही उपद्रवियों ने एक दुकान में भी आग लगा दी। कई लोगों को चोटें आई और उन्हें इलाज के लिए हज़ारीबाग़ सदर अस्पताल ले जाया गया। हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय ने कहा कि आज सुबह हज़ारीबाग़ जिले के इचाक इलाके में साउंड सिस्टम चलाने को लेकर मारपीट और पथराव हो गया। पर्याप्त बल तैनात किए गए हैं और वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर डेरा डाले हुए हैं। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और शांति है। हिंसा के बाद स्थिति को नियंत्रित करने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया। जिला प्रशासन ने घटनास्थल पर तीन पुलिस स्टेशनों के कर्मियों को तैनात किया है, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) सहित वरिष्ठ अधिकारी स्थिति पर नजर रख रहे हैं। कांग्रेस सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि आज महाशिवरात्रि है। ऐसी कोई भी घटना दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। जब से पीएम मोदी की सरकार सत्ता में आई है और जिस तरह के आरोप-प्रत्यारोप लगाए जा रहे हैं, उससे समाज में एक जहरीला माहौल बन गया है और इसका दुष्परिणाम हम देख सकते हैं कि हमें त्योहारों के दौरान भी ऐसी चीजें देखने को मिलती हैं।

# शिवालयों मे उमड़ा भक्तों का जन सैलाब



**हर साल की तरह महाशिवरात्रि पर आज भी बड़ी धूमधाम से शिव बारात शहर के गढ़ी रोड स्थित यज्ञशाला मैदान से रवाना होकर शहर के प्रमुख मार्गो मेला मैदान ,इमली चौराहा , मिश्राना चौकी, मेन रोड़, संकटा देवी मंदिर से होते हुए निकली जाएगी महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर समस्त मंदिरों को भव्य तरीके से सजाया गया है व शहर के मुख्य मार्ग को झालरों से रोशन किया गया है।**

*अनिल कनौजिया*
*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** महादेव की आराधना के पावन पर्व महाशिवरात्रि पर जिले के शिवालयों में शिव भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही जलाभिषेक के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। शिव भक्तों नें जिले भर के तमाम शिव मंदिरों समेत पौराणिक छोटी काशी ह्यगोला में जलाभिषेक कर पुण्य कमाया। चारों दिशाओं से भगवान शिव के जयकारे सुनाई दे रहे हैं। गोला में स्थित भगवान भोलेनाथ के मंदिर में शिव का विशेष श्रृंगार किया गया। इसके बाद उनकी आरती की गई जिसमें भारी संख्या में शिव भक्त शामिल हुए। यही नहीं भगवान शिव का पंचामृत दूध, दही, घी शक्कर, शहद और सुगन्धित द्रव्यों से अभिषेक किया गया। जिले के अलग अलग स्थानों पर मंदिरों में इस दिन हजारों भक्त जलाभिषेक कर अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए भगवान से प्रार्थना की। मान्यता है कि यदि शिव को सच्चे मन से याद कर लिया जाए तो शिव प्रसन्न हो जाते हैं। छोटी काशी के नाम से विख्यात शिवनगरी में महाशिवरात्रि के पर्व पर पौराणिक शिवमंदिर सहित आसपास के सभी शिवालयों में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा और समूचा क्षेत्र बम भोले के जयकारों से गूंज उठा और जगह जगह भंडारों पर प्रसाद वितरण किया गया। सुरक्षा के मद्देनजर मंदिर पर भारी पुलिस फोर्स लगाया गया तथा सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही थी। छोटी काशी के नाम से विख्यात गोला शिवनगरी में प्राचीन त्रेतायुगीन शिवमंदिर है जहां गाय के कान के आकार का दुर्लभ शिवलिंग विराजमान है। माना जाता है कि त्रेतायुग में यह शिवलिंग लेकर लंकाधिपति रावण बंहगी में कांधे पर रखकर लंका लिए जा रहा था। उसे भगवान शिव ने कठोर तपस्या से प्रसन्न होकर उसके साथ जाने का वचन दिया था लेकिन शर्त रखी थी कि जहां भी वह उसे कांधे से उतार देगा,शिव वहीं विराजमान हो जाएंगे। पुराणों में प्रचलित वर्णन के अनुसार रावण को इस दौरान लघुशंका महसूस हुई तो उसने शिवलिंग एक चरवाहे को देकर निवृत्त होना चाहा लेकिन भगवान ने शिवलिंग का भार बढ़ाया जिससे मजबूर चरवाहे ने उन्हें जमीन पर उतार दिया और वे यहीं विराजमान हो गए। महाशिवरात्रि के पर्व पर सुबह से ही मंगला आरती के साथ मंदिर के पट दर्शनों के लिए खोले गए तो समूचे तीर्थ क्षेत्र में दर्शनार्थियों की कतारें लगी नजर आईं और पूजन सामग्री,प्रसाद व फल फूल की दुकानों पर भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान श्रद्धालुओं ने तड़के ही यहां तीर्थ सरोवर में डुबकी लगाई और फल फूल,शहद,दूध,भांग धतूरा,नैवेद्य सहित अन्य पूजन सामग्री लेकर श्रद्धाभाव से भगवान शिव का जलाभिषेक किया और सुखमय जीवन की मनौतियां मांगीं। जगह जगह ठंडाई के प्रसाद का वितरण हुआ तथा श्रद्धालु झूम झूमकर नाचे। महाशिवरात्रि के चलते देर रात तक शहर में उल्लास छाया रहा।

## सड़क हादसे में मंदिर से लौट रही नाबालिग बच्ची की मौत

**बदायूं।** थाना मूसाझाग क्षेत्र के डहरपुर मार्ग पर सड़क हादसे में एक नाबालिग बालिका की मौत हो गई।सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने बाइक सवार को हिरासत में ले लिया है, वहीं पुलिस ने बच्ची के शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना हजरतपुर क्षेत्र के ग्राम कोडा जयकरण निवासी अशोक की नाबालिग पुत्री प्रतिज्ञा अपनी सहेलियों के साथ बुधवार को महाशिवरात्रि के मौके पर मंदिर में पूजा अर्चना करने के लिए घर से निकली थी। मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद वह वहां से सड़क मार्ग द्वारा वापस अपने घर लौट रही थी तभी वह किसी तरह पीछे से आ रही बाइक की चपेट में आ गई। बताया जाता है कि मौके पर मौजूद लोगों द्वारा बाइक सवार को तत्काल पकड़ लिया गया और पुलिस को सूचना दे दी गई इसके बाद घटनास्थल पर पहुंची डायल 112 पुलिस द्वारा बाइक सवार को हिरासत में ले लिया।पुलिस ने बच्ची के शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा है।

## श्रद्धाभाव से मनाया गया महाशिवरात्रि पर्व,दूध एवं जल से किया गया भगवान पर अभिषेक

**बदायूं।** जिले भर में बहुत ही श्रद्धा भाव से महाशिवरात्रि का त्यौहार मनाया गया।लोग एक दिन पहले से ही अपने-अपने घरों की सफाई आदि कर रहे थे।जनपद में स्थित शिवालयों में बुधवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। लोग पूरी उत्साह एवं श्रद्धा भाव के साथ मंदिरों में पूजा अर्चना कर रहे थे। श्रद्धालु पूजा अर्चना के वास्ते ब्रह्ममुहूर्त में स्नान कर शिवालयों में पहुंचे थे। मंदिरों में पहुंचे श्रद्धालुओं द्वारा अपने भगवान का दूध एवं जल से अभिषेक किया गया तथा अपने आदिदेव को फल,बेलपत्र, भांग, धतूरा आदि अर्पित किए गए।श्रद्धालुओं द्वारा लगाए जा रहे हर हर महादेव के नारे लोगों में उत्साह को और ज्यादा बड़ा रहे थे। कांवड़ियों द्वारा कछला घाट से गंगाजल लाकर महाशिवरात्रि पर जलाभिषेक किया गया।महाशिवरात्रि के दृष्टिगत जिला एवं पुलिस-प्रशासन और से सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे सभी पूजा स्थलों पर पुलिस बल तैनात किया गया था।

## केंद्रीय राज्यमंत्री की तस्वीर पर आपत्तिजनक पोस्ट के मामले में दो गिरफ्तार

**बदायूं।** थाना उझानी एवं कादरचौक क्षेत्र से पुलिस द्वारा दो लोगों को केंद्रीय राज्यमंत्री की तस्वीर पर आपत्तिजनक पोस्ट करने के मामले में गिरफ्तार किया गया है।थाना उझानी पुलिस को भाजयुमो के मंडल अध्यक्ष की ओर से दी गई तहरीर के बाद मामले को दर्ज कर लिया गया है। मामला दर्ज करने के बाद पुलिस द्वारा एक आरोपी को थाना उझानी क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है वहीं दूसरा आरोपी कादरचौक क्षेत्र निवासी होने के कारण कादर चौक पुलिस द्वारा उसे थाना कादर चौक क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। तीसरे आरोपी की पुलिस तलाश कर रही है।

# भीरा-पलिया हाईवे पर कार की टक्कर से बाघ की हुई मौत

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** किशनपुर सेंक्चुरी के जंगल में भीरा-पलिया हाईवे पर कार की टक्कर से बाघ की मौत हो गई। उसका शव सड़क से 50 मीटर दूर जंगल के अंदर मिला। वन विभाग की टीम ने शव को कब्जे में लिया। उसका पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा किशनपुर सेंक्चुरी में भीरा-पलिया हाईवे पर बुधवार सुबह करीब 10 बजे जंगल से निकलकर एक बाघ हाईवे पारकर कर रहा था। इसी दौरान उधर से गुजर रही हरियाणा के नंबर की तेज रफ्तार कार की चपेट में आ गया। टक्कर लगने से बाघ सड़क से 50 मीटर दूर जाकर गिरा। मौके पर ही उसकी मौत हो गई टक्कर मारने वाली कार को किशनपुर सेंक्चुरी मैलानी रेंज जंगल के बैरियर पर तैनात वन कर्मियों ने तलाशी लेने के लिए रोका। इस दौरान टीम को कार पर बाघ के बाल चिपके मिले। यह देख टीम ने कार को कब्जे में लेकर चालक से पूछताछ करने के बाद इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को दी। मार्ग से 50 मीटर दूर मिला शव वनाधिकारियों के सामने चालक ने बाघ से टक्कर लगने की बात स्वीकार की। इस पर वन कर्मियों की टीम बाघ की तलाश में जंगल के अंदर गई। जहां मार्ग से 50 मीटर दूरी पर जंगल के अंदर उसका शव पड़ा मिला।

बाघ के मरने की सूचना पर दुधवा टाइगर रिजर्व के एफडी डॉ. एच राजामोहन, डीडी दुधवा डॉ. रंगाराजू टी ने मौका मुआयना किया।

## सुनसान जगह पर लड़की को मंगल सूत्र पहनाना पड़ा महंगा

**लखीमपुर खीरी।** हैदराबाद थाना क्षेत्र में मंगेतर को सुनसान जगह पर लड़की को मंगल सूत्र पहनाना उस समय महंगा पड़ गया जब पुलिस ने एक सूचना पर दोनों को मौके से पकड़ लिया। दोनों को थाने लाया गया। पूछताछ करने पर पता चला कि दोनों एक ही बिरादरी के आपस में रिश्तेदार हैं। दोनों की शादी तय हो चुकी है। जोकि एक साल बाद होनी हैं। लड़की लड़के की पहले से रिश्ते में साली है। लड़का खुटार इलाके का लड़की इलाके की बताई जा रही है। पता चला कि दोनों पहले मंदिर पर गए थे। वहां प्रसाद चढ़ाया। उसके बाद वह सुनसान स्थान ढूंढते हुए नहर पटरी पर बनी नहर कोठी में सूनसान जगह पर झाड़ियां की आड़ में मंगलसूत्र पहना कर बातचीत कर मौज मस्ती कर रहे थे। पुलिस ने किसी अनहोनी की सूचना पर दोनों को पकड़ लिया।

## पलिया बस स्टैंड पर खड़ी दो बसों में अचानक लगी आग

**लखीमपुर खीरी।** शहर के पलिया बस स्टैंड पर खड़ी दो बसों में मंगलवार की रात अचानक आग लग गई। वहां आसपास में खड़ी बसों को हटाकर उनका बचाया गया। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड ने आग पर काबू पाया। आग में बसों के साथ एक चाय का होटल भी जल गया। शहर की निघासन रोड पलिया बस अड्डे पर मंगलवार की रात कई बसें खड़ी थी। रात करीब साढ़े 11 बजे दो बसों में अचानक आग लग गई। बस अड्डे पर मौजूद चालक और अन्य लोग जब तक कुछ समझ पाते। इससे पहले ही आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। देखते ही देखते दोनों बसें आग की चपेट में आकर जलने लगी। आग बेकाबू देख लोगों ने सूचना सदर कोतवाली पुलिस और फायर बिग्रेड को दी। सूचना पाकर शहर कोतवाल और फायर बिग्रेड की टीम मौके पर पहुंच गई। दमकल कर्मियों ने करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने की वजह अभी साफ नहीं हो सकी है। घटना के बाद बस मालिकों में दहशत का माहौल है। घटना में एक चाय का होटल भी जल गया है।

## वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना हैदराबाद पुलिस द्वारा मु0सं0 1731/24, धारा 128 द0प्र0सं0 में वारंटी अभियुक्त रवि प्रकाश पुत्र रामपाल को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार वारंटी अभियुक्त का चालान न्यायालय भेजा जा रहा है।

## दो गौकश दबोचे, गौकशी के उपकरण व जिंदा गौवंश बरामद

**सहारनपुर।** थाना मिर्जापुर पुलिस ने दो शातिर गौकशो को दबोचकर उनके कब्जे से गौकशी के उपकरण व एक जिंदा गौवंश बरामद कर लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया।

थाना मिर्जापुर प्रभारी धर्मेन्द्र गौतम ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके व उपनिरीक्षक सतेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गांव कासमपुर के जंगल के पास से दो शातिर गौकशो अनवर पुत्र इस्लाम व सौमी उर्फ उस्मान पुत्र यामीन निवासीगण ग्राम कासपुर थाना मिर्जापुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दबोचे गये आरोपियों के कब्जे से गौकशी के उपकरण व एक जिन्दा गौवंश बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध गौवध अधिनियम की धारा 3/5/8 के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी श्री गौतम ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा कि वह और उसका साथी जंगल में घूम रहे आवारा पशुओं को पकड़कर मार देते है और मांस व अवशेषों को बेचकर अच्छा मुनाफा कमा लेते है।

# मोर्चरी से जबरन शव लाकर डीसी रोड पर जाम लगाना मृतक किशोर के परिजनों और ग्रामीणों को पड़ा भारी

### मृतक के माता-पिता समेत आठ लोगों को नामजद कर 15 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** मोर्चरी से जबरन शव लाकर डीसी रोड पर जाम लगाना मृतक किशोर के परिजनों और ग्रामीणों को भारी पड़ गया है। सदर कोतवाली पुलिस ने जेल गेट चौकी इंचार्ज की तहरीर पर मृतक के माता-पिता समेत आठ लोगों को नामजद कर 15 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। इससे लोगों में हड़कंप मचा है। रिपोर्ट दर्ज होने की जानकारी मिलते ही कई रिश्तेदार और ग्रामीण गिरफ्तारी के डर से घरों को छोड़कर भूमिगत हो गए हैं। सोमवार की रात शहर की पंजाबी कॉलोनी निवासी सुरेंद्र तोलानी के घर पर घरेलू काम करने वाले 12 वर्षीय दीपक पुत्र विजयपाल निवासी गोंधिया थाना भीरा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। वह अपने चचेरे भाई नीरज के साथ घरेलू सहायक के तौर पर काम करता था। पुलिस ने शव जिला अस्पताल की मोर्चरी पर रखवा दिया था। सुबह परिजन, रिश्तेदार और तमाम ग्रामीण भी मोर्चरी पहुंच गए मकान मालिक और मृतक के चचेरे भाई पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए हंगामा करने लगे और शव जबरन ले जाने की कोशिश करने लगे। मोर्चरी कर्मचारियों ने जब विरोध किया तो उनसे अभद्रता की। उनका मोबाइल फोन तोड़ दिया और शव को जबरन लेकर डीसी रोड ले आए। मार्ग पर शव रखकर जाम लगा दिया। मौके पर पहुंची पुलिस के समझाने के बाद भी जब लोग नहीं माने तो पुलिस ने लाठियां फटकार कर भीड़ को खदेड़ दिया था।

इस मामले को लेकर पुलिस ने कड़ा रुख अपनाया है। शहर कोतवाल अंबर सिंह ने बताया कि जेल गेट चौकी इंचार्ज पटेल सिंह राठी की तहरीर पर गांव गोधिया निवासी मृतक किशोर के पिता विजय पाल, मां रमा देवी, गांव गोधिया निवासी संजय पुत्र महेश, मधुराम पुत्र महेश, महेश पुत्र डोरेलाल, महेश्वरी पत्नी महेश, सुरेश पुत्र डोरेलाल और सुदामा देवी पत्नी राजेश को नामजद कर 15 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है उधर रिपोर्ट दर्ज होने की जानकारी जब गांव पहुंची तो मृतक के परिवार और ग्रामीणों में हड़कंप मच गया है। तमाम रिश्तेदार और ग्रामीण अपनी गिरफ्तारी के भय से घरों को छोड़कर भूमिगत हो गए हैं ।

## नाबालिग से छेडछाड़ का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**सहारनपुर।** थाना सदर बाजार पुलिस ने नाबालिग से छेड़छाड़ के मामले में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसका चालान काटकर जेल भेज दिया।

कोतवाली सदर बाजार प्रभारी सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 25 फरवरी को वादी की तहरीर पर आरोपी निखिल कुमार उर्फ बुटु पुत्र मदन निवासी उमरपुर थाना जलालाबाद जनपद शामली के खिलाफ वादी की नाबालिग पुत्री के साथ घर में घुसकर छेड़छाड़ करने के सम्बन्ध में थाना सदर बाजार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। श्री सिंह ने बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक जहांगीर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बस अड्डा रेलवे स्टेशन के पास से नामजद आरोपी निखिल कुमार उर्फ बुटु को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

# भगवान शिव की पूजा अर्चना कर लाखों श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक मंदिरों में प्रातः काल से ही जल चढ़ाने को श्रद्धालुओं का लगा तांता

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** महाशिवरात्रि का पर्व जनपद में बड़ी आस्था व अटूट श्रद्धा के साथ मनाया गया। बम-बम भोले के जयकारों के बीच श्रद्धालुओं ने शिवालयों में भगवान शिव की पूजा अर्चना कर भगवान शिव का जलाभिषेक किया।

महाशिवरात्रि पर्व पर आज प्रातःकाल से ही श्रद्धालु मंदिरों में पहुंचने लगे थे और लम्बी-लम्बी कतारों में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते रहे। उधर, हरिद्वार से पवित्र गंगा जल लेकर लौटे कांवडियों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। सुरक्षा के मद्देनजर मंदिरों के आसपास पुलिस बल को तैनात किया गया था तथा सीसीटीवी कैमरो से भी निगरानी की जा रही थी। महानगर के प्रमुख मंदिर श्री भूतेश्वर महादेव मंदिर में आज सुबह से ही श्रद्धालु भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए आने शुरू हो गए थे। मंदिर समिति



द्वारा सुरक्षा के मद्देनजर मंदिर परिसर में बेरीकेटिंग की गयी थी और श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे भी लगाये गये थे, जिनसे श्रद्धालुओं की निगरानी की जा रही थी। चकरौता रोड स्थित श्री बागेश्वर महादेव मंदिर में आज प्रातः 4 बजे से ही जलाभिषेक आरंभ हो गया। इस अवसर पर मंदिर को बेहद आकर्षक ढंग से सजाया गया था और रात्रि में ही शिव दरबार में चार पहर का पूजन किया गया। इसके अलावा श्री शंकलेश्वर महादेव शंकलापुरी मंदिर में भी महाशिवरात्रि पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इसके अतिरिक्त बेहट रोड स्थित आशेश्वर मंदिर, खुमरान पुल स्थित रामेश्वर मंदिर, जवाहर नगर नीलकंठ मंदिर, नुमाइश कैम्प स्थित शिव मंदिर, सिद्धपीठ हनुमान मंदिर, सुंदर मंदिर ज्वाला नगर, श्रीराम मंदिर बेरीबाग, गीता मंदिर, बांके बिहारी मंदिर, दाल मण्डी पुल भैरो मंदिर, रानी बाजार स्थित धौला कुंआ, रेलवे स्टेशन स्थित शिव मंदिर घंटाघर स्थित हनुमान मंदिर, गोविंद नगर स्थित श्री दुर्गा मंदिर, गुरूद्वारा रोड स्थित आशुतोष मंदिर, गिल कॉलोनी स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर, आवास विकास स्थित हरि मंदिर, किशनपुरा स्थित शिव मंदिर, हकीकत नगर स्थित शिव मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर, नीलकंठ मंदिर, शंकर नगर स्थित राधा कृष्ण मंदिर, पंत नगर लक्ष्मी नगर स्थित श्री लक्ष्मी नारायण परशुराम मंदिर, नवीन नगर स्थित शिव मंदिरों में श्रद्धालुजनों ने भारी संख्या में पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया और धर्मलाभ कमाया।

# सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर भीम आर्मी ने किया प्रदर्शन

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सार्वजानिक भूमि पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाते हुए उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराकर भूमि को अवैध कब्जा मुक्त कराने की मांग की। भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता पूर्व जिलाध्यक्ष रोहित राज गौतम के नेतृत्व में एकत्र होकर रामपुर मनिहारान तहसील मुख्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने उपजिलाधिकारी को सौंपे प्रार्थना पत्र में बताया कि रामपुर मनिहारान के एनजेडए मे बने खेवट सं. 405 रकबई खसरा संख्या 1244 की भूमि कब्रिस्तान व बंजर के रूप मे दर्ज है। जिस पर कुछ भूमाफिया किस्म के व्यक्ति अवैध कब्जा कर रहे है। इससे पूर्व भी तत्कालीन उप जिलाधिकारी द्वारा 15 जुलाई 2022 को दिये गये आदेश में भी उक्त भूमि को राजस्व अभिलेखो के दृष्टिगत खेवट सं. 405 के अन्तर्गत गाटा सं.1244 की समस्त भूमि आधार 1359 फसली अनुसार पूर्ण श्रेणी 14(3) (स) के अन्तर्गत कब्रिस्तान व बंजर के रूप में 15 (2) के अन्तर्गत सडक की है जो सार्वजनिक उपयोग की भूमि है। उक्त भूमि कब्रिस्तान बंजर के रूप मे दर्ज है। उन्होंने चेतावनी दी कि उक्त सार्वजनिक भूमि पर किए जा रहे अवैध कब्जे की गंभीरता से जांचकर यदि शीघ्र ही जमीन को कब्जा मुक्त नहीं कराया गया, तो भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगे। इस अवसर पर नगर पंचायत के सभासद सन्नी कुमार, संत रविदास मंदिर सभा के प्रधान मोहर सिंह, नरेंद्र कुमार, रोहित कुमार, भीम आर्मी के पूर्व नगर अध्यक्ष राहुल कुमार आदि मौजूद रहे।

## ताजमहल के अंदर एक महिला ने शिवलिंग रखकर गंगा जल से जलाभिषेक किया

**आगरा।** आगरा में ताजमहल में हिन्दूवादी संगठन की कार्यकर्ता मीरा राठौर ने शिवलिंग रखकर गंगाजल चढ़ाया। महिला ने कहा कि ये ताजमहल नहीं तेजामहालय है। महिला ने इस वीडियो भी बनाया है। जिसमें वो ताजमहल परिसर में शिवलिंग रखकर गंगाजल चढ़ाते हुए दिख रही है। महिला ने धूपबत्ती से पूजा अर्चना की। उसने कहा कि इस परिसर को दूसरे समुदाय के लोगों ने चादर और बिरयानी बाँटकर अशुद्ध कर दिया, इसलिए उसने तेजोमहालय को शुद्ध किया है।

मीरा राठौर अखिल भारत हिंदू महासभा की महिला मोर्चा की अध्यक्ष है। महाशिवरात्रि के मौके पर मीरा शिवलिंग को ताजमहल के अंदर ले गई थी और साथ में संगम से लाया गंगाजल भी लेकर गई थी। जिसके बाद उनसे ताजमहल परिसर में हर-हर महादेव के नारे लगाए और भगवान शिव की पूजा अर्चना की। मीरा राठौर ने कहा कि वो ये गंगाजल संगम प्रयागराज से लेकर आई है, जिसके बाद उसने तेजोमहालय में जल चढ़ाया है।

मीरा राठौर ने ताजमहल जाने से पहले भी वीडियो बनाया और कहा कि हम संगम गए थे और संगम से ये जल लेकर आए हैं। आज इस जल से भोले बाबा को स्नान कराएंगे। आज महाशिवरात्रि पर वो तेजोमहालय में भोले बाबा को लेकर जाएगी और जल चढ़ाएगी। मीरा राठौर ने कहा कि उन लोगों ने वहां पर चादर चढ़ाई और बिरयानी बांटकर वो जगह अशुद्ध की है इसलिए मैं वहां जाकर भगवान शिव की पूजा अर्चना कर उस जगह को शुद्ध करूंगी। इस घटना की पूरी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। बता दें कि हिन्दू पक्ष के कई लोग ताजमहल को भी भगवान शिव का मंदिर बताते है। इन संगठनों का दावा है कि ताजमहल दरअसल भगवान का शिव का मंदिर है जिसका नाम तेजोमहालय है। समय-समय पर ताजमहल का नाम बदलने और मंदिर घोषित करने की भी मांग उठती रही है।

# शिवालय में सुबह से महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़, हर हर महादेव के लगे जयकारे

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** बुधवार को महाशिवरात्रि पर्व पर ब्रह्म मुहूर्त से



ही शिवालयों में बम-बम भोले और हर-हर महादेव की गूंज रही। शहर के प्रमुख शिवालयों के अलावा बटेश्वर में ब्रह्मलाल के दर्शन और पूजा अर्चना करने के लिए भी भक्तों का सैलाब उमड़ रहा था। कांवड़ियों द्वारा भोले बाबा का गंगाजल से अभिषेक किया जा रहा था। छोटे से लेकर बड़े मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ रही। आगरा शहर के सभी प्रमुख शिवालयों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ रही थी। कैलाश महादेव, बल्केश्वर महादेव, श्रीमनःकामेश्वर, रावली महादेव, पृथ्वीनाथ महादेव के अलावा राजेश्वर मंदिर में ब्रह्म मूहूर्त से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। सोरों और हरिद्वार से कांवड़ के रूप में गंगाजल लेकर पहुंचे कांवड़िये श्रद्धाभाव के साथ गंगाजल द्वारा महादेव का जलाभिषेक कर रहे थे। आम श्रद्धालु भी बेलपत्र, बेर और दूध अर्पित कर भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर रहे थे। पुलिस ने महाशिवरात्रि के मद्देनजर पहले ही ट्रैफिक डायवर्जन लागू कर रखा है, इसलिए लोगों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो रही। राष्ट्रीय राजमार्ग व विभिन्न सड़कों पर कांवड़ यात्रा के साथ यातायात भी सुचारू चलता रहा। कांवड़िये बम-बम भोले के जयकारे लगाते चल रहे थे।

# आगरा में खड़े ट्रक में पीछे से जा घुसी कार, 4 लोग घायल



**आगरा।** थाना किरावली क्षेत्र में तेज गति से दौड़ती एक वैगनआर कार अनियंत्रित होकर खड़े ट्रक में पीछे से जा घुसी। इस हादसे में कार में सवार चार युवक गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सभी घायल लखनऊ के रहने वाले हैं। एक घायल की स्थिति बहुत नाजुक थी, जिसने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

यह हादसा आगरा ग्वालियर हाईवे पर किरावली कस्बे में रुनकता चौराहे पर हुआ। वैगनआर कार नंबर यूपी 32 जीसी 1165 में सवार चार युवक भरतपुर की ओर जा रहे थे। चौराहे पर खड़े ट्रक संख्या डीएल1एमबी 0112 में यह कार जा घुसी। कार सवार चारों युवकों गंभीर चोटें आई हैं। सभी घायलों को आगरा के एसएन मेडिकल क?लेज की इमरजेंसी में भेजा गया है। इनमें से एक दिनेश गुप्ता की अस्पताल में मौत हो गई।

घायल युवक सुमित पुत्र उमा शंकर 38 वर्ष दिनेश गुप्ता 38 वर्ष, अंकित पुत्र प्रदीप कुमार टंडन हैं। एक घायल अभी अज्ञात है। चारों लखनऊ के निवासी बताए गए हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने माना है कि संभवतः कार का पिछला टायर फटने से यह हादसा हुआ।

# समस्याओं के समाधान में लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई : रविन्द्र कुमार, जिलाधिकारी

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** जिलाधिकारी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई के दौरान नागरिकों की विभिन्न समस्याओं को सुना। जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी शिकायतों का समय और गंभीरता से निस्तारण किया जाए। समस्या का निस्तारण न करने वाले पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी रविंद्र कुमार के पास मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान आवास, पेंशन, भूमि विवाद, राशन कार्ड, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य विभागों से जुड़ी शिकायतें आईं। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि गंभीर मामलों को शीघ्र प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके। जनसुनवाई में आए कई



फरियादियों की समस्याओं को मौके पर ही हल कर दिया गया। जबकि कुछ मामलों को संबंधित विभागों को भेजकर समय सीमा के भीतर समाधान कराने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रतिबद्ध है और हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन आम नागरिकों की समस्याओं के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है और उनके निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## तलहा, अरसलान, फरहान, रेहान, अफजल बने हाफिज-ए-कुरआन



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** दावते इस्लामी इंडिया द्वारा संचालित मदरसतुल मदीना जामियतुल कुरैश अंधियारी बाग का सालाना जलसा मंगलवार देर रात हुआ। कुरआन-ए-पाक की तिलावत कारी अब्दुल जव्वाद ने की। नात-ए-पाक आदिल अत्तारी ने पेश की। मुख्य अतिथि मौलाना आसिफ मिस्बाही ने पूरा कुरआन-ए-पाक याद (कंठस्थ) करने वाले हाफिज अबू तलहा, हाफिज मो. अरसलान, हाफिज मो. फरहान, हाफिज मो. रेहान व हाफिज मो. अफजल के सर पर दस्तार बांध प्रमाण पत्र सौंपा। वहीं पूरा कुरआन-ए-पाक पढ़ने (नाजरा) वाले मदरसे के 27 छात्रों को भी प्रमाण पत्र सौंपा गया। छात्रों को दुआ, फूल माला व तोहफों से नवाजा गया। मौलाना आसिफ व हाजी आजम अत्तारी ने अवाम से कहा कि कुरआन-ए-पाक एक ऐसी पाकीजा किताब है, जो पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा पढ़ी जाती है। दूसरी किताबों को तीन चार बार पढ़ने से आदमी का दिल भर जाता है, जबकि कुरआन-ए-पाक जितनी बार पढ़ा जाता है उतना ही इसके अंदर लुत्फ और मजा आता है। पढ़ने और सुनने वाले को नई कैफियत हासिल होती है। दुनिया में जितनी भी किताबें हैं उनमें बदलाव होता रहता है, जबकि कुरआन-ए-पाक में कोई बदलाव नहीं हुआ है, जैसा नाजिल हुआ है उसी शक्ल में आज भी मौजूद है। कुरआन-ए-पाक केवल मुसलमान के लिए ही नहीं बल्कि दुनिया के हर इंसान की रहनुमाई के लिए है। सफल होना चाहते हैं तो कुरआन-ए-पाक की रस्सी को मजबूती से पकड़ लें, क्योंकि हर जगह कुरआन-ए-पाक हमारी रहनुमाई करेगा।

# महाकुंभ आए श्रद्धालुओं ने दिया राष्ट्रीय एकात्मकता और राष्ट्र के प्रति समर्पण का संदेश: योगी

अवधनामा संवाददाता



- मुख्यमंत्री ने महाशिवरात्रि के पावन पर्व दीं सभी श्रद्धालुओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
- देवाधिदेव महादेव कल्याण के देवता, उनकी कृपादृष्टि से ही सभी व्यवस्थाओं का संचालन

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी प्रदेशवासियों, प्रयागराज महाकुंभ, बाबा विश्वनाथ धाम, अयोध्या में देश-दुनिया से आए श्रद्धालुओं और प्रदेश के सभी देवालयों-शिवालयों में उमड़े आस्थावानों को महाशिवरात्रि के पावन पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने प्रयागराज महाकुंभ का विशेष उल्लेख करते हुए कहा है कि यहां अब तक लगभग 66 करोड़ श्रद्धालुओं ने राष्ट्रीय एकात्मकता और राष्ट्रीयता के प्रति समर्पण का संदेश पूरी दुनिया को दिया है।

महाशिवरात्रि पर बुधवार को गोरखपुर के प्रमुख शिवालयों के भ्रमण, दर्शन-पूजन और जलाभिषेक के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुक्तेश्वरनाथ मंदिर पर मीडिया से बातचीत में कहा कि आज महाशिवरात्रि है अर्थात देवाधिदेव महादेव की उपासना का विशेष दिवस। देवाधिदेव महादेव कल्याण के देवता हैं। वह सबके प्रति कल्याण का भाव रखते हैं। उनकी कृपा दृष्टि से ही सभी व्यवस्था संचालित हो पाती है। महाशिवरात्रि पर प्रयागराज महाकुंभ में, बाबा विश्वनाथ के धाम काशी में और प्रदेश के अन्य सभी महत्वपूर्ण शिवालयों में श्रद्धालुजन भगवान भोलेनाथ के प्रति आस्था निवेदित कर रहे हैं। हर जगह भारी भीड़ है और श्रद्धालुजन अपार श्रद्धा भाव के साथ दर्शन-पूजन कर रहे हैं। यह आस्था भारत की एकात्मकता का प्रतीक है। मैं इस आस्था को नमन करता हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ में अपार भीड़ है। 13 जनवरी से प्रारंभ हुआ महाकुंभ आज पूर्णाहुति को प्राप्त करेगा। लगभग 66 करोड़ श्रद्धालुजन मां गंगा, मां यमुना, मां सरस्वती की त्रिवेणी में पावन डुबकी लगाकर राष्ट्रीय एकात्मकता का नया संदेश दे रहे हैं। वसुधैव कुटुंबकम के भाव के साथ श्रद्धालु सभी को राष्ट्रीयता के प्रति समर्पित होने की नई प्रेरणा भी प्रदान कर रहे हैं। उधर काशी विश्वनाथ धाम में भी लाखों की संख्या में श्रद्धालु जुटे हैं। पिछले डेढ़ महीने से अधिक समय से लगातार वहां पर 8 से 10 लाख श्रद्धालु प्रतिदिन बाबा विश्वनाथ धाम में दर्शन कर रहे हैं और आज तो महाशिवरात्रि भी है। अयोध्या धाम में भी यही स्थिति है। 8 से 10 लाख श्रद्धालु प्रतिदिन वहां श्रीरामजन्मभूमि पर प्रभु रामलला के दर्शन कर रहे हैं। अयोध्या में आज भी अपार भीड़ है। प्रदेश के सभी अन्य देवालयों जैसे गाजियाबाद में बाबा ददुग्धेश्वरनाथ धाम, बागपत में पुरा महादेवधाम, मेरठ के बाबा औघड़नाथ धाम, बाराबंकी के बाबा लोधेश्वरनाथ मंदिर, गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर, मानसरोवर मंदिर, मुक्तेश्वरनाथ मंदिर, नाथनगरी बरेली, गोंडा, बस्ती में बाबा भदेश्वरनाथ मंदिर, झारखंडी महादेव मंदिर, अयोध्या के नागेश्वरनाथ मंदिर, रुद्रपुर देवरिया के दुग्धेश्वरनाथ मंदिर, संतकबीरनगर के तामेश्वरनाथ मंदिर में भी श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ी हुई है। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि जिस लोक कल्याण के भाव की प्रेरणा देवाधिदेव महादेव से हम सबको प्राप्त होती है, उसी लोकेमंगल की कामना से हम लोग अपने समाज और राष्ट्र के लिए समर्पण भाव से कार्य कर पाएंगे।

## केवीके का निरीक्षण कर मुख्यमंत्री योगी ने चखा ताजा गर्म गुड़



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को महायोगी गुरु गोरखनाथ कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) चौक माफी का निरीक्षण कर केंद्र द्वारा कृषि अनुसंधान तथा कृषकों के हित में किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कृषि कार्य में उपयोग होने वाले कई उपकरणों का अवलोकन किया, साथ ही केवीके परिसर में स्थित गुड़ प्रसंस्करण यूनिट में गन्ने के रस से गुड़ बनने की प्रक्रिया को भी देखा। यहां मुख्यमंत्री ने ताजा, गर्म गुड़ खुद तो चखा ही, वहां मौजूद सभी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को भी उन्होंने ताजा बना गुड़ खिलवाया। महाशिवरात्रि पर भरोहिया के पितेश्वरनाथ मंदिर के दर्शन पूजन करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चौक माफी स्थित महायोगी गुरु गोरखनाथ कृषि विज्ञान केंद्र पहुंचे थे। कृषि, सीएम योगी के लिए न केवल सरकार के स्तर पर बल्कि निजी तौर पर भी प्राथमिकता का क्षेत्र है। केवीके का भ्रमण करते हुए उन्होंने कई कृषि उपकरणों का अवलोकन किया और कृषि वैज्ञानिकों से उनके इस्तेमाल और इससे खेती में आने वाले बदलाव की विस्तार से जानकारी ली। कृषि उपकरणों को देखने के बाद वह गुड़ प्रसंस्करण इकाई में आए। यहां गन्ने के रस से ताजा गुड़ बनाया जा रहा था। मुख्यमंत्री ने गुड़ बनने की प्रक्रिया का अवलोकन किया और गर्मागर्म गुड़ का स्वाद भी लिया।

# माह-ए-रमज़ान : तरावीह की नमाज़ के लिए हाफिज नियुक्त, समय तय

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** पवित्र माह-ए-रमजान आने वाला है। एक या 2 मार्च से रोजा शुरु हो जाएगा। वहीं चांद के दीदार के साथ तरावीह की नमाज 28 फरवरी या 1 मार्च से अदा की जाएगी। रमजान के इस्तकबाल की तैयारियां चल रही हैं। रमजान में तरावीह नमाज का खास महत्व है। तरावीह में बीस रकात नमाज अदा की जाती है। तरावीह की नमाज में हाफिज पूरा कुरआन-ए-पाक सुनाते हैं। शहर व देहात की हर छोटी-बड़ी मस्जिदों में तरावीह की नमाज विशेष रूप से अदा की जाती है। ज्यादातर मस्जिदों के लिए हाफिज-ए-कुरआन नियुक्त हो चुके हैं। शहर की मस्जिदों में तरावीह की नमाज रात करीब 8:15 से 8:45 बजे के बीच शुरु होगी।

**रमजान में उतरा कुरआन-ए-पाक : हाफिज रहमत** सब्जपोश हाउस मस्जिद जाफरा बाज़ार के इमाम हाफिज रहमत अली निजामी ने बताया कि रमजान में न सिर्फ बंदों पर रोजे फर्ज किए गए बल्कि अल्लाह पाक ने सारी आसमानी किताबें रमजान के महीने में उतारी। कुरआन-ए-पाक इसी माह में नाजिल हुआ। कुरआन-ए-पाक का हक है कि बंदे उसकी तिलावत करें और उसके हुक्म के मुताबिक ज़िंदगी गुजारें। **यह पढ़ायेंगे तरावीह की नमाज-** हाफिज अयाज अहमद, हाफिज रहमत अली निजामी, हाफिज महमूद रजा कादरी, हाफिज सैफुल्लाह निजामी, हाफिज आसिम, हाफिज अंसारुल हक, हाफिज अफजल बरकाती, हाफिज शराफत हुसैन, हाफिज अब्दुल वाहिद रजा, हाफिज मोहसिन, हाफिज अनवर अहमद, हाफिज सद्दाम हुसैन, हाफिज मो. महताब, आदि तरावीह की नमाज पढ़ाने के लिए तैयारियों में लगे हुए हैं।

### तरावीह की नमाज सुन्नते मुअक्कदा है : मौलाना फिरोज

मुकीम शाह जामा मस्जिद बुलाकीपुर के इमाम मौलाना फिरोज अहमद निजामी ने बताया कि तरावीह की नमाज मर्द व औरत सबके लिए सुन्नते मुअक्कदा है। उसका छोड़ना जाइज नहीं। तरावीह की नमाज 20 रकात है। तरावीह की नमाज पूरे माह-ए-रमजान में पढ़नी है। रमजान में तरावीह नमाज के दौरान एक बार कुरआन खत्म करना सुन्नत है। दो बार खत्म करना अफजल है। तीन बार कुरआन मुकम्मल करना फजीलत माना गया है। औरतें घर में ही तन्हा-तन्हा तरावीह की नमाज पढ़ेंगी। माह-ए-रमजान में जन्नत को सजाया जाता है। रोजेदारों की दुआ कबूल होती है।

### यहां इतने दिनों में मुकम्मल होगा एक कुरआन-ए-पाक

दरगाह हजरत मुबारक खां शहीद मस्जिद नार्मल, मस्जिद औलाद अली मुख्तार निकट डॉ. मल्ल अस्पताल बक्शीपुर -10 दिन मस्जिद जलील शाह खूनीपुर निकट पानी की टंकी - 14 दिन नूरी मस्जिद तुर्कमानपुर, सब्जपोश हाउस मस्जिद जाफरा बाजार, मुकीम शाह जामा मस्जिद बुलाकीपुर, बिलाल मस्जिद अलहदादपुर - 15 दिन मस्जिद खादिम हुसैन तिवारीपुर - 16 दिन चिश्तिया मस्जिद बक्शीपुर, मस्जिद जामे नूर जफर कॉलोनी बहरामपुर, गाजी मस्जिद गाजी रौजा, फिरदौस जामा मस्जिद जमुनहिया बाग, बहादुरिया जामा मस्जिद रहमतनगर, मक्का मस्जिद मेवातीपुर, मकबरे वाली मस्जिद बनकटीचक - 21 दिन

कुरआन-ए-पाक दोहराया जा रहा है ताकि नमाज में कोई आयत छूटने न पाए। तरावीह की नमाज में उन्हें नमाजियों को पूरा कुरआन-ए-पाक सुनाना है।

## मुट्ठी भर लोगों को आगे बढ़ा रही है भाजपा, सबका साथ सबका विकास वाला नारा है बेबुनियाद : आंबेडकर



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** सपा 24 की बड़ी सफलता के बाद अब पीडीए के नारे को लेकर 27 की लड़ाई के लिए बूथ स्तर, सेक्टर स्तरीय बैठक लगाकर हर गांव, गली में चौपालें लगाकर 27 को धार देने में जुटी है, जिले की कायमगंज विधानसभा क्षेत्र में पीडीए जागरूकता चौपाल लगाने का क्रम जारी है जिससे विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रहे, पूर्व मंत्री सपा प्रदेश सचिव सर्वेश आंबेडकर आए दिन किसी ना किसी जगह चौपाल लगाकर जनता के बीच पहुंच रहे हैं और आने वाले चुनाव के लिए बीजेपी पर प्रहार कर रहे हैं। कायमगंज विधानसभा के नींबलपुर में आयोजित सुनील यादव के गोदाम पर आयोजित चौपाल में जनसंवाद करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है क्या, ना जनता जान रही ना ही इनके नेता। हां केवल अपने मित्र मंडली को आगे बढ़ाने में काफी मेहनत करती दिख रहीं हैं, पूरे देश का गरीब और गरीब बीमार और बीमार और किसान की हालत बिगाड़ने वाली कोई सरकार है तो वो सबका साथ सबका विकास का नारा देने वाली झूठी पार्टी भाजपा है। अब बदलाब तय है आने वाले चुनाव में समाजवादी सरकार बनेगी और पीडीए का परचम लहराएगा। इस मौके पर एडवोकेट राजपाल यादव,संजय यादव,ब्लॉक अध्यक्ष अनिल यादव,अशोक अम्बेडकर, नगर अध्यक्ष अरविंद यादव,दिनेश यादव,विजय यादव,रघुराज सिंह शाक्य सत्यवीर जाटव,डॉ विवेक यादव,दाता राम जाटव,मनोज शाक्य आदि मौजूद रहे कार्यकर्ताओं ने भाजपा हटाने का और पीडीए सरकार बनाने का संकल्प लिया।

## चेयरमैन प्रभाकर ने शिव मूर्ति का किया अनावरण



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** ब्लाक पाली के सिसई घाट राप्ती नदी के तट पर बने भगवान शिव की मूर्ति का अनावरण नगर पंचायत घघसरा के चेयरमैन प्रभाकर दूबे ने किया। जिस दौरान चेयरमैन ने कहा कि सृष्टि के रक्षक भगवान भोलेनाथ के मूर्ति का अनावरण करने का जो परम सौभाग्य हमे मिला वह अविस्मरणीय है।इस महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर भगवान शिव शंभू की मूर्ति का अनावरण से आम जन मानस को भगवान की आशीर्वाद व कृपा बनी रहे और लोगो की मनोकामना पूरी हो। इस मौके पर सिसई के पूर्व प्रधान विजय बहादुर सिंह, जगदीश यादव , गजेंद्र सिंह, विश्वनाथ सिंह, विनोद कुमार पाण्डेय, आनन्द त्रिपाठी, राकेश वर्मा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## दस्तक मीडिया ग्रुप के सहयोग से ग्राम न्यामतपुर सरैया में मनाया गया महाशिवरात्रि का पर्व



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** महाशिवरात्रि का पर्व बड़े ही उत्सव के साथ मनाया जाता है जिला फर्रुखाबाद में दस्तक मीडिया ग्रुप के सहयोग से महाशिवरात्रि का पर्व न्यामतपुर सरैया अलीबाग में मनाया गया। यहां पर भगवान भोलेनाथ को भोग लगाकर सबसे पहले ग्राम की कन्याओं को खीर वितरण की गई उसके बाद आम जनमानस को खीर और ठंडाई का वितरण प्रसाद स्वरूप किया गया इस प्रोग्राम में डॉ धर्मवीर सिंह शाक्य राज्य संवाददाता उत्तर प्रदेश, राममनोहर श्रीवास्तव जिला संयोजक संवाददाता, सम्राट सिंह जिला ब्यूरो चीफ, बृजमोहन सिंह राजपूत राजनीति संवाददाता, राहुल शाक्य हेल्थ संवाददाता, डॉ आर.एन. सुभाषचंद्र, सुरेश कुमार, गणेश कुमार, श्याम बाबू, प्रदीप कुमार कश्यप, नेत्रपाल, राकेश कुमार, सागर सिंह, अमित कुमार, अजय कुमार,सर्वेश शाक्य आदि भक्तिगण उपस्थित रहे।

# शिक्षा के नाम पर वक्फ़ सम्पत्ति में करोड़ों की लूट

मनव्वर रिज़्वी

- मुस्लिम शिक्षा के नाम पर स्थापित संस्थानों ने सालों से नही दिया वक्फ़ बोर्ड को कोई किराया
- निजी सम्पत्ति बनाकर, शिकमी किरायेदारी से कर रहे हैं लाखों रुपयों की आमदनी

> वक्फ़ भूमि पर बिना किराया दिए कालेज चलाने और वक्फ़ भूमि पर स्थापित दुकानों के सम्बंध में कोई जानकारी नही है। शिकायत मिलने पर उसकी जांच कर आवश्यक कार्यवाही करेंगे।
>
> **कमलेश कुमार मौर्या**
> **जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी**

**गोरखपुर।** पिछले दिनों नया वक्फ़ बिल चर्चा का केंद्र बिंदु रहा। गोरखपुर में स्थित तमाम वक्फ़ में लूट का आरोप और उसकी पड़ताल में एक दूसरी तस्वीर व एक और अलग हक़ीक़त तब सामने आई जब हमने उन पन्नों को पलटा जो इतिहास में कहीं खो गए हैं।

यह बात कहना उचित होगा कि शिक्षा को लेकर इमामबाड़ा स्टेट की नीति हमेशा उदार बनी रही जिसका फायदा उन लोगों ने उठाया जिनका इमामबाड़ा स्टेट से कोई सीधा सम्बन्ध नही था। इसकी एक बानगी शहर के बीचों बीच स्थित एक इंटर कालेज और फिर उसी कैम्पस में लगभग तीन दशक पूर्व में बना डिग्री कालेज है जो शिक्षा देने के लिए बनाया तो गया लेकिन इसने पिछले 30-35 सालों के बीच कुछ खास व्यक्तियों को करोड़पति बना दिया और आज भी यह संस्थान उन व्यक्तियों की निजी जागीर बना हुआ है। एमएसआई इंटर कालेज और इस्लामिया कालेज ऑफ कॉमर्स दो ऐसे संस्थान हैं जो इमामबाड़ा स्टेट की वक्फ़ भूमि पर स्थापित किये गए लेकिन अब वक्फ़ भूमि को निजी सम्पत्ति के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। एमएसआई इंटर कालेज ने तो वर्षों से इमामबाड़ा स्टेट को कोई किराया ही नही दिया बल्कि वक्फ़ भूमि पर बनी सैकड़ो दुकानों का किराया कमेटी मालिक बन कर वसूल रही है। इस इंटर कालेज के सर्वेसर्वा महबूब सईद हारिस हैं। वहीं गरीब मुसलमानों के बच्चों की तालीम के नाम पर शुरू किये गये इस्लामिया कॉलेज ऑफ कामर्स परिसर में नियम विरुद्ध दो दो संस्थानों का संचालन किया जा रहा है। इसके सर्वेसर्वा शोएब अहमद सोनी हैं। शिक्षा के व्यवसायिकरण के बाद यहां स्थापित माउंट एरा पब्लिक स्कूल के नाम से एक अन्य संस्था में नर्सरी एडमिशन मंहगा और एक आम मुसलमान की पहुंच से दूर हो गया है।

बताते चलें कि इस्लामिया कालेज ऑफ कॉमर्स जिस भूमि पर स्थापित है वह इमामबाड़ा स्टेट के तत्कालीन मुतवल्ली जव्वाद अली शाह से 4 मई 1938 को दो सौ ग्यारह रुपया चार आना वार्षिक की दर पर एमएसआई इंटर कालेज की कमेटी द्वारा लीज़ पर ली गई थी।

# मप्र उर्दू अकादमी द्वारा गोलघर में महफ़िले क़व्वाली आयोजित



**भोपाल।** मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी, म.प्र. संस्कृति परिषद, संस्कृति विभाग के तत्वावधान में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के अंतर्गत महफ़िले क़व्वाली का आयोजन 25 फ़रवरी 2025 को शाम 7:30 बजे भोपाल की ऐतिहासिक धरोहर गोलघर, शाहजहाँनाबाद, भोपाल में संचालनालय पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय के सहयोग से किया गया।

मध्य प्रदेश उर्दू अकादमी की निदेशक डॉ नुसरत मेहदी ने कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि उर्दू अकादमी द्वारा गोलघर में आयोजित की जा रही क़व्वाली का मुख्य उद्देश्य भोपाल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को उजागर करना और शहर के ऐतिहासिक स्थलों को सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़कर उन्हें जीवंत बनाना है। इस आयोजन के माध्यम से अकादमी निवेशकों और आगंतुकों को यह संदेश देना चाहती है कि भोपाल न केवल व्यापार और निवेश के लिए एक अनुकूल स्थान है, बल्कि इसकी सांस्कृतिक गहराई और ऐतिहासिक महत्व भी अद्वितीय है। इस प्रकार, उर्दू अकादमी का यह प्रयास न केवल भोपाल की पहचान को सशक्त करेगा, बल्कि शहर को सांस्कृतिक पर्यटन और वैश्विक निवेश के लिए भी आकर्षक बनाएगा। महफ़िले क़व्वाली में नासिर हुसैन साबरी ने जो कलाम पेश किये वो निम्न हैं काबे में तेरा जलवा काशी में नजारा है वो भी हमे है प्यारा ये भी हमे प्यारा है अब तो हर वक्त यही काम किया करते हैं लहराये आसमान में भारत का तिरंगा छाप तिलक सब छीनी रे मोसे नैना मिलाइ के दमा दम मस्त क़लन्दर कार्यक्रम के अंत में डॉ. नुसरत मेहदी ने सहयोग के लिए संचालनालय पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय का तथा सभी श्रोताओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में संचालनालय पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय की ओर से प्रभारी अधिकारी रितेश शर्मा एवं पुरातत्त्व विद डॉ अहमद अली विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## आबकारी विभाग ने 20 लीटर कच्ची शराब बरामद की



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** आबकारी आयुक्त, उ0प्र0 म के आदेश एवं जिलाधिकारी,फर्रुखाबाद के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी श्री जी पी गुप्ता फर्रुखाबाद के पर्यवेक्षण में प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत आज दिनांक-26/02/2025 को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 मय स्टाफ द्वारा संदिग्ध ग्राम ममापुर थाना कायमगंज में दबिश दी गई। दबिश के दौरान लगभग 40 किलोग्राम लहन नष्ट कर लगभग 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर अभियोग पंजीकृत किये गए 7 जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण/बिक्री/परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन कार्य निरंतर जारी रहेगा।

## एचडीएफसी लाइफ क्लिक 2 अचीव पार एडवांटेज लॉन्च

**बरेली।** भारत की प्रमुख जीवन बीमा कंपनियों में से एक, एचडीएफसी लाइफ ने अपना नया उत्पाद एचडीएफसी लाइफ क्लिक 2 अचीव पार एडवांटेज लॉन्च किया है। यह एक पार्टिसिपेटिंग प्लान है, जिसे लोगों के जीवन के अलग-अलग चरणों में आने वाले महत्वपूर्ण लक्ष्यों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। आमतौर पर जब लोग अपने बढ़ते सपनों और जरूरतों के लिए बचत करते हैं, तो वे जल्दी पैसे निकालने की सुविधा, लचीलापन और भविष्य के लिए आर्थिक सुरक्षा को प्राथमिकता देते हैं। यह प्लान इन्हीं जरूरतों को पूरा करने के लिए खासतौर पर डिजाइन किया गया है। इस उत्पाद के लॉन्च के अवसर पर एचडीएफसी लाइफ के हेड-प्रोडक्ट्स एंड सेगमेंट्स, अनीश खन्ना ने कहा, हम मानते हैं कि जीवन बीमा उत्पाद हर व्यक्ति की उम्र, जीवन के पड़ाव, आय और भविष्य की योजनाओं के अनुसार तैयार किए जाने चाहिए। हर कोई अपने परिवार के लिए सुरक्षित भविष्य का सपना देखता है और घर खरीदना या बच्चों को अच्छे संस्थानों में उच्च शिक्षा दिलाना जैसे लक्ष्य हासिल करना चाहता है।

# युवक की खुदकुशी मामले में पांच पर केस

अवधनामा संवाददाता

- डॉक्टर की प्रताड़ना पर पान विक्रेता ने की थी खुदकुशी
- खुदकुशी से पहले वीडियो स्टेटस लगाया था



**लखनऊ।** सआदतगंज कोतवाली में केजीएमयू में तैनात डॉ. दिवस गोयल समेत पांच लोगों के खिलाफ खुदकुशी के लिए उकसाने की धारा में मुकदमा दर्ज हुआ है। आरोप है कि डॉक्टर के साथ चार संविदा कर्मियों के कारण युवक ने खुदकुशी की थी।

मंसूरनगर निवासी सबीका के मुताबिक भाई आमिर मिर्जा (28) पान की दुकान चलाता था। 28 जून को आमिर काम पर जाने की बात कह कर घर से निकला। फिर वापस नहीं लौटा। परिवार वाले उसे तलाश रहे थे। सफलता नहीं मिलने पर सआदतगंज कोतवाली में आमिर के गुम होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। 30 जून को मदेयगंज में आमिर का शव झाड़ियों में पड़ा मिला था। सबीका के मुताबिक सआदतगंज कोतवाली में तहरीर दिए जाने के बाद भी मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। इसके बाद पीड़िता ने न्यायालय में अर्जी दायर की थी। वहीं वादनी के अधिवक्ता मोहम्मद सिबतैन रज़ा ने सी.जी.एम. कोर्ट से एफ.आई.आर. का आदेश करवाया। आमिर की दोस्ती एक युवती से थी, जिसकी वजह से केजीएमयू में तैनात संविदा कर्मी आमिर को परेशान कर रहे थे। कई बार धमकाया भी था। मौत से पहले आमिर ने यह वीडियो व्हाट्सऐप स्टेटस पर लगाया था। सबीका के मुताबिक %केजीएमयू में तैनात संविदा कर्मी संजय शर्मा, दवाकर सिंह, सनी मिर्जा, केजीएमयू ट्रामा सेंटर के डॉ. दिवस गोयल और सादिजा अंसारी की प्रताड़ना से परेशान होकर खुदकुशी की थी। इंस्पेक्टर बृजेश सिंह ने बताया कि सबीका की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# लिटिल एंजेल्स स्कूल में पेरेंट्स टैलेंट शो एक्स्ट्रावैगेंजा का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**पीलीभीत।** शहर के प्रतिष्ठित स्कूल लिटिल एंजेल्स स्कूल में आज पेरेंट्स टैलेंट शो एक्स्ट्रावैगेंजा का आयोजन किया गया, जिसमें जिसमें अभिभावकों के लिए विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया ताकि वह अपनी छिपी प्रतिभा को सबके सामने उजागर कर सकें ।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक डॉक्टर संजीव अग्रवाल प्रधानाचार्य एन सी पाठक कार्यकारी निदेशक उज्जवल अग्रवाल, उपप्रधानाचार्या अंजू सक्सेना, कोऑर्डिनेटर नीना मेहरोत्रा एवं निर्णायक मंडल के सदस्यों टीना भसीन, पंकज वर्मा, संजीव पाराशरी, डॉ शुचि गुप्ता, अकांक्षा आनंद, प्रशांत शर्मा आदि के स्वागत के साथ हुआ, तत्पश्चात सभी नें मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन किया । विद्यालय की छात्राओं द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुति दी गई इसी क्रम में कुछ छात्राओं द्वारा मधुर गीत गाकर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया एक्सट्रावैगेंजा कार्यक्रम में खेलकूद की प्रतियोगिताओं में टेबल टेनिस, कैरम, शतरंज एवं विभिन्न प्रकार की दौड़ों का आयोजन कराया गया, अन्य गतिविधियां जैसे फूडी विजार्ड, पोट्स एंड ब्लूम्स, इंस्ट्रूमेंट म्यूजिक कंपटीशन, सिंगिंग कंपटीशन ,पेंसिल स्केचिंग कंपटीशन, ज्वैलरी डिजाइनिंग, न्यूजपेपर ड्रेस डिजाइनिंग जैसी प्रतियोगिताएं कराई गई जिसमें सभी अभिभावकों नें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया कार्यक्रमों के आयोजन में विद्यालय के समस्त अध्यापक अध्यापको ने अपना सहयोग दिया टेबल टेनिस महिला वर्ग में शैली तिवारी एवं अंजू शर्मा विजेता एवं उपविजेता बने, इसी प्रकार पुरुष वर्ग में मंटू कुमार अधिकारी एवं तरुण तिवारी विजेता व उपविजेता बने । कैरम महिला वर्ग में अल्पना सक्सेना एवं मधुमिता विजेता एवं उपविजेता रहे।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद बिलग्राम हरदोई

पत्र सं0: 1352/न0पा0परि0बिल0/इन्द्राज सूचना/2024-25 दिनांक : 15/01/2025

emailid-nppbilgram.hardoi@gmail.com

**सार्वजनिक सूचना (दाखिला /इन्द्राज)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती रूबी पुत्री सादिक हुसैन नि0 मो0 मैदानपुरा तहसील बिलग्राम जनपद हरदोई द्वारा अन्दर नगर पालिका मो0 कासूपेट बिलग्राम जनपद हरदोई में कि श्रीमती रूबी पुत्री सादिक हुसैन के नाम से एक प्लाट दर्ज करवाये जाने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। जिसमें मो0 कटरा हैदराबाद में भूमि स्थित है। जिसकी चौहद्दी निम्नवत् है-

| | |
|---|---|
| पूरब - | शेष भूमि मो0 आसिफ। |
| पश्चिम - | मकान शफीक। |
| उत्तर - | मकान हसमत। |
| दक्षिण-1 | 2 फिट चौडा कच्चा रास्ता। |

अतः नाम दर्ज हेतु प्रार्थना पत्र पर यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो एक माह के अन्दर नगर पालिका में कार्यालय अवधि में दे सकता है। समयावधि व्यतीत होने के पश्चात् किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी** — **नगर पालिका परिषद बिलग्राम हरदोई**

**अध्यक्ष** — **नगर पालिका परिषद बिलग्राम हरदोई**

अवधनामा



## आर्य समाज जमुनिया बाग में मनाया गया ऋषि बोधोत्सव पर्व

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** आर्य समाज जमुनिया बाग चौक अयोध्या के प्रांगण में महाशिवरात्रि के अवसर पर ऋषि बोधोत्सव पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसी दिन आर्य समाज के संस्थापक ऋषि दयानंद सरस्वती को सच्चे शिव का बोध हुआ था, जिसे आर्य समाज में ऋषि बोधोत्सव पर्व के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम की शुरुआत 23 फरवरी रविवार को आर्य समाज की यज्ञशाला में बृहद हवन-पूजन यज्ञ से हुई, जिसमें निश्शुल्क गुरुकुल महाविद्यालय अयोध्या के पूज्य आचार्य एवं ब्रह्मचारियों द्वारा वैदिक मंत्रों के माध्यम से वैदिक यज्ञ, हवन, पूजन और उपदेश कार्यक्रम का आयोजन किया गया।यह चार दिवसीय कार्यक्रम विभिन्न प्रदेशों से आए ओजस्वी विद्वानों द्वारा जीवनोपयोगी वैदिक उपदेशों की



अमृत वर्षा से समृद्ध हुआ। आर्य समाज कोलकाता से पधारे प्रसिद्ध भजनोपदेशक कैलाश कर्मठ, लखनऊ से पधारे प्रसिद्ध उपदेशक दीनानाथ शास्त्री, और पश्चिम बंगाल से आए प्रसिद्ध भजनोपदेशक विनोद दधीचि ने अपने अमृत वचनों से श्रोताओं को भाव विभोर किया।

आर्य समाज जमुनिया बाग द्वारा संचालित पंडित माता प्रसाद त्रिपाठी राजकरण वैदिक पाठशाला इंटर कॉलेज और आर्य कन्या इंटर कॉलेज अयोध्या के छात्रों, शिक्षकों और समाज के गणमान्य नागरिकों ने इस यज्ञ हवन में भाग लिया। कार्यक्रम में छात्रों द्वारा भजन, गीत, वैदिक समूह नृत्य, लोकगीत, नाटक और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण आर्य कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत होली लोक नृत्य और राजकरण वैदिक इंटर कॉलेज के छात्रों द्वारा प्रस्तुत सच्चे शिव की खोज नाटक रहा।

सांस्कृतिक कार्यक्रम का समापन वैदिक मंत्रोच्चार और शांति पाठ के साथ हुआ। कार्यक्रम के बाद प्रांगण में प्रीति भोज का आयोजन हुआ, जिसमें समाज के गणमान्य नागरिकों और दर्शकों ने भोजन/प्रसाद ग्रहण किया।इस अवसर पर आर्य समाज जमुनिया बाग के प्रधान श्री हिमांशु त्रिपाठी और आर्य स्त्री समाज की पदाधिकारियों ने कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को उत्साहवर्धन करते हुए पुरस्कार प्रदान किए और कार्यक्रम के सफल आयोजन में सभी का धन्यवाद किया।

## रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ चौकी खुलने पर तैनात होंगे 26 पुलिस कर्मी


### पूर्वी रेलवे क्रासिंग संख्या 93 से गेट संख्या 105 (दर्शन नगर) तक निभाएंगे ड्यूटी



*अवधनामा संवाददाता*

**गोसाईगंज अयोध्या)।** लखनऊ-बाराबंकी-शाहगंज-जौनपुर रेलखंड स्थित अयोध्या धाम के प्रथम प्रवेश द्वार व सरयू तट से सटे प्रसिद्ध सिद्ध पीठ संत श्रृंगी ऋषि के पावन स्थलीय क्षेत्र एवं जनपद की प्रमुख व्यावसायिक नगर गोसाईगंज रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ चौकी खुलने के आसार नजर आने लगे हैं।गोसाईगंज नगर पंचायत की सभासद एवं श्री सीता राम जी विराजमान मंदिर सेवा ट्रस्ट कस्बा दिलासीगंज की सदस्य श्रीमती आरती जयसवाल के पत्र को संज्ञान में लेकर उत्तर रेलवे लखनऊ में तैनात रेलवे सुरक्षा बल के वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त देवांश शुक्ला ने इस संबंध में अकबरपुर रेलवे स्टेशन पर तैनात आरपीएफ प्रभारी गुरु शरण गौतम से रिपोर्ट मांगी है।वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त देवांश शुक्ला को भेजे गए पत्र में श्री गौतम ने गोसाईगंज रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ चौकी खोलने पर 1 एसआई,1 एएसआई, 6 हेड कांस्टेबल,18 कांस्टेबल (कुल 26) सुरक्षा कर्मियों की जरूरत होने की बात बताई है।मालूम हो कि बीते दिनों सभासद श्रीमती जायसवाल ने रेलमंत्री,महाप्रबंधक सहित रेलवे के जिम्मेदार अधिकारियों को पत्र भेजकर बताया था कि गोसाईगंज स्टेशन से प्रतिदिन बीसो किमी0 चौ तरफा परिधि के रेल यात्री हावड़ा, जम्मूतवी, गया, वाराणसी, मुरादाबाद, लखनऊ, कानपुर, इटावा, सूरत गाजियाबाद, सहारन पुर, अहमदाबाद, नासिक, शाहजहांपुर, बरेली, गया, गोमो, फीरोजपुर, बर्धमान, लुधियाना, मुंबई, दिल्ली, चेन्नई सहित अन्य नामी गिरामी रेलवे स्टेशन तक यात्रा करते हैं। अयोध्या धाम में राम जन्म भूमि मंदिर बनने के बाद यात्रियों की संख्या बढ़ी हुई है। वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त लखनऊ को अपने कार्यालय द्वारा भेजे गए पत्र के पत्रांक-रे0सु0ब0/ट्रांसफर-पोस्टिंग/ अकबरपुर/ 2024 के द्वारा प्रभारी श्री गौतम ने दर्शाया है कि वर्तमान में अकबरपुर पोस्ट पर 22 स्टाफ की अपेक्षा 17 स्टाफ कार्यरत हैं। हमारा कार्य क्षेत्र अकबरपुर से मालीपुर 18.59 किमी0,अकबरपुर से टांडा 16.89 किमी0 तथा अकबरपुर से बिलहर घाट 37.23 किमी0 था। लेकिन बीते 3 माह पूर्व उनका कार्य क्षेत्र बिलहर घाट से दर्शन नगर आउटर तक 11.15 किमी0 और बढ़ा दिया गया। अकबरपुर पोस्ट का दायरा 3 दिशाओं में है। जिसके अंतर्गत 8 रेलवे स्टेशन, 44 मैंड गेट, एवं 5 अनाधिकृत/अनमैंड लेबल क्रॉसिंग गेट होने के कारण कार्य क्षेत्र 83.86 किमी0 होता है।गोसाईगंज स्टेशन को डबलिंग के बाद इसे बड़े स्टेशन के रूप में विस्तारित किया जा रहा है।यहा से अप/डाउन साइड की 5 दर्जन गाड़ियां गुजरती है,जिसमें अप/डाउन साइड की डेढ़ दर्जन से अधिक गाड़ियों का ठहराव होने के कारण 3 प्लेटफॉर्म वाले इस स्टेशन से एक हजार यात्री प्रति दिन जहां यात्रा करते हैं वहीं आरक्षित/अनारक्षित टिकटों की बिक्री भी प्रतिदिन लाखों में होती है।आर0पी0एफ चौकी न होने के कारण यात्रियों में जहां असुरक्षा की भावना बनी रहती हैं वही स्टेशन के पूर्वी/पश्चिमी सिरे स्थित रेल बैरियर पर छोटे बड़े वाहनों के दबाव से यात्री ट्रेनें भी रेल बैरियर बंद न होने के कारण आउटर पर अपना सिग्नल लाल देखकर खड़ी हो जाती है।उन्होंने लिखा है कि रेलवे सुरक्षा बल अकबरपुर के क्षेत्राधिकार में 5 हैवी ट्रैफिक वाले गेट संख्या 75/82/93/94/96 पर आए दिन भीड़ भाड़ को नियंत्रित करने के लिए स्टाफ को अक्सर भेजा जाता है। गोसाईगंज रेलवे स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था अकबरपुर में तैनात आरपीएफ के हवाले होने के कारण हैवी रेस्ट ट्रॉफिक (HRT),आए दिन ट्रेनों पर होने वाली पत्थर बाजी, यात्री सामानों की चोरी की घटनाओं पर जहां अंकुश नहीं लग पाता है वहीं चौकी न होने के कारण आए दिन रेल कर्मियों से यात्रियों का किसी न किसी प्रकरण को लेकर विवाद होता रहता है।

## महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर बीडीए ने बरेली शहर में किया पुष्प सप्ताह का आयोजन



**बरेली।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर बरेली शहर में बरेली विकास प्राधिकरण द्वारा पुष्प सप्ताह का आयोजन किया गया। मण्डलायुक्त सौम्या अग्रवाल, पुलिस महानिरीक्षक डॉ राकेश सिंह, जिलाधिकारी रविंद्र कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य तथा उपाध्यक्ष बरेली विकास प्राधिकरण मनीकंडन ए. ने महानगर में विभिन्न स्थलों पर महाशिवरात्रि के अवसर पर पुष्प सप्ताह के अंतर्गत की गयी पुष्प सज्जा का अवलोकन किया और सराहना की। कार्यक्रम का आयोजन जन सहयोग से जन आन्दोलन के रूप में किया गया, जिसमें शहर के प्रत्येक नागरिक ने स्वेच्छिक भागीदारी की। विभिन्न संस्थाएँ व एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने भी सहयोग प्रदान किया। इस आयोजन में शहर के नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु पुष्प सप्ताह में अपने-अपने घरों, प्रतिष्ठानों, संस्थाओं, कार्यालयों के बाहर आवश्यक साफ-सफाई के उपरान्त उनके सम्मुख रुचि एवं क्षमता अनुसार पुष्प/गमले आदि प्रदर्शित करने को कहा गया था।

## 59 वीं पुण्यतिथि पर सावरकर को हिंदू महासभा ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

*अवधनामा संवाददाता*

**ह्य** हिंदुत्व के परम उपासक भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अमर सेनानी उच्च कोटि के राजनेता लेखक कवि अधिवक्ता स्वतंत्र वीर विनायक दामोदर सावरकर की 59 वीं पुण्यतिथि हिंदू महासभा की ओर से राष्ट्रीय प्रवक्ता अधिवक्ता मनीष पांडेय के नेतृत्व में सर्वप्रथम सावरकर की प्रतिमा को जल से धोकर स्वच्छ करते हुए पुष्पराज चौराहा स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि प्रदान की गई, इस अवसर पर हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अधिवक्ता मनीष पांडेय ने कहा कि देश के असंख्य स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने स्वतंत्रता संग्राम की लड़ाई में केवल कुछ मोर्चा ही जीते, परंतु संपूर्ण युद्ध जो मात्र सावरकर ने जीता है, इसलिए सावरकर अजेय हैं ,अमिट हैं ,और अमर है, त्याग और तपस्या की प्रतिमूर्ति रहे विनायक दामोदर सावरकर हमेशा से हिंदू समाज के प्रेरणास्रोत बने रहेंगे, सावरकर के अद्भुत शौर्य और भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में उनके अमूल्य योगदान को देखते हुए, शीघ्र ही भारत सरकार को उन्हें भारत रत्न की उपाधि से विभूषित करना चाहिए, इसके साथ ही साथ भारतीय



मुद्रा पर उनके चित्र का अंकन भी करना चाहिए,राष्ट्र ऋषि विनायक दामोदर सावरकर का उद्घोष आवाहन व चेतावनी हमारा पाथेय बनकर अहर्निश कर्मशील रहने का शंखनाद कर रही है, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के एक अप्रतिम योद्धा के रूप में सावरकर नौजवानों के प्रेरणा स्त्रोत बने रहेंगे, सावरकर के सपनों को आकांक्षाओं और योजनाओं को कार्य रूप में परिणित करने के लिए हम हिंदू प्रतिबद्ध व समर्पित है पुण्यतिथि के अवसर पर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करने वाले लोग प्रमुख लोगों में अधिवक्ता आदर्श मिश्र, अधिवक्ता पवन यादव, संतोष सिंह ,मीरा सिंह ,धर्मेंद्र चौरसिया, हिंदू महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष महंत रामलोचन शरण शास्त्री राजन बाबा हिंदू महासभा मीडिया प्रभारी हीरामणि पांडेय, हिंदू महासभा के जिला उपाध्यक्ष रविंद्र तिवारी, चंद्रहास दीक्षित,सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## महाशिवरात्रि पर्व पर भोलेनाथ का रुद्राभिषेक पूजन हवन कर प्राप्त किया आशीर्वाद

**अयोध्या।** भगवान भोलेनाथ के प्रमुख उत्सव महाशिवरात्रि के पावन पर्व एवं योग पर उनके भक्तों ने भोलेनाथ की असीम कृपा और आशीर्वाद और पुण्य लाभ प्राप्त करने के लिए रुद्राभिषेक अयोध्या धाम के प्रमुख विद्वान आचार्यो के सानिध्य में विधि विधान से संपन्न कराया।इस अवसर पर श्री राघवाश्रम अयोध्या में महाशिवरात्रि के महापर्व पर आश्रम के व्यवस्थापक श्री राघवेन्द्र पाण्डेय जी ने भूत भावन भगवान भोलेनाथ जी का दिव्य रुद्राभिषेक सह आचार्य हेमंत जी महाराज, विघ्नेश पाण्डेय जी एवं यशवर्धन जी द्वारा संपन्न किया गया है।और साथ में राघवाश्रम से जुड़े हुए समस्त शिष्य एवं भक्तों की मंगल कामना हेतुहवन पूजन कर भोलेबाबा से प्रार्थना किया गया है।

## अविविः स्वर्ण जयंती की अध्यक्षता करेंगी राज्यपाल आनन्दीबेन और मुख्य अतिथि राज्यमंत्री रजनी तिवारी




*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के कुशल मार्ग-दर्शन में विश्वविद्यालय स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने पर 04 मार्च को स्वर्ण जयंती वर्ष मनायेगा। कुलपति द्वारा गठित 23 समितियां स्वर्ण जयंती समारोह का भव्य बनाने में जुटी हुई है जिसे लेकर विश्वविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रमों, खेल, साहित्य, योग प्रतियोगिताओं का आयोजन हो रहा है। इस समारोह की अध्यक्षता प्रदेश की राज्यपाल और कुलाधिपति श्रीमती आनंदी बेन पटेल करेंगी। मुख्य अतिथि प्रदेश की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी होंगी। समारोह को भव्य बनाने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से अंतिम रूप दिया जा रहा है। स्वर्ण जयंती स्थापना दिवस समारोह विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद प्रेक्षागृह में प्रातः 10:30 बजे से आयोजित होगी। इस समारोह में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजित होंगे। विजेता छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथि और राज्यपाल की ओर से प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। इसके अलावा उत्कृष्ट योगदान करने वाले प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया जाएगा। मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि स्वर्ण जयंती स्थापना दिवस समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

## पंचकोसी परिक्रमा मार्ग चौड़ीकरण में प्रशासन पर दोहरे व्यवहार का आरोप

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचंद्र की नगरी








अयोध्या में विकास कार्यों की रफ्तार तेज है, जिनमें से एक प्रमुख कार्य पंचकोसी परिक्रमा मार्ग का चौड़ीकरण है। इस चौड़ीकरण के तहत उन दुकानों और मकानों को मुआवजा दिया जा रहा है, जो चौड़ीकरण के दायरे में आ रहे हैं। हालांकि, इस प्रक्रिया में प्रशासन पर दोहरे व्यवहार के आरोप भी लग रहे हैं।पंचकोसी परिक्रमा मार्ग में मुआवजा वितरण के दौरान दो मामलों में घोटाले का आरोप सामने आया है। पहला मामला अमरजीत कौर का है, जिन्होंने जिला प्रशासन और संबंधित जेई पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि, ÷हालांकि मेरा मुकदमा चल रहा था, फिर भी उस समय के वर्तमान एडीएम प्रशासन अमित सिंह ने मुझे आश्वासन दिया था, लेकिन मुआवजा होल्ड न करते हुए मेरे विपक्षियों कुलजीत सिंह, गुरजीत सिंह और बलजीत सिंह के खातों में मुआवजा राशि दे दी गई।÷वहीं, चक्रतीर्थ मोहल्ले के विनोद कुमार पांडेय ने भी प्रशासन पर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि उनका मकान भी पंचकोसी परिक्रमा मार्ग के चौड़ीकरण के दायरे में आ रहा है, लेकिन प्रशासन ने उनके मुआवजे को होल्ड कर दिया, जबकि उनका मामला भी न्यायालय में विचाराधीन है। पांडेय का कहना है कि, जब मेरे विपक्षियों को मुआवजा दिया जा सकता है, तो मुझे क्यों नहीं?

अमरजीत कौर ने इस पर आरोप लगाया कि जिला प्रशासन और जेई के बीच मिलीभगत से उनके मामले में पक्षपाती व्यवहार किया जा रहा है, जिससे उनके और विनोद कुमार पांडेय के साथ अन्याय हो रहा है। इस मामले में गंभीर सवाल उठते हैं कि क्यों एक व्यक्ति को मुकदमे के हवाले से मुआवजा नहीं दिया जाता, जबकि दूसरे को उसी स्थिति में मुआवजा दे दिया जाता है। इससे प्रशासन की कार्यशैली पर संदेह उत्पन्न होता है।अब इस मामले में दोनों पीड़ितों ने माननीय उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय का रुख करने का निर्णय लिया है। उनका कहना है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और दोषी अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए।

## नगर निगम अयोध्याः भंडारे के नाम पर हो रही कमीशनखोरी?

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** अयोध्या नगर निगम के एक जूनियर इंजीनियर (जेई) पर ठेकेदार के मैनेजर ने 8 लाख रुपये लेने का गंभीर आरोप लगाया है। इस मामले में मैनेजर ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को शिकायती पत्र भेजकर निष्पक्ष जांच की मांग की है। शिकायती पत्र में विराट कॉन्ट्रेक्शन के मैनेजर सतेंद्र यादव ने यह आरोप लगाया है।



**वर्क ऑर्डर और बिल भुगतान के लिए मांगी गई रिश्वत?**

आरोप है कि नगर निगम के जेई अरुण सिंह ने वर्क ऑर्डर दिलवाने और भुगतान के लिए बिल पास कराने के नाम पर 8 लाख रुपये लिए। इस मामले में एक वायरल वीडियो भी सामने आया है, जिसमें कथित रूप से जेई द्वारा भेजे गए क्यूआर कोड और बैंक खाते का खुलासा हुआ है।

**क्यूआर कोड महापौर के पीआरओ के नाम!**

वायरल वीडियो में दिखाए गए क्यूआर कोड की जब जांच की गई तो वह किसी अखिलेश त्रिपाठी के नाम पर था। जब जेई से इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि त्रिपाठी महापौर के पीआरओ हैं।

**भंडारे के नाम पर ली गई रकम?**

जेई से जब उस क्यूआर कोड पर भेजे गए 10,000 रुपये के बारे में पूछा गया तो उन्होंने सफाई दी कि यह रकम महापौर द्वारा भंडारे में सहयोग के लिए मांगी गई थी, जिसे ठेकेदार ने भेजा था।

**जेई ने आरोपों को बताया निराधार**

हालांकि, नगर निगम के जेई अरुण सिंह ने इन आरोपों को पूरी तरह से खारिज कर दिया है। उनका कहना है कि जिसका कुल काम ही 8 लाख रुपये का नहीं है, वह इतनी बड़ी रकम रिश्वत के तौर पर कैसे देगा?

**मामला उजागर होते ही नगर निगम में हड़कंप**

यह मामला मीडिया में आते ही नगर निगम के अफसरों में हड़कंप मच गया है। इस घटना ने जेई से लेकर महापौर तक को सवालों के घेरे में खड़ा कर दिया है। अब देखना यह होगा कि नगर निगम प्रशासन इस मामले में क्या कार्रवाई करता है।

## पिता की मौत के बाद 10 वर्षीय बालिका ने दी मुखाग्नि

**हैदरगंज/अयोध्या।** पाठक का पुरवा में पिता की मौत के बाद 10 वर्षीय बालिका ने दी मुखाग्नि, चाणक्य परिषद ने किया आर्थिक सहायता,सौतेली मां पर उत्पीड़न पर उत्पीड़न का आरोप। अयोध्या जनपद के हैदरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खपरादी के मुजरे पाठक का पूर्व की है । जहां निवासी 52 वर्षीय सूर्यकांत दुबे की 16 फरवरी को मौत उपरांत 17 फरवरी को कक्षा 4 में पढ़ने वाली पुत्री आराध्या दुबे ने अपने पिता को मुखाग्नि दिया । जानकारी होने पर पहुंची मृतक की बहाने 65 वर्ष यह उषा दुबे 60 वर्षीय शोभा दुबे ने बताया कि मृतक भाई की पहली पत्नी की बीमारी के चलते मौत हो चुकी थी दूसरी पत्नी पूजा है। कोई दूसरी पत्नी के साथ 7 वर्षीय बच्चा भी साथ में आया था। बहनों का आरोप है की दूसरी पत्नी आराध्या को परेशान किया करती थी जिसके चलते उसके भाई ने 5 बीघा जमीन अपनी पुत्री आराध्या के नाम लिख दिया।

## निर्माल्य वाहन को मेयर ने दिखाई हरी झंडी

**अयोध्या।** रामनगरी में मंदिरों से निकलने वाले निर्माल्य अर्थात पत्र-पुष्प के सुरक्षित एवं सम्मानजनक निस्तारण के लिए नगर निगम ने विशेष वाहन की व्यवस्था की है। बुधवार को शिवरात्रि के मौके पर नगर निगम परिसर से यह वाहन महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इस मौके पर सहायक नगर आयुक्त गुरु प्रसाद पांडे भी मौजूद थे। नगर निगम में कुल पांच वाहनों की व्यवस्था निर्माल्य ढोने के लिए की गई है। इसका प्रयोग विशेष धार्मिक अवसरों के साथ ही सामान्य तौर पर भी किया जाएगा। इससे निर्माल्य को सुरक्षित स्थान पर जैविक खाद बनाने में प्रयोग किया जाएगा।

महापौर ने कहा कि नगर निगम अयोध्या धाम की गरिमा के अनुरूप विकास को लेकर तत्पर है। उसी कड़ी में निर्माल्य के लिए विशेष वाहन की व्यवस्था की गई है। इसका प्रयोग मंदिरों से निकलने वाले पूजित पदार्थ को सम्मानजनक स्थान पर पहुंचाने में किया जाएगा।

## वरिष्ठ उप मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने निर्वाचन कार्यालय का किया निरीक्षण, दिए महत्वपूर्ण निर्देश

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के वरिष्ठ उप मुख्य निर्वाचन आयुक्त मनीष गर्ग ने आज कलेक्ट्रेट परिसर स्थित निर्वाचन कार्यालय के ई.वी.एम./वी.वी.पैट वेयरहाउस का निरीक्षण किया और मतदाता सूची की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान, मनीष गर्ग ने निर्वाचन प्रक्रिया के सभी पहलुओं पर ध्यान देते हुए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से ड्यूटी पर तैनात सशस्त्र पुलिस बल को अग्निशमन यंत्रों के संचालन का प्रशिक्षण देने की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि आकस्मिक स्थिति में उनका सही तरीके से उपयोग किया जा सके। मनीष गर्ग ने 25 जनवरी 2025 को जिलाधिकारी अयोध्या चंद्र विजय सिंह द्वारा किए गए वेयरहाउस निरीक्षण की सी.सी.टी.वी. फुटेज भी देखी और निरीक्षण के दौरान मौजूद चार सशस्त्र गार्ड से जानकारी ली। उन्होंने निरीक्षण पंजिका की भी समीक्षा की। इसके साथ ही, उन्होंने उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनिरुद्ध प्रताप सिंह को भारत निर्वाचन आयोग के मानक अनुसार सशस्त्र गार्ड की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, उन्होंने मतदाता सूची में लिंग अनुपात (जेण्डर रेशियो) को आयोग के मानक के अनुरूप बनाने और अधिक से अधिक युवा मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल करने की दिशा में कार्यवाही तेज करने का निर्देश दिया।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर विकास दुबे, नोडल वेयरहाउस शशिकांत शुक्ला, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी उदय राज पांडे, ई.ओ. मेहंदी लाल, वरिष्ठ सहायक महमूद, प्रधान सहायक कुमुद श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित थे।

## महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर रामनगरी में उमड़ा श्रद्धालुओं की आस्था का सैलाब

**अयोध्या।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर रामनगरी में श्रद्धालुओं का आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा है। लाखों की संख्या में श्रद्धालु महाकुंभ में स्नान करने और भगवान शिव की पूजा-अर्चना करने के लिए अयोध्या पहुंचे हैं। आसपास के जनपदों से भी श्रद्धालु रामनगरी में दर्शन और पूजन के लिए आ रहे हैं।रामनगरी में महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। इस अवसर पर वैदिक रीति रिवाज के साथ भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती का परिणय विवाह संपन्न होगा। नगर में भोलेनाथ की बारात निकाली जाएगी, जो विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी।

## मोबाइल की दुकान मेंअज्ञात चोर ने किया हाथ साफ

**निचलौल (महराजगंज)।** ठूठीबारी के मेन कस्बे के अंदर मुख्य मार्ग पर स्थित ईशा मोबाइल केयर नाम के मोबाइल की दुकान में मंगलवार की रात अज्ञात चोर ने छत से रोशनदान के रास्ते दुकान में घुसकर लगभग 15 पिस विभिन्न कंपनी के एंड्रॉयड मोबाइल चुराकर फरार हो गया। घटना फुटेज सीसी कैमरे में कैद है।। पीड़ित ने कोतवाली में लिखित तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। वहीं कोतवाली पुलिस ने घटना की छानबीन शुरू कर दी है। पूर्व में 13 फरवरी को भी इसी दुकान का चोरों ने सब्बल से ताला तोड़ने का प्रयास किया था, जिसमे वह सफल नहीं हुए थे।

ठूठीबारी निवासी मुकेश निगम द्वारा दिए गए तहरीर में बताया कि कस्बे अंदर के मुख्य मार्ग पर ईसा मोबाइल केयर नाम से मेरा दुकान है। जबकि मेरे दुकान से लगभग 50 मीटर की दूरी पर बैंक ऑफ बड़ौदा, नगर सहकारी बैंक व एचडीएफस बैंक है।

## श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर भोलेनाथ बाबा को किया प्रसन्न


### महाशिवरात्रि के अवसर पर पंचमुखी शिव मंदिर इटहिया, प्राचीन शिव मंदिर कटहरा में रहा भीड़

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज/निचलौल।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर बुधवार को शिवालयों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। प्रसिद्ध पंचमुखी शिव मंदिर इटहिया, कटहरा, नगर के सिंचाई कालोनी स्थित शिव मंदिरों पर भगवान शिव की पूजा अर्चना करने के लिए सुबह से ही भक्तों का ताता लग गया। श्रद्धालुओं सुबह से ही भांग, धतूरा, जल, फूल माला लेकर कतारबद्ध रहे।

**पंचमुखी शिव मंदिर इटहिया पर उमड़ा श्रद्धालुओं की भीड़**

निचलौल। ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र के पंचमुखी इटहिया शिव धाम मंदिर में महा शिवरात्रि पर्व पर दिन बुधवार को श्रद्धालु भक्तो का जन सैलाब उमड़ पड़ा। जिससे करीब डेढ़ किमी तक भक्तों की लंबी कतार दिखाई दी। भीड़ को कंट्रोल करने में कोतवाली प्रशासन सहित मेले में ड्यूटी कर रहे पुलिसकर्मियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। इस दौरान मंदिर परिसर में हर हर महादेव के उद्घोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया।



कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राघवेंद्र सिंह ने बताया कि बुधवार को भक्तों का जन सैलाब भोर 2.30 बजे से ही उमड़ पड़ा मंदिर के पुजारी ध्यानचंद गिरी द्वारा भगवान भोलेनाथ के गर्भ गृह में पूजन अर्चन कर प्रवेश द्वार को भक्तों के लिए खोला गया। जिसके बाद श्रद्धालु भक्तो ने हर हर महादेव के जयघोष के साथ भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। भीड़ को नियंत्रण के लिए जगह जगह बैरिकेटिंग की गई है। चार पहिया वाहनों को मंदिर क्षेत्र में प्रवेश से रोक दिया गया है।

**मंदिर परिसर में मेलों किया भी लिए आनंद**

इटहिया धाम शिव मंदिर को इस वर्ष खूब सजाया गया है। बच्चों के मनोरंजन के लिए चरखी और झूले मुख्य आकर्षण का केंद्र है। जहां सैकड़ों की संख्या में बच्चे अपने अविभावको के साथ पहुंच कर इसका आनंद ले रहे हैं।वहीं मंदिर परिसर में सजी दुकानों पर खरीदारी के लिए महिलाओ की भारी भीड़ दिखाई दी। इस दौरान मेले में जलेबी, कचौरी और समोसे का लोगो ने खूब स्वाद लिया। इस बाबत प्रभारी कोतवाल राघवेंद्र सिंह ने बताया कि मेला प्रभारी राज नारायण सिंह के साथ लगातार पेट्रोलिंग किया जा रहा है। सीसी कैमरे से हर गतिविधियों पर नज़र रखी जा रही है।

# सांसद राज्यसभा बृजलाल ने किया कलेक्ट्रेट परिसर में लाइब्रेरी भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** सांसद राज्यसभा बृजलाल द्वारा अपने सांसद निधि से जनपद सिद्धार्थनगर के कलेक्ट्रेट परिसर में लाइब्रेरी भवन निर्माण एवं पीएचसी भनवापुर में लेबर रूम एवं स्टाफ रूम निर्माण कार्य, विकासखंड शोहरतगढ़ के ग्राम गुजरौलिया ग्रांट में 7 नग हाई मास्ट लाइट लगाने के कार्य की स्वीकृति प्रदान की गई थी। बुधवार को सांसद राज्यसभा बृजलाल ने जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान जिलाधिकारी डॉक्टर राजा गणपति आर की उपस्थिति में लाइब्रेरी भवन, पीएचसी भनवापुर में लेबर रूम एवं स्टाफ रूम का शिलान्यास तथा गुजरौलिया ग्रांट में 7 नग हाई मास्ट लाइट कार्य का लोकार्पण किया।

जनपद में सांसद राज्यसभा बृजलाल द्वारा सांसद निधि से वित्तीय वर्ष 2024 -25 में धनराशि रु 181.08 लाख से निर्मित होने वाले कार्य की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। सांसद बृजलाल ने कहा कि मैं इस जिले का निवासी हूं। मैने इस जनपद को नोडल जिला के रूप में चयनित किया है। कलेक्ट्रेट परिसर में लाइब्रेरी की स्थापना हो जाने से विद्यार्थियों को सुविधा मिलेगी और वह अच्छे ढंग से तैयारी कर अपना करियर बना सकते हैं। इसलिए मेरे द्वारा संसद निधि से 62.19 लाख धनराशि लाइब्रेरी भवन के लिए स्वीकृति प्रदान की गई जिसका निर्माण कार्य माह मई तक पूर्ण हो जायेगा। लाइब्रेरी निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण होने पर और जनपद में अन्य विकास कार्य गुणवत्तापूर्ण कराने पर जिलाधिकारी की सराहना की और बधाई दिया। कहा कि मेरे द्वारा 10 पुस्तकें लिखी गई हैं, उसका सेट लाइब्रेरी में रखा जाएगा। शिवपति इंटर कॉलेज में मल्टीपरपज हाल बनकर तैयार हो गया है इसका लोकार्पण कल होगा। पीएचसी भनवापुर के भवन की स्थिति बहुत खराब थी लेबर रूम एवं स्टाफ रूम निर्माण हो जाने से चिकित्सा व्यवस्था सुदृढ़ होगी। मेरा उद्देश्य है जनपद सिद्धार्थनगर का विकास करना। जनपद में काला नमक चावल, कपिलवस्तु पिपरहवा का विकास कराना विशेष प्राथमिकता है। काला नमक चावल अब एक्सपोर्ट हो रहा है। काला नमक भगवान बुद्ध का महाप्रसाद है। जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान ने कहा कि सांसद राज्यसभा द्वारा दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं को अपने सांसद निधि से दिया है जो विद्यार्थियों युवाओं के लिए वरदान साबित होगा। विद्यार्थियों को लाइब्रेरी में अच्छी सुविधा मिलेगी व पीएचसी भनवापुर में लोगों को स्वास्थ्य सुविधा मुहैया होगी। जिलाधिकारी डॉक्टर राजा गणपति आर ने सांसद राज्यसभा, जिलाध्यक्ष भाजपा का स्वागत करते हुए धन्यवाद देकर आभार प्रकट किया तथा कलेक्ट्रेट परिवार के तरफ से आभार प्रकट किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि पीएचसी भनवापुर में माननीय सांसद राज्यसभा द्वारा लेबर रूम व स्टाफ रूम निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है जिसका कार्य शुरू हो गया है।

# बिना किसी सुरक्षा के नाबालिग लड़का कर रहा बीडीओ कार्यालय बढ़नी भवन पर चढ़कर साफ-सफाई

## नाबालिग लड़के को काम पर लगाकर, करवा रहे रंगाई पुताई, जिम्मेदार अधिकारियों की नही पड़ रही नजर, या फिर कर रहे नजरअंदाज

अवधनामा संवाददाता



**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेश सरकार जहां एक तरफ सर्व शिक्षा अभियान चलाकर हर बच्चे को शिक्षित करना चाहती है। जिसके लिए किताब, ड्रेस, जूता, मोजा, बैग आदि सारी सुविधाएं मुहैया करवाकर निःशुल्क शिक्षा देने की व्यवस्था कर रखी है। वहीं हमारे समाज में कुछ ऐसे भी लोग हैं। जिन्हें सिर्फ अपने ही बच्चों के भविष्य की चिंता है।

शायद उनकी नजर में गरीब परिवार के बच्चों की कोई अहमियत नहीं है। इसलिए नाबालिग बच्चों को कहीं पर भी मजदूरी के लिए काम पर लगा देते हैं। जबकि नाबालिग बच्चों से मेहनत मजदूरी करवाना कानून जुर्म है। और उसके लिए शासन प्रशासन ने कुछ नियम कानून भी बना रखें हैं। फिर भी यह सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। बताते चलें एक ऐसा ही मामला सोमवार को विकास खंड बढ़नी कार्यालय का सामने आया है। जहां पर एक नाबालिग लड़का खंड विकास अधिकारी कार्यालय की साफ-सफाई रंगाई पुताई आदि कार्य करते हुए नजर आ रहा है। जिसका एक वीडीओ भी सामने आया है। जो बिना किसी सुरक्षा के भवन के ऊपर चढ़कर कार्य कर रहा था। जिससे उसके जान को भी खतरा था। लेकिन फिर भी किसी जिम्मेदार अधिकारी ने ध्यान नहीं दिया। जबकि ब्लाक मुख्यालय पर कई ग्राम विकास अधिकारी सहित अन्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों का आना-जाना लगा रहता है और कार्यालय पर सीसीटीवी कैमरे भी लगे हुए हैं। जिसके जरिए कार्य करने व आने जाने वाले लोगों पर भी नजर रखा जाता है। फिर भी किसी जिम्मेदार अधिकारी की नजर उस लड़के पर क्यों नहीं पड़ी ? अब सवाल उठता हैं कि आखिर उस लड़के पर नजर नही पड़ी या फिर ऐसे मामलों को नजर अंदाज किया जा रहा है? जो नियम और कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही है। फिलहाल ऐसी चीज़ों पर लगाम कैसे लगेगा।यह जांच का विषय है। और लोगों के बीच भी चर्चा का बिषय बना हुआ है।

# शिव मंदिरों पर उमड़ा आस्था का सैलाब

## हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजता रहा शिवालय

अवधनामा संवाददाता



**आनंदनगर, महाराजगंज।** शिव और शक्ति के पूजन अर्चन वन्दन करने के लिए बीती रात एक बजे से ही फरेन्दा तहसील क्षेत्र के प्रमुख शिव मंदिरों पर शिव भक्तों के आस्था विश्वास का जनसैलाब उमड़ पड़ा। शिवभक्तों द्वारा विभिन्न पूजन सामग्रियों से षोडशोपचार विधि से पूजन अर्चन वन्दन कर हर हर महादेव के जयघोष के साथ जलाभिषेक किया गया। जिसको लेकर फरेन्दा तहसील के बऊरहवा बाबा शिव मंदिर गोपालपुर, लेजार महादेव के शिव मंदिर उपनगर आनंद नगर के मील कॉलोनी, अंबेडकर तिराहा, विष्णु मंदिर, तहसील परिसर एवं वार्ड नंबर एक रतनपुर खुर्द में स्थित शिव मंदिर सहित शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के शिवालयों में देर रात से शिवभक्तों की हुजुम उमड़ पड़ी। शिवभक्तों ने वेल पत्र धतूरा, फांग, दूध, तिल, अक्षत, गंगा जल,कड़ुआ तेल, गन्ना, बेर, घी, मधु मीठा फल, दही सहित अन्य पूजन सामग्री चढ़ाकर मनोवांछित फल प्राप्ति को लेकर जलाभिषेक किया। क्षेत्र के विभिन्न प्रमुख शिव मंदिरों पर रूद्राभिषेक, अखंड रामायण, हरिकिर्तन, भण्डारा का भी आयोजन लोगों के द्वारा किया गया है। महाशिवरात्रि पर्व भगवान शिव का त्यौहार है। इस दिन पुरुषों की तुलना में महिलाएं व क्वारी कन्याएं विभिन्न मनोरथों को पूर्ण करने को लेकर व्रत- उपवास रखती है। महाशिवरात्रि पर्व पर तीन पहर पूजा किया जाता। इस पर्व पर रात्रि जागरण का विशेष महत्व है। महाशिवरात्रि पर्व पर सुरक्षा व्यवस्था सभी शिव मंदिरों पर रही फरेंदा कोतवाल प्रशांत पाठक सभी शिव मंदिरों पर सुरक्षा में तैनात पुलिस कर्मियों को निर्देशित कर सुरक्षा की देखरेख करते रहे।

# इमाम मेहंदी अ. स. चित्रकला प्रतियोगिता में 300 बच्चों ने किया प्रतिभाग

## चित्रकला प्रतियोगिता के माध्यम से छात्र-छात्राओं को इमाम मेंहदी अ. स. के बारे में ज़्यादा से ज़्यादा जानकारी देना था : शाहकार हुसैन ज़ैदी

अवधनामा संवाददाता






**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** बुधवार को तहसील क्षेत्र के शिया बाहुल्य कस्बा हल्लौर स्थित इमाम बारगाह वक्फ़ शाह आलमगीर सानी में इमाम जुमा मौलाना शाहकार हुसैन ज़ैदी, डॉ0 वज़ाहत हुसैन रिज़्वी, व आयात हुसैन रिज़्वी के ज़ेरे निगरानी में इमाम मेंहदी अ. स. के नाम से चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक स्तर के सरकारी एवं गैर सरकारी स्कूलों के 300 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता से पूर्व बच्चों को धर्म गुरुओं ने संबोधित करते हुए इमाम मेहंदी अ. स. के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। स्थानीय तहसील के हल्लौर स्थित वक्फ़ शाह आलमगीर सानी इमाम बरगाह में आयोजित प्रतियोगिता के संबंध में जानकारी देते हुए इमाम जुमा व जमात हल्लौर मौलाना शाहकार हुसैन ज़ैदी ने बताया कि शिया मुसलमान के बारहवें व आखिरी इमाम जिन्हें इमाम मेहंदी अ. स. के नाम से जाना जाता है जो पर्दे ए गैब में रहकर हमारी सरपरस्ती कर रहे हैं। उनके जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों को इमाम मेंहदी अ. स. के बारे में ज़्यादा से ज़्यादा जानकारी देना था साथ ही उनके भीतर छुपी प्रतिभा को निखारने का कार्य किया जा रहा है। जो भविष्य में उनके और हमारे देश के विकास के लिए लाभदायक साबित हो सकती है।

इसी क्रम में मौलाना मोहम्मद शारिब अब्बास ने कहा की हमारे क़ौम के बच्चों को अपने जमाने के इमाम की सही पहचान होनी चाहिए। साथ ही उनको दीन और दुनियां की जानकारी के लिए समय-समय पर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन भी होना चाहिए। चित्रकला प्रतियोगिता में प्राथमिक एवं जूनियर स्तर के लगभग 300 छात्रों ने प्रतिभा किया जिसमें बालिकाओं में 175 एवं बालकों में 125 प्रतिभागी रहे। परीक्षा सुबह 10 बजे से 11 तक चली इस दौरान डॉ0 वजाहत हुसैन, आयात हुसैन, तसकीन हैदर, शबीह अहमद मास्टर, सज्जाद हैदर, कामियाब हैदर, तशबीब हसन, काजिम रज़ा, महफ़ूज़, मोहम्मद हैदर शब्लू, बब्लू शाहरुख, नौशाद रिंकू, वज़ीर हैदर, मसूद अख्तर, शब्बीर हसन मास्टर, एस एम मेहदी, नदीम, शान, अज़हान हैदर, जौहर, ज़ैगम सहित तमाम ग्रामवासी मौजूद रहे।

## भगवान भोलेनाथ का भक्तों ने किया जलाभिषेक



**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** लोटन क्षेत्र के सभी शिवमंदिरों में भगवान भोलेनाथ को शिवभक्तों ने हर हर महादेव के जयघोष के साथ जलाभिषेक किया। बुधवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर क्षेत्र के मंदिरों में काफी भीड़ रही ।लोगों की सुरक्षा के लिए मौके पर कोतवाली लोटन पुलिस मौजूद रही। क्षेत्र के कई शिव मंदिरों के प्रांगण में मेला का भी आयोजन किया गया ।भक्ति संगीत का मंचन भी किया गया। लोटन थाना प्रांगण मे स्थित शिव मंदिर पर तमाम भगतो ने जालाभिषेक किया थड़वरिया, जंगली बाबा स्थान पर,ख़खरा बुजुर्ग, भेलौजी, गदहमरवा आदि शिव मन्दिरों में शिव भक्तों ने हर हर महादेव जय घोष के साथ जलाभिषेक किया।

## सूर्य मंदिर सड़क निर्माण की मांग को लेकर विधानसभा में विधायक 27 फरवरी को वक्तव्य देंगे

**उरई (जालौन)।** विख्यात धर्मस्थल सूर्य मंदिर को आने जाने के लिए पक्की सड़क का निर्माण कराने के लिए क्षेत्रीय विधायक के द्वारा पहल तेज कर दी गई है। कालपी से मदरालालपुर होते हुए सूर्य मंदिर तक सड़क निर्माण को जाने हेतु प्रशासनिक तथा वित्तीय स्वीकृति निर्गत किए जाने के लिए शासन को दिए गए पत्र को संज्ञान लिया गया है। 27 फरवरी को विधानसभा में क्षेत्रीय विधायक विनोद चतुर्वेदी विधानसभा के सदन में भाषण देकर सरकार का ध्यान आकर्षित करेंगे। उक्त मामले को लेकर विधानसभा सचिवालय के प्रमुख सचिव प्रदीप कुमार दुबे ने शासकीय पत्र में विधायक विनोद चतुर्वेदी को अवगत कराया है कि सड़क निर्माण के लिए सदन में वक्तव्य दिए जाने के लिए 27 फरवरी को तिथि निर्धारित की गई है।

विधायक ने बताया कि ऐतिहासिक एवं धार्मिक धरोहरों के विकास एवं संरक्षण के लिए सड़कों की कनेक्टिविटी होना जरूरी है, इसी उद्देश्य से कालपी से सूर्य मंदिर की सड़क निर्माण के लिए प्रयास चल रहा है।

# अभियान चलाकर भरी जायेंगी पोलिटेक्निक की 525 सीटें

दानिश मेहदी

**अंबेडकरनगर।** युवाओं को रोजगारपरक शिक्षा दिलाने के उद्देश्य से पॉलीटेक्निक चलो अभियान शुरू किया गया है। इसके तहत अधिक से अधिक संख्या में युवाओं को पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन कराना है। इसको लेकर प्राविधिक शिक्षा विभाग की ओर से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। राजकीय पॉलीटेक्निक की 525 सीटों पर प्रवेश के लिए संस्था स्तर पर टीमें बनाई गई हैं, जो स्कूल व कॉलेजों में जाकर विद्यार्थियों को जागरूक करेंगी।डीएम अविनाश सिंह ने बताया कि वर्ष 2025-26 में पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा में प्रतिभाग करने के लिए युवाओं को http://jeecup.admissions.nic.in पर आवेदन करना होगा। आवेदन की प्रक्रिया 15 जनवरी से चल रही है, जिसकी अंतिम तिथि 30 अप्रैल निर्धारित की गई है। आवेदन के लिए सामान्य एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को तीन सौ रुपये एवं अनुसूचित जाति, जनजाति के लिए दो सौ रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। समूह ए, बी व सी के लिए हाईस्कूल की परीक्षा दे रहे अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं।दो वर्षीय डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम (लेटरल इंट्री) में प्रवेश के लिए इंटरमीडिएट विज्ञान, व्यावसायिक प्राविधिक विषयों के साथ उत्तीर्ण होना चाहिए। हाईस्कूल के साथ दो वर्ष आईटीआई या इंटरमीडिएट के अंतिम वर्ष की परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थी के-1 से के-8 तक आवेदन कर सकते हैं। एक वर्षीय पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रम के लिए स्नातक या अंतिम वर्ष की परीक्षा देने वाले अभ्यर्थी पात्र होंगे। ग्रुप एल के लिए इंजीनियरिंग में डिप्लोमा के साथ दो वर्ष का अनुभव, बीएससी में भौतिक विज्ञान अथवा रसायन विज्ञान, बीई, बीटेक के साथ दो वर्ष का अनुभव होना चाहिए। छत्रपति शाहूजी महाराज राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज अकबरपुर के प्रधानाचार्य राजेश कुमार सरोज ने बताया कि प्रवेश के लिए संस्था स्तर पर समितियां बनाई गई हैं, जिन्हें तहसील व ब्लॉक आवंटित कर इंटर कॉलेजों में व्यापक प्रचार प्रसार करने की जिम्मेदारी दी गई है। बच्चों को पॉलीटेक्निक में मिलने वाली शिक्षा के बारे में जानकारी दी जा रही है। अकबरपुर में प्रथम वर्ष में कुल प्रवेश क्षमता 300 व राजकीय पॉलीटेक्निक बैजपुर भीटी में 225 की प्रवेश क्षमता है।

# बिजली आपूर्ति सुधारने के लिये खर्च होंगे 44.66 करोड़

**अंबेडकरनगर।** बिजली संसाधनों को सुधारने के लिए बिजनेस प्लान 2025-26 के तहत 44 करोड़ 66 लाख रुपये की कार्ययोजना तैयार की है। इसके तहत जर्जर बिजली के तारों को बदलने, नई लाइन डालने और उपकेंद्रों की क्षमता वृद्धि समेत 32 तरह के कार्य कराए जाएंगे। सात दशक पूर्व जिले में नए बिजलीघर के निर्माण हुए। समय बीतने के साथ ही आबादी बढ़ने से बिजली का उपभोग भी बढ़ा, लेकिन संसाधन बढ़ाने के कार्य न के बराबर हुए। हालांकि, रिवैंप्ड, सौभाग्य योजना, राजीव गांधी विद्युत परियोजना से बिजली संसाधन बेहतर करने की कवायद की गई, लेकिन अभी भी बड़ी संख्या में बिजली के उपकरणों को बदलने की जरूरत है। इसी क्रम में पावर कॉरपोरेशन ने बिजनेस प्लान का खाका तैयार कर शासन को भेजा है।कैपेसिटर बैंक का मुख्य काम बिजली प्रणाली में पावर फैक्टर सुधारना और रिएक्टिव पावर को मैनेज करना होता है। इसके अलावा यह वोल्टेज को नियंत्रित करता है और बिजली की आपूर्ति को स्थिर करता है। ऐसे करीब 27 बिजलीघरों के पुराने हो चुके कैपेसिटर बैंक को बदलने के लिए विभाग एक करोड़ 60 लाख रुपये खर्च करेगा।बिजलीघरों पर विद्युत नियंत्रण पैनल विद्युत उपकरणों का संग्रह होता है। इससे विद्युत शक्ति का उपयोग करके विभिन्न औद्योगिक उपकरणों के कामकाज को नियंत्रित किया जाता है। करीब 25 बिजलीघरों के कंट्रोल पैनल में खराबी है। 32 लाख 40 हजार रुपये से 25 नए कंट्रोल पैनल लगवाए जाएंगे।वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार जिले की आबादी 18 लाख थी। समय बीतने के साथ ही आबादी में तेजी से इजाफा हुआ। बीते 13 वर्षों में आबादी 23 लाख के पार पहुंचने का अनुमान है। इसके चलते बिजलीघरों का निर्माण होना जरूरी हो गया। इसी को देखते हुए बिजली विभाग ने दो नए बिजलीघरों का निर्माण कराने का प्रस्ताव भी बिजनेस प्लान में शामिल किया है, जिसमें करीब छह करोड़ रुपये खर्च होंगे।

## असिस्टेंट प्रोफेसर विधि के पद पर दीपक का चयन

**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** के तहसील जलालपुर के ग्राम



महमदपुर निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता रामचन्द्र दुबे के बड़े पुत्र डा. दीपक दूबे ने हरीसिंह गौर केन्द्रीय विश्वविद्यालय, सागर, मध्य प्रदेश में असिस्टेण्ट प्रोफेसर, विधि के पद पर चयनित होकर जनपद का मान बढाया है।उन्होंने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। डा. दीपक दुबे इसी विश्वविद्यालय से एल0एल0एम0(गोल्ड मेडलिस्ट), इलाहाबाद विश्वविद्यालय से पी-एचडी वा बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी से एलएलबी (प्रतिष्ठा) उत्तीर्ण की हैं। उनके चयन व नियुक्ति से उनके परिजन, ईष्ट-मित्रों में खुशी का माहौल है। डॉ दीपक दुबे ने अपनी सफलता का श्रेय भगवान महाकाल की कृपा, अपने सभी गुरुवो के मार्गदर्शन, अपनी माता जी के त्याग व पिता के संघर्ष, अपनी धर्मपत्नी के सहयोग वा इष्ट मित्रो के सहयोग को दिया है। समाजसेवी अतेंद्र त्रिपाठी, विकाश निषाद समेत ने उनको बधाई दी। लगातार बधाइयों का क्रम जारी है।

## हर-हर महादेव के जयकारे के साथ निकली शिव बारात



**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** नगर में बुधवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर बड़े धूमधाम से नगर में शिव बारात निकाली गई। भव्य शोभायात्रा शिवाला मंदिर पक्का घाट से निकलकर विभिन्न स्थानों को होते हुए वैवाहिक स्थल पर पहुंची ।जहाँ भगवान शिव और माता पार्वती की भव्य आरती की गई। महाशिवरात्रि जैसे पावन त्योहार पर हर कोई इस बारात का हिस्सा बनने के लिए आतुर दिखा। व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष आनंद जायसवाल और कार्यक्रम अध्यक्ष शिवम् गुप्ता ने शिव बारात यात्रा की कमान संभाली। भव्य झांकी ने सभी शिव भक्तों का मन मोह लिया। रास्ते में जगह-जगह बारात और शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर लोगों द्वारा स्वागत किया गया ।इस दौरान कई स्थानों पर श्रृद्धालुओं ने प्रसाद वितरण की भी व्यवस्था की। डकाखाना कमेटी नेतृत्व में निकली शिव पार्वती विवाह के अवसर पर एसडीएम पवन जायसवाल, तहसीलदार पदमेश श्रीवास्तव,जिला प्रतिनिधि देवेश मिश्र,भाजपा नगर अध्यक्ष संदीप अग्रहरि, मानिक चंद सोनी,भाजपा नगर महामंत्री विकाश निषाद,व्यापारी मनीष सोनी,आदित्य गोयल,हरिओम सोनी,शरद जायसवाल,अमित गुप्ता, सीताराम अग्रहरि,अखिल सोनी,विनोद मेहरोत्रा,दीपचंद जायसवाल, अजीत निषाद,आशीष सोनी,आत्माराम गुप्ता,सीतल सोनी,डेविड गोरे,आशाराम मौर्य, शिवम आर्या समेत बारात में शामिल हुए।

# विधायक अजय सिंह ने सदन में किया बस्ती का नाम वशिष्ठ नगर करने सहित विभिन्न मांग

अवधनामा संवाददाता

**बस्ती।** हरैया विधायक अजय सिंह ने सदन में बस्ती का नाम वशिष्ठ नगर करने, बस्ती में हिंदी विश्वविद्यालय खोलने, संस्कृत विश्वविद्यालय खोलने और हरैया में दो तहसील करने की मांग मंगलवार को सदन में उठाई। राज्य सरकार द्वारा पेश किए गए बजट की सराहना करते हुए विधायक ने सदन में कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करने वाला है। कहा कि बजट में सभी विभागों शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, लोक निर्माण आदि का ख्याल रखा गया है। बस्ती जनपद का नाम वशिष्ठ नगर रखने की मांग करते हुए कहा कि भगवान राम से लेकर विभिन्न महापुरुषों की पहचान जिस बस्ती से है वह बस्ती स्वयं पहचान को मोहताज है इसलिए बस्ती जिले का नाम वशिष्ठ नगर रखा जाए। महापुरुषों के नाम पर विभिन्न जनपदों का नाम बदला गया है। इसी तर्ज पर बस्ती का नाम भी वशिष्ठ नगर रखा जाए जिससे 155 साल पुराने जिले को पहचान मिल सके। विधायक ने राज्य सरकार से मांग किया कि पूरी दुनिया में प्रसिद्ध आचार्य रामचंद्र शुक्ल के नाम पर बस्ती में हिंदी विश्वविद्यालय खोला जाए। भगवान राम के जन्म के लिए यज्ञ कराने वाले श्रृंगीऋषि के नाम पर संस्कृत विश्वविद्यालय की स्थापना की मांग किया। विधायक ने सदन में कहा कि हरैया हिंदुस्तान ही नहीं एशिया की सबसे बड़ी तहसील है जिसमें 1529 राजस्व गांव जिसकी व्यवस्था चलाना बड़ा जटिल है इसलिए सरकार से मांग किया कि हरैया में दो तहसील बना दी जाए जिससे व्यवस्था सकुशल चल सके। महाकुंभ के बारे में बोलते हुए कहा कि 144 साल बाद बने इस महायोग में पूरा देश त्रिवेणी ने स्नान के लिए उमड़ पड़ा है यह देशवासियों का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति अटूट विश्वास है।

## 11 हज़ार दम्पति ले रहे पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ जाँच शुरू

**अंबेडकरनगर।** पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ लेने वाले अपात्र दंपती के लिए बुरी खबर है। उनमें से केवल एक को ही योजना का लाभ मिलेगा, दूसरे को निधि वापस करनी होगी। फैमली आईडी से सत्यापन में करीब 11 हजार ऐसे दंपती मिले हैं, जो योजना का लाभ ले रहे हैं। कृषि विभाग ने इनके सत्यापन का कार्य शुरू कर दिया है। इसके बाद इनसे वसूली की कार्रवाई होगी।जिले में पीएम किसान सम्मान निधि के लिए तीन लाख 90 हजार लाभार्थी हैं। योजना का लाभ लेने के लिए खेत के अभिलेख के साथ जनसेवा केंद्र से आवेदन करना होता है। उप निदेशक कृषि डॉ. अश्विनी सिंह ने बताया कि विभागीय नियमानुसार पति-पत्नी में केवल एक को ही योजना का लाभ मिलना चाहिए। जब पता चला कि कई ऐसे लाभार्थी हैं, जिसमें पति-पत्नी दोनों ही सम्मान निधि ले रहे हैं। इन सभी का विभागीय स्तर पर सत्यापन कराने के लिए टीमों को गठन कर दिया गया हैं।

# महाशिवरात्रि पर्व पर महिलाओ जलाभिषेक कर की पूजा अर्चना

अवधनामा संवाददाता



**अंबेडकरनगर।** महरुआ थाना क्षेत्र सभी शिवालयो मंदिरों पर 26 फरवरी दिन बुधवार को महाशिवरात्रि के महापर्व पर आए हुए श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की पूजा अर्चना में व्यवधान उत्पन्न ना हो इसलिए पहले से महरुआ थाना अध्यक्ष दिनेश सिंह द्वारा महरुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत मनसापुर कुटी बाबा डंबर दास से लेकर सभी शिवालयों पर पुलिस प्रशासन तैनाती की व्यवस्था करते हुए महिला आरक्षी को भी लगाया गया था मंदिरों पर हर बिंदु पर निगरानी रखते हुए खुद महरुआ चौराहे पर हमराही सिपाहियों के साथ मुस्तैद रहे ताकि वाराणसी और प्रयागराज से अयोध्या आने जाने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कत ना हो और उन्हें सही रास्ता बताया जा सके और आवा गमन भी बाधित न हो बताते चलें कि कथा के अनुसार आज महाशिवरात्रि के पर्व पर देवों के देव महादेव भोलेनाथ की बारात निकली थी और सभी देवता ब्रह्मा विष्णु समेत सभी देवताओं द्वारा शिव बारात का आनंद ले रहे थे और आज के दिन ही सती पार्वती माता और शिव जी का विवाह हुआ था तभी से शिवरात्रि की परंपरा चली आ रही है और शिवरात्रि के महापर्व को बड़े ही धूमधाम से भजन कीर्तन के साथ मनाया जाता है महाशिवरात्रि पर सभी शिवालयों पर भक्तों की अटूट भीड़ होती है और जल अभिषेक कर पूजा अर्चना के साथ महिलाएं जल के साथ दूध बेर बेलपत्र धतूर गन्ने की गेडी जौ आदि शिवलिंग पर चढ़ाकर शिवजी की पूजा अर्चना करती है तथा शिवजी और माता पार्वती को प्रसन्न करती हैं और वरदान मांगती हैं आज महरुआ चौराहा रामलीला अंतर्गत शिवालय मंदिर शंकर जी के मंदिर पर और शिवलिंग पर अलग-अलग सैकड़ो महिला श्रद्धालुओं ने जल अभिषेक किया और पूजा अर्चना कर मांगी मनोकामना और सभी जगह ओम नमः शिवाय तथा भक्ति में गीतों से मंदिर परिसर गूंज रहा था और जय जय भोलेनाथ और ओम नमः शिवाय का जाप चल रहा था वहीं कुछ श्रद्धालुओं द्वारा आए हुए श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद की उचित व्यवस्था भी कराई गई थी।

## डंकी रूट पर सख्त रुख अपनाएं सरकारें

मुगल बादशाही के दौर में कबूतरों को आपस में लड़ाने वाला 'कबूतरबाजी' एक मशहूर खेल था, मगर कुछ वर्ष पूर्व भारत में कबूतरबाजी लफ्ज मानव तस्करी के रूप में काफी चर्चित हुआ था। कबूतरबाजी यानी लोगों को अवैध तरीके से विदेश भेजने का तरीका। कबूतरबाजी के इल्जाम ने देश के कुछ मकबूल फनकारों को भी सलाखों के पीछे पहुंचा दिया था। मौजूदा वक्त में कबूतरबाजी की जगह 'डंकी रूट' एक चर्चित लफ्ज बन चुका है। डंकी रूट यानी किसी देश में गैर कानूनी तरीके से प्रवेश करना। अमेरिका, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी व ब्रिटेन जैसे मुल्क भारतीय युवाओं की पहली पसंद हैं। जब लोग दस्तावेज नहीं बनवा पाते या विदेश जाने के लिए उनको वीजा नहीं मिलता तो एजेंट्स युवाओं को डंकी रूट के तहत बिना किसी दस्तावेज व वैध वीजा के अवैध तरीके से विदेश पहुंचाने के हसीन ख्वाब दिखाते हैं। जिस प्रकार नशे के सरगना नशा तस्करी के लिए नए तरीके इजाद करते हैं, उसी प्रकार ट्रैवल एजेंट भी युवाओं को गैर कानूनी तरीके से विदेश भेजने के लिए कबूतरबाजी, डंकी रूट व फिश रूट जैसी अवैध तरकीबें अपनाते हैं। नशे का नेटवर्क भी देश में अपनी जड़ें जमा चुका है।

डंकी रूट का संचालन करने वाले एजेंटों का कारोबार भी फराज पर है। नशा माफिया के निशाने पर भी युवा वर्ग है तथा डंकी रूट के एजेंटों का नेटवर्क भी युवा वर्ग के इर्द-गिर्द ही घूमता है। नशा माफिया की तरह डंकी रूट के संचालकों का भी अपना एक निर्धारित क्षेत्र है। नशे के सरगना व डंकी रूट के एजेंट तथा ट्रैवल एजेंसियां अपनी अरबों रुपए की अवैध सल्तनत कायम कर चुकी हैं। बेशक बेरोजगारी के अजाब से भारत के हजारों युवा अपना मुल्क छोड़कर डंकी रूट का सहारा लेकर मगरबी मुल्कों में जा रहे हैं। मगर इसे इत्तेफाक कहें या इख्तिलाफ। संयोग कहें या प्रयोग। अमेरिकी प्रशासन अवैध रूप से रह रहे भारतीय प्रवासी युवाओं को शातिर अपराधियों की तरह हथकड़ियों व बेड़ियों में जकड़कर जिस तरीके से बेआबरू करके निर्वासित कर रहा है, यूएसए की यह कारकर्दगी दुर्भाग्यपूर्ण है। हैरत की बात है कि बेगुनाह प्रवासी भारतीय युवाओं से मुजरिमों जैसा सलूक करने वाली अमेरिकी सुरक्षा एजेंसियों की इस हरकत पर मानवाधिकारों की वकालत करने वाले मुनाजिर भी खामोश हैं। अमेरिका की अर्थव्यवस्था को अपनी कड़ी मेहनत से गुलजार करने वाले भारतीय नौजवानों को अवैध प्रवासी बताकर अमेरिकी प्रशासन नामोशी के साथ डिपोर्ट करके दुनिया को पैगाम नसर कर रहा है कि अपने मुल्क की सुरक्षा व राष्ट्रीय हितों से यूएसए कभी समझौता नहीं करेगा। लेकिन यूएसए में एक मुद्दत से पनाह ले चुके भारत विरोधी गतिविधियों में मुल्व्विश आदतन मुजरिमों व गैंगस्टरों के प्रत्यर्पण पर अमेरिकी प्रशासन भी खामोश है। हकीकत में डंकी रूट का इस्तेमाल गैंगस्टर व जघन्य वारदातों को अंजाम देकर बैरूने मुल्कों में पनाह लेने वाले कुख्यात अपराधियों के लिए ही होता था।

**क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद के भतीजे सुजीत आजाद ने यूपी एम पत्रिका को बताया कि, जवाहर लाल नेहरू ने ही अंग्रेजों को चंद्रशेखर आजाद के कंपनी बाग में होने की सूचना दी थी। उनके अनुसार आजाद पहले कानपुर गणेश शंकर विद्यार्थी जी के पास गए, फिर वहाँ तय हुआ की स्टालिन की मदद ली जाये क्योकि स्टालिन ने खुद ही आजाद को रूस बुलाया था। सभी साथियो को रूस जाने के लिए बारह सौ रूपये की जरूरत थी। यद्यपि आजाद ने प्रस्ताव रखा कि क्यों न नेहरु से पैसे माँगा जाये किंतु इस प्रस्ताव का सभी साथियों ने विरोध किया और कहा कि नेहरु तो अंग्रेजो से मिला हुआ है।**

# शहीद शिरोमणि पंडित चन्द्रशेखर आजाद का सर्वोच्च

सारा विश्व आज प्रयागराज में भव्य, दिव्य, सुरक्षित, व्यवस्थित महाकुंभ आयोजन के धमक की अनुभूति कर रहा है किंतु 27 फरवरी 1931 को इसी प्रयागराज में भारत के दो चर्चित चेहरे एक माँ जगरानी का बहादुर सपूत चंद्रशेखर तिवारी व दूसरे राजनैतिक अभिलाषाओं से परिपूर्ण जवाहरलाल नेहरू भी उपस्थित थे। तब प्रयागराज के राष्ट्रीय तीर्थ अल्फ्रेड पार्क में पं चन्द्रशेखर आजाद राष्ट्रवेदी पर बलिदान होकर शहीद शिरोमणि हो गये और प्रयागराज को भी धन्य कर दिया। वीरभद्र तिवारी ने आजाद और सुखदेव राज को अल्फ्रेड पार्क में मंत्रणा करते हुए देख लिया था। वह तुरंत पुलिस अधिकारी शंभूनाथ के पास पहुंचा और कहा- पंडितजी अल्फ्रेड पार्क में हैं। शंभूनाथ ने अंग्रेज अफसर मैजर्स को आजाद के पार्क में होने की सूचना दी। तभी आर्म्ड फोर्स के 80 जवानों को पुलिस सुपरिन्टेंडेंट मैजर्स का फोन द्वारा आदेश मिला कि आधे मिनट में अल्फ्रेड पार्क मूव कर जाये। तुरंत सभी अल्फ्रेड पार्क की ओर भागे। डिप्टी सुपरिन्टेंडेंट विश्वेश्वर सिंह के साथ सुपरिन्टेंडेंट ऑफ पुलिस (स्पेशल ब्रांच) नॉट बावर भी अल्फ्रेड पार्क पहुंच गया। पुलिस बल के जवानों ने पार्क को तीन तरफ से घेर लिया था। अचानक विश्वेश्वर सिंह को साथ लिए नॉट बावर पार्क के अंदर घुसा और आजाद पर फायर कर दिया। गोली आजाद की दाहिनी जांघ में लगी और हड्डी तोड़ती हुई निकल गई। इसके बाद आजाद की कोल्ट सेमी ऑटोमैटिक गन, जिसे वे 'बमतुल बुखारा' भी कहते थे, गरजी और नॉट बावर की कलाई को तोड़ती हुई एक गोली निकल गई। दूसरी मैगजीन लोड करने के बाद आजाद गरजे- 'अरे ओ ब्रिटिश सरकार के गुलाम। मर्द की तरह सामने क्यों नहीं आते। मेरे सामने गीदड़ की तरह क्यों छिप रहे हो। जैसे ही विश्वेश्वर सिंह ने आजाद को ललकारा, तभी आजाद की एक गोली उसका जबड़ा तोड़ते हुए निकल गई। आजाद की 'बमतुल बुखारा' से दनादन एक के बाद एक गोली आग उगलती रही। अब उनके पास अंतिम गोली बची थी। भारत माता को याद करते हुए जगरानी के शेर सपूत ने धरती माँ के आँचल से पार्क की मिट्टी को अपने दमकते भाल पर लगाया और इसी अंतिम गोली से उन्होंने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया।



डॉ उमेश प्रताप वत्स

यद्यपि वीरभद्र तिवारी भी आजाद के संगठन हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी का सेंट्रल कमेटी मेंबर था। जब संगठन के क्रांतिकारी रमेश चंद्र गुप्ता को उसकी इस मुखबिरी का पता चला तो उन्होंने उरई जाकर तिवारी पर गोली भी चलाई थी वो बच गया और गुप्ता गिरफ्तार हो गए थे। माना जाता है कि वीरभद्र ने किसी नेता के दबाव में आकर यह मुखबिरी की थी। आजाद के परिवार द्वारा लगाए गए आरोपों के अनुसार चंद्रशेखर आजाद की मृत्यु में जवाहर लाल नेहरू का नाम भी शामिल रहा है। वास्तव में अंग्रेज सरकार उग्र विचारधारा वाले क्रांतिकारियों का बड़े स्तर पर दमन कर रही थी। अधिकतर क्रांतिकारी देशभक्त पकड़े जा चुके थे। तत्कालीन स्थिति बहुत खराब थी। भगतसिंह, राजगुरु व सुखदेव के गिरफ्तार होने पर गांधी ने सरदार भगत सिंह का मामला इरविन के साथ मीटिंग में शामिल नहीं किया था। चंद्रशेखर आजाद और उनके साथी आगामी योजनाओं को मूर्त रूप देने हेतु अपनी गतिविधियों को कुछ समय के लिए समेटकर रूस भागना चाहते थे। इस काम में आर्थिक सहयोग मांगने वह नेहरू जी से मिले। नेहरू ने आजाद से कहा कि अभी आप अल्फ्रेड पार्क जाओ। मेरा आदमी 3 बजे तुम्हारे पास आवश्यक धनराशि लेकर पहुंच जाएगा। आजाद नेहरू की सलाह मानकर अल्फ्रेड पार्क पहुंच गए। परिवार के आरोपों के अनुसार नेहरू ने वीरभद्र के माध्यम से आजाद की अल्फ्रेड पार्क में 3 बजे तक उपस्थिति की सूचना पुलिस को भिजवा दी। पुलिस की घेराबंदी देखकर आजाद ने अपने साथियों को सुरक्षित भगा दिया। स्वयं पुलिसकर्मियों के बीच फंस गए। अपने माउजर से पांच पुलिसकर्मियों को मौत के घाट उतार कर अंतिम गोली अपनी कनपटी में मार शहीद हो गए। उन्होंने प्रण किया था कि अंग्रेजी हुकूमत ने वह गोली नहीं बनाई जो आजाद के शरीर को शांत कर सके और ना ही अंग्रेजी पुलिस या फौज उन्हें कभी जीवित पकड़ पाएगी। भारत माता के साथ किए गए उस प्रण को उन्होंने अपना सर्वोच्च बलिदान देकर पूर्ण किया।



आजादी के नायक क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की मौत के पीछे जवाहर लाल नेहरू की भूमिका थी। नेहरू ने ही अंग्रेजों को यह सूचना भिजवाई थी कि क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद इस समय कहां बैठे हैं। यह आरोप खुद चंद्रशेखर आजाद के भतीजे ने लगाया है। गौरतलब है कि इससे पहले नेताजी सुभाष चंद्र बोस के परिजन भी नेताजी की मौत के रहस्य को लेकर नेहरू और तत्कालीन कांग्रेस सरकार को कठघरे में खड़ा कर चुके हैं। क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद के भतीजे सुजीत आजाद ने यूपी एम पत्रिका को बताया कि, जवाहर लाल नेहरू ने ही अंग्रेजों को चंद्रशेखर आजाद के कंपनी बाग में होने की सूचना दी थी। उनके अनुसार आजाद पहले कानपुर गणेश शंकर विद्यार्थी जी के पास गए, फिर वहाँ तय हुआ की स्टालिन की मदद ली जाये क्योकि स्टालिन ने खुद ही आजाद को रूस बुलाया था। सभी साथियो को रूस जाने के लिए बारह सौ रूपये की जरूरत थी। यद्यपि आजाद ने प्रस्ताव रखा कि क्यों न नेहरु से पैसे माँगा जाये किंतु इस प्रस्ताव का सभी साथियों ने विरोध किया और कहा कि नेहरु तो अंग्रेजो से मिला हुआ है। आजाद ने कहा कुछ भी हो आखिर उसके सीने मे भी तो एक भारतीय दिल है वो मना नही करेगा। फिर आजाद अकेले ही कानपूर से इलाहबाद रवाना हो गए और आनंद भवन गए उनको सामने देखकर नेहरु चौक उठा। आजाद ने उसे बताया कि हम सब स्टालिन के पास रूस जाना चाहते है, क्योंकि उन्होंने हमे बुलाया है और मदद करने का प्रस्ताव भेजा है। पहले तो नेहरु काफी गुस्सा हुआ फिर तुरंत ही मान गया और कहा कि तुम अल्फ्रेड पार्क में बैठो, मेरा आदमी तीन बजे वहीं पैसे लेकर आयेगा।

नेहरू के समय में एक गुप्तचर अधिकारी धर्मेंद्र गौड़ ने अपनी पुस्तक में लिखा है कि जिस दिन अल्फ्रेड पार्क वाले कांड में चंद्रशेखर आजाद की मृत्यु हुई उस दिन वह नेहरू से मिलने के लिए आनन्द भवन गए थे और किसी बात पर उनकी नेहरू से कहा-सुनी हो गई थी। उसके तुरंत बाद वे अल्फ्रेड पार्क में चले गए थे। वहां जाते ही इनको बहुत से पुलिस वालों ने घेर लिया था। पं. चन्द्रशेखर आजाद की घेराबंदी को लेकर कुछ तत्कालीन इतिहासकारों का भी नेहरू पर संदेह इसलिए भी जाता है कि जो आजाद कभी भी अंग्रेजों के हाथ नहीं लगे वे जब नेहरू से मुलाकात करके लौटे तो मात्र 40 मिनट में पुलिस ने उन्हें कैसे घेर लिया। चंद्रशेखर आज़ाद की मौत से जुडी फाइल आज भी लखनऊ के सीआइडी ऑफिस गोखले मार्ग मे रखी है। उस फाइल को नेहरु ने सार्वजनिक करने से मना कर दिया।

## सिपाही धनुषधारी सिंह का पराक्रम

हरी राम यादव

1947 में बंटवारे की त्रासदी से रक्तरंजित धरती अभी सूख भी न पाई थी कि दो महीने बाद ही 22 अक्तूबर, 1947 को पाकिस्तान ने भारत पर कश्मीर के मुद्दे को लेकर कबाइलियों के भेष में आक्रमण कर दिया। इन कबाइलियों के सात में छुपे रूप में पाकिस्तानी सेना के अधिकारी और सैनिक भी थे । उत्तर पश्चिमी सीमा से 5000 से अधिक कबाइली 22 अक्तूबर, 1947 को अचानक कश्मीर में घुस आए। इन्होने पहले दोमल और मुजफ्फराबाद पर हमला बोला और इसके बाद गिलगित, स्कार्दू, हाजीपीर दर्रा, पुंछ, राजौरी, झांगर, छम्ब और पीरपंजाल की पहाड़ियों पर हमला किया। उनका इरादा इन रास्तों से होते हुए श्रीनगर पर क़ब्ज़ा करने का था। इस हमले को देखते हुए भारत सरकार ने भी युद्ध की घोषणा कर दी।

25-26 फरवरी 1948 की रात को 3 पैरा के दो सेक्शन आगे बढ़ रहे थे। सिपाही धनुषधारी सिंह सबसे आगे और बायीं ओर चलने वाले सेक्शन में थे इस सेक्शन की कमान सूबेदार सावन सिंह के हाथों में थी। यह सेक्शन हेंडन रिज पर स्थित दुश्मन पर आक्रमण करने के लिए आगे बढ़ रहा था। आगे बढ़ते हुए इन दोनों सेक्शनों पर अचानक दुश्मन की ओर से मीडिएम मशीनगनों और राइफलों से भयानक गोलीबारी की जाने लगी। दुश्मन की ओर से की गयी इस भयानक गोलीबारी में सिपाही धनुषधारी सिंह के सेक्शन के बारह जवान हताहत हो गये। अपने साथी सैनिकों को हताहत होते देख सिपाही धनुषधारी सिंह का खून खौल उठा। सिपाही धनुषधारी सिंह आगे बढ़े और अपनी ब्रेन गन को एक चट्टान के पीछे लगाकर दुश्मन की स्थिति पर सटीक फायरिंग करने लगे। सिपाही धनुषधारी सिंह द्वारा की जा रही फायरिंग से सूबेदार सावन सिंह को मौका मिल गया और वे अपने हताहत जवानों को वहां से पीछे ले जाने में कामयाब रहे। साथ ही साथ सूबेदार सावन सिंह ने अपने पीछे वाले सेक्शन के जवानों को पुनः पुर्ननियोजित किया। सिपाही धनुषधारी सिंह दुश्मन से अपने साथियों का बदल लेने के लिए उद्वेलित हो उठे। वो कुहनी के बल रेंगते हुए आगे बढ़े और दुश्मन पर भीषण फायरिंग करने लगे। सिपाही धनुषधारी सिंह की सटीक और भीषण फायरिंग से दुश्मन सैनिकों के हौसले पस्त हो गये। सिपाही धनुषधारी सिंह वीरता और कर्तव्य परायणता का परिचय देते हुए निडरता से आगे बढ़ते रहे और दुश्मन की गोलाबारी की परवाह न करते हुए उस पर फायरिंग करते रहे। उनकी इस वीरतापूर्ण कार्यवाही से उनका सेक्शन आगे बढ पाया। दुश्मन से वीरता से लड़ते हुए सोनांव के इस लाल ने मातृभूमि का कर्ज चुकाने के लिए अपने प्राणों की आहुति देकर अपने गांव को इतिहास के पन्नों में अमर कर दिया। उनकी वीरता और कर्तव्य परायणता के लिए उन्हें 25 फरवरी 1948 को मरणोपरान्त वीर चक्र प्रदान किया गया। तमसा नदी की गोद में बसे गांव सोनावां का नाम देश के इतिहास में अपनी वीरता और बलिदान से अमर करने वाले सिपाही धनुषधारी सिंह का जन्म 29 अक्टूबर 1927 को हुआ था। सिपाही धनुषधारी सिंह के पिता का नाम श्री धनराज सिंह तथा माता का नाम श्रीमती सुखना देवी था। वह 29 अक्टूबर 1946 को भारतीय सेना की पंजाब रेजिमेंट में भर्ती हुए थे। प्रशिक्षण के पश्चात वह 1 पंजाब रेजिमेंट में पदस्थ हुए। पहले इनका गांव जनपद फैजाबाद की तहसील अकबरपुर का हिस्सा हुआ करता था। 29 सितम्बर 1995 को अम्बेडकर नगर के अस्तित्व में आने के बाद इनका गांव जनपद अम्बेडकर नगर में आ गया।

आपको बताते चलें कि वीर चक्र युद्धकाल का तीसरा सबसे बड़ा सम्मान है। यह सम्मान युद्ध क्षेत्र में असाधारण वीरता के लिए दिया जाता है। सिपाही धनुष धारी सिंह अम्बेडकर नगर के इकलौते वीर चक्र विजेता हैं। सिपाही धनुष धारी सिंह के भाई की बेटी श्रीमती रामा देवी अपने चाचा के नाम पर स्मारक बनाए जाने या किसी सरकारी इमारत, सड़क, स्कूल का नामकरण किए जाने या उनके नाम पर तोरणद्वार बनाये जाने को लेकर पिछले कई वर्षों से प्रयासरत थी , उनका यह प्रयास वर्तमान जिलाधिकारी श्री अविनाश सिंह और जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल भारती कान्त शुक्ल की सदिच्छा से रंग लाया और 26 जुलाई 2024 को कारगिल विजय दिवस के अवसर पर वीर चक्र विजेता धनुषधारी सिंह के नाम पर अकबरपुर से दोस्तपुर जाने वाले सड़क पर स्थित गोहन्ना चौराहे का नामकरण सिपाही धनुषधारी सिंह, वीर चक्र (मरणोपरांत) कर दिया गया ।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़्वी**
**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com,**

# लक्ष्मी का वरदान हैं बेटियां, घर की शान है बेटियां

**अनेकों समाज की करें तो जहाँ छोटी लड़कियों को अभी भी बोझ और लड़कों की तुलना में कम मूल्यवान माना जाता है। आर्थिक और सांस्कृतिक कारकों के कारण बेटे को प्राथमिकता देना सदियों पुराना विचार है, फिर भी यह आज भी एक वास्तविकता है।भारत और चीन में लिंग-चयनात्मक गर्भपात का प्रचलन है,लेकिन इसे एशिया मध्य पूर्व, पूर्वी यूरोप और अन्य जगहों पर भी दर्ज किया गया है। इस उत्सव का उद्देश्य लड़कियों से जुड़े कलंक को पहचानना, बेटे को प्राथमिकता देने वाली परंपराओं को खत्म करना और सभी लिंगों के लिए समान अधिकारों को बढ़ावा देना है।**

वैश्विक स्तरपर एक ज़माना था जब लिंग भेद अपनी चरम सीमा पर था और दुनियां के अनेक देशों में लिंग चयनात्मक गर्भपात का प्रचलन तेजी से बढ़ा था जिसके कारण लिंग अनुपात में तेजी से डिफरेंस बढ़ता चला गया,इस बीच दुनियां की सरकारें जागी और अनेक ऐसे कार्यक्रम, कानून नियम विनियम, व्यवस्थाएं जन जागरण अभियान चलाए गए जिससे इस कुप्रथा पर नकेल कस्ती चली गई,जो कुछ हद तक इस प्रथा पर नियंत्रण रखनेमें सरकारें कामयाब रही,परंतु फिर भी लिंग भेद की यह प्रथा वैश्विक स्तरपर पूरी तरह समाप्त नहीं हुई है बल्कि चालू है, पर नियंत्रण में है। इसी क्रम एक दौर भारत में भी एक था,1994 से पहले का जब लिंग चयनात्मक गर्भपात अति तेजी के साथ हुआ था और अधिकतम लोग इस तर्ज पर बेटियों का गर्भ नष्ट कर देते थे, जिसमें स्त्री पुरुष अनुपात में भारी डिफरेंस हो गया इसके पश्चात सरकारें जागी व लिंग चयन प्रतिरोध अधिनियम 1994 बनाया जो 1 जनवरी 1996 को प्रवेश पूर्व निदान तकनीकी (विनियमन व दुरुपयोग निवारण) अधिनियम 1994 लागू किया गया जिसमें 14 फरवरी 2003 को संशोधन कर अधिनियम का नाम गर्भधारण पूर्व और प्रवेश पूर्व निदान तकनीकी (लिंग चयन प्रतिरोध) अधिनियम 1994 रखा गया।बता दें मेरा मानना है कि इस अधिनियम को लाने में देर हो गई थी जिसका परिणाम हम आज हर समाज व धर्म में भुगत रहे हैं क्योंकि,आज 1990 की उम्र के अनेक लड़के अनेक समाजों में हमारे बैठे हैं उस अनुपात में लड़कियां नहीं मिल रही है, क्योंकि आज लड़की वाले एज डिफरेंस की स्थिति को भी देख रहे हैं, इसलिए जो हमने 80- 90 के दशक में स्पीड से लिंग चयनात्मक गर्भपात किए थे उसके परिणाम आज उस उम्र के अनुपात में लड़कियों के नहीं मिलने से हो रहा है, जो मैंने प्रत्यक्ष रूप से इसका सटीक उदाहरण अनेक समाजों में देखा हूं। इसलिए ही भारत में भी राष्ट्रीय बेटी दिवस भी मनाया जाता है। और 22 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय बेटी दिवस भी मनाया जाता हैं अब हंस्ती है बेटियां तो मोती झड़ते हैं,चलती है लहराके तो फूल खिलते हैं। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,विश्व में लिंग चयनात्मक गर्भपात के प्रचलन को जीरो टॉलरेंस पर लाना समय की मांग है, व बेटे को प्राथमिकता देने की परंपराओं को समाप्त कर सभी लिंगों के लिए समान अधिकारों को बढ़ावा देने को प्राथमिकता देना जरूरी है।



किशन भावनानी

साथियों बात अगर करीब करीब अनेकों समाजों की करें तो जहाँ छोटी लड़कियों को अभी भी बोझ और लड़कों की तुलना में कम मूल्यवान माना जाता है। आर्थिक और सांस्कृतिक कारकों के कारण बेटे को प्राथमिकता देना सदियों पुराना विचार है, फिर भी यह आज भी एक वास्तविकता है।भारत और चीन में लिंग-चयनात्मक गर्भपात का प्रचलन है,लेकिन इसे एशिया मध्य पूर्व, पूर्वी यूरोप और अन्य जगहों पर भी दर्ज किया गया है। इस उत्सव का उद्देश्य लड़कियों से जुड़े कलंक को पहचानना, बेटे को प्राथमिकता देने वाली परंपराओं को खत्म करना और सभी लिंगों के लिए समान अधिकारों को बढ़ावा देना है। डॉटर्स डे दुनियां भर में माता पिता और उनकी बेटियों के बीच अनोखे रिश्ते का सम्मान करने के लिए मनाया जाने वाला एक खास अवसर है।भारत में,परिवार और समाज में बेटियों के प्यार, सम्मान और महत्व को उजागर करता है।



साथियों बात अगर हम बेटियों के प्रति सहानुभूति पूर्वक और उत्साह से जनजागरण के 5 कारणों की करें तो (1) बेटियाँ परिवारों को पोषित करने और मजबूत भावनात्मक बंधन बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। बेटियों की इस भूमिका का जश्न मनाने और परिवार इकाई में उनके योगदान को पहचानने का एक अवसर है। चाहे वह प्यार, देखभाल या जिम्मेदारी के माध्यम से हो,बेटियाँ एक विशेष ऊर्जा लाती हैं जो पारिवारिक जीवन को समृद्ध बनाती है।(2) इसका एक मुख्य उद्देश्य लैंगिक समानता को बढ़ावा देना है भारत में, सामाजिक मानदंडों ने अक्सर बेटों को बेटियों की तुलना में अधिक महत्व दिया है, जिससे महत्वपूर्ण लैंगिक असंतुलन पैदा होता है। यह एक अनुस्मारक के रूप में कार्य करता है कि बेटियाँ भी उतनी ही मूल्यवान हैं और उन्हें बेटों के समान ही प्यार, शिक्षा और अवसर दिए जाने चाहिए। यह भेदभावपूर्ण दृष्टिकोण से लड़ने में मदद करता है और लिंग के बावजूद बच्चों के साथ निष्पक्ष व्यवहार करने के विचार को बढ़ावा देता है। (3) कई क्षेत्रों में, पारंपरिक रीति-रिवाजों और प्रथाओं ने बेटों को प्राथमिकता दी है, खासकर विरासत और पारिवारिक वंश के संदर्भ में। बेटियों का दिन लड़कियों के महत्व और एक संपूर्ण जीवन के उनके अधिकार पर जोर देकर इन पुरानी मान्यताओं को चुनौती देता है। यह उत्सव परिवारों को अपनी बेटियों को उनके लक्ष्यों और सपनों को प्राप्त करने में सहायता करने के लिए प्रोत्साहित करता है, चाहे वे व्यक्तिगत हों या पेशेवर।(4) बेटियों के प्रति जन जागरण सशक्तिकरण के बारे में भी है। यह माता पिता और अभिभावकों को अपनी बेटियों को यह याद दिलाने का मौका देता है कि वे मजबूत हैं, सक्षम हैं और दुनिया द्वारा दिए जाने वाले हर अवसर की हकदार हैं। बेटियों का दिन मनाकर, माता-पिता अपनी बेटियों में आत्मविश्वास पैदा कर सकते हैं, उन्हें अपने जुनून को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं और अपने लिए एक उज्जवल भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। (5) माता-पिता और बेटी के बीच का रिश्ता अक्सर अपने गहरे भावनात्मक जुड़ाव के लिए संजोया जाता है। बेटियों के प्रति जन जागरण माता पिता को विचारशील इशारों, उपहारों या साथ में गुणवत्तापूर्ण समय बिताने के माध्यम से इस बंधन को मजबूत करने का अवसर प्रदान करता है। चाहे वह एक साधारण दिल से की गई बातचीत हो, परिवार के साथ बाहर घूमना हो या कोई खास तोहफा हो, यह दिन बेटियों को यह दिखाने का सही अवसर प्रदान करता है कि वे परिवार के लिए कितना महत्त्वपूर्ण मायने रखती हैं।

साथियों बात अगर हम बेटियों के प्रति जन जागरण अभियान की करें तो, दुनियां के कुछ हिस्सों में, लड़के बच्चों को लड़कियों से ज़्यादा महत्व दिया जाता है। यह जन जागरण अभियान लड़के और लड़की दोनों के लिए समान महत्व को बढ़ावा देता है।लड़कियों को शिक्षित किया जा सकता है और उन्हें समान अवसर दिए जाने चाहिए। अपनी बेटी का जश्न मनाएँ। अपनी बेटियों के साथ दिन बिताएँ। उन्हें आपको कुछ ऐसा सिखाने दें जो आप पहले से नहीं जानते। उनकी आकांक्षाओं को सुनें। चाहे उनकी उम्र कुछ भी हो, इस बात का इंतज़ार करें कि हमारी बेटियाँ हमको कहाँ ले जाएँगी। रोमांच हमारे सामने हैं। उत्सवों की तरह ही हमारी बेटियाँ भी कई तरह के व्यक्तित्वों वाली होती हैं।

# तस्वीर की सियासत बनाम सियासी?

**दिल्ली में 27 साल का 'वनवास' ख़त्म कर भाजपा सत्ता में आई व भाजपा की नई मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कार्यभार संभाला उस दिन उन्होंने सबसे पहले मुख्यमंत्री की कुर्सी के पीछे लगे अंबेडकर और भगत सिंह के चित्रों को हटाकर उनके स्थान पर राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी, प्रधानमंत्री तथा राष्ट्रपति के चित्र लगा दिए। जबकि पूर्व में लगे चित्रों को दूसरी दीवार पर स्थान दिया गया। इसी बात पर आम आदमी पार्टी ने हंगामा खड़ा करते हुये इसे राजनैतिक मुद्दा बना लिया।**

देश सरकारी कार्यालयों में प्रायः राष्ट्रपति महात्मा गाँधी, देश के राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के चित्र लगाये जाते हैं। जबकि राज्यों में इनके साथ मुख्यमंत्री व राजयपाल के चित्र भी लगाये जाते हैं। इस व्यवस्था को 'प्रोटोकॉल' अथवा शिष्टाचार/नवाचार कहा जाता है। शीर्ष पदों पर बैठे लोग समय समय पर अपनी सुविधानुसार या किसी पूर्वाग्रह के चलते स्वेच्छा से इसमें बदलाव भी करते रहते हैं। उदाहरण के तौर पर आपको झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यालय में मुख्यमंत्री की कुर्सी के ठीक पीछे मुख्य रूप से केवल उनके पिता शिबू सोरेन का ही चित्र लगा मिलेगा। ज़ाहिर है वे उन्हें ही अपना आदर्श नेता मानते हैं। इसी तरह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के कार्यालय में राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के चित्र से आकार में भी बड़ा तथा बिल्कुल मध्य में गुरु गोरखनाथ का चित्र लगाया गया है। अनेक मुख्यमंत्रियों के कार्यालयों में उनकी अपनी पसंद के आधार पर चित्र लगाये गए हैं।



निर्मल रानी

दिल्ली के तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी जनवरी 2022 में गणतंत्र दिवस से एक दिन पूर्व दिल्ली के मुख्यमंत्री कार्यालय सहित राज्य के सभी सरकारी कार्यालयों में केवल बाबासाहेब अंबेडकर और भगत सिंह के चित्र लगाने के निर्देश जारी किये थे। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया था कि दिल्ली सरकार के सभी कार्यालयों में किसी अन्य नेता की तस्वीरें प्रदर्शित नहीं की जायें । तब से लेकर पिछले दिनों दिल्ली की सत्ता बदलने तक दिल्ली के मुख्यमंत्री कार्यालय से लेकर राज्य के अधिकांश कार्यालयों में महात्मा गाँधी, प्रधानमंत्री व राष्ट्रपति की तस्वीर हटाकर बाबासाहेब अंबेडकर और भगत सिंह के चित्र लगा दिए गये थे। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपनी कुर्सी के ठीक पीछे बाबासाहेब और भगत सिंह के चित्र लगाये थे जो उनके बाद आतिशी के मुख्यमंत्री काल में भी लगे रहे।



परन्तु जिस दिन दिल्ली में 27 साल का 'वनवास' ख़त्म कर भाजपा सत्ता में आई व भाजपा की नई मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कार्यभार संभाला उस दिन उन्होंने सबसे पहले मुख्यमंत्री की कुर्सी के पीछे लगे अंबेडकर और भगत सिंह के चित्रों को हटाकर उनके स्थान पर राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी, प्रधानमंत्री तथा राष्ट्रपति के चित्र लगा दिए। जबकि पूर्व में लगे चित्रों को दूसरी दीवार पर स्थान दिया गया। इसी बात पर आम आदमी पार्टी ने हंगामा खड़ा करते हुये इसे राजनैतिक मुद्दा बना लिया। पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने तस्वीर हटाने पर कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि दिल्ली विधानसभा का नेतृत्व ऐसी पार्टी कर रही है, जो दलित और सिख विरोधी है। भाजपा ने अपना दलित विरोधी रुख़ दिखाते हुए मुख्यमंत्री कार्यालय से बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर और शहीद भगत सिंह के चित्र हटा दिए हैं। परन्तु तस्वीरों पर सियासत करने वाली आप भी ऐसे सवालों से बच नहीं सकती। आम आदमी पार्टी नेताओं को भी यह बताना पड़ेगा कि उन्होंने अपने कार्यालय से राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की फ़ोटो क्यों हटाई थी? यदि मान लिया जाये की नरेंद्र मोदी उनके घोर विरोधी नेता हैं परन्तु वे देश के प्रधानमंत्री भी हैं। मान लीजिये कि राजनैतिक पूर्वाग्रह के कारण उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चित्र नहीं लगाया परन्तु उन्होंने आख़िर राष्ट्रपति का चित्र क्यों नहीं लगाया गया?

जहाँ तक सवाल है तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा मात्र चित्र लगाकर बाबासाहेब अंबेडकर और भगत सिंह को सम्मान दिये जाने का, तो यदि अरविंद केजरीवाल के वक्तव्यों पर नज़र डालें तो केजरीवाल की बातें तो इन नेताओं के मूल विचारों के बिल्कुल विरुद्ध हैं। मिसाल के तौर पर अरविंद केजरीवाल ने 27 अक्टूबर 2022 को मुख्यमंत्री के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखे एक पत्र के माध्यम से यह मांग की थी कि भारतीय नोटों पर गांधी जी के साथ-साथ लक्ष्मी-गणेश की तस्वीर भी छपे। उनका कहना था कि इससे देश की अर्थव्यवस्था को भगवान का आशीर्वाद मिलेगा। विघ्नहर्ता का आशीर्वाद होगा तो अर्थव्यवस्था सुधर जाएगी। इसलिए मेरी केंद्र सरकार से अपील है कि भारतीय करेंसी के ऊपर लक्ष्मी गणेश की तस्वीर छापें। क्या केजरीवाल का यह सुझाव बाबासाहेब अंबेडकर और भगत सिंह जैसे महापुरुषों के विचार सम्मत है? किसी का चित्र लगाने का अर्थ आख़िर क्या होता है? केवल उस महापुरुष के समर्थकों या उनके समुदाय को ख़ुश करना या उनके आदर्शों को मानना व उनपर चलना? बाबासाहेब अंबेडकर और भगत सिंह के जीवन की कौन सी शिक्षा है जिसने केजरीवाल को इस बात के लिये प्रेरित किया कि उन्होंने प्रधानमंत्री को उपरोक्त सलाह दे डाली। वह भी स्वयं एक शिक्षित व राजस्व सेवाओं के अधिकारी होने के बावजूद। हद तो यह है कि प्रधानमंत्री को यह पत्र लिखते समय केजरीवाल ने यह भी लिहा था कि यह देश के 130 करोड़ लोगों की इच्छा है कि भारतीय करेंसी पर एक ओर महात्मा गांधी व दूसरी ओर लक्ष्मी-गणेश जी की तस्वीर भी लगाई जाए। केजरीवाल ने 130 करोड़ लोगों का प्रतिनिधि होने के नाते नहीं बल्कि सही मायने में देश के बहुसंख्य समाज को वरग़लाने के लिये ही तस्वीर की सियासत यह शगूफ़ा छोड़ा था।

इसी तरह विधान सभा चुनावों की घोषणा से पूर्व दिसंबर 2024 में दिल्ली में अरविंद केजरीवाल ने एक और ऐसी ही चुनावी फुलझड़ी छोड़ते हुये यह घोषणा कर डाली कि आम आदमी पार्टी के चुनाव जीतने पर मंदिरों के पुजारियों और गुरुद्वारों के ग्रंथियों को 18 हज़ार रुपए प्रति माह की सम्मान राशि दी जाएगी। केजरीवाल ने इसे पुजारी-ग्रंथी सम्मान योजना का नाम दिया। इस घोषणा की आलोचना करते हुये भाजपा ने उसी समय यह जवाब दिया था कि चुनावी हिंदू केजरीवाल ने मंदिर और गुरुद्वारों के बाहर शराब के ठेके खोले हैं और उनकी पूरी राजनीति हिंदू विरोधी रही है। यहाँ भी यही सवाल है कि क्या पुजारी-ग्रंथी सम्मान योजना की घोषणा बाबासाहेब अंबेडकर और भगत सिंह जैसे महापुरुषों की सोच के अनुरूप थी जिनके चित्र उन्होंने अपने कुर्सी के पीछे लगा रखे थे? भाजपा भी इसी तरह गांधी व बाबासाहेब अंबेडकर व भगत सिंह जैसे आदर्श पुरुषों के केवल चित्र लगाकर या उनपर ख़ास अवसरों पर माल्यार्पण कर उनके प्रति अपने आदर व सम्मान का दिखावा तो ज़रूर करती है परन्तु हक़ीक़त में वह भी दिखावा मात्र ही है।

# धूमधाम से निकाली गई भगवान शिव की बारात

### भोलेनाथ की शादी हम तो नाचेंगे गाने पर झूमते नजर आए श्रद्धालु



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली। सभी लोगों ने अपने पास के मंदिरों में पूजा अर्चना की तथा शिवाभिषेक प्रसाद आदि वितरित किया। नगर में दोपहर के समय जगह-जगह से शिव बारात निकल गई।

■ डीजे पर श्रद्धालु भगवान शिव के गानों पर झूमते नजर आए

इसी क्रम में डोंडाघाट वीर विजय बजरंग बली मंदिर से भव्य शिव बारात निकाली गई। बारात वीर विजय बजरंग बली मन्दिर से होकर जुगल किशोर मंदिर होती हुई नृसिंह मंदिर पहुंची। बारात का जगह-जगह लोगों द्वारा स्वागत किया गया तथा डीजे पर श्रद्धालु भगवान शिव के गानों पर झूमते नजर आए। नृसिंह पर बारात पहुंचने के बाद वहां स्वागत किया गया व भगवान शिव पार्वती का विवाह संपन्न कराया गया। साथ ही प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर मनोज तिवारी, छक्कीलाल साहू, हाकिम सिंह, पवन कौशिक, सुबोध गोस्वामी, इंदरसिंह पटेल, आशीष तिवारी, जगवीर सिंह, दिवाकर शर्मा, भरत पुरोहित, रामकुमार नामदेव, कृष्णकांत साहू, सन्तोष कुमार मिश्रा, शिवकुमार तिवारी, अजय राठौर, सोनू सेन, बृजेन्द्र राजा, प्रीतम अहिरवार, यशवंत सिंह, हरनाम सिंह तोमर, दीपक साहू, शिवांश गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

## जय बाबा अमरनाथ शिव मंदिर पर भगवान भोलेनाथ का हुआ अभिषेक



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** नेहरू नगर रेल्वे क्वाटर के पास कालोनी में स्थित जय बाबा अमरनाथ शिव मंदिर पर सुबह से ही महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शिव के भक्तों का आना शुरू हो गया था। शिव के भक्तों ने बड़े ही विधि विधान से भगवान शिव का गाजे बाजे के साथ अभिषेक, हवन पूजन किया-शिव के भक्तों ने मन्दिर पर आकर भगवान भोलेनाथ को जल, बेलपत्री, धतूरा, पुष्प, बैर, दूध, दही, शहद, भांग आदि समर्पित कर पूजा अर्चना की। भगवान भोलेनाथ की प्रतिमाओं का अभिनव श्रृंगार किया गया था। महाशिवरात्रि पर भाग लेने के लिये श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। दिनभर शिव मंदिर पर धार्मिक कार्यक्रमों की धूम मची रही। शिव की भक्ति में डूबे श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ के जयकारे लगा रहे थे।

# स्थापना दिवस मनाये जाने के लिए होंगी प्रतियोगितायें



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** 01 मार्च सन् 1974 में ललितपुर जनपद की स्थापना हुयी थी। जनपद के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपरान्त जिलाधिकारी द्वारा जनपद स्थापना दिवस मनाये जाने हेतु बेसिक शिक्षा विभाग में संचालित प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, सहायता प्राप्त मान्यता प्राप्त कक्षा 01 से कक्षा 08 तक के समस्त विद्यालयों में 24 से 27 फरवरी 2025 तक न्याय पंचायत स्तर पर स्थापना दिवस के अवसर पर प्रतिस्पर्धा प्रतियोगिताएं जिनमें निबन्ध, भाषण एवं चित्रकला आदि बाल प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जायेगा। 28 फरवरी 2025 को विकास खण्ड स्तर पर प्रतियोगिता में 03 छात्रों का चयन किया जायेगा। 28 फरवरी व 01 मार्च 2025 को जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक विकासखण्ड से खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा विजेता, चयनित 03 छात्र-छात्राओं को पुरुस्कृत किया जाना है। उक्त के क्रम में जनपद में संचालित प्रा.वि., उ.प्रा. विद्यालयों का बीएसए द्वारा 28 फरवरी 2025 को प्रतियोगिताओं का आकस्मिक प्रा.वि. कछ्याना दावनी विकासखण्ड जखौरा का निरीक्षण किया गया। विद्यालय में कार्यरत प्रीति श्रीवास्तव इं.प्र.अ., प्राथमिक विद्यालय कछ्याना दावनी, विकास खण्ड जखौरा द्वारा छात्र-छात्राओं द्वारा चित्रकला, निबन्ध एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा था। बच्चों द्वारा अनेक प्रकार की सुन्दर चित्रकला, निबन्ध एवं भाषण का कार्यक्रम सम्पन्न किया गया।

## भाईयों में समझौता होते समय पड़ौसियों ने कर दी मारपीट



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** थाना सौजना क्षेत्रांतर्गत ग्राम खिरिया भारन्जू में रहने वाले अमर लाल, कृष्ण कुमार पुत्रगण अनन्दीलाल ने जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र भेजा है। बताया कि विगत 24 फरवरी को रात करीब 10 बजे वह परिवार समेत घर पर था। जहां दोनों भाईयों में वातावरण को लेकर समझौता हो रहा था। तभी पड़ौस में रहने वाले विशाल, विशेष पुत्रगण राजेश, राजेश व चक्रेश पुत्रगण गोरेलाल एकराय होकर आये और पुरानी रंजिश को लेकर घर का दरबाजा तोड़ते हुये घुस आये। आरोप है कि उक्त लोगों ने गालियां देते हुये लाठी-डण्डों से मारपीट कर दी। शोरगुल सुनकर बचाने आयी घर की महिलाओं में रूकमणि, राजकुमारी, बेटीबाई ने बीच-बचाव किया तो उनके साथ भी मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने बताया कि उक्त लोग पहले भी उनके साथ मारपीट कर चुके हैं। मामले की सूचना थाना सौजना पुलिस को दी गयी, लेकिन कार्यवाही न होने से उक्त लोगों के हौंसले काफी बुलंद हैं।

# 'सरकारी योजनाओं का लाभ दिलायें'

### वार्षिक कार्ययोजना निर्माण के लिए तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** उ.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन निदेशक के निर्देश के क्रम में प्रगति प्रेरणा मॉडल संकुल समिति विकास खण्ड-बांसी के वार्षिक कार्ययोजना निर्माण हेतु तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन 23 से 25 फरवरी तक जिला ग्राम्य विकास संस्थान रोडा में किया गया। इस प्रशिक्षण में प्रगति प्रेरणा मॉडल संकुल समिति के पदाधिकारियों व कार्यकारिणी समिति के सदस्यों एवं सामुदायिक कैडरों के द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। प्रशिक्षण में सर्वप्रथम पूर्व में आयोजित विजनिंग एक, दो एवं तीन के विषयों के संबंध में पुनः चर्चा किया गया। तदोपरान्त स्वयं, परिवार एवं गांव के विकास के संसाधनों की पहचान, करते हुये उन पर आधारित वार्षिक कार्ययोजना बनाने के संबंध में प्रशिक्षित किया गया। साथ ही संकुल स्तरीय संघ के पदाधिकारियों ने अपनी कार्यकारिणी के सदस्यों के साथ चर्चा एवं समूह अभ्यास के माध्यम से शिक्षा स्वस्थ्य, रोजगार, एवं ढांचागत सुविधायें, संस्थानों को मजबूत करना सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना, अन्य सामाजिक कार्य को चिन्हित करते हुये संबंधित ग्राम संगठन स्तरीय वार्षिक कार्ययोजना निर्माण के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रतिभागियों को दी गई। प्रशिक्षण में प्रशिक्षक के रूप में बलबीर सिंह, डी.आर.पी. के द्वारा प्रतिभाग किया गया।



राजीब मिश्रा, ब्लाक मिशन प्रबंधक, एन.आर.एल.एम विकासखण्ड-जखौरा, गीता देवी, प्रबंधक प्रगति संकुल स्तरीय संघ एवं रजनी राजा सहायक लेखाकार प्रगति संकुल स्तरीय संघ, कलस्टर जखौरा विकास खण्ड जखौरा के द्वारा के प्रतिभागियों के साथ वार्षिक कार्ययोजना निर्माण का अभ्यास किया गया। प्रशिक्षण के समापन के असवर पर सुरेन्द्र प्रताप सिंह, उपायुक्त स्वतः रोजगार, ललितपुर, एस.के. श्रीवास्तव वरिष्ठ प्रशिक्षक जिला ग्राम्य विकास संस्थान रोडा ललितपुर, रवि आनन्द दुबे, जिला मिशन प्रबंधक, एन.आर.एल.एम ललितपुर, द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त स्वतः रोजगार, ललितपुर, के द्वारा उपस्थित संकुल संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों से प्रशिक्षण से मिली जानकारी पर विस्तृत चर्चा की गयी।

■ प्रगति मॉडल संकुल स्तरीय संघ के वार्षिक कार्ययोजना निर्माण का प्रशिक्षण सम्पन्न

रवि आनन्द दुबे, जिला मिशन प्रबंधक, एन.आर.एल.एम ललितपुर के द्वारा प्रतिभागियों को मॉडल संकुल स्तरीय संघ के दायित्वों एवं जिम्मेदारी के संबंध में विस्तृत प्रकाश डाला गया। अन्त में सुरेन्द्र प्रताप सिंह, उपायुक्त स्वत~ रोजगार, ललितपुर, एस.के. श्रीवास्तव वरिष्ठ प्रशिक्षक जिला ग्राम्य विकास संस्थान रोडा ललितपुर, रवि आनन्द दुबे, जिला मिशन प्रबंधक, एन.आर.एल.एम ललितपुर, द्वारा प्रतिभागियों को प्रशिक्षण के उपरान्त प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

## धोखा देकर दूसरी शादी करने गांव पहुंचे युवक की खुली पोल

अवधनामा संवाददाता

**बल्दीराय, सुल्तानपुर।** दहेज के लिए प्रेमिका/पत्नी को धोखा देकर दूसरी शादी करने गांव पहुंचे युवक की पोल खुलने पर हंगामा हो गया। दिल्ली से सुल्तानपुर पहुंची पहली पत्नी का चंडी रूप देख कर पुलिस प्रशासन भी हैरान हो गया आनन फानन में पुलिस ने शादी कैंसिल करवा दिया है, इतना ही नहीं दोबारा दूल्हा बनने की हसरत पाले युवक को कन्या पक्ष को हर्जाना भी देना पड़ा है माजरा यूँ हैं।

जिले के बल्दीराय थाना क्षेत्र के पुरे कानपुरिहा पोस्ट औटोला गांव निवासी अमित यादव पुत्र बृजनाथ यादव कुछ वर्षों पूर्व दिल्ली गया था। वहां पर उसकी दिल्ली निवासी युवती सावित्री से मुलाक़ात हुई, दोनों एक दूसरे से मोहब्बत करने लगे। दोनों का प्यार इस कदर परवान चढ़ा कि, मंदिर में जाकर शादी कर लिया। अमित यादव दुल्हन सावित्री के साथ अपने भैया भाभी के घर दिल्ली में ही रहने लगा। कुछ दिनों बाद अमित के परिजनों को दहेज़ की भूख लग गई। इसके बाद सावित्री की जाति को लेकर विवाद खड़ा हो गया। इधर, अमित को भी दूसरी शादी का भूत चढ़ गया।परिजन बल्दीराय थाना क्षेत्र में ही अमित की दूसरी शादी तय कर ली। बीते पखवारे अमित ने अपनी पत्नी सावित्री से महाकुम्भ स्नान का बहाना बता कर गांव लौट आया और शादी की तैयारियों में मशगूल हो गया। दिल्ली में रह रही पत्नी सावित्री को भनक लगी तो उसने दिल्ली में एफआईआर दर्ज कराई। इसके सोमवार को सुल्तानपुर पहुंच कर पुलिस कप्तान को प्रार्थना पत्र दिया।

■ मातृपूजन के दिन दिल्ली से पहुंची युवती ने वैवाहिक रस्मों पर लगवाई रोक, कैंसिल हुई शादी

## महाशिवरात्रि पर्व पर जलाभिषेक करने को निकला श्रद्धालुओं का समूह



अवधनामा संवाददाता

**कादीपुर।** क्षेत्र के बेलवाई शिवालयों पर पूजा अर्चना के लिए लंबी कतारे लगी हुई हैं। हर ओर हर हर महादेव शिव शंभू की गूंज है। जिलाधिकारी कुमार हर्ष के निर्देश पर एसडीएम कादीपुर उत्तम तिवारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी शरद त्रिपाठी साथ में तहसीलदार कादीपुर घनश्याम भारती ने बेलवाई भुवनेश्वर नाथ महादेव मंदिर प्रबंधन से व्यवस्थाओं की जानकारी ली। क्षेत्राधिकारी ने पुलिस बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

मेले में कंट्रोल रूम खोया पाया शिविर एवं अग्नि शमन की व्यवस्था भी की गई थी। बाबा धाम के शिव मंदिर पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड रही है। उप जिलाधिकारी उत्तम तिवारी पूरी टीम के साथ लगातर मेले का भ्रमण करते हुए देखे गए।

### भव्य रुद्राभिषेक आयोजित

**कुशभवनपुर, सुल्तानपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) - काशी प्रांत, कुशभवनपुर के तत्वावधान में कल 26 फरवरी बुधवार को महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर रुद्राभिषेक का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन रज्जू भैया सदन के सामने स्थित प्राचीन शिव मंदिर में शाम 6:00 बजे से प्रारंभ हुआ। संघ के पदाधिकारियों ने सभी श्रद्धालुओं से अनुरोध किया था कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस दिव्य अनुष्ठान में सम्मिलित होकर भगवान शिव की कृपा प्राप्त करें। इस अवसर पर नगर के कई गणमान्य नागरिकों और स्वयंसेवकों की उपस्थिति भी रही। गौरतलब है कि ~~रूस~~ हिंदू संस्कृति और परंपराओं को बढ़ावा देने के लिए लगातार धार्मिक आयोजनों में सक्रिय भूमिका निभाता रहा है।

## महाशिवरात्रि के पवन पर्व पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



अवधनामा संवाददाता

**सुलतानपुर।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर जिले के विभिन्न शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों की सुविधा और सुरक्षा को लेकर प्रशासन सतर्क दिखा। इसी क्रम में बुधवार को एसडीएम सदर विपिन द्विवेदी ने जिले के प्रमुख शिवालयों का निरीक्षण किया और व्यवस्था का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान एसडीएम सदर ने मंदिर प्रबंधन,सुरक्षा व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधाओं की बारीकी से जांच की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और मंदिर परिसर में साफ-सफाई और सुचारू व्यवस्था बनी रहे। साथ ही, जलाभिषेक के दौरान भीड़ को नियंत्रित करने और ट्रैफिक प्रबंधन को प्रभावी बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

प्रशासन की इस तत्परता से श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन का लाभ मिलेगा और वे बिना किसी परेशानी के महाशिवरात्रि का पर्व भक्ति और आस्था के साथ मना सकेंगे।

## डीएम व एसपी ने विभिन्न मंदिरों के समस्त व्यवस्थाओं का लिया जायजा

अवधनामा संवाददाता

**सुलतानपुर।** जिलाधिकारी कुमार हर्ष व पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह द्वारा महाशिवरात्रि त्यौहार के दृष्टिगत पारिजात वृक्ष परिसर सिविल लाइन सुलतानपुर, प्राचीन भुनेश्वर महादेव मंदिर शिवधाम बेलवाई तहसील कादीपुर, वि.ख. अखंडनगर का भ्रमणशील रहकर विभिन्न तैयारियों का निरीक्षण कर जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान सभी स्थलों पर श्रद्धालुओं द्वारा शांतिपूर्वक जलाभिषेक कर पूजन अर्चन किया जा रहा है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा पारिजात वृक्ष परिसर में स्थित भगवान शिव मंदिर व पारिजात वृक्ष की प्राचीनता के बारे में जानकारी प्राप्त किया तथा दर्शन हेतु आए हुए श्रद्धालुओं के दृष्टिगत की गई सभी सुविधाओं का जायजा लिया गया।



तत्पश्चात जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा प्राचीन भुनेश्वर महादेव मंदिर शिवधाम बेलवाई वि.ख. अखंडनगर का निरीक्षण कर जायजा लिया गया। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा भगवान शिव का जलाभिषेक कर विधि विधान के साथ पूजन अर्चन किया गया।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा शिवधाम बेलवाई में प्रशासन द्वारा की गई सभी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। जिलाधिकारी महोदय द्वारा बेलवाई धाम परिसर का निरीक्षण किया गया, वहां बने खोया पाया केंद्र की व्यवस्था, सी.सी.टी.वी. कन्ट्रोल रूम व मन्दिर परिसर के अन्दर स्थित तालाब का अवलोकन कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी महोदय द्वारा मंदिर की प्राचीनता के बारे भी जानकारी प्राप्त की गई, संबंधित द्वारा अवगत कराया गया कि लगभग पांच सौ वर्ष पुराना है तथा इसका उल्लेख 1877 के अयोध्या गजेटियर में है। उपजिलाधिकारी कादीपुर उत्तम तिवारी द्वारा अवगत कराया गया कि सुबह से श्रद्धालुओं द्वारा शांतिपूर्वक जलाभिषेक कर पूजन अर्चन किया जा रहा है यहां सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से चल रही है कही कोई दिक्कत नहीं है।

## मंडल स्तरीय सीनियर महिला बॉलीबॉल प्रतियोगिता हुई

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** खेल निदेशालय द्वारा आयोजित मंडल स्तरीय सीनियर महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता को अयोध्या मंडल में दिनांक 24 फरवरी से 26 फरवरी तक आयोजित किया गया। जिसको जीत कर अयोध्या मंडल की लड़कियों ने लगातार तीसरी बार प्रतियोगिता को जीतकर उत्तर प्रदेश में नया कीर्तिमान बनाने का काम किया।

फैजाबाद मंडल की लड़कियों ने प्रयाग राज मंडल को सीधे तीन 25-21 25- 16, 25 -18 से हराकर कर किताब अपने नाम कर लिया अयोध्या मंडल की टीम की तरफ से सुल्तान की सात लड़कियों ने अपने अच्छे खेलो का प्रदर्सन किया। जिसके कोच सुल्तानपुर स्टेडियम में कार्यरत प्रदीप यादव जी रहे मंडल की टीम की तरफ से कैप्टन कुमारी हैपी, जनशी सिंह, संजना निषाद, गुन गुन, साक्षी, प्रियांशी रही। जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष पूर्व खेल मंत्री ओपी सिंह, जिला वॉलीबॉल संघ के अध्यक्ष चंद्रभद्र सिंह सोनू, जिला ओलंपिक संघ के सचिव पंकज दुबे, जिला वॉलीबाल संघ के कार्यवाहक सचिव शिवनारायण सिंह, राष्ट्रीय खिलाड़ी सरिता सिंह जिला क्रीड़ा अधिकारी सिराजुद्दीन स्विमिंग कोच पोलाक, संयुक्त सचिव अतुल श्रीवास्तव दीपक, डॉक्टर प्रवीण सिंह डॉक्टर अब्दुल हमीद, उपाध्यक्ष राजेश कन्नौजिया और ओलंपिक संघ के संरक्षक निरंजन चौरसिया, राकेश पालीवाल, मनीष पांडे, अभिषेक सिंह गुड्डू, अंश द्विवेदी, प्रदीप सिंह पूर्व प्रमुख, पवन सिंह, राष्ट्रीय खिलाड़ी राम कुमार मिश्रा, वीर कुमार, आदि लोगों ने विजय श्री प्राप्त करने पर खिलाड़ियों बधाई दिया।

■ अयोध्या मंडल की लड़कियों ने लगातार तीसरी बार बनाया नया कीर्तिमान

## अब आपार आईडी बनना हुआ आसान

**सुल्तानपुर।** भारत सरकार की योजना 'वन नेशन,वन आईडी' स्कीम के तहत स्कूली बच्चों की आपार आईडी जेनरेट की जा रही है जिससे स्कूल रिकार्ड व आधार का मिलान हो रहा है जिन बच्चों का स्कूल रिकॉर्ड आधार से मिल रहा है उन्हीं की आपार आईडी जेनरेट हो रही है एवं जिन बच्चों के रिकॉर्ड आधार से नहीं मिल रहे हैं उन बच्चों की आपार आईडी जनरेट नहीं हो रही है ऐसे में बच्चों के आधार सही करवाने के लिए अभिभावकों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा था इस समस्या को देखते हुए शहर के गभड़िया स्थित मॉडर्न पब्लिक स्कूल में 6 दिवसीय आधार कैंप का आयोजन किया गया है जिसमें रोज़ाना सैकड़ो बच्चों का आधार संशोधन, अपडेशन, इनरोलमेंट का कार्य किया जा रहा है साथ जिनके पास आधार कार्ड नहीं हैं नए एनरोलमेंट भी किए जा रहे हैं। विद्यालय प्रशासन ने यूआईडीएआई के रीजनल ऑफिस लखनऊ से कैंप के लिए निवेदन किया जिसके बाद डिविजनल ऑफिस सुल्तानपुर से अनुमति दी गई।

## शिवत्व का तात्पर्य है बम भोला नाथ स्वयं विष पीकर दूसरों को अमृत बाँटना

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित एक परिचर्चा को संबोधित करते हुए नेहरू महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रो.भगवत नारायण शर्मा ने कहा कि तुलसीदासजी अपने गुरु को शंकर रूपिणं के रूप में स्मरण करते हैं। मानस के बालकाण्ड के प्रथम भाग में भगवती उमा और महादेव शिव के विवाह और सम्मिलन का वर्णन करते हैं और उत्तरार्द्ध में जानकी जी और भगवान राम के विवाह का। जीव के हृदय में पहले शिव भक्ति का आधार परम आवश्यक मानकर, तत्पश्चात राम -सीता की भक्ति की सिद्धि। क्योंकि वे पार्वती और शंकर को श्रद्धा और विश्वास का स्वरूप मानते हैं। ज्ञान की पूर्णता ही श्रद्धा और विश्वास है, अन्यथा संशय। शंकरजी संशय का समाधान करते हुए समझाते हैं मैं अशिव वेश धारण करके पार्वती जी की माँ मैना को भयभीत नहीं करना चाहता अपितु निर्भय बनाना चाहता हूँ। सर्प भले ही काल का प्रतीक है - काल व्याल कराल भूषण धरैं। जो काल धरैं -जो काल, समस्त सृष्टि को खा जाता है, उस काल को भी उस दूल्हे ने अपना आभूषण बनाया है। यह सोचकर पार्वती जी की माँ बाद में बड़ी प्रसन्न हुई। इसके पहले उनकी चूक थी कि उन्होंने काल यानि सर्प को देखा तो भयभीत हो उठीं। परंतु कालजई शंकर को देखा तो तुरंत भयमुक्त होकर गौरव और आनंद में झूम उठीं। शिवत्व का तात्पर्य है? बम भोला नाथ। स्वयं विष पीकर दूसरों को अमृत बाँटना। अणु-अणु, कण-कण को शिवोहम-शिवमय समझना। अपने देश का नाम भारत है जो व्यक्तिवाची न होकर भाववाचक है। दुनियां के लिए हमारी ज्ञान-भरण की जिम्मेदारी है। शैव दर्शन से प्रेरित होकर हमने अद्वैत दर्शन की जो विलक्षण विचारधारा दुनियाँ को दी है उसी कारण हम सिर्फ मनुष्यों में ही शिवोहम के दर्शन नहीं करते, बल्कि कुछ बात है कि हस्ती मिटती नहीं हमारी यह कुछ क्या है? जो सदियां बीत जाने पर भी अभी तक मानव एकता को एक सूत्र में बाँधे हुए है। वस्तुतः यह जो एकता है, वही शिवतत्त्व में गतिमान है। देवाधिदेव भूत पिशाच प्रेतों से घिरे रहकर, भक्तों को देवत्व प्रदान करते हैं। स्वयं अकुल पर सबको एक मानवकुल में रखने वाले, खुद अगेह पर सबके गेह की चिंता।

महाशिवरात्रि पर्व विशेष



## ताजपुर में प्रदेश स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**दूबेपुर, सुल्तानपुर।** विकास खंड क्षेत्र के ग्राम सभा ताजपुर में प्रदेश स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन पूर्व लोकसभा प्रत्याशी शकील अहमद ने किया और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।यह टूर्नामेंट मरहूम हाजी नसीर खां, प्रख्यात शायर मरहूम रिजवान अहमद खां और स्वर्गीय वेद प्रकाश चैंपियन की स्मृति में आयोजित किया गया।मुख्य अतिथि शकील अहमद ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल से न केवल शारीरिक और मानसिक विकास होता है, बल्कि यह समाज में आपसी भाईचारे और गंगा-जमुनी तहजीब को भी मजबूत करता है। उन्होंने युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित किया और इसे बढ़ावा देने की बात कही।इस अवसर पर प्रधान ताजपुर सरवर खां, प्रधान बहादुरपुर अताउर्रहमान खां, वरिष्ठ समाजसेवी वस्सन खां लाहूती, गरीब खां, पत्रकार वदूद खां, जिम्मी खां, जीशान उर्फ काजू खां, प्रधान नन्हे अंसारी, अरकम खां, नदीम खां समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों से आई टीमों ने हिस्सा लिया, और खेल प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। आयोजकों ने बताया कि इस तरह के टूर्नामेंट आगे भी जारी रहेंगे, ताकि जिले के युवा खेलों के प्रति प्रेरित हो सकें।

■ खेल प्रेमियों में दिखा उत्साह



# इल्म से मिलती है कामयाबी: मुफ्ती मन्नानी

## दस्तार बंदी कार्यक्रम में हिफ्ज पूरा करने वाले छात्रों को पगड़ी बांध कर किया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** मदरसा मदीना हिफ्ज किराज मदरसा के पांच तलबा (छात्रों) के कुरान हिफ्ज करने पर दस्तार बंदी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां पर भारी संख्या में आए आलिमों ने कुरआन हिफ्ज कराने वाले अध्याक व हाफिज कुरान होने वाले छात्रों को मुबारकबाद दी। इस मौके पर नातिया कलाम और तकरीर की गई, जहां पर भारी संख्या में लोगों ने पहुंचकर फैज हासिल किया। जलसे में दरगाह आला हजरत बरेली से आये मौलाना मुहम्मद मन्नान रजा खान उर्फ मन्नानी मियां ने खिताब करते हुए कहा कि इन तलबा ने पूरे कुरान अपने सीने में उतार लिया है, कुरान को महफूज करना हाफिज की डिग्री है। कुरान के मरतबा को बताते हुए कहा कि कुरआन जीवन का संविधान है, और दस्तूर हयात है, कुदरत का कानून है और हाफिज होना अजमत की बात है। हाफिजों के मां बाप खुशनसीब हैं कि उनका बेटा हाफिज हुआ है।



कुछौछा यूपी से आये मौलाना सैयद मोहम्मद कासिम अशरफ ने कहा कि इल्म इंसान को कामयाबी का रास्ता दिखाते हैं। दीन.दुनियावी समाज में अच्छाई बुराई में फर्क सिखाती है कि क्या अच्छा क्या बुरा है। दुनिया में डाक्टर इंजीनियर, वकील डिग्री है तो दीनी तालीम में सबसे बड़ी डिग्री में हफीज की डिग्री है। मुफ्ती दारुल उलूम रब्बानियां सैयद गौहर रब्बानी ने अपने खिताब में कहा कि यह अल्लाह के रसूल मुहम्मद का मोहब्बत का पेगाम है। जलसा में मदरसा मदीना के तलबा;छात्रद्ध हिफ्ज करने वाले मुहम्मद अमन, मुहम्मद अरशद अत्तारी, मुहम्मद उवैस अत्तारी राठ, मुहम्मद शाकिर खान, मुहम्मद अब्दुल रहमान हिफ्ज की डिग्री दी।

दस्तारबंदी में निस्वा कालेज जबलपुर मुफ्ती मुहद्दिस नईमअख्तर, सैयद खुर्शीद रब्बानी, अबरार अहमद प्रिंसिपल दारुल उलूम रब्बानियां, सैयद अनवार रब्बानी हामिद रब्बानियाए दिलखुश कमाली हाफिज, अफरोज जयपुर राजस्थान, अब्दुल कादिर कादरी जामनगर गुजरात ने नाते एवं खिताब किया, वहीं मदरसा के प्रधानाचार्य करी मोहम्मद आरिफ मदरसा सदर रियाज अहमद ने सभी का शुक्रिया अदा किया निजामत आदिल जमील ने की।

# जिलाधिकारी ने साइबर क्राइम को लेकर दिए सुझाव

अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** साइबर क्राइम की घटनाओं को देखते हुए जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने जनपद वासियों को सचेत करते हुए विभिन्न सुझाव दिए हैं। उन्होंने कहा है कि सभी लोग अपने ऑनलाइन अकाउंट्स के लिए सुरक्षित पासवर्ड का उपयोग करें और उन्हें समय-समय पर बदलें। दो-कारक प्रमाणीकरण का उपयोग करें जो आपके अकाउंट्स को अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करता है। अपने कंप्यूटर और मोबाइल डिवाइस पर फायरवॉल और एंटीवायरस सॉफ्टवेयर स्थापित करें। अपने ऑपरेटिंग सिस्टम, ब्राउज़र, और अन्य सॉफ्टवेयर को नियमित रूप से अपडेट करें। केवल सुरक्षित वेबसाइट्स पर जाएं जिनके यूआरएल में "https" होता है। अज्ञात लिंक्स पर क्लिक न करें और अज्ञात स्रोतों से डाउनलोड न करें। ऑनलाइन लेनदेन करते समय सुनिश्चित करें कि वेबसाइट सुरक्षित है और आपके व्यक्तिगत विवरण की सुरक्षा के लिए उचित उपाय किए गए हैं। सोशल मीडिया पर अपने व्यक्तिगत विवरण को साझा न करें और अज्ञात लोगों को अपने दोस्तों की सूची में न जोड़ें। अपने मोबाइल डिवाइस पर मोबाइल सुरक्षा सॉफ्टवेयर स्थापित करें। अज्ञात ऐप्स को डाउनलोड न करें और अज्ञात स्रोतों से ऐप्स को इंस्टॉल न करें। अपने मोबाइल ब्राउज़र को नियमित रूप से अपडेट करें और सुरक्षित वेबसाइट्स पर जाएं। अपने मोबाइल डिवाइस के लिए सुरक्षित पासवर्ड का उपयोग करें और उसे समय-समय पर बदलें। साइबर क्राइम के विभिन्न प्रकारों के बारे में जानकारी रखें और अपने परिवार और दोस्तों को भी इसके बारे में बताएं। यदि आपके साथ साइबर क्राइम होता है, तो तुरंत पुलिस को शिकायत करें और अपने बैंक और क्रेडिट कार्ड कंपनी को भी सूचित करें। साइबरक्राइम की शिकायत टोल फ्री नम्बर 1930 पर भी की जा सकती है।

# महाशिवरात्रि पर्व पर शहर में धूम धाम से निकाली गई शिवबारात

अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** शहर में महाशिव रात्रि त्योहार पर अलग अलग स्थानों से शिव भक्तों द्वारा बैंडबाजा और डीजे की धुन के साथ शिव की बारात निकाली गई। नगर में बुधवार को निकली शिव बारात को देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ जुटी। शिव बारात में भगवान शंकर और पार्वती के प्रतिरूप धारण किए वाहन पर बैठे युवा आकर्षण का केंद्र रहे। लोग महादेव के दर्शन के लिए मार्गों पर उमड़ पड़े। शिव बारात दौरान युवा माथे पर चंदन और टीका लगाकर डीजे की धुन पर झूमते हुए चल रहे है। शिव बारात का जगह जगह भक्तों द्वारा ठंडाई खीर हलवाए पानी व अन्य खाद्य सामग्री वितरित कर स्वागत किया गया।

शहर के बलखंडेश्वर मंदिर, रामकुंड मंदिर, पठेश्वर मंदिर सहित अन्य स्थानों से शिव बारात निकाली गई, जो परम्परागत मार्गों से शहर में घूमते हुए पुनः रामकुंड, बलखंडेश्वर, पठेश्वर मंदिरों में पहुंचकर समाप्त हुई। शिव बारात के स्वागत के लिए लोगों ने सुबह से ही तैयारी कर ली थी साथ ही बारात का जगह जगह पानी का इंतजाम किया गया। शिव बारात देखने के प्रति महिलाओं पुरुषों में विशेष उत्साह नजर आया, कोई छतों पर तो कोई सड़क किनारे खड़ा होकर बारात देखने के लिए खड़े थे।



शिव बारात दौरान हर हर शम्भू के उद्घोषण से समूचा शहर गूंज उठा। बारात बज रहे धार्मिक गीतों को सुन लोगों ने शिव बारात में पहुंचकर भगवान के दर्शन कर पुण्य कमाया। शिव बारात दौरान भक्त गुलाल उड़ाते हुए चल रहे थे महादेव की भक्ति में डूबे रहे। वहीं जिले के ग्रामीण अंचल बेलाताल, भरवारा, पनवाड़ी, श्रीनगर और कबरई में भी शिव बारात निकाली गई, जहां पर भक्त डीजे की धुन पर थिरकते हुए चल रहे थे। शिव बारात के दौरान भगवान शंकर की प्रतिरूप झांकियां सजाई गई जो आकर्षण का केंद्र रही।

# करनावल गांव की पीड़ित दोनों बेटियों को मिलेगी आर्थिक मदद

**मथुरा।** करनावल गांव के अनुसूचित जाति के पीड़ित लोगों को शासन के नियमानुसार आर्थिक सहायता देने की संतुति जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने जिला समाज अधिकारी को भेजे पत्र में करते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि यादव समाज के दबंगों के द्वारा जिन दो बेटियों की शादी में व्यवधान डालकर शादी नहीं हो सकी उनसे अभद्रता की गई। जिसके लिए दोनों बेटियों को एक-एक लाख की आर्थिक सहायता दी जाएगी। वहीं बेटी के पिता सहित तीन लोगों को 25- 25 हजार की आर्थिक सहायता दी जाएगी। यह सहायता राशि अनुसूचित जाति उत्पीड़न अधिनियम के तहत समाज कल्याण विभाग देगा। आर्थिक सहायता पीड़ितों को उपलब्ध कराने के लिए डीएम ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। यह राशि एक दो दिन में पीड़ित परिवार को अवश्य मिलेगी।

# नगर आयुक्त ने भक्ति के रंग में रंग कर सम्हाली शिवालयों की व्यवस्था

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** राधा कृष्ण की नगरी में आज मंदिरों के आसपास श्रद्धालु उस समय अचरज भरी निगाहें से देखने लगे कि जब एक युवा पीला कुर्ता पजामी पहनकर अधिकारियों कर्मचारियों को आदेश दे रहा था कि यहां सफाई करो यहां चूना डालो। किसी भी श्रद्धालु के कोई झुड़ आदि नहीं लगने पाए। लोगों ने जब जानकारी की तो पता चला कि यह युवा मथुरा वृंदावन नगर निगम के आई ए एस अधिकारी नगर आयुक्त शशांक चौधरी है जो कि सुबह से ही शिवालयों के आसपास व्यवस्थाएं बनाने में जुटे हुए हैं। महाशिवरात्रि के पावन पुण्य पर्व पर मथुरा वृंदावन महानगर के सभी प्रमुख शिवालयों पर श्रद्धालुओं की सुविधाओं का ख्याल रखने के लिए बुधवार प्रातः से ही नगर निगम के आयुक्त शशांक चौधरी दलबल के साथ निकल पड़े। नगर आयुक्त शशांक चौधरी ने भूतेश्वर महादेव मंदिर पर पहुंचकर वहां तैनात सभी सफाई कर्मी और सुपरवाइजर को निर्देश दिए कि लगातार मंदिर की ओर आने वाले सभी मार्गों पर बेहतरीन साफ सफाई रहनी चाहिए। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, नगर आयुक्त को निर्देश दिए थे कि शिवरात्रि पर्व पर कांवड़ियों और श्रद्धालुओं को पूजन अर्चन में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए निरंतर फील्ड में रहकर भ्रमण करते रहे। इसी आदेश के क्रम में नगर आयुक्त ने भूतेश्वर मंदिर के अलावा श्री रंगेश्वर मंदिर श्री गलतेश्वर महादेव मंदिर श्री गोकर्णनाथ महादेव मंदिर और वृंदावन के श्री गोपेश्वर महादेव मंदिर आदि शिवालयों में पहुंचकर नगर निगम की व्यवस्थाओ का स्थलीय निरीक्षण किया। दोपहर बाद तक नगर आयुक्त मंदिरों के आसपास मौजूद रहे और अपने फोन से बार-बार अन्य मंदिरों पर मौजूद अधिकारियों से जानकारी लेते रहे।

# अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा शिवरात्रि पर्व, शोभायात्रा शिवबारात, सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया

अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** महाशिवरात्रि का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है जिसमें विभिन्न स्थानों में आयोजित की जा रही शोभायात्रा/शिवबारात सहित सम्पूर्ण जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देश में जनपदीय पुलिस के समस्त उच्चाधिकारीगण विभिन्न क्षेत्रों में लगातार भ्रमणशील रहे, इस दौरान विभिन्न शिवालयों/मन्दिरों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया है, साथ ही श्रद्धालुओं से वार्ता कर उनको सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया।

अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह द्वारा महाशिवरात्रि पर्व को सकुशल सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत जनपद के थाना कोतवाली नगर महोबा क्षेत्रअंतर्गत अवस्थित शिवालयों में



लगातार भ्रमणशील रहते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया एवं श्रद्धालुओं के सुरक्षार्थ/समुचित व्यवस्था हेतु तैनात पुलिस बल को चेक कर आवश्यक निर्देश दिए गए हैं, सभी शिवालयों पर पारम्परिक ढंग से शिवभक्तों द्वारा किया जा रहा जलाभिषेक।

पूर्ण सतर्कता एवं मुस्तैदी के साथ ड्यूटीरत पुलिस कर्मियों द्वारा श्रद्धालुओं के जलाभिषेक तथा जनद के विभिन्न थानाक्षेत्रों में आयोजित की जा रही शोभायात्रा/शिवबारात कार्यक्रम को सुव्यवस्थित, सकुशल एवं शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न कराया जा रहा है।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस के समस्त क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष/चौकी प्रभारी द्वारा पर्याप्त पुलिस बल के साथ अपने-अपने क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहे, इस दौरान सर्व समुदाय के धर्मगुरुओं से वार्तालाप कर शांति व सद्भाव बनाए रखते हुये किसी भी प्रकार के विवाद की सूचना तत्काल पुलिस प्रशासन को सूचना देने की अपील की गयी, पुलिस अधीक्षक द्वारा किये गये समुचित पुलिस प्रबन्ध, जनपदीय पुलिस की चुस्ती व मुस्तैदी से जनपद में अमन चैन के साथ जुलूस को शांतिपूर्ण माहौल में सकुशल संपन्न कराया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में डीएम ने दिए विस्तृत निर्देश

**हरदोई।** जनपद में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने सभी संबंधित अधिकारियों को सड़क सुरक्षा के समस्त उपाय करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया है कि अब प्रत्येक सोमवार को सड़क सुरक्षा के संबंध में बैठक की जाएगी। उन्होंने कहा है कि चेन्नई ब्लैक स्पॉट का समयबद्ध सुधारीकरण कराया जाए। वाहनों के सुरक्षित आवागमन को सुनिश्चित किए जाने हेतु समस्त श्रेणी के मार्गों पर लेन मार्किंग कराई जाए। भिन्न चौराहों पर ज़ेबरा क्रॉसिंग मार्किंग का कार्य कराया जाए। चौराहों की री इंजीनियरिंग करते हुए व्यवस्थित किया जाए जाये। सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाया जाए तथा अवैध कट बंद किये जाएं। सड़कों पर पर्याप्त मार्ग प्रकाश की व्यवस्था की जाए। नगर निकायों के वेंडिंग जोन को व्यवस्थित किया जाए। सुगम यातायात में व्यवधान उत्पन्न करने वाली अव्यवस्थित एवं अवैध होर्डिंग्स को तत्काल हटाया जाए। निराश्रित पशुओं के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाकर पशुओं को पशु आश्रय स्थलों में पहुंचाया जाए। विद्यार्थियों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता हेतु रोड सेफ्टी क्लब, क्विज, रंगोली, भाषण इत्यादि गतिविधियां नियमित रूप से आयोजित कराई जाएं। सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए किसी भी स्तर पर लापरवाही न की जाये।

### दुल्हन के भाई की करंट लगने से मौके पर मौत

**महोबा।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मुढहरा में एक शादी समारोह में दुल्हन के भाई को करंट लगने से उसकी मौत हो गई। शादी घर में चल रहा हसी खुशी का माहौल गमगीन हो गया। शादी के मौके पर



बज रही शहनाईयां अचानक थम गई, और रोना पीटना मच गया। ग्राम मुढहरा निवासी संतराम अपनी बहन गीता की विदाई के बाद टेंट का सामान एकत्र कर रहा था, तभी टेंट का पाइप अलग करते समय तभी बाहर से निकली 11 हजार की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से जोर दार करंट लगा जिससे वह जमीन पर गिर कर बुरी तरह झुलस गया। आनन फानन में परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने उसका चेकअप करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। दुल्हन के भाई की मौत की खबर सुनते ही शादी घर में कोहराम मच गया। दुल्हन बन कर बिदा के बाद ससुराल जाने की तैयारी कर रही दुल्हन भी फूट फूट कर रोने लगी। जिससे शादी की खुशियां पल भर में काफूर हो गई, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### शिव मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भारी भीड़

**महोबा।** महाशिवरात्रि पर्व बुधवार को शिव भक्तों ने जिले में धूम धाम से मनाया। पर्व पर शिव मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ जुटी। महिलाएं नहा धोकर महादेव के मंदिरों में पूजा अर्चना करने के लिए पहुंच गई। मंदिरों के आस पास सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल तैनात रहा। जिससे मंदिर मार्गों पर अराजकतत्व दूर दूर तक नजर नही आए। महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव की पूजा का विषेश महात्व होता है, इसलिए लोग आज के दिन उपवास करते है। मान्यता है कि इस दिन भगवान शिव की विधिविधान से पूजा करने से सभी मनोकामनाए पूर्ण होती है। शिवरात्रि में तमाम लोग निर्जला व्रत रखते है। महाशिवरात्रि की रात में शिव भक्त चारों प्रहरों में भगवान शिव का पूजन और अभिषेक अलग अलग तरीके से करते है।

# समाज कल्याण मंत्री ने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया दिए निर्देश

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** असीम अरूण समाज कल्याण कल्याण मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं मंत्री अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति विभाग उ0प्र0 सरकार के द्वारा जनपद मथुरा का दौरा किया गया, जिसमें उनके द्वारा राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास बालक/ बालिका सिविल लाइन मथुरा का निरीक्षण किया गया, जिसमें उनके द्वारा निरीक्षण के दौरान उपलब्ध बजट का शत प्रतिशत नियमानुसार व्यय किये जाने एवं छात्रावास की पेन्टिंग, पुताई, साफ-सफाई इत्यादि कार्य कराये जाने के निर्देश दिये गये। साथ ही उनके द्वारा छात्रावासों में सिडको द्वारा कराये गये कार्यों का निरीक्षण भी किया गया तथा उनके द्वारा अधीक्षक/अधीक्षिका राजकीय छात्रावास बालक/बालिका तथा जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया गया कि क्षेत्रीय विधायक की अध्यक्षता में छात्रों की समिति बनाते हुए उनके पर्यवेक्षण में कार्य कराये जाए। छात्रावास में खाली पड़ी जमीन के सम्बन्ध में छात्रावास में निवासरत छात्रों से जमीन पर वृक्षारोपण करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। निरीक्षण के पश्चात् असीम अरूण समाज कल्याण कल्याण मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने करनावल गॉव में पंहुचकर पीड़ित परिवारजनों से मुलाकात की तथा आरोपित व्यक्तियों के खिलाफ अतिशीघ्र कार्यवाही किए जाने हेतु आश्वासन दिया। उन्होंने जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक / वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय को सख्त कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देशित किया। इसके पश्चात जनपद मथुरा में सिडको द्वारा निर्माणाधीन राजकीय जय प्रकाश नारायण सर्वोदय आश्रम पद्धति विद्यालय बाटी मथुरा का निरीक्षण किया गया तथा सिडको को अतिशीघ्र निर्माण कार्य पूर्ण किये जाने हेतु निर्देश दिये गये। जिला समाज कल्याण अधिकारी को आगामी सत्र में विद्यालय संचालित किये जाने हेतु स्टाफ की नियुक्ति तथा छात्रों के प्रवेश के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही किये जाने एवं माह अप्रैल में विद्यालय का उद्घाटन करते हुए विद्यालय संचालन करने के निर्देश दिये गये। विद्यालय संचालन के सम्बन्ध में निदेशक समाज कल्याण उ0प्र0 लखनऊ से दूरभाष पर अतिशीघ्र विद्यालय का संचालन कराये जाने के सम्बन्ध में वार्ता भी की गयी।

## करनावल पीड़ितों के साथ खड़ी है सरकार: राजवीर

**मथुरा।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष मथुरा कैबिनेट मंत्री प्रतिनिधि राजवीर सिंह के नेतृत्व में गांव करनावल में पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे पुलिस के अधिकारियों से अब तक हुई कार्रवाई के बारे में पूछा सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री प्रतिनिधि राजवीर सिंह ने कहां जल्द सभी अपराधियों की गिरफ्तारी हो कहा कि अपराधियों को बक्सा नहीं जाएगा कड़ी से कड़ी कार्रवाई अपराधियों पर होगी जनपद मथुरा के गांव करनावल मैं हुए सारे घटनाक्रम से सूहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर को अवगत कराया जाएगा बुधवार को कैबिनेट मंत्री प्रतिनिधि ने सबसे पहले पीड़ित के परिवार से वार्ता की हर संभव मदद का आश्वासन पीड़ित परिवार को दिया।

# दुष्कर्म कर फरार हुए युवक को पुलिस ने दबोचा

अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म करने के बाद फरार चल रहे अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पड़ोसी जनपद छतरपुर के ग्राम तिकौरा निवासी बताया जा रहा है। पुलिस ने गिरफ्तार करने के बाद अभियुक्त को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे पुलिस अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। शहर के एक मुहल्ला निवासी युवती को छतरपुर के तिकौरा गांव निवासी छोटे लाल उर्फ छोटू शादी का झांसा देकर युवती को अपने जाल में फांस लिया था, और बहला फुसलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। जब युवती ने छोटे लाल के साथ शादी करने का दववा बनाया तो उसने युवती को जान से मारने की धमकी दी, और फरार हो गया। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली



महोबा में अभियुक्त के खिलाफ दुष्कर्म और जान से मारने की संगीन धराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। इसके बाद पुलिस फरार चल रहे अभियुक्त के तलाश में पुलिस जुट गई, और उसे लौड़ी तिगैला के पास पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने वाली टीम ने चैकी प्रभारी भटीपुरा धर्मेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबिल शैंलेद्र सिंह गौतम शामिल रहे।

# मदरसा शिक्षा में व्यापक सुधार की जरूरत: एआइपीएमएम

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उस विचार का स्वागत करता है जिसमें उन्होंने मुस्लिम बच्चों, विशेष रूप से पसमांदा मुस्लिम बच्चों को केवल उर्दू और अरबी की शिक्षा तक सीमित न रखते हुए आधुनिक और व्यावसायिक शिक्षा की ओर प्रेरित करने की आवश्यकता पर बल दिया है। संगठन का मानना है कि यह एक सकारात्मक और दूरदर्शी पहल है, जो पसमांदा समाज के बच्चों को शिक्षा और रोजगार के नए अवसर प्रदान करने में मददगार साबित होगी।

मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों में असीम प्रतिभा होती है, लेकिन आधुनिक शिक्षा के अभाव में वे मुख्यधारा की शिक्षा से कट जाते हैं। अधिकतर मदरसों में केवल धार्मिक शिक्षा पर ज़ोर दिया जाता है, जिससे छात्रों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं और आधुनिक करियर विकल्पों में आगे बढ़ना मुश्किल हो जाता है।

ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ मानता है कि मदरसों में सुधार कर उनमें आधुनिक विषयों को शामिल किया जाए, ताकि पसमांदा मुस्लिम बच्चे भी डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, प्रशासक, वैज्ञानिक, शिक्षक और अन्य विशेषज्ञता वाले क्षेत्रों में आगे बढ़ सकें।

संगठन ने कहा मदरसों में आधुनिक विषय अनिवार्य किए जाएं। गणित, विज्ञान, कंप्यूटर, अंग्रेज़ी और सामाजिक विज्ञान की पढ़ाई को मदरसा पाठ्यक्रम में जोड़ा जाए, ताकि कंप्यूटर और तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा दिया जाए, जिससे डिजिटल युग में कदम बढ़ाने के लिए मदरसों में कंप्यूटर और तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा मिल सके।

शिक्षकों को आधुनिक शिक्षा पद्धति के अनुसार प्रशिक्षित किया जाए ताकि वे छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार कर सकें।ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ ने सरकार से अपील की है कि मदरसों में आधुनिक शिक्षा लागू करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं ताकि पसमांदा मुस्लिम छात्र भी मुख्यधारा की शिक्षा से जुड़कर देश के विकास में अपनी भागीदारी निभा सकें। संगठन अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री दानिश आज़ाद अंसारी द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और वित्त मंत्री सुरेश खन्ना को पसमांदा मुस्लिम समाज के लिए अनुदान प्रदान करने के लिए धन्यवाद देने की भी सराहना करता है।

ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ सभी पसमांदा मुस्लिम परिवारों से अपील करता है कि वे अपने बच्चों को मदरसों के साथ-साथ आधुनिक शिक्षा और व्यावसायिक कौशल से भी जोड़ें, ताकि वे आत्मनिर्भर बनकर समाज और देश का नाम रोशन कर सकें। यदि इस दिशा में सही कदम उठाए जाते हैं, तो आने वाली पीढ़ियों को उज्ज्वल भविष्य मिलेगा और पसमांदा मुस्लिम समाज भारत के विकास में एक सक्रिय भागीदार बन सकेगा।

# कान्हा की नगरी में नंदी पर सवार होकर निकली शिव की बारात

अवधनामा संवाददाता



**मथुरा।** श्री कृष्ण की पावन जन्मस्थली मथुरा में भगवान भूत भावन भोले नाथ की बारात बड़े ही थाट बाट के साथ निकाली गई, श्री कृष्ण जन्म भूमि से निकाली गई भगवान शंकर की बारात में शिव के गण भूत, प्रेत, संत, देवता भेष धारण कर नाचते गाते हुए निकले भगवान शिव की भक्ति के रंग में सराबोर होकर शिव भक्त भगवान शंकर के जयकारों से जयघोष करते नजर आए। शिव बारात, महाशिवरात्रि के अवसर पर बुधवार दोपहर में श्री कृष्ण जन्म स्थान से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गो से हो कर निकाली गई, शिव बारात के निकलते समय श्री कृष्ण की नगरी शिवमय हो गई। श्री कृष्ण जन्म भूमि के मुख्य द्वार से भगवान शिव की बारात का आरंभ हुआ जो मथुरा शहर के मुख्य मार्ग मंडी रामदास होते हुए चौक बाजार, स्वामी घाट, विश्राम घाट होते हुए छत्ता बाजार, होलीगेट होकर कोतवाली रोड, भरतपुर गेट से होते हुए श्री कृष्ण जन्म भूमि पर पहुंची, मथुरा शहर वासियों ने जगह जगह भगवान शिव की बारात पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। भगवान शिव की बारात में दूल्हा बने भगवान शंकर अपने परम प्रिय नंदी पर विराजमान होकर निकले साथ में तरह तरह से सज कर उनके बाराती नाचते गाते चल रहे थे शिव की बारात में चल रहे बारातियों ने खास कर बच्चों में अलग ही जोश भर दिया।

# बरसानौ हमारी रजधानी, संदा सर्वदा पर्वत ऊपर

अवधनामा संवाददाता

- शिवरात्रि पर लठामार होली की निकली प्रथम चौपाई
- बरसाना की रंगीली गली अबीर गुलाल से हो उठी सराबोर
- होली के पदों से गुंजायमान हो उठी राधा की नगरी

**बरसाना (मथुरा)।** विश्व प्रसिद्ध लठामार होली की प्रथम चौपाई महाशिव रात्रि पर्व की देर सायं को मंदिर से रंगीली गली तक निकाली गयी। चौपाई के दौरान हो रही अबीर गुलाल की वर्षा ने रंगीली गली का चप्पा चप्पा सराबोर हो उठा।

श्री राधाजी की संध्या आरती के बाद अबीर गुलाल में सराबोर होकर विप्र समाज के लोग मदमस्त होकर नाचते गाते लाडली जी मन्दिर से रंगीली गली में स्थित रंगेश्वर महादेव तक आये। विप्र जनों द्वारा गाए जा रहे होली के पदों को सुनकर श्रद्धालु आनंद से भाव विभोर होकर नाचने लगे। भगवान श्री कृष्ण की आल्हदनी शक्ति राधारानी की जन्म स्थली श्री धाम बरसाना में बसंत पंचमी से ही होली महोत्सव की धूम मची हुई है। जिसके चलते बुधवार की देर शाम को मंदिर की समाज के मुखिया रामभरोसे गोस्वामी के नेतृत्व में ढप, मृदंग, चंग, उपंग, झांझ, झालरियों की धुनों पर नाचते गाते हुए संध्या आरती के बाद प्रथम चौपाई निकाली गयी। लठामार होली की प्रथम चौपाई में गाए जाने वाले पदों को विप्र समाज के लोग आनंदमय होकर गाते हुए चल रहे थे। चौपाई के दौरान अबीर गुलाल भी उड़ाए जा रहा था। चौपई के दौरान बरसानौ हमारी रजधानी पद के गायन से रंगीली गली गुंजायमान हो उठी।

एक प्राचीन कथा के अनुसार शिवरात्रि के दिन सभी सखियां शंकर जी का व्रत रखती है तो इस दिन राधा रानी अपनी सखियों के साथ संकेतवट में खेलने नहीं जाती है। जब श्रीकृष्ण राधा रानी के दर्शन करने के लिए छद्म रूप धारणकर विलासगढ़ पर आते है। सखियां जाकर के राधा रानी से कहती है कि बाघम्वर ओड़े सावंरौ या में जोगी कौ हुनर कौन, राधारानी अपने साथ सखियों को लेकर सांकारी खोर में पहुंचकर छद्म रूप धारी भगवान श्रीकृष्ण को पहचान जाती है और कहती है कि महामोहन ठोढ़ा सावंरौ ठाड़ौ साँकरी खोर और इसी के साथ भगवान श्रीकृष्ण राधा जी के साथ होरी खेलते है। यह प्रथम चौपाई कस्बे के लाडली जी मन्दिर व दादी बाबा होते हुए रंगीली गली में स्थित रंगेश्वर महादेव तक निकाली गई। कस्बे में लठामार होली की द्वितीय चौपाई 7 मार्च को लड्डू होली वाले दिन निकाली जायेंगी। जिसके अगले दिन यानी 8 मार्च को श्रीधाम बरसाना में प्रसिद्ध लठामार होली का आयोजन किया जाएगा। 9 मार्च को नंदगांव में लठामार होली का आयोजन होगा।



# दुबई ओपन के पहले दौर के मुकाबले में हारे रुबलेव, तीन दिन पहले जीता था कतर

## विश्व में 77वीं रैंकिंग के खिलाड़ी हेलिस की शीर्ष 10 में शामिल किसी खिलाड़ी के खिलाफ यह पहली जीत है

**दुबई।** विश्व में 77वीं रैंकिंग के खिलाड़ी हेलिस की शीर्ष 10 में शामिल किसी खिलाड़ी के खिलाफ यह पहली जीत है। उनका अगला मुकाबला रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुट से होगा।

रूस के तीसरी वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव कतर ओपन खिताब के तीन दिन बाद दुबई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में क्वालीफायर क्वेंटिन हेलिस से 3-6, 6-4, 7-6 (5) से हारकर बाहर हो गए।

विश्व में 77वीं रैंकिंग के खिलाड़ी हेलिस की शीर्ष 10 में शामिल किसी खिलाड़ी के खिलाफ यह पहली जीत है। उनका अगला मुकाबला रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुट से होगा।

एक अन्य मैच में शीर्ष वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव ने जान लेनार्ड स्ट्रफ को 6-4, 7-6 (4) से हराया। उनका अगला मुकाबला जियोवानी एमपेत्शी पेरिकार्ड से होगा।

दूसरी वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर 2014 के अमेरिकी ओपन चैंपियन मारिन सिलिच से 6-2, 3-6, 6-3 से हार गए। नूनो बोर्जेस ने आठवीं वरीयता प्राप्त आर्थर फिल्स को 6-2, 6-1 से हराया।

दूसरे दौर में पहुंचने वाले अन्य खिलाड़ियों में पांचवीं वरीयता प्राप्त उगो हम्बर्ट, माटेओ बेरेटिनी, फेलिक्स ऑगर अलियासिमे और क्वालीफायर क्रिस्टोफर ओकोनेल शामिल हैं।

# एनएसएफ को वित्तीय सहायता देने का मामला, खेल मंत्रालय ने इस संबंध में समिति गठित की

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय के अवर सचिव तरुण पारीक ने समिति के सदस्यों को भेजे गए सर्कुलर ने कहा, नया ओलंपिक चक्र शुरू हो गया है। खेल मंत्रालय ने भारत के सामने आने वाली चुनौतियों और 2036 में ओलंपिक खेलों की मेजबानी की देश की दावेदारी को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) को वित्तीय सहायता प्रदान करने के मानदंडों में संशोधन करने के लिए छह सदस्यीय समिति का गठन किया है।

समिति की अध्यक्षता संयुक्त सचिव (खेल) कुणाल करेंगे। इसमें कार्यकारी निदेशक (टीम) रितु पथिक, टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) के सीईओ एनएस जोहल, पूर्व टॉप्स सीईओ कमोडोर (सेवानिवृत्त) पीके गर्ग और भारतीय भारोत्तोलन महासंघ (आईडब्ल्यूएफ) के अध्यक्ष सहदेव यादव शामिल हैं। यादव भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के कोषाध्यक्ष भी हैं।

खेल मंत्रालय के अवर सचिव तरुण पारीक ने समिति के सदस्यों



को भेजे गए सर्कुलर ने कहा, नया ओलंपिक चक्र शुरू हो गया है। नई परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए मानदंडों की समीक्षा करने की जरूरत महसूस की गई ताकि सामने आने वाली चुनौतियों और 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी करने की भारत की इच्छा से जुड़े पहलुओं की व्यापक समीक्षा की जा सके।

इस सर्कुलर की एक प्रति पीटीआई के पास भी मौजूद है। इसमें कहा गया है, इसलिए एनएसएफ को सहायता प्रदान करने के लिए मानदंडों में संशोधन करने के सुझाव देने के लिए समिति का गठन करने का फैसला किया गया है। भारत ने 2036 में होने वाले ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों की मेजबानी के लिए अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) के साथ कई दौर की अनौपचारिक बातचीत के बाद पिछले साल नवंबर में इस विश्व संस्था के भविष्य के मेजबान आयोग को अपना आशय पत्र सौंपा था।

# पीसीबी की किरकिरी, खिलाड़ियों की सुरक्षा में बड़ी चूक, मैदान में घुसकर फैन ने रचिन रवींद्र को गले लगाया

**रावलपिंडी।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में रावलपिंडी





स्टेडियम में न्यूजीलैंड-बांग्लादेश मैच के दौरान एक दर्शक के मैदान में घुसने से सुरक्षा घेरे को तोड़े जाने पर संज्ञान लिया है। बोर्ड ने एक बयान में कहा कि खिलाड़ियों और अधिकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना मेजबानों की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बयान में कहा गया है, एक जिम्मेदार संस्था के रूप में हमने स्थानीय सुरक्षा एजेंसियों के साथ बातचीत की है जिन्होंने सभी स्थानों पर खेल के मैदान के आसपास सुरक्षा कर्मियों को बढ़ाने और प्रवेश नियंत्रण उपायों को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्धता जताई है। इस घटना में शामिल व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया और मंगलवार को अदालत में पेश किया गया। इसके अलावा उसे पाकिस्तान के सभी क्रिकेट स्थलों में प्रवेश करने से स्थायी रूप से प्रतिबंधित कर दिया गया है। पीसीबी ने बताया कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए बोर्ड सुरक्षा एजेंसियों और स्थल अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहा है ताकि सुरक्षा प्रोटोकॉल की समीक्षा की जा सके और उसे मजबूत किया जा सके। सोमवार को जिस व्यक्ति ने मैच के दौरान मैदान में अंदर घुसकर शतकवीर रचिन रविंद्र को गले लगाने की कोशिश की थी, उसे घटना के तुरंत बाद गिरफ्तार कर लिया गया और पुलिस को सौंप दिया गया। इससे पहले गत चैंपियन पाकिस्तान और बांग्लादेश दोनों का सफर टूर्नामेंट में ग्रुप चरण में ही समाप्त हो गया है। ग्रुप-ए से भारत और न्यूजीलैंड ने सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। अब भारत और न्यूजीलैंड के बीच दो मार्च को दुबई में मुकाबला खेला जाएगा। जो भी टीम ये मैच जीतेगी वो ग्रुप ए से शीर्ष पर रहकर अंतिम चार में प्रवेश करेगी। पाकिस्तान इस टूर्नामेंट का गत चैंपियन होने के साथ ही मेजबान भी था, लेकिन उसका प्रदर्शन काफी खराब रहा जिस कारण टीम का सफर ग्रुप चरण में ही थम गया।

# पाकिस्तान क्रिकेट का सत्यानाश हो जाएगा...

## पाक टीम के खराब प्रदर्शन पर इमरान खान का बयान

**कराची।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की बहन अलीमा खान ने कहा है कि वह चैंपियंस ट्रॉफी में अपने देश की क्रिकेट टीम के प्रदर्शन से निराश हैं। कराची में न्यूजीलैंड और दुबई में भारत से बड़ी हार के बाद मेजबान पाकिस्तान आठ टीमों की चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर होने वाली पहली टीम बन गई। अलीमा ने इमरान से मुलाकात के बाद रावलपिंडी की अदियाला जेल के बाहर मीडिया से बातचीत की। अलीमा ने कहा कि 1992 में विश्व कप खिताब जीतने वाली पाकिस्तान की अगुआई करने वाले इमरान ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी की क्रिकेट संबंधी साख पर भी सवाल उठाए।



अलीमा ने कहा, पीटीआई (पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ) के संस्थापक ने भारत के खिलाफ मैच हारने पर बहुत दुख व्यक्त किया है। अलीमा ने नकवी के लिए पीटीआई संस्थापक के बयान के बारे में बताया, इमरान ने कहा कि जब अपने पसंदीदा लोगों को निर्णय लेने का अधिकार दिया जाएगा तो क्रिकेट अंततः नष्ट हो जाएगा। अलीमा ने बताया कि क्रिकेटर से राजनेता बने इमरान ने भारत और पाकिस्तान के बीच मैच भी देखा था।

**पाकिस्तान की टीम पहले राउंड से बाहर**

न्यूजीलैंड की बांग्लादेश पर जीत के साथ ही ग्रुप ए से गत चैंपियन पाकिस्तान और बांग्लादेश दोनों का सफर टूर्नामेंट में ग्रुप चरण में ही समाप्त हो गया है। इस ग्रुप से भारत और न्यूजीलैंड ने सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। अब भारत और न्यूजीलैंड के बीच दो मार्च को दुबई में मुकाबला खेला जाएगा। जो भी टीम ये मैच जीतेगी वो ग्रुप ए से शीर्ष पर रहकर अंतिम चार में प्रवेश करेगी। पाकिस्तान इस टूर्नामेंट का गत चैंपियन होने के साथ ही मेजबान भी था, लेकिन उसका प्रदर्शन काफी खराब रहा जिस कारण टीम का सफर ग्रुप चरण में ही थम गया। दिलचस्प बात यह है कि 19 फरवरी को इस आईसीसी टूर्नामेंट की शुरुआत हुई और छह दिन बाद ही मेजबान टीम का सफर खत्म हो गया।

**अंतरिम कोच आकिब जावेद पर गिरेगी गाज**

टीम के इस प्रदर्शन के बाद अंतरिम कोच आकिब जावेद के नेतृत्व वाले सहायक स्टाफ पर गाज गिरना तय माना जा रहा है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के सूत्रों के अनुसार, बोर्ड टूर्नामेंट के बाद कुछ कड़े फैसले ले सकता है। इस सूत्र ने बताया कि चैंपियंस ट्रॉफी के बाद आकिब को उनकी जिम्मेदारी

## अभिषेक बच्चन और इनायत वर्मा की बी हैप्पी की रिलीज डेट से उठा पर्दा

**मुंबई।** अभिषेक बच्चन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म बी हैप्पी को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। दर्शकों को फिल्म की रिलीज डेट के खुलासे का बेसब्री से इंतजार था, जो आज खत्म हो गया। दरअसल, अभिषेक बच्चन और इनायत वर्मा अभिनीत फिल्म बी हैप्पी की रिलीज डेट का एलान आज महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर किया गया है। निर्माताओं ने फिल्म का पोस्टर भी जारी किया गया है। यह फिल्म सीधे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दस्तक देगी। बी हैप्पी प्राइम वीडियो पर 14 मार्च को रिलीज होगी। बी हैप्पी एक समर्पित एकल पिता, शिव (अभिषेक बच्चन) और उनकी उत्साही, तेज-तर्रार बेटी धरा (इनायत वर्मा) के बीच अटूट बंधन की कहानी है। अपनी उम्र से कहीं ज्यादा समझदार धरा देश के सबसे बड़े डांस रियलिटी शो के मंच पर प्रदर्शन करने का सपना देखती है।

# परेश रावल ने सुनाया 80-90 के दशक की फिल्मों का किस्सा, बोले- 'हम तो चोरी का माल उठाते थे'

**मुंबई।** परेश रावल फिल्म 'हेरा फेरी 3' को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में उन्होंने बॉलीवुड फिल्मों की



कहानियों को लेकर बात की। साथ ही यह भी बताया कि 80 और 90 के दशक में जो हिंदी फिल्में बनती थीं, उनमें से अधिकतर हॉलीवुड की कॉपी होती थीं। फिर कैसे बदली बॉलीवुड की कंडीशन?

परेश रावल बॉलीवुड के एक उम्दा कलाकार हैं, हर तरह के किरदारों को बखूबी निभा लेते हैं। 90 के दशक में भी इस एक्टर ने कमाल के किरदार बड़े पर्दे पर निभाए हैं। हाल ही में परेश रावल ने सिद्धार्थ कानन के यूट्यूब चैनल पर दिए इंटरव्यू में बताया कि 80 और 90 के दशक में फिल्ममेकर्स हॉलीवुड फिल्मों की कहानी चोरी करके अपनी फिल्में बनाते थे।

**कैसेट लेकर घूमते थे फिल्ममेकर्स**

परेश रावल इंटरव्यू में बताते हैं, 'मैंने खुद देखा है। फिल्ममेकर्स हॉलीवुड फिल्मों की कैसेट लेकर घूमते थे और हमें कहते थे कि इसे देख लो। बाद में उसी कहानी में किसी और हॉलीवुड कहानी के एलीमेंट्स मिलाकर फिल्म तैयार करते थे। अच्छा हुआ कि हॉलीवुड वालों ने अपने ऑफिस भारत में खोले तब उनकी कहानियों के लिए पैसे हमारे फिल्ममेकर्स को देने पड़ गए, वरना हम तो चोरी का माल उठाते थे।'

**इस तरह बदली हमारी इंडस्ट्री की तस्वीर**

परेश रावल आगे कहते हैं, 'जब हॉलीवुड वाले भारत में आए तो हमारे फिल्ममेकर्स को समझा आया कि हमारी कहानियां कितनी पॉवरफुल हैं। जब हमारे फिल्ममेकर्स कहानियों पर मेहनत करने लगे तो रिजल्ट भी सामने आए।'

**'हेरा फेरी 3' के अलावा इन फिल्मों में दिखेंगे**

फिल्म 'हेरा फेरी 3' को रिलीज होने में समय लग सकता है। लेकिन इस साल परेश रावल फिल्म 'थामा' और 'द ताज स्टोरी' में नजर आएंगे। 'थामा' में आयुष्मान खुराना भी नजर आएंगे।

# करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस ने मार्को निर्देशक के साथ मिलाया हाथ, एक्शन फिल्म पर साथ करेंगे काम

**मुंबई।** फिल्म निर्माता हनीफ अदेनी अपनी हालिया फिल्म मार्को की सफलता से बहुत खुश हैं। अब वह हिंदी सिनेमा में कदम रखने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने धर्मा प्रोडक्शंस के साथ हाथ मिलाया है।

मलयालम सिनेमा के एक्शन स्टार हनीफ अदेनी बॉलीवुड में आने की तैयारी कर रहे हैं और वह इसे अपने स्टाइल में कर रहे हैं। मार्को की भूमिका में धमाल मचाने के बाद फिल्म निर्माता को किसी और ने नहीं, बल्कि करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस ने एक धमाकेदार एक्शन फिल्म के लिए साइन किया है, जो जितनी दमदार है, उतनी ही मजेदार भी है।

**कई भाषों में रिलीज होगी फिल्म**

द ग्रेट फादर (2017) और मिखेल (2019) जैसी फिल्मों से अपनी अलग पहचान बनाने वाले हनीफ अदेनी ने एक बार फिर मार्को के साथ अपनी प्रतिभा साबित की, जो एक क्रूर और अथक एक्शन से भरपूर फिल्म है। अब, वह अपनी सिग्नेचर हाई-इम्पैक्ट



स्टोरीटेलिंग को हिंदी सिनेमा में लाने के लिए तैयार हैं। कथित तौर पर आगामी प्रोजेक्ट को बहुभाषी रिलीज के लिए प्लान किया जा रहा है। फिल्म के बारे में विवरण अभी भी गुप्त रखा गया है।

**आधिकारिक एलान का इंतजार**

हनीफ अदेनी के जुड़ने से धर्मा प्रोडक्शंस बैनर बड़े पर्दे पर एक्शन की उम्मीद जगा रहा है। दूसरी ओर इसके आधिकारिक एलान का इंतजार है। साथ ही कलाकारों की घोषणा होनी भी बाकी है। हनीफ अदेनी एक फिल्म निर्देशक और पटकथा लेखक हैं, जो मलयालम सिनेमा में काम करते हैं। उन्होंने 2017 की फिल्म द ग्रेट फादर से निर्देशन की दुनिया में कदम रखा था। पटकथा लेखक के रूप में उनका अगला काम अमीर है, जिसमें ममूटी मुख्य भूमिका में हैं।

**धर्मा प्रोडक्शंस के प्रोजेक्ट्स**

धर्मा प्रोडक्शंस अब कई प्रोजेक्ट्स की रिलीज की तैयारी कर रहा है, जिनमें से एक है- केसरी॰ चैप्टर 2, जो जलियांवाला बाग हत्याकांड के बाद की घटनाओं पर आधारित है। यह फिल्म अक्षय कुमार, आर. माधवन और अनन्या पांडे स्टारर यह फिल्म राजनेता और वकील सी. शंकरन नायर के इर्द-गिर्द घूमती वास्तविक जीवन की घटनाओं पर आधारित है। इसके साथ ही, धड़क 2 भी है, जो 2018 की तमिल फिल्म परियेरम पेरुमल पर आधारित एक शक्तिशाली लव ड्रामा है, जिसमें तृप्ति डिमरी और सिद्धांत चतुर्वेदी मुख्य भूमिका में हैं।

# चिकनी चमेली गाने पर श्रेया घोषाल को हुई शर्मिंदगी? बोलीं- यह ठीक नहीं लगता.......



गायिका श्रेया घोषाल ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान बताया कि वह अपने सुपरहिट गाने चिकनी चमेली को लेकर शर्मिंदगी है, जिसमें कैटरीना कैफ ने डांस किया है। श्रेया घोषाल इंडस्ट्री की मशहूर गायिकाओं में से एक हैं, जिन्होंने कई सुपरहिट ट्रैक गाए हैं। इनमें से एक गाना चिकनी चमेली भी है, जो ऋतिक रोशन की 2012 में रिलीज हुई अग्निपथ का गाना है। इस गाने में कैटरीना कैफ ने डांस किया है। श्रेया ने हाल ही में स्वीकार किया कि जब वह छोटी लड़कियों को बिना इसका अर्थ समझे गाते हुए देखती हैं, तो उन्हें इस गाने से शर्मिंदगी महसूस होती है।

हाल ही में कनाडाई यूट्यूबर लिली सिंह के साथ बातचीत के दौरान श्रेया घोषाल ने कहा, मेरे पास कुछ गाने हैं, जो सीमा रेखा पर अश्लील नजर आते हैं, जैसे चिकनी चमेली। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सालों में, वह छोटी लड़कियों को बिना गीत के बोल समझे ऐसे गाने गाते हुए देखकर सचेत हो गई हैं।

इस इंटरव्यू के दौरान श्रेया ने कहा, ÷यह एक मजेदार गाना है, बच्चे इस पर नाचते हैं और जब वह कहते हैं, क्या मैं इसे आपके सामने गा सकता हूं? फिर मुझे बहुत शर्मिंदगी महसूस होती है कि एक छोटी लड़की, जो शायद 5-6 साल की होगी, उन गीतों को गा रही है। यह ठीक नहीं लगता, यह अच्छा नहीं लगता, मैं ऐसा नहीं चाहती।

श्रेया अब अपने द्वारा गाए जाने वाले गानों को लेकर बहुत सजग हो गई हैं। उन्होंने बताया कि भले ही वह गाना गाने के लिए राजी हो जाएं, लेकिन वह चाहती हैं कि गाना अच्छा लिखा हुआ हो। उन्होंने आगे कहा अगर ऐसा गाना किसी महिला ने लिखा होता, तो यह थोड़ा सुंदर होता।

श्रेया ने आगे कहा, शायद अगर कोई महिला इसे लिख रही होती, तो वह इसे बहुत ही शालीन तरीके से लिखती। हमारे समाज में, खासकर भारत में, कुछ मानक स्थापित करना जरूरी है, क्योंकि संगीत और फिल्मों का हमारे जीवन पर बहुत गहरा असर पड़ता है।

# पता नहीं क्या चल रहा है उसके साथ? तन्मय भट्ट ने अल्लाहबादिया पर ली चुटकी



**मुंबई।** रणवीर अल्लाहबादिया के इंडियाज गॉट लैटेंट में विवादित टिप्पणी मामले पर स्टैंडअप कॉमेडियन तन्मय भट्ट ने हाल ही में चुटकी ली। उन्होंने कहा कि रणवीर अल्लाहबादिया उनके मैसेज का जवाब नहीं दे रहे हैं।

रणवीर अल्लाहबादिया इन दिनों अपनी आपत्तिजनक और अभद्र टिप्पणी के चलते चर्चा में हैं। उन्होंने कॉमेडियन समय रैना के शो इंडियाज गॉट लैटेंट में अश्लील टिप्पणी की, जिसके बाद उनके खिलाफ शिकायत दर्ज की गईं। महाराष्ट्र साइबर सेल के सामने बीते सोमवार रणवीर पेश हुए और बयान दर्ज कराए। इस बीच स्टैंडअप कॉमेडियन तन्मय भट्ट ने रणवीर और समय रैना की कंट्रोवर्सी पर बात की। अपने नए यूट्यूब वीडियो में वे यूट्यूबर पर चुटकी लेते दिखे।

रणवीर अल्लाहाबादिया विवाद के बाद तन्मय भट्ट ने एक नए यूट्यूब रिएक्शन वीडियो में मजाकिया अंदाज में रिएक्ट किया है। उन्होंने खुलासा किया कि उन्होंने यह विवाद शुरू होने से पहले रणवीर को एक फिटनेस मीम रिएक्शन वीडियो में शामिल होने के लिए बुलाया था। हालांकि, तब से रणवीर चुप हो गए हैं और उन्होंने अब तक उनके मैसेज का कोई जवाब नहीं दिया है।

तन्मय भट्ट के इस वीडियो में रोहन जोशी, कौस्तुभ अग्रवाल, पीयूष शर्मा, कुशाग्र श्रीवास्तव और रवि गुप्ता जैसे अन्य स्टैंड-अप सितारे भी शामिल हैं। दिलचस्प बात यह है कि रोहन, कौस्तुभ और रवि इससे पहले समय रैना के शो इंडियाज गॉट लैटेंट में भी आ चुके हैं। तन्मय अपने वीडियो की शुरुआत एक दर्शक की टिप्पणी पढ़कर करते हैं। फिर खुद रणवीर पर चुटकी लेते नजर आए। दर्शक के कमेंट में लिखा था, क्या आप रिएक्शन एपिसोड करते रहना पसंद करेंगे या रणवीर को एक बार लाकर इसे खत्म कर देंगे? यह टिप्पणी रणवीर अल्लाहाबादिया की इंडियाज गॉट लैटेंट पर की गई टिप्पणी पर कटाक्ष थी।

## ओटीटी पर देखिए फिल्मों में भोलेनाथ के अद्भुत चमत्कार

नेटफ्लिक्स, प्राइम वीडियो, जियो हॉटस्टार के अलावा कई प्लेटफॉर्म पर आप महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव के चमत्कारों को बॉलीवुड फिल्मों में बखूबी देख सकते हैं। इस लिस्ट में ओएमजी 2, भोला से लेकर कई फिल्में शामिल हैं। भारतीय सिनेमा लंबे समय से शिव की अद्भुत कथाओं को दिखाता आया है। उनकी दिव्य ऊर्जा से प्रेरणा लेकर मनोरंजक कथाए, जो पौराणिक कथाओं को सिनेमाई चमक के साथ मिलाती हैं। भोला हर मोड़ पर भगवान शिव से गहरी प्रेरणा लेता है। अजय देवगन के किरदार का नाम भोला, जो भोलेनाथ की याद दिलाता है। भोला तमिल फिल्म कैथी (2019) की रीमेक है। इस फिल्म का निर्देशक अजय देवगन ने किया है। हालांकि, फिल्म में अजय ने भोलेनाथ का किरदार नहीं निभाया है, लेकिन फिल्म में अजय को देखकर भोलेनाथ की झलक साफ दिखाई देती है।

# दोषी सांसदों पर आजीवन प्रतिबंध लगाना संसद के अधिकार क्षेत्र में



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने अपने हलफनामे में कहा है कि सांसदों की अयोग्यता पर फैसला करने का अधिकार पूरी तरह से संसद के पास है और यह न्यायिक समीक्षा से परे है। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा दायर कर एक याचिका का विरोध किया है। दरअसल इस याचिका में दोषी सांसदों पर आजीवन प्रतिबंध लगाने की मांग की गई है। केंद्र सरकार ने अपने हलफनामे में कहा है कि सांसदों की अयोग्यता पर फैसला करने का अधिकार पूरी तरह से संसद के पास है और यह न्यायिक समीक्षा से परे है। केंद्र सरकार ने अपने हलफनामे में कहा कि क्या आजीवन प्रतिबंध लगाना सही है या नहीं, यह पूरी तरह से संसद के अधिकार क्षेत्र में आता है। वरिष्ठ अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर दोषी नेताओं पर आजीवन प्रतिबंध लगाने की मांग की है। साथ ही देश के एमपी एमएलए कोर्ट में मामलों की सुनवाई में तेजी लाने की मांग की गई। सर्वोच्च न्यायालय ने 10 फरवरी को धारा 144 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिका पर केंद्र और चुनाव आयोग से जवाब मांगा था। इस याचिका का केंद्र ने विरोध किया है। केंद्र ने अपने हलफनामे में कहा कि जनप्रतिनिधि कानून 1951 की धारा 8 (1) के तहत दोषी नेताओं को दोषसिद्धि की तारीख से छह वर्षों के लिए या फिर जेल होने की स्थिति में रिहाई के बाद छह वर्षों तक अयोग्य ठहराया जा सकता है। केंद्र सरकार के हलफनामे में कहा गया है कि याचिकाकर्ता का संविधान के अनुच्छेद 102 और 191 पर इस मामले में भरोसा पूरी तरह से गलत है। संविधान के अनुच्छेद 102 और 191 संसद के किसी भी सदन, विधान सभा या विधान परिषद की सदस्यता के लिए अयोग्यता से संबंधित हैं। केंद्र ने कहा कि अनुच्छेद 102 और 191 के खंड (ई) संसद को अयोग्यता को नियंत्रित करने वाले कानून बनाने की शक्ति प्रदान करते हैं और इसी शक्ति का प्रयोग करते हुए 1951 का अधिनियम बनाया गया था।

# हैदराबाद की अवैध इंटरनेट फार्मेसी की करोड़ों की संपत्ति कुर्क, ड्रग्स तस्करी से जुड़े मामले में कार्रवाई

**खिलाफ**

**ईडी ने बताया कि जेआर इनफिनिटी प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ कार्रवाई की गई है।**

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बताया कि जेआर इनफिनिटी प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ ड्रग्स तस्करी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कार्रवाई की गई है। पीएमएलए के तहत फार्मेसी की मध्य प्रदेश में जमीन और करीब 8 करोड़ रुपये की बैंक जमा राशि कुर्क की है।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हैदराबाद की एक अवैध इंटरनेट फार्मेसी के खिलाफ ड्रग्स तस्करी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई की है। ईडी ने बुधवार को बताया कि जांच के तहत उसने मध्य प्रदेश में जमीन और करीब 8 करोड़ रुपये की बैंक जमा राशि कुर्क की है। ईडी ने बताया कि जेआर इनफिनिटी प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ कार्रवाई की गई है। ईडी के




अनुसार, हैदराबाद कार्यालय द्वारा धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत फार्मेसी, उसके प्रमोटर आशीष जैन और परिवार के सदस्यों की संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क करने का आदेश जारी किया है।

बता दें कि नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने जेआर इनफिनिटी प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ मई 2022 में शिकायत दर्ज की थी। फर्म पर अवैध इंटरनेट फार्मेसी चलाने का आरोप लगाया गया था। जिसके बाद मामले की ईडी ने जांच शुरू की। जांच के दौरान संघीय एजेंसी को अवैध इंटरनेट फार्मेसी चलाने की शिकायत सही मिली। ईडी ने बताया जेआर इनफिनिटी द्वारा अल्प्राजोलम, जोलपिडेम, लोराजेपम, क्लोनाजेपम, हाइड्रोकोडोन और ऑक्सीकोडोन जैसे साइकोट्रोपिक पदार्थों को टैबलेट के रूप में निर्यात किया जा रहा था। एजेंसी ने दावा किया कि फर्म ने टेलीमार्केटिंग कॉल सेंटर सेवाएं और %सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन सेवाएं प्रदान करने की आड़ में ऐसा किया। ईडी द्वारा उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों पर प्रतिक्रिया के लिए आरोपी या उसके परिवार से तुरंत संपर्क नहीं किया जा सका। ईडी का आरोप है कि जेआर इनफिनिटी के प्रमोटर आशीष जैन ने नारकोटिस्क डंग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंट एक्ट के प्रावधानों का उल्लंघन किया है। जैन ने विदेशी ग्राहकों को अवैध रूप से अल्प्राजोलम, ट्रामाडोल, डायजेपाम आदि जैसे साइकोट्रोपिक पदार्थों का निर्यात करने के लिए जेआर इनफिनिटी प्राइवेट लिमिटेड को शामिल किया। इस तरह जैन ने अपराध से आय अर्जित की।

ईडी ने जांच में पाया कि जेआर इनफिनिटी के शामिल होने से पहले ही आशीष जैन और पारिवारिक सदस्यों ने अपने बैंक खातों में 4.50 करोड़ रुपये का विदेशी धन प्राप्त किया। ये धन विदेशों में ड्रग्स की अवैध बिक्री करके प्राप्त किया गया था। ईडी के अनुसार, अपराध से अर्जित की गई 12.76 करोड़ रुपये की आय की पहचान की गई है। जिसका उपयोग आशीष जैन और उसके पारिवारिक सदस्यों ने फिक्स डिपोजिट (एफडी) और अचल संपत्तियों की खरीद के लिए किया था। ईडी के अनुसार, कुर्क की गई संपत्तियां जैन और उनके परिवार के सदस्यों के नाम पर मध्य प्रदेश के इंदौर में स्थित जमीन के रूप में हैं, जिसकी कीमत 6.52 करोड़ रुपये है।

## अभिनेता विजय ने मनाई टीवीके की पहली वर्षगांठ



**चेन्नई।** अभिनेता विजय की पार्टी टीवीके ने अपनी पहली सालगिरह मनाई, जिसमें प्रशांत किशोर भी शामिल हुए। विजय ने कहा कि पार्टी तमिलनाडु में एक प्रमुख राजनीतिक ताकत बनकर उभर रही है और 2026 में इतिहास रचने के लिए तैयार है। अभिनेता विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) ने बुधवार को अपनी पहली सालगिरह मनाई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जन सुराज के प्रमुख प्रशांत किशोर भी शामिल हुए। प्रशांत किशोर विजय के सलाहकार हैं, जिनका मकसद अगले विधानसभा में तमिलनाडु की दो प्रमुख द्रविड़ पार्टियों को सत्ता से बाहर करना है। इस मौके पर विजय ने कहा, हम तमिलनाडु की राजनीति में एक प्रमुख राजनीतिक ताकत बनकर उभर रहे हैं। हम 2026 में इतिहास रचने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं, जैसा 1967 और 1977 में हुआ था और हम अपने वैचारिक सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं करेंगे। चेन्नई में एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करते हुए विजय ने कहा कि राजनीति में न तो कोई स्थायी मित्र होता है और न ही स्थायी दुश्मन। उन्होंने कहा, यह राजनीति एक अलग स्तर पर है, क्योंकि हम नहीं जानते कि कब कोई हमारा समर्थन करेगा या कब कोई विरोध करेगा। हम इसका अनुमान नहीं लगा सकते। इसीलिए कहा गया है कि राजनीति में न तो कोई स्थायी दोस्त होता है और न ही कोई स्थायी दुश्मन। तीन भाषाओं की नीति पर उठे हालिया विवाद को लेकर विजय ने कहा, राज्य और केंद्र सरकार इस मुद्दे पर बच्चों की तरह लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, राज्य सरकार का शिक्षा का बजट रोक दिया गया है।

# केंद्र ने बीते 10 वर्ष में अदालती मामलों पर खर्च किए 400 करोड़ रुपये, सरकारी आंकड़ों से खुलासा



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने पिछले दस वर्षों में अदालती मामलों पर 400 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए हैं। इसके अलावा, सरकार लगभग सात लाख मामलों में पक्षकार है। लंबित मामलों का समाधान करने के लिए सरकार एक राष्ट्रीय मुकदमेबाजी नीति पर काम कर रही है। सरकार ने बीते दस वर्षों के दौरान अदालती मामलों पर 400 करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च किए। यह जानकारी सरकारी आंकड़ों में सामने आई। केंद्र सरकार ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में मुकदमों पर 66 करोड़ रुपये खर्च किए, जो पिछले वित्तीय वर्ष से नौ करोड़ रुपये अधिक थे। आंकड़ों के मुताबिक 2014-15 के बाद से मुकदमों पर खर्च लगातार बढ़ा है, सिवाय उन दो वर्षों के जब कोरोना महामारी अपने चरम पर थी। वित्तीय वर्ष 2014-15 में मुकदमों पर खर्च 26.64 करोड़ रुपये था, जबकि 2015-16 में यह बढ़कर 37.43 करोड़ रुपये हो गया था। 2014-15 से लेकर 2023-24 तक सरकार ने मुकदमों पर 409 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए हैं।


इसके अलावा, कानून मंत्रालय ने इस महीने की शुरुआत में राज्यसभा में बताया कि केंद्र सरकार करीब सात लाख मामलों में पक्षकार है, जिसमें से वित्त मंत्रालय अकेले करीबी दो लाख मामलों में पक्षकार है। कानूनी सूचना प्रबंधन एवं वार्ता प्रणाली (एलआईएमबीएस) के आंकड़ों का हवाला देते हुए काननून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा, करीब सात लाख मामलों में भारत सरकार पक्षकार है। इनमें 1.9 लाख मामलों में वित्त मंत्रालय पक्षकार है।

सरकार एक राष्ट्रीय मुकदमेबाजी नीति पर काम कर रही है, जिसका मकसद लंबित मामलों का शीघ्र समाधान करना है। प्रस्तावित नीति का मसौदा केंद्रीय कैबिनेट के पास अंतिम निर्णय के लिए जाएगा। यह नीति कई वर्षों से से तैयार की जा रही है, जिसमें विभिन्न सरकारें इसके ढांचे पर चर्चा कर चुकी हैं।

# कैबिनेट के नए चेहरों में सुनील कुमार सबसे अमीर

**शपथ**

**बिहार में बुधवार को नीतीश कुमार सरकार का कैबिनेट विस्तार हुआ। नीतीश कुमार की कैबिनेट में कुल सात विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली।**




**नई दिल्ली।** बिहार में बुधवार को नीतीश कैबिनेट का विस्तार हुआ। इस विस्तार में भाजपा कोटे से सात मंत्रियों ने शपथ ली। इस विस्तार के जरिए पार्टी ने जातीय समीकरणों का विशेष ध्यान रखा है। बिहार में बुधवार को नीतीश कुमार सरकार का कैबिनेट विस्तार हुआ। नीतीश कुमार की कैबिनेट में कुल सात विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली। ये सभी मंत्री भाजपा कोटे से बनाए गए हैं। इनमें दरभंगा जिले से दो मंत्रियों को जगह मिली है। इसी तरह तिरहुत प्रमंडल से दो मंत्री बनाए गए हैं। इसके अलावा पटना, पूर्णिया और सारण प्रमंडल से एक-एक मंत्री को नीतीश कैबिनेट में जगह मिली है। जिन सात चेहरों को नीतीश कैबिनेट में जगह मिली है उनमे अररिया जिले की सकटी विधानसभा सीट से विधायक विजय कुमार मंडल, दरभंगा जिले की जाले सीट से विधायक जीवेश मिश्रा और दरभंगा जिले की ही दरभंगा सीट से विधायक संजय सरावगी, सीतामढ़ी जिले की रीगा सीट से विधायक मोतीलाल प्रसाद, मुजफ्फरपुर जिले की साहेबगंज से विधायक राजू कुमार सिंह, नालंदा जिले की बिहारशरीफ सीट से विधायक डॉ. सुनील कुमार और सारण जिले की अमनौर सीट से विधायक कृष्ण कुमार मंटू शामिल हैं। जिन सात मंत्रियों को बुधवार को शपथ दिलाई गई उनके जरिए भाजपा ने सभी जातियों को साधने की कोशिश की है। इन मंत्रियों में एक राजपूत, एक भूमिहार, एक कुर्मी, एक केवट, एक कुशवाह, एक तेली और मारवाड़ी समाज से आते हैं। मंत्री बनाए गए विधायकों में कुर्मी जाति के कृष्ण कुमार मंटू, केवट जाति के विजय मंडल, राजपूत जाति के राजू सिंह, भूमिहार जाति के जीवेश मिश्रा, कुशवाहा जाति के सुनील कुमार, तेली जाति के मोतीलाल प्रसाद और मारवाड़ी समाज के संजय सारावगी शामिल हैं। ऐसी अटकलें थीं कि भाजपा राजद के परंपरागत यादव वोटबैंक में सेंध लगाने के लिए यादव जाति के किसी विधायक को भी मंत्रिमंडल में शामिल कर सकती है, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इस विस्तार में पार्टी ने अगड़ी जातियों से तीन नेताओं को मौका दिया। वहीं, चार पिछड़ी जाति के नेताओं ने शपथ ली। सात नए मंत्रियों में दो कृष्ण कुमार मंटू और विजय कुमार मंडल 10वीं पास हैं। इसी तरह मोती लाल प्रसाद 12वीं पास हैं। डॉक्टर सुनील कुमार के पास एमबीबीएस की डिग्री है। संजय सरावगी और जिबेश कुमार स्नाकोत्तर हैं। वहीं, राजू सिंह ने पीएचडी की है।

नए मंत्रियों में डॉक्टर सुनील कुमार सबसे अमीर हैं। उनके पास कुल 11.35 करोड़ की संपत्ति है। नए मंत्रियों में सभी करोड़पति हैं। इनें सबसे कम संपत्ति मोतीलाल प्रसाद के पास है। उन्होंने 2020 के चुनाव में अपने चुनावी हलफनामे में कुल 1.10 करोड़ की संपत्ति बताई थी।

बुधवार को शपथ लेने वाले सातों मंत्रियों ने 2020 के चुनावी हलफनामे में अपने ऊपर आपराधिक मामले दर्ज होने की जानकारी दी है। इनमें सबसे ज्यादा 10 मामले राजू सिंह पर दर्ज थे।

## होली विशेष ट्रेनें शुरू करने में जुटा रेलवे, इन राज्यों के बीच शुरू हो सकती है 700 से ज्यादा ट्रेनें

**नई दिल्ली।** रेलवे से जुड़े सूत्रों होली पर यात्रियों की सहूलियत को ध्यान में रखकर भारतीय रेलवे की तरफ से करीब 700 अतिरिक्त स्पेशल ट्रेनें चलाने का फैसला लिया गया है। इन ट्रेनों को यूपी, महाराष्ट्र, दिल्ली, वेस्ट बंगाल, कर्नाटक, तमिलनाडु और मध्य प्रदेश आदि राज्यों के बीच चलाया जाएगा।

प्रयागराज महाकुंभ का आज आखिरी दिन है। पिछले 44 दिन में 65 करोड़ श्रद्धालु डुबकी लगा चुके हैं। महाशिवरात्रि पर्व स्नान के साथ ही 45 दिनों तक चले महाकुंभ का समापन हो जाएगा। इसी बीच अब भारतीय रेलवे ने होली के त्योहार को देखते हुए तैयारियां शुरु कर दी है। होली के त्योहार पर हजारों लोग अपने घर जाते है। इसे देखते हुए रेलवे ने कुछ स्पेशल ट्रेनें चलाने की घोषणा की है।

# पूर्वी थाईलैंड में पलटी चार्टर्ड बस; दुर्घटना में 18 लोगों की मौत, 31 घायल




**बैंकॉक।** पूर्वी थाईलैंड में एक चार्टर्ड बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में 18 लोगों की मौत हो गई और 31 अन्य लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पूर्वी थाईलैंड में बुधवार सुबह एक चार्टर्ड बस अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना में 18 लोगों की मौत हो गई, जबकि 31 अन्य लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सड़क दुर्घटना प्राचीन बुरी प्रांत में उस समय हुई, जब बस उत्तरी थाईलैंड से तटीय रेयोंग प्रांत की यात्रा कर रही थी। बस में एक दल सवार था, जो नगरपालिका अध्ययन दौरे पर निकला था। परिवहन विभाग ने कहा कि वह इस सड़क दुर्घटना की जांच में पुलिस के साथ समन्वय करेगा। साथ ही सभी यात्री वाहनों की जांच तेज की जाएगी, जिससे कि यह सुनिश्चित हो सके कि वे सुरक्षा मानकों को पूरा करते हैं या नहीं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, थाईलैंड में सड़क सुरक्षा एक बड़ी समस्या है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, सड़क दुर्घटना में मौतों के मामले में थाईलैंड 175 सदस्य देशों में से 9वें स्थान पर है। इसकी जानकारी पिछले साल अक्तूबर में तब हुई, जब एक स्कूल बस में भीषण आग लग गई और हादसे में 23 युवा छात्रों सहित शिक्षकों की मौत हो गई। सभी स्कूल के फील्ड ट्रिप पर गए थे। इस दुर्घटना के पीछे संदेह जताया गया था कि बस में आग रखरखाव और निरीक्षणों की लापरवाही के चलते लगी है। दिसंबर 2023 में, पश्चिमी प्रांत प्राचुआप खीरी खान में एक और बस दुर्घटना हुई। 49 लोगों से भरी बस सड़क से उतरकर एक पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में 14 लोगों की मौत हो गई और 30 से ज्यादा लोग घायल हो गए। पुलिस ने हादसे के पीछे ड्राइवर के सोने की संभावना जताई थी।

## रूस समर्थक बोस्नियाई सर्ब राष्ट्रपति मिलोराद डोडिक जाएंगे जेल, राजनीति पर छह साल का प्रतिबंध

**सरजेवो।** बोस्निया की एक अदालत ने बुधवार को रूस समर्थक बोस्नियाई सर्ब राष्ट्रपति मिलोराद डोडिक को एक साल की सजा सुनाई और उन्हें छह साल के लिए राजनीति से प्रतिबंधित कर दिया। बोस्निया की एक अदालत ने बुधवार को रूस समर्थक बोस्नियाई सर्ब राष्ट्रपति मिलोराद डोडिक को एक साल की सजा सुनाई और उन्हें छह साल के लिए राजनीति से प्रतिबंधित कर दिया। उन्हें यह सजा उनकी अलगाववादी गतिविधियों को लेकर सुनाई गई है।


सरजेवो की अदालत का यह ऐतिहासिक फैसला एक साल की लंबी सुनवाई के बाद आया है। डोडिक पर आरोप था कि उन्होंने बोस्निया में शांति बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय शांति दूत की बातों को नजरअंदाज किया। सजा सुनाए जाने के समय डोडिक और उनके वकील अदालत में मौजूद नहीं थे।

# उत्तर कोरिया ने विदेशी पर्यटकों के लिए दरवाजे खोले

**समूह**

**उत्तर कोरिया ने अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए दरवाजे खोल दिए हैं। पिछले सप्ताह विदेशी पर्यटकों के एक छोटे समूह ने उत्तर कोरिया का दौरा किया।**

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने पांच साल बाद अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के लिए अपने दरवाजे खोल दिए हैं। 13 विदेशी पर्यटकों के एक समूह ने पिछले सप्ताह उत्तर कोरिया की यात्रा की, जिन्होंने 20 से 24 फरवरी तक रासोन शहर का दौरा किया। विशेषज्ञों का मानना है कि उत्तर कोरिया अपनी कमजोर अर्थव्यवस्था को सुधारने की तैयारी कर रहा है। उत्तर कोरिया ने अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए दरवाजे खोल दिए हैं। पिछले सप्ताह विदेशी पर्यटकों के एक छोटे समूह ने उत्तर कोरिया का दौरा किया। यह समूह पिछले पांच वर्षों में उत्तर कोरिया का दौरा करने वाला पहला समूह बन गया। हालांकि, इससे पहले एक छोटे से रूसी पर्यटकों के समूह ने पिछले वर्ष उत्तर कोरिया की यात्रा की थी। विशेषज्ञों का मानना है कि विदेशी पर्यटकों की यह यात्रा उत्तर कोरिया के लिए कई मायनों में महत्वपूर्ण है, क्योंकि उत्तर कोरिया अपनी कमजोर अर्थव्यवस्था को सुधारने के लिए अंतरराष्ट्रीय पर्यटन को फिर से शुरू करने के लिए तैयारी कर रहा है, क्योंकि देश को विदेशी मुद्रा की आवश्यकता है। बीजिंग की ट्रैवल कंपनी कोरयो टूर्स ने कहा कि 13 अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों का एक समूह उत्तर कोरिया की यात्रा पर है। उसने 20 से 24 फरवरी तक समूह के लिए रासोन शहर में यात्रा की व्यवस्था की, जो देश का विशेष आर्थिक क्षेत्र है। ट्रैवल एजेंसी के महाप्रबंधक साइमन कॉकरेल के अनुसार, विदेशी पर्यटकों में यूके, कनाडा, ग्रीस, न्यूजीलैंड, फ्रांस, जर्मनी, ऑस्ट्रिया, ऑस्ट्रेलिया, और इटली के यात्री शामिल हैं, जो चीन से जमीन के रास्ते उत्तर कोरिया पहुंचे हैं। साइमन ने बताया कि पर्यटकों ने रासोन में कारखानों, दुकानों, स्कूलों और किम इल सुंग तथा किम जोंग इल



(वर्तमान नेता किम जोंग उन के दिवंगत दादा एवं पिता) की मूर्तियों का दौरा किया। कॉकरेल ने बताया कि उत्तर कोरिया जनवरी 2020 से अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के लिए बंद है, लेकिन अब यात्रा फिर से शुरू होने की उम्मीद है। कोरोना महामारी शुरू होने के बाद, उत्तर कोरिया ने दुनिया के सबसे सख्त कोविड-19 प्रबंध लगाए थे, जिसके तहत विदेशी पर्यटकों को देश में प्रतिबंधित कर दिया गया था। इसके अलावा, राजनयिकों को देश से बाहर निकाल दिया और सीमा यातायात को भी कम कर दिया। हालांकि, 2022 से उत्तर कोरिया धीरे-धीरे सीमाएं खोल रहा है। फरवरी 2024 में, उत्तर कोरिया ने लगभग 100 रूसी पर्यटकों को स्वीकार किया, जो विदेशी पर्यटकों का पहला समूह था। विशेषज्ञों का मानना है कि उत्तर कोरिया और रूस के बीच संबंध मजबूत हो गए हैं, क्योंकि उत्तर कोरिया ने यूक्रेन के खिलाफ युद्ध का समर्थन किया है। साथ ही रूस को हथियार और सैनिक भी मुहैया कराए हैं। इसके अलावा, उत्तर कोरिया और चीन के संबंधों में भी नरमी आई है, क्योंकि चीन ने उत्तर कोरिया और रूस के साथ तीन-तरफा, अमेरिका विरोधी गठबंधन में शामिल होने में अनिच्छा दिखाई है। दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी द्वारा संचालित थिंक टैंक इंस्टीट्यूट फॉर नेशनल सिक्योरिटी स्ट्रैटेजी के विशेषज्ञ ली सांगक्यून ने कहा कि उत्तर कोरिया अब अंतरराष्ट्रीय पर्यटन को फिर से शुरू करना चाहता है, लेकिन यात्रा पर कुछ प्रतिबंध जैसे स्थानीय गाइड के साथ यात्रा करना और संवेदनशील स्थानों पर फोटो खींचने पर पाबंदी, पर्यटन को प्रभावित कर सकते हैं।

# महाकुंभ परंपरा और प्रौद्योगिकी का संगम, हार्वर्ड के प्रोफेसर्स भी अध्यात्मिक आयोजन के हुए मुरीद

**आयोजन**

**अमेरिका के शहर न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने एक कार्यक्रम का आयोजन किया।**




**न्यूयॉर्क।** प्रोफेसर्स ने कार्यक्रम के दौरान साल 2013 के महाकुंभ के अपने अनुभव साझा किए और इस साल के आयोजन के विभिन्न आयामों जैसे आध्यात्मिकता, प्रौद्योगिकी, प्रशासन और परंपरा-तकनीक और अर्थव्यवस्था के संगम पर चर्चा की। विश्व प्रसिद्ध हार्वर्ड विश्वविद्यालय के प्रोफेसर भी दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक समागम महाकुंभ आयोजन के मुरीद हो गए हैं। उनका कहना है कि महाकुंभ न सिर्फ आध्यात्मिकता बल्कि वाणिज्य के आध्यात्मिकता से मिलन और परंपरा और तकनीक के संगम का उदाहरण भी है। बुधवार को महाशिवरात्रि के स्नान के साथ ही इस महा आयोजन का समापन भी हो जाएगा। अमेरिका के शहर न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने एक कार्यक्रम का आयोजन किया। इनसाइट फ्रॉम वर्ल्ड लार्जेस्ट स्प्रिचुअल गैदरिंग- महाकुंभ नाम से आयोजित इस चर्चा में हार्वर्ड विश्वविद्यालय के बिजनेस स्कूल के प्रोफेसर पाउलो लेमन, हार्वर्ड के डिविनिटी स्कूल की प्रोफेसर डायना ईसीके, प्रोफेसर तरुण खन्ना और हार्वर्ड बिजनेस स्कूल की प्रोफेसर तियोना जुजुल शामिल हुईं। प्रोफेसर्स ने साल 2013 के महाकुंभ के अपने अनुभव साझा किए और इस साल के आयोजन के विभिन्न आयामों जैसे आध्यात्मिकता, प्रौद्योगिकी, प्रशासन और परंपरा-तकनीक और अर्थव्यवस्था के संगम पर चर्चा की। प्रोफेसर तरुण खन्ना ने कहा कि वह निजी तौर पर इस बात से हैरान होते हैं कि महाकुंभ परंपरा और प्रौद्योगिकी का संगम है और इसी तरह से कोई समाज विकसित होता है। महाकुंभ में धर्म और तकनीक मिलते हैं। उन्होंने महाकुंभ में सफाई व्यवस्था की जमकर तारीफ की। प्रोफेसर डायना ईसीके ने बेहद कम समय में महाकुंभ मेला क्षेत्र को बनाए जाने और उसमें सभी आधुनिक सुविधाएं देने की तारीफ की।

# सूडान में विमान हादसा, दुर्घटना का शिकार हुआ सैन्य विमान

**काहिरा।** सेना के बयान के मुताबिक, दुर्घटना में सैन्यकर्मी और नागरिक मारे गए हैं। हालांकि, यह नहीं बताया गया कि अब तक कितने लोगों के मारे जाने की सूचना है। इसमें यह भी नहीं बताया गया कि दुर्घटना किस कारण से हुई। सूडान का एक सैन्य विमान ओमदुरमान शहर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में कम से कम 49 लोगों की मौत हो गई। सैन्य और स्वास्थ्य अधिकारियों ने बुधवार को एक संक्षिप्त बयान में बताया कि एंटोनोव विमान मंगलवार को ओमदुरमान के उत्तर में वादी सईदना एयरबेस से उड़ान भरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। ओमदुरमान राजधानी खार्तूम की सिस्टर सिटी है। सेना के बयान के मुताबिक, दुर्घटना में सैन्यकर्मी और नागरिक मारे गए हैं। हालांकि, यह नहीं बताया गया कि अब तक कितने लोगों के मारे जाने की सूचना है। इसमें यह भी नहीं बताया गया कि दुर्घटना किस कारण से हुई। इस बीच स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि कम से कम 46 लोग मारे गए, जिनके शवों को ओमदुरमान के नाउ में स्थानांतरित कर दिया गया है। अस्पताल में दो छोटे भाई-बहनों सहित पांच घायल नागरिक भी भर्ती थे।

सूडान 2023 से गृहयुद्ध की स्थिति में है, जब सेना और एक कुख्यात अर्धसैनिक समूह रैपिड सपोर्ट फोर्स के बीच तनाव खुले युद्ध में बदल गया। संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय अधिकार समूहों के अनुसार, लड़ाई ने शहरी इलाकों को तबाह कर दिया है। हाल के महीनों में युद्ध तेज हो गया है, क्योंकि सेना खार्तूम और देश के अन्य हिस्सों में आरएसएफ के खिलाफ लगातार आगे बढ़ रही है।

# सैकड़ों कैदियों के बदले चार इस्राइली के शव सौंपेगा हमास; इसी हफ्ते खत्म हो रहा समझौता

**तेल अवीव।** स्राइल और हमास ने सैकड़ों फलस्तीनियों को रिहा करने के लिए मृत बंधकों के शव सौंपने के समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। हमास ने कहा- उसके एक अधिकारी के मिस्र दौरे पर इस समझौते पर सहमति बनी। इस समझौते से चार और मृत बंधकों के शव लौटाने और कई कैदियों की रिहाई का रास्ता साफ होगा। इस्राइल और हमास के बीच संघर्ष विराम के पहले चरण की समाप्ति से कुछ दिन पहले ही हमास सैकड़ों फलस्तीनी कैदियों की रिहाई के बदले में गुरुवार को चार मृत इस्राइली बंधकों के शव लौटाएगा। इस्राइल ने हमास की तरफ से बंधकों की रिहाई के दौरान उनके साथ किए गए क्रूर व्यवहार के विरोध में शनिवार से लगभग 600 फलस्तीनी कैदियों की रिहाई में देरी की थी। इस पर हमास ने कहा है कि हमास ने कहा है कि यह देरी उनके संघर्ष विराम का गंभीर उल्लंघन है और जब तक फलस्तीनियों को रिहा नहीं किया जाता, तब तक दूसरे चरण पर बातचीत संभव नहीं है। हमास के प्रवक्ता अब्दुल लतीफ अल-क़ानू ने बुधवार को बताया कि हमास अगले दिन चार इस्राइलियों के शव सौंप देगा। इसके बदले में, इस्राइल फलस्तीनी कैदियों को




रिहा करेगा, साथ ही 7 अक्तूबर, 2023 को इस्राइल पर हमास के हमले के बाद से हिरासत में लिए गए भारी संख्या में महिलाओं और नाबालिगों को भी रिहा करेगा। एक इस्राइली अधिकारी ने पुष्टि की कि चार बंधकों के शव सौंपे जाने की उम्मीद है, लेकिन उन्होंने कोई और विवरण नहीं दिया। अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर जानकारी साझा की। इस्राइल और हमास ने मंगलवार को पहले ही कहा था कि बंधकों के शव लौटाने के लिए एक समझौता हो गया है, लेकिन कोई तारीख घोषित नहीं की गई थी। हमास ने बंधकों और चार मृत बंधकों के शवों को बड़े सार्वजनिक समारोहों में रिहा किया है, जिसके दौरान इस्राइलियों को परेड करवाई गई और बड़ी भीड़ के सामने हाथ हिलाने के लिए मजबूर किया गया। इसे इस्राइल, रेड क्रॉस और संयुक्त राष्ट्र ने अपमानजनक करार दिया था। नया समझौता युद्धविराम के पहले चरण के दोनों पक्षों के दायित्वों को पूरा करेगा - जिसके दौरान हमास लगभग 2,000 फलस्तीनी कैदियों के बदले में आठ शवों समेत 33 बंधकों को लौटा रहा है।मसंयुक्त राज्य अमेरिका, मिस्र और कतर की तरफ से मध्यस्थता किए गए युद्ध विराम ने 15 महीने की भीषण लड़ाई को समाप्त कर दिया, जो हमास के 7 अक्तूबर, 2023 के हमले के बाद शुरू हुई थी, जिसमें इज़राइल में लगभग 1,200 लोग मारे गए थे और लगभग 250 लोगों को बंधक बना लिया गया था। फलस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, इस्राइल के सैन्य हमले में 48,000 से अधिक फलस्तीनी मारे गए हैं, गाजा की अनुमानित 90 प्रतिशत आबादी विस्थापित हुई है और क्षेत्र के बुनियादी ढांचे और स्वास्थ्य प्रणाली को नष्ट कर दिया है।

# स्वयंसेवकों ने घोषवादन के साथ किया पथ संचलन

- महाशिवरात्रि पर स्वयंसेवको ने किया घोष वादन व पथ संचलन



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर (शाहगंज)।** महाशिवरात्रि के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, शाहगंज के द्वारा अखिल भारतीय घोष दिवस पर स्वरांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने घोष का वादन किया तथा नगर में पथ संचलन किया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य वक्ता के जौनपुर विभाग के कार्यवाह डॉ. नितेश ने कहा कि भारतवर्ष में प्राचीन काल घोष वादन की परंपरा रही है। युद्ध के प्रारंभ व संचालन में घोष से रणभेरी होती थी। संघ ने अपने स्वयंसेवकों को प्रेरित करने के लिए तथा अपने शारीरिक कार्यक्रमों की गुणवत्ता के लिए घोष को अपने कार्यक्रम में सम्मिलित किया। भगवान शंकर ने अपने डमरू से जब चौदह बार बजाया तो उससे जो सूत्र व स्वर निकला, उससे व्याकरण और संगीत के स्वर विकसित हुए। इसी भावना से प्रेरित होकर महाशिवरात्रि को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अखिल भारतीय घोष दिवस के रूप में मनाता है। घोष संघ की शारीरिक रचना का अभिन्न अंग है। वर्तमान में लगभग पूरे भारत वर्ष में 70000 से अधिक स्वयंसेवक में घोष का वादन करते हैं। 1982 में आयोजित एशियाड खेलों में संघ के द्वारा विकसित शिवराज रचना का नौसेना के द्वारा वादन किया गया। संघ केवल व्यक्तियों का समूह ही नहीं है बल्कि ऐसे के व्यक्तियों का समूह है कदम से कदम और स्वर से स्वर मिलाकर चलने वालो का संगठन है। इस अवसर पर नगर संघचालक दिलीप नगर सहसंघ चालक राम, विभाग शारीरिक शिक्षण प्रमुख वीरेंद्र, जिला प्रचारक रजत, जिला सह शारीरिक शिक्षण प्रमुख मुकेश नगर कार्यवाह हनुमान, विनय, रूपेश जी व अन्य स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# वर्दी पहनकर फर्जी उपनिरीक्षक बनकर घूमते हुए किया गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर)।** स्थानीय पुलिस ने बुधवार को एक महिला को उपनिरीक्षक की वर्दी पहनकर घूमते हुए रामचौकी मार्ग से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

थानाध्यक्ष विनोद कुमार मिश्रा को जानकारी मिली कि एक महिला पुलिस विभाग के उपनिरीक्षक की वर्दी पहनकर आने जाने वाले रहागीरो पर रोब दिखा रही है।पुलिस द्वारा रामचौकी गाँव जाने वाले रोड पर महिला को रोककर पूछताछ किया गया व पहने हुए वर्दी व चाल ढाल से पुलिस न लगने पर पूछताछ किया गया तो उसने अपना नाम नूरजहां पुत्री अली शेर खाँ निवासी ग्राम जगदीशपुर, कटरा गुलाब सिंह, थाना जेठवारा, जनपद प्रतापगढ़ बतायी। पुलिस द्वारा कड़ाई से पूछताछ की गई तो तो वह अपनी गलती की बार बार माफी मागने लगी। पुलिस ने उसे फौरन गिरफ्तार कर लिया इस दौरान भारी भीड़ भी एकत्र हो गई। पुलिस ने वर्दी पेटी के साथ अन्य सामग्री भी बरामद किया है। इस बाबत थानाध्यक्ष विनोद कुमार मिश्र का कहना है कि पुलिस की वर्दी पहनकर महिला धूम रही थी। पकड़े जाने पर वह माफी मांगी लेकिन मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

## महाकुम्भ का वीएमडी अलर्ट से क्राउड मैनेजमेंट

**महाकुम्भनगर।** महाकुम्भ के अंतिम पावन स्नान पर्व महाशिवरात्रि के लिए देश विदेश के श्रद्धालु मंगलवार की रात से ही महाकुम्भनगर पहुंचने लगे। महाशिवरात्रि के महापर्व पर श्रद्धालुओं की आस्था अपने शिखर पर नजर आई, जिसके फलस्वरूप दोपहर 12 बजे तक पवित्र संगम में एक करोड़ लोगों ने स्नान कर लिया। श्रद्धालुओं के इतने बड़े जनसागर के संगम तक पहुंचने और पवित्र स्नान के बाद उनकी सुरक्षित वापसी के लिए मंगलवार रात से ही मेला क्षेत्र में बड़े बड़े वैरिएबल मैसेजिंग डिस्प्ले (वीएमडी) पर जरूरी संदेश प्रसारित किए जाने लगे। क्राउड मैनेजमेंट को लेकर सजगता बरतते हुए प्रशासन ने सभी श्रद्धालुओं के सुगम स्नान का मार्ग प्रशस्त किया। सीएम योगी आदित्यनाथ के विशेष निर्देश पर महाकुम्भनगर प्रशासन ने देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पूरे मेला क्षेत्र में व्यापक इंतजाम किए थे। जिससे उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए।

# हर हर महादेव के नारों से गूंजता रहा त्रिलोचन महादेव का दरबार



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** महाशिवरात्रि का पर्व बुधवार को धूमधाम से मनाया गया। शिव मंदिरों में जलाभिषेक के लिए सुबह से ही लोगों की भीड़ उमड़ी रही। हर-हर महादेव व ओम नमः शिवाय के जयकारे से दिनभर शिवालय गूंजते रहे। बेलपत्र, धतूर, बेर, गन्ना, दूध, भांग मंदार, व फुल माला आदि चढ़ाकर भक्तों ने आदि देव भगवान महादेव की पूजा अर्चना की। मंदिरों पर भजन कीर्तन और मेले का भी आयोजन किया गया। घंटा घड़ियाल से देर शाम तक शिवालय गूंजते रहे। दोपहर के समय बैंड बाजे के साथ भगवान शंकर की भव्य बारात और शोभायात्रा निकाली गई। त्रिलोचन महादेव मंदिर में दर्शन पूजन करने के लिए लोगों की लम्बी लाइन लगी रहीं। भोर से ही लोगों के आने का सिलसिला शुरू हुआ तो शाम तक चलता रहा। दर्शन पूजन मुहुर्त के हिसाब से भी लोगों ने किया। कई लोगों ने पोखरे के घाटों पर बैठकर अभिषेक कराया। सुरक्षा की दृष्टि से एसपी सीटी और जलालपुर थानाध्यक्ष व अन्य थाने की पुलिस व थानाध्यक्ष लगाएं गए थे।जो सुरक्षा की दृष्टि से लगातार भ्रमण करते रहे। त्रिलोचन महादेव की विशेष मान्यता है ।यहां पर लाखों लोगों ने दर्शन कर माथा टेका लोगों का मानना है कि महादेव के दरबार में जो भी कोई अपनी मन्नत लेकर आया। उसका पूरा अवश्य हुआ स्वयंभू के नाम से भी प्रसिद्ध है। शिव भक्तों ने भगवान शिव का विभिन्न तरह से अभिषेक की और सुख समृद्धि की कामना की।

## मुझे विश्वास है कि सभी जिज्ञासाओं का मिलेगा उत्तर



**प्रयागराज।** प्रीति जिंटा ने अपनी पोस्ट में आगे लिखा कि क्या मैं अपने परिवार, अपने बच्चों और अपने प्रियजनों को छोड़ने के लिए तैयार हूं? नहीं! मैं तैयार नहीं हूं! यह बहुत ही भावुक और विनम्र करने वाला होता है जब आपको यह अहसास होता है कि आसक्ति के तार मजबूत और शक्तिशाली हैं और चाहे आपकी आसक्ति कुछ भी हो, आखिरकार आपकी आध्यात्मिक यात्रा और आगे की यात्रा अकेले ही होगी! मैं इस धारणा के साथ वापस आयी कि हम आध्यात्मिक अनुभव वाले मनुष्य नहीं हैं बल्कि आध्यात्मिक प्राणी हैं जो मानवीय अनुभव कर रहे हैं। इसके आगे मुझे नहीं पता, लेकिन मुझे विश्वास है, मेरी जिज्ञासा निश्चित रूप से उन सभी उत्तरों की ओर मार्ग प्रशस्त करेगी जिनकी मुझे तलाश है... तब तक, हर हर महादेव।

# अन्तर्जनपदीय गिरोह का पर्दाफाश

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** महाकुम्भ मेला प्रयागराज व विभिन्न जनपदों में चोरी व छिनैती करने वाले अन्तर्जनपदीय गिरोह का पदार्फाश कर पुलिस ने मुठभेड़ के बाद छिनैती गैंग के सक्रिय दो सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी के लाखों रुपये के जेवरात, नकदी, तमंचा, कारतूस, बाइक आदि सामान बरामद किया है। सिधारी थाने के प्रभारी निरीक्षक शशिचन्द चौधरी, प्रभारी निरीक्षक तरवा कमलेश कुमार वर्मा व प्रभारी स्वाट नन्द तिवारी की संयुक्त पुलिस टीम ने मिली एक गोपनीय सूचना के आधार पर इटौरा मार्ग पुलिया के निकट छापेमारी की। इस दौरान हुई मुठभेड़ में पुलिस ने चोरी, छिनैती गैंग के सक्रिय अपराधी कमलेश लोना पुत्र घुरे नोना निवासी शाहपुर फिरो थाना जलालपुर जनपद अम्बेडकरनगर पुलिस की गोली से घायल हो गया। वही गोविन्द वर्मा पुत्र सकून वर्मा निवासी चनि थाना रानीपुर जनपद मऊ को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से तमंचा, कारतूस, बाइक, छिनैती के कुल 2,09,400 नगद, 65.36 ग्राम पीली धातू कीमत लगभग 5,78,000/- व मोबाइल फोन बरामद किया। एसपी हेमराज मीना ने बताया कि पिछले दिनों जिले के 3 थाना क्षेत्र सिधारी, बरदह व तरवा में छिनैती की घटना हुई थी। पुलिस इनकी गिरफ्तारी में जुटी थी। आज मुठभेड़ के बाद चोरी व छिनैती गैंग के दो सक्रिय सदस्य गिरफ्तार किए गए है। इनके पास से तमंचा, पौने 6 लाख कीमत का सोना, छिनैती के जेवरात आदि बरामद हुए है। इनके तीन साथियों की तलाश की जा रही है। ये सभी महाकुंभ में श्रद्धालुओं से जेवरात की छिनैती व चोरी किए थे और उसे लाकर गिरफ्तार सकून वर्मा को बेचे थे। आजमगढ़ में तीन थाना क्षेत्रो में चार घटनाओं को अंजाम दिए थे। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार गोविंद वर्मा छिनैती गैंग के संपर्क में लगातार था । ये इनके द्वरा लाये गए जेवरात को गला कर दूसरे ज्वेलर को बेचकर उनसे जेवरात लेता था।

# सबा कॉन्वेंट स्कूल के वार्षिक उत्सव में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दिखाई प्रतिभा

**अवधनामा संवाददाता**



**मुबारकपुर, आजमगढ़।** रेशमी नगरी के मुबारकपुर के प्रसिद्ध सबा कॉन्वेंट स्कूल में मंगलवार की शाम को दूसरी ब्रांच भटौरा में 21 वां वार्षिकोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया जो देर रात संपन्न हुआ। .

स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का दिल को जित लिया, वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं ने बॉयज पिरामिड, भगत सिंह, कॉमेडी, महिला सशक्तिकरण, सहित देश भक्ति गीत कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुबारकपुर थाना प्रभारी निहार नंदन कुमार, अजेंद्र राय,सैय्यद अनीसुल हक साहब रहे।

इस दौरान मुख्यअतिथि निहार नंदन कुमार ने कहा की जिस तरह से यहाँ के बच्चों ने अपनी उत्सुकता से प्रतिभा दिखाई है मैं उन बच्चों के अभिभावकों और टीचर्स को ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। और साथ ही स्कूल के मैनेजर प्रिंसिपल को भी बधाई देता हूं।

वहीँ सबा कॉन्वेंट स्कूल के मैनेजर अफरोज अहमद ने कहा की सबा कॉन्वेंट स्कूल की दूसरी ब्रांच भटौरा में 21 वां वार्षिकोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया कार्यक्रम का नाम परवाज था। उन्होंने कहा की आज के कार्यक्रम में बच्चों ने बहुत शानदार प्रस्तुति पेश किया है मैं बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ और सभी अभिभावकों का धन्यवाद देता हूँ जो हमारे स्कूल के लिए उनका हमेशा सहयोग रहता है। साथ ही उन्होंने ने अपने स्कूल के सभी टीचर्स और स्टाफ का आभार प्रकट किया।

इस अवसर पर शगूफा नाज, अंसारी नेयाजी, कवीता सुब्बा, शहनाज, अर्पिता सिंह, सैय्यद वजीउल हक,शाहिद जमाल,गुफरान अहमद,शमीम अख्तर, डॉक्टर जावेद कमर, डक्टर खुशरू, हाजी अबु बकर, रिजवान अंसारी,हाजी सुलेमान शम्शी, परवीन सिंह, आलमगीर आदि।

## संक्षिप्त समाचार

### जनकल्याण हेतु शिवालय पर अखंड रामायण पाठ एवं रूद्राभिषेक प्रारम्भ



**जौनपुर (महराजगंज)** पूरे देश में जहां शिवरात्रि के पावन अवसर पर लोग शिव मंदिर पर जलाभिषेक कर रहे हैं वही नाहरपुर गांव स्थित शिवालय पर भोर से ही लोग जलाभिषेक कर रहे हैं तथा नाथ निकेतन निवास पर अमरनाथ पाण्डेय द्वारा विगत वर्षो की भांति मंदिर पर अखंड रामायण पाठ एवं रुद्राभिषेक किया जा रहा है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि अनवरत जन कल्याण हेतु 25 वर्षो से लगातार मंदिर पर अखंड रामायण पाठ एवं रुद्राभिषेक किया जा रहा है। वही डॉ. ज्ञान प्रकाश मिश्र द्वारा विधिवत पूजन अर्चन कराते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की गई। तथा क्षेत्र के गणमान्य लोग एवं अमित पाण्डेय, आशीष पाण्डेय, आकाश व आदर्श सहयोग में लगे हुए हैं।

### जय मां वैष्णो आयरन वेल्डिंग वर्क शॉप का उद्घाटन

**जौनपुर (रामपुर)** स्थानीय विकास खंड के अन्तर्गत जय मां वैष्णो आयरन वेल्डिंग वर्क शॉप का उद्घाटन जय प्रकाश गुप्ता कृषि विशेषज्ञ ने किया। बता दें की सेहरा के अरुण कुमार (अलगू) के पुत्र अखिलेश व चंद्रेश पटेल ने वेल्डिंग कार्य सीखकर अपने गांव के किसानो के सुविधा हेतु ट्रैक्टर,थ्रेसर रोटावेटर, कल्टीवेटर एवं खिड़की, दरवाजा आदि बनवाने के लिए जो दूर बाजार में जाना पड़ता था। अब से यह सुबिधा पचरुखी (मठिया) में ही मिल जाएगा इस अवसर पर ग्राम प्रधान सेहरा राम सिंह, ग्राम प्रधान जीतापुर बडेलाल पटेल, नंदलाल पटेल,धर्मेंद्र दुबे, दिनेश सिंह, प्रेमचंद पटेल,काशीनाथ पटेल, रमेश कुमार पटेल,राजकुमार,दिनेश पाल, अशोक पटेल, गिरजाशंकर, दल श्रृंगार, रामसूरत वर्मा डे.रंजन,उपस्थित रहे।

### डीएम ने श्रद्धालुओं को वितरित किया प्रसाद



**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र द्वारा नगर पंचायत मछलीशहर जौनपुर द्वारा रोडवेज परिसर में बनाए गए स्वागत शिविर में कुंभ मेले से स्नान कर वापस लौट रहे श्रद्धालुओं के लिए महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर निःशुल्क बिस्किट, पानी, चाय, फल वितरण किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने महाकुंभ के अंतिम स्नान पर सभी श्रद्धालुओं को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री की प्रेरणा से पूरे महाकुंभ मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सेवा की गई जो आज समापन के दौर में भी जारी है। इसी क्रम में श्रद्धालुओं हेतु प्रसाद के रूप में पूड़ी सब्जी भी वितरण किया गया। उक्त अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ उपजिलाधिकारी मछलीशहर, तहसीलदार, अधिशाषी अधिकारी और तहसील तथा नगर पंचायत मछलीशहर के अधिकारी कर्मचारीगण सहित अन्य उपस्थित रहे।

### शिवालयों में पुलिस और अर्धसैनिक बलों की तैनाती

**महाकुम्भ।** महाकुम्भ के अंतिम स्नान पर्व पर 3 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के संगम के पावन जल में पुण्य स्नान का प्रशासन का अनुमान है। श्रद्धालुओं का यह जन सैलाब पवित्र नदियों में स्नान कर सीधे शिव मंदिरों में जलाभिषेक के लिए जा रहा है। इसे देखते हुए महा कुम्भ प्रशासन ने शिवालयों में भारी सुरक्षा व्यवस्था की है। सभी प्रमुख शिव मंदिरों में पुलिस के साथ अर्द्ध सैनिक बल भी तैनात किए गए हैं।

# महाकुम्भ में फिट इंडिया का संदेश

- गाजियाबाद से प्रयागराज तक की 600 किमी की साइकिल यात्रा
- धनंजय ने 3 बजे सुबह शुरू की यात्रा, छोटे ब्रेक के साथ पहुंचे महाकुम्भ

**अवधनामा संवाददाता**

**महाकुम्भ नगर।** गाजियाबाद के रहने वाले धनंजय ने एक अनोखा कारनामा कर दिखाया है। उन्होंने गाजियाबाद से प्रयागराज तक 600 किलोमीटर से अधिक की दूरी साइकिल से तय की, ताकि वे महाकुम्भ मेले में शामिल हो सकें। धनंजय ने बताया कि उन्होंने अपनी यात्रा रविवार सुबह 3 बजे शुरू की और लगातार साइकिल चलाते हुए प्रयागराज पहुंचे। इस दौरान उन्होंने छोटे-छोटे ब्रेक लिए, लेकिन उनका हौसला कभी कम नहीं हुआ।

### फिट इंडिया मूवमेंट को बढ़ावा

धनंजय का मकसद सिर्फ महाकुम्भ में शामिल होना ही नहीं था, बल्कि वे एक खास संदेश भी लेकर आए हैं। वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए फिट इंडिया मूवमेंट को बढ़ावा दे रहे हैं। धनंजय का कहना है कि आजकल लोग अपनी व्यस्त दिनचर्या और स्क्रीन टाइम में इतने उलझ गए हैं कि वे अपनी सेहत पर ध्यान नहीं दे पाते। वे चाहते हैं कि लोग अपने बिजी शेड्यूल से थोड़ा वक्त निकालकर व्यायाम करें और शारीरिक रूप से सक्रिय रहें।

### सक्रिय जीवनशैली मानसिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी

महाकुम्भ में पहुंचकर धनंजय ने न सिर्फ अपनी फिटनेस का सबूत दिया, बल्कि दूसरों के लिए भी एक मिसाल कायम की। उनका यह प्रयास लोगों को प्रेरित करने वाला है कि दृढ़ संकल्प और मेहनत से बड़े लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं। धनंजय का मानना है कि शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए सक्रिय जीवनशैली बेहद जरूरी है।

# बरदह कृष्णा पब्लिक स्कूल में एनुअल फंक्शन आयोजित

- छात्र-छात्राओं ने बिखेरा मंच पर बिखेरा जलवा

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** जिले के बरदह कृष्णा पब्लिक स्कूल में एनुअल फंक्शन का आयोजन 25 फरवरी के दिन किया गया। प्रबंधक राजेश राय के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जहां पर मुख्य अतिथि के रूप में मार्टिनगंज एसडीएम रामानुज शुक्ला, विशिष्ट अतिथि बरदह गांधी स्मारक त्रिवेणी पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर विजय कुमार राय, पत्रकार साहित्यकार संजय कुमार पांडे, सोशल वर्कर हिना देसाई रही। कार्यक्रम का शुरुआत सरस्वती वंदना गणेश पूजन के साथ किया गया। मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि का माल्यार्पण अंग वस्त्रम, मोमेंटो स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वहीं एनुअल फंक्शन में कॉलेज के छोटे-छोटे बच्चे व छात्र-छात्राओं द्वारा बहुत ही सुंदर नाटक, गीत, कविता, देशभक्ति गीत, समेत विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसे देखकर मौजूद सभी लोग मंत्रमुग्ध हो गए। छात्र-छात्राओं द्वारा एक से बढ़कर एक शानदार कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मुख्य तिथि एसडीएम मार्टिनगंज रामानुज शुक्ला ने कहा एनुअल फंक्शन, छात्र-छात्राओं के जीवन में निखार लाता है। इसमें सभी लोगों को प्रतिभाग करना चाहिए, इससे बहुत कुछ सीखने को मिलता है वही अभिभावक भी बच्चों के प्रति ध्यान दें, जीवन में अनुशासन जरूरी है। आज यहां का कार्यक्रम बहुत ही शानदार रहा, छोटे-छोटे बच्चे और छात्र-छात्राओं द्वारा जो कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। वह काफी सराहनी रहा, विशिष्ट अतिथि प्राचार्य प्रोफेसर विजय कुमार राय ने कहा हम सभी को अपने बच्चों के प्रति बहुत ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। क्योंकि आज का समय डिजिटल इंडिया हो गया है और अभिभावक ही 5 घंटे अगर मोबाइल देख रहा है। तो वह बच्चों को क्या शिक्षा देगा इसलिए पहले अभिभावक मोबाइल पर कम ध्यान दें ।और अपने बच्चों पर ज्यादा तभी शैक्षिक योग्यता और मजबूत होगी।आज का कार्यक्रम बहुत ही शानदार रहा बच्चों द्वारा बहुत ही जबरदस्त कार्यक्रम किया गया। पत्रकार साहित्यकार संजय कुमार पांडे ने कहा प्रबंधक राजेश राय जी द्वारा हर वर्ष बहुत ही शानदार कार्यक्रम कराया जाता है जिससे बहुत कुछ सीख मिलती है और कॉलेज के छात्र-छात्राओं का मनोबल और, शैक्षिक विकास होता है इसके लिए बहुत-बहुत बधाई देते हैं। इस अवसर पर प्रबंधक राजेश राय द्वारा कार्यक्रम के अंत में सभी मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि वह आए हुए अभिभावक क्षेत्र के लोगों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भानु शर्मा राष्ट्रीय क्रिकेट कोच, रविंद्र नाथ तिवारी, हीरालाल गौड़, वेद प्रकाश राय प्रिंसिपल, धर्मेंद्र राय, सुषमा पांडे, रेखा गोड़, सुधा तिवारी, एडवोकेट अमरेंद्र राय, राजनाथ तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

# यूपीसीडा को मिली बाँदा में औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने की जिम्मेदारी

- भूरागढ के बाद बांदा का नया औद्योगिक क्षेत्र यूपी स्टेट यार्न कंपनी लिमिटेड की जमीन पर है जो यूपीसीडा ने ली है

**अवधनामा संवाददाता**

**बांदा।** यूपीसीडा बांदा जिले में नया औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने जा रहा है , इसके लिये जमीने खरीद ली हैं। इसके साथ ही कताई मिल की भूमि पर नया औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने की कवायद तेज हो गई है। यूपीसीडा के चेयरमैन मयूर माहेश्वरी नें उद्यमियों को इन क्षेत्रों में जमीनें लेने के लिए खुला ऑफर दिया गया है। बांदा कताई मिल भूमि पर विकसित होगा अब नया औद्योगिक क्षेत्र इसके लिये यूपीसीडा का प्लान बन गया है। बांदा जिले के कताई मिल की भूमि मवई बुजुर्ग गांव में 90 एकड़ जमीन पर औद्योगिक विकास किया जाएगा। यूपीसीडा ने औद्योगिक, आईटी/आईटीईएस और वेयरहाउसिंग इकाइयों की स्थापना के लिए निवेशक औद्योगिक फर्मों, एजेंसियों और इकाइयों से अभिरुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की है। औद्योगिक सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए विकास किए जाएंगे।



महामारी प्रभावित अवधि के दौरान, यूपीसीडा द्वारा खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के कई प्रमुख निवेशकों को भूमि आवंटित करते हुए इकायों की स्थापना हेतु आवश्यक सुविधाएं प्रदान की गईं। कुछ प्रमुख खाद्य प्रसंस्करण कंपनियों में यू.के. की ए.बी. मौरी, पेप्सिको, आई.टी.सी. लिमिटेड और कोकाकोला शामिल हैं।

**मयूर माहेश्वरी**

यूपीसीडा ने उत्पाद निर्माण इकाइयों की स्थापना के लिए उद्यमियों से एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट आमंत्रित किया है। इच्छुक उद्यमी जमीन की आवश्यकताओं और उत्पाद के प्रकार के अनुसार आवेदन कर सकते हैं। ईओआई दस्तावेज वेबसाइट www.onlineupsida.com पर उपलब्ध है। फर्मों और एजेंसियों से प्रतिक्रियाएं भेजने के लिए ईमेल पता iasectionupsidc@gmail.com भी जारी किया गया है। बांदा का नया औद्योगिक क्षेत्र यूपी स्टेट यार्न कंपनी लिमिटेड की जमीन पर है जो यूपीसीडा ने ली है। यह स्थान राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 335 और बुदेलखंड एक्सप्रेसवे के माध्यम से सीधे कनेक्टेड है। इससे फतेहपुर, कानपुर, उरई और चित्रकूट तक सीधी पहुंच है। यूपीसीडा के सीईओ मयूर माहेश्वरी ने कहा कि यूपीसीडा बांदा में निवेशकों को अच्छी तरह से संरचित औद्योगिक बुनियादी ढांचा प्रदान करेगा। साथ ही राज्य के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा करेगा।

# सी.एम. डैशबोर्ड पर प्रगति प्रतिदिन चेक करें : जे.रीभा

**अवधनामा संवाददाता**

**बांदा।** जिलाधिकारी जे0रीभा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड के अन्तर्गत विकास एवं राजस्व कार्यो को किये जाने तथा आईजीआरएस पोर्टल पर सन्दर्भो का समय से गुणवत्तायुक्त निस्तारण किये जाने के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि सीएम डैशबोर्ड के अन्तर्गत विकास एवं राजस्व तथा सम्बन्धित अधिकारी अपने-अपने विभाग की प्रगति को प्रतिदिन चेक करें और शासन की अपेक्षानुसार बेहतर कार्य कर करें। उन्होंने अपने विभागीय लक्ष्यों को शत्-प्रतिशत रूप से पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि जो भी विभागीय कार्य पूर्ण किये जा रहे हैं, उसकी प्रगति प्रतिदिन पोर्टल पर फीड/अपलोड करायें। उन्होंने निर्देश दिये कि जिन विभागों की सीएम डैशबोर्ड पर प्रगति कम आएगी तो सम्बन्धित अधिकारियों पर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने आईजीआरएस पोर्टल पर सन्दर्भो के निस्तारण की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्रकरण समय से गुणवत्तायुक्त निस्तारण करायें, प्रकरण डिफाल्टर न होने पाये।उन्होंने विकास कार्यो के अंतर्गत सेतु निर्माण एवं सड़क निर्माण के कार्यो के समीक्षा करते हुए अवशेष कार्यो को शीघ्र पूर्ण कराया जाने के निर्देश दिए। उन्होंने , मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं ग्रामीण महिलाओं को स्वयं सहायता समूह के अंतर्गत ऋष्ण वितरण करने हेतु आवेदनों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए।, मत्स्यपालको के लिए प्राप्त आवेदनों का शीघ्र सत्यापन कराए जाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 राजेश कुमार, अपर जिलाधिकारी अमिताभ यादव , उप जिलाधिकारी एवं जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, डीसी मनरेगा तथा समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## वेदांता इंटरनेशनल स्कूल में महाशिवरात्रि महोत्सव का आयोजन

**आजमगढ़।** जनपद के प्रतिष्ठित विद्यालय वेदांता इंटरनेशनल स्कूल में महाशिवरात्रि का भव्य और भक्ति से परिपूर्ण आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने शिव तांडव नृत्य, शिव स्तुति और झांकी के माध्यम से भगवान शिव की महिमा का गुणगान किया। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर विद्यार्थियों ने पूरे मनोयोग से शिव स्तुति और भजनों की प्रस्तुति दी, जिससे संपूर्ण विद्यालय परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। विद्यार्थियों ने शिव तांडव नृत्य प्रस्तुत कर भगवान शिव की अपार शक्ति का आभास कराया। कुछ छात्रों ने भगवान शिव और उनके भक्तों का रूप धारण कर इस आयोजन को और भी दिव्य बना दिया। गले में रुद्राक्ष की माला, माथे पर त्रिपुंड, और हाथ में त्रिशूल लिए विद्यार्थियों ने शिव भक्ति की एक अनूठी झलक प्रस्तुत की। कार्यक्रम में शिव विवाह, कैलाश पर्वत, नंदी महाराज, माता पार्वती और भगवान शिव की विभिन्न लीलाओं की झांकी निकाली गई।


## उत्तर रेलवे

### खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **20.03.2025** को **15.00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुवल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदाकर्ता निविदा फार्म व मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपॉजिट रसीद एवं एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेगें।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 02102025 दिनांक 25.02.2025 |
| 2 | निविदा संख्या : (1) 41-Sr-DEN-VI-LKO-2024-25 (2) 42-Sr-DEN-VI-LKO-2024-25 | |
| 3 | कार्य का नाम : (1) सहायक मण्डल इंजीनियर–प्रयाग के अन्तर्गत फाफामऊ गुड्स बाईपास लाइन पर पीएससी स्लीपरों के साथ गैर मानक निर्मित डायमंड क्रॉसिंग को सीएमएस क्रॉसिंग से प्रतिस्थापित किये जाने का कार्य। (2) वरि. मण्डल इंजीनियर-VI, लखनऊ के अधीन सहायक मंडल इंजीनियर–प्रयाग के अंतर्गत डीएफसी फीडर रूट पर आरसीसी बॉक्स द्वारा स्टोन स्लैब पुलों (कुल संख्या-59) के प्रतिस्थापन एवं SLN-CIL, PBH-PFM, UCR-ON, UCR-DYP सेक्शन में (CC+8+2T Route) पर आरसीसी बॉक्स द्वारा स्टोन स्लैब पुलों (कुल संख्या-26) के प्रतिस्थापन का कार्य। | |
| 4 | अनुमानित लागत : (1) रु. 1,53,65,254.93, (2) रु. 16,11,11,480.13 | |
| 5 | धरोहर राशि : (1) रु. 2,26,800.00, (2) रु. 9,55,600.00 | |
| 6 | कार्य की समापन अवधि : (1) स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से बारह माह। (2) स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से चौबीस माह। | |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ : 06.03.2025 | |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 20.03.2025, 15:00 बजे | |
| 9 | वेबसाईट : www.ireps.gov.in | |

नोटः- 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 618/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने कॉमेट ईवी के पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए ब्लैकस्टॉर्म एडिशन को पेश किया

**लखनऊ।** देश की अग्रणी इलेक्ट्रिक कार निर्माता कंपनी जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने



कॉमेट ईवी के पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए ब्लैकस्टॉर्म एडिशन को पेश किया है। यह नई पेशकश भारत की इस स्ट्रीट-स्मार्ट ईवी को और भी स्टाइलिश और आकर्षक बनाती है। 7.80एल रुपए के साथ बैटरी रेंटल 2.5 रुपए प्रति किमी. की एक्स-शोरूम कीमत पर लॉन्च की गई कॉमेट ब्लैकस्टॉर्म को टॉप वैरिएंट के रूप में पेश किया गया है। वे ग्राहक जिन्हें शहरी आवाजाही के लिए स्टाइलिश और तकनीक से भरपूर कार की तलाश थी, अब वे अपनी नजदीकी एमजी डीलरशिप पर जाकर 11,000 रुपए का भुगतान कर नई एमजी कॉमेट ब्लैकस्टॉर्म को बुक कर सकते हैं। इस नए लॉन्च के बारे में बात करते हुए, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के सेल्स हेड राकेश सेन ने कहा आज के आधुनिक भारतीय ग्राहक एक ऐसी कार की तलाश कर रहे हैं जो न सिर्फ बेहद खास हो, बल्कि उसमें उनके व्यक्तित्व की भी झलक दिखाई देती हो। आज के ग्राहक बोल्ड रंगों को पसंद कर रहे हैं। ये रंग उन्हें दूसरों से अलग बनाते हैं, साथ ही उनकी यही पसंद दूसरों से अलग दिखाई पड़ती है। हम कॉमेट ब्लैकस्टॉर्म को लॉन्च करते हुए बेहद उत्साहित हैं। स्टाइल और खूबसूरती के साथ यह कार हर दिन के सफर को और भी सुकून भरा बनाने का वादा करती है। कॉमेट ब्लैकस्टॉर्म यह दिखाती है कि हम अपने लाइन-अप को नियमित रूप से रिफ्रेश करते हुए ग्राहकों की बदलती जरूरतों को लगातार पूरा करने के लिए कितना समर्पित भाव से काम करते हैं। कॉमेट ब्लैकस्टॉर्म अपने स्टेरी ब्लैक एक्सटीरियर के साथ खूबसूरती और स्टाइल का एहसास कराती है, इसके साथ यह कार और भी आकर्षक बन जाती है। कॉमेट ईवी नेमप्लेट को गहरे क्रोम में उकेरा गया है और इंटरनेट इनसाइड को काले रंग में पेश किया गया है। यह बदलाव देखने वालों का ध्यान तेजी से आकर्षित करता है। इसके इंटीरियर को भी ब्लैक थीम के साथ पेश किया गया है। इसकी लेदरेट सीटों पर लाल रंग से श्ब्लैकस्टॉर्मश् शब्द की कढ़ाई की गई है। इससे यह कार और भी प्रीमियम लुक में दिखाई देती है।

संगीत प्रेमियों के लिए, कंपनी ने कॉमेट ब्लैकस्टॉर्म को 4 स्पीकर के साथ पेश किया है। इससे अब ट्रैफ़िक की भीड़ में भी आप सुकून के साथ सफर कर सकेंगे। इस नए एडिशन में 17.4 किलोवाट की बैटरी दी गई है जो फ़ास्ट-चार्जिंग को सपोर्ट करती है। यह बैटरी 230 किलोमीटर की प्रमाणित रेंज प्रदान करती है। ग्राहक अपने कॉमेट ब्लैकस्टॉर्म को एक खास एक्सेसरी पैक के साथ और भी पर्सनलाइज बना सकते हैं। इस एक्सेसरी पैक में एक खास बैज, व्हील कवर और हुड ब्रांडिंग और स्किड प्लेट जैसे स्टाइलिंग विकल्प मौजूद हैं। एमजी कॉमेट ईवी में शहरी यात्रियों की ज़रूरतों के हिसाब से सभी फीचर्स उनकी मनचाही स्टाइल के साथ पेश किए गए है, यह सब एक सेफ और स्मार्ट पैकेज के साथ आता है। 2024 में कॉमेट ईवी की बिक्री में वर्ष 2023 के मुकाबले 29प्रतिशत की दमदार ग्रोथ देखने को मिली है, यह बताता है कि कार खरीदार इसे कितना पसंद करते हैं। इसके इनोवेटिव डिजाइन और व्यवारिक फीचर्स ने देश भर के ग्राहकों को आकर्षित किया है। इन्हीं खूबियों के साथ यह स्टाइलिश, पर्यावरण के अनुकूल आवागमन का साधन तलाश रहे शहरवासियों के लिए एक पसंदीदा विकल्प बन गई है।

# पेट्रोल में एथनॉल मिश्रण को 20 प्रतिशत से अधिक करने पर हो रहा विचार, बोले हरदीप पुरी

**नई दिल्ली।** 'एडवांटेज असम 2.0 व्यापार शिखर सम्मेलन' में हरदीप पुरी ने कहा कि 19.6 प्रतिशत सम्मिश्रण पहले ही हासिल किया जा चुका है। उन्होंने कहा, ''हम 20 प्रतिशत से अधिक जैव ईंधन मिश्रण पर विचार कर रहे हैं। नीति आयोग समूह का गठन पहले ही किया जा चुका है और वे इस पर विचार कर रहे हैं।'' भारत पेट्रोल में एथनॉल मिश्रण के अपने लक्ष्य को बढ़ाकर 20 प्रतिशत से अधिक करने पर विचार कर रहा है। पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बुधवार को यह दावा किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस पर विचार करने के लिए नीति आयोग के तहत एक समिति गठित की गई है।

'एडवांटेज असम 2.0 व्यापार शिखर सम्मेलन' में पुरी ने कहा कि 19.6 प्रतिशत सम्मिश्रण पहले ही हासिल किया जा चुका है। उन्होंने कहा, ''हम 20 प्रतिशत से अधिक जैव ईंधन मिश्रण पर विचार कर रहे हैं। नीति आयोग समूह का गठन पहले ही किया जा चुका है और वे






इस पर विचार कर रहे हैं।''

पुरी ने कहा, ''हमने 2026 तक 20 प्रतिशत मिश्रण का लक्ष्य रखा था, लेकिन हम पहले ही 19.6 प्रतिशत हासिल कर चुके हैं। मुझे यकीन है कि हम अगले महीने 20 प्रतिशत तक पहुंच जाएंगे।'' उन्होंने कहा कि देश में 1,700 करोड़ लीटर मिश्रण की क्षमता है और पहले से ही 1,500 करोड़ लीटर का इस्तेमाल किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि भारत विभिन्न प्रकार के ईंधन आयात पर 150 अरब अमेरिकी डॉलर खर्च कर रहा है और एक क्षेत्र जहां ध्यान नहीं दिया जा रहा है.. वह है हरित हाइड्रोजन।

पुरी ने हाइड्रोकार्बन पर सत्र में उपस्थित सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों और निजी ऊर्जा कंपनियों के प्रतिनिधियों से कहा, ''हरित हाइड्रोजन की कीमत वर्तमान में 4.5 अमेरिकी डॉलर है। यदि आप इसे 2.5 अमेरिकी डॉलर के करीब ला सकें, तो क्रांति आ जाएगी। हम पारंपरिक ईंधन से हरित हाइड्रोजन की ओर बड़े पैमाने पर बदलाव देखेंगे।'' उन्होंने कहा कि हर देश स्वच्छ ऊर्जा की ओर बढ़ रहा है, लेकिन इसके लिए अर्थव्यवस्था की चुनौतियों से निपटना होगा और मांगों को पूरा करना होगा। उन्होंने कहा, '' भारत जैसी अर्थव्यवस्था जो छह से सात प्रतिशत की दर से बढ़ रही है, उसे ईंधन की जरूरत है। स्वच्छ भविष्य के लिए हमें वर्तमान में टिके रहने की जरूरत है।''

# ईडीआईआई द्वारा उद्यमिता पर 16वां द्विवार्षिक सम्मेलन आयोजित

**लखनऊ।** भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद का 16वां द्विवार्षिक सम्मेलन (3-दिवसीय) 26 फरवरी को संस्थान के परिसर में शुरू हुआ। उद्यमिता परआधारित तीन दिवसीय सम्मेलन 28 फरवरी को समापन होगा। यह सम्मेलन शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों और अभ्यासकर्ता के लिए एक मंच है ताकि वे उद्यमिता विकास के विभिन्न क्षेत्रों में अपने शोध अध्ययन और निष्कर्ष साझा कर सकें। ईडीआईआई 1994 से उद्यमिता पर द्विवार्षिक सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। सम्मेलन के दौरान,9 से अधिक देशों के विद्वानों द्वारा उद्यमिता सिद्धांत और व्यवहार, उद्यमिता शिक्षा, उद्यमिता पारिस्थितिकी तंत्र, मनोविज्ञान और उद्यमिता, एमएसएमई उद्यमिता, प्रौद्योगिकी और डिजिटल उद्यमिता, स्टार्टअप और नवाचार, हरित और स्थायी उद्यमिता, सामाजिक उद्यमिता, संस्कृति, परंपरा और मूल्य आधारित उद्यमिता, महिला उद्यमिता; ग्रामीण उद्यमिता एवं नवजात उद्यमिता और नए उद्यम निर्माण और पारिवारिक व्यवसाय के विषयों पर





148 शोध पत्र और अध्ययन प्रस्तुत किए गए।सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य अतिथि, प्रोफेसर (डॉ.) टी.वी. राव, फाउन्डर और चेयरमेन, टी. वी. राव लर्निंग सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड, अहमदाबाद और भारतीय प्रबंधन संस्थान, अहमदाबाद के पूर्व प्रोफेसर द्वारा किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए, डॉ. सुनील शुक्ला, डायरेक्टर जनरल, ईडीआईआई ने कहा, ÷द्विवार्षिक सम्मेलन लगातार दुनिया भर के शोधकर्ताओं और शिक्षकों को एक मंच प्रदान करता है, ताकि वे अपने विचारों और नवाचारों को साझा कर सकें जो उद्यमिता की जटिलताओं को समझने के लिए महत्वपूर्ण हैं। अग्रणी शोधकर्ताओं और शिक्षकों को एक साथ लाकर, यह मंच शोध निष्कर्ष के प्रसार को सुगम बनाता है, नए दृष्टिकोणों को बढ़ावा देता है और उद्यमशीलता के भविष्य को आकार देता है, इस प्रकार इच्छुक उद्यमियों को सफल होने के लिए आवश्यक ज्ञान के साथ सशक्त बनाता है।÷सम्मेलन के भाग के रूप, उद्यमिता शिक्षा में नवाचारों पर चर्चा करने के लिए वाइस चांसलर्स /डायरेक्टर्स कॉन्क्लेव भी आयोजित किया गया। देश भर के विश्वविद्यालयों का प्रतिनिधित्व किया गया, जिसका संचालन प्रोफेसर (डॉ.) हरिवंश चतुर्वेदी, डायरेक्टर जनरल, आईआईएलएम दिल्ली, नई दिल्ली ने किया। पैनलिस्ट में प्रोफेसर (डॉ.) दीपक कुमार श्रीवास्तव, डायरेक्ट, भारतीय प्रबंधन संस्थान रांची; प्रोफेसर (डॉ.) रजत मूना, डायरेक्टर, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गांधीनगर; प्रोफेसर (डॉ.) राजुल के. गज्जर, वाइस चांसलर, गुजरात टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी, अहमदाबाद; प्रोफेसर (डॉ.) रवि पी सिंह, प्रोवोस्ट, अडानी यूनिवर्सिटी, अहमदाबाद; और प्रोफेसर (डॉ.) समीर सूद, डारेक्टर, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी, गांधीनगर शामिल थे।

# हाउस GOP ने ट्रंप की योजना के लिए बड़ा बजट किया पास

**नई दिल्ली।** हाउस रिपब्लिकन ने मंगलवार को 4.5 ट्रिलियन डॉलर के टैक्स कट और 2 ट्रिलियन डॉलर की सरकारी खर्च में कटौती वाले जीओपी बजट को पास किया है। वहीं इसे लेकर कुछ डेमोक्रेट नेता ने अपना विरोध भी दर्ज कराया और आखिरकार बेहद कम अंतर वाले (217 पक्ष में और 215 विपक्ष में) वोटिंग से ये बजट पास हुआ।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समर्थन से हाउस रिपब्लिकन ने मंगलवार को 4.5 ट्रिलियन डॉलर के टैक्स कट और 2 ट्रिलियन डॉलर की सरकारी खर्च में कटौती वाले जीओपी बजट को पास कर दिया है। हालांकि कुछ डेमोक्रेट्स ने इसका कड़ा विरोध किया और कुछ रिपब्लिकन भी इसे लेकर असमंजस की स्थिति में थे।

हाउस स्पीकर माइक जॉनसन को जीओपी बहुमत के साथ इसे पास कराने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। वोटिंग बेहद नजदीकी रही - 217



पक्ष में और 215 विपक्ष में। सभी डेमोक्रेट्स ने इसका विरोध किया। इस प्रस्ताव के तहत ट्रंप अपने पहले कार्यकाल में दिए गए टैक्स कट को आगे बढ़ाना चाहते हैं, जबकि सरकार के कई विभागों और सामाजिक योजनाओं में भारी कटौती की जाएगी। हालांकि, यह अभी सिर्फ पहला कदम है। सीनेट को अब इस पर काम करना होगा और अंतिम रूप देने में कई हफ्ते लग सकते हैं।

टैक्स छूट के बदले स्वास्थ्य सेवाओं, खाद्य सहायता (फूड स्टैम्प), और छात्रवृत्ति जैसी योजनाओं में कटौती की जा रही है, जिससे लोगों में गुस्सा है।

# विश्व बैंक भारतीय अर्थव्यवस्था के प्रति उत्साहित, एडवांटेज असम में देश की क्षमता पर जताया भरोसा

**नई दिल्ली।** विश्व बैंक ने बुधवार को भारतीय अर्थव्यवस्था में दृढ़ विश्वास व्यक्त किया और सभी से देश में आकर निवेश करने की अपील की। एडवांटेज असम 2.0 बिजनेस समिट में बोलते हुए विश्व बैंक के कंट्री डायरेक्टर ऑगस्टे तानो कोउमे ने कहा कि विकास में मामूली गिरावट के बावजूद, ऋणदाता भारत की आर्थिक संभावनाओं के बारे में आशावादी बना हुआ है।

विश्व बैंक ने बुधवार को भारतीय अर्थव्यवस्था में दृढ़ विश्वास व्यक्त किया और सभी से देश में आकर निवेश करने की अपील की। एडवांटेज असम 2.0 बिजनेस समिट में बोलते हुए विश्व बैंक के कंट्री डायरेक्टर ऑगस्टे तानो कोउमे ने कहा कि विकास में मामूली गिरावट के बावजूद, ऋणदाता भारत की आर्थिक संभावनाओं के बारे में आशावादी बना हुआ है।

उन्होंने कहा, हम इस समय भारत की वृद्धि को लेकर चिंतित नहीं हैं। हम भारत को लेकर बहुत आशावादी हैं और आशावादी बने रहेंगे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आर्थिक विकास में एक प्रतिशत का उतार-चढ़ाव विश्व बैंक के सकारात्मक दृष्टिकोण को नहीं बदलता।

उन्होंने कहा, यदि कोई हालिया आंकड़ों से चिंतित है, तो हम कहना चाहेंगे कि चिंता न करें। भारत दुनिया में चमकता हुआ प्रकाश है। यदि आप निवेश करना चाहते हैं, तो यहां आएं और निवेश करें। भारत की वृद्धि इसे निवेश के लिए उपयुक्त स्थान बनाती है। चालू वित्त वर्ष के लिए, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने दिसंबर 2024 में आर्थिक वृद्धि का अनुमान 7.2 प्रतिशत लगाया है, जबकि 2023-24 में यह 8.2 प्रतिशत है।

# भूस्वामी को अनिश्चितकाल तक जमीन के उपयोग से वंचित नहीं रखा जा सकता, सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी

**नई दिल्ली।** किसी भूस्वामी को अनिश्चित काल तक भूमि के उपयोग से वंचित नहीं किया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए बुधवार को यह टिप्पणी की। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने बंबई उच्च न्यायालय के आदेश को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की।

किसी भूस्वामी को अनिश्चित काल तक भूमि के उपयोग से वंचित नहीं किया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए बुधवार को यह टिप्पणी की। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने बंबई उच्च न्यायालय के आदेश को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की। अदालत ने कहा, ÷भूमि मालिक को वर्षों तक भूमि के उपयोग से वंचित नहीं रखा जा सकता। एक बार जब किसी भूमि मालिक पर किसी विशेष तरीके से भूमि का उपयोग न करने का प्रतिबंध लगा दिया जाता है, तो उक्त प्रतिबंध को अनिश्चित काल तक खुला नहीं रखा जा सकता। पीठ ने महाराष्ट्र क्षेत्रीय और नगर नियोजन अधिनियम, 1966 की धारा 127 का हवाला देते हुए कहा कि पिछले 33 वर्षों से विकास योजना में भूखंड को आरक्षित रखना कोई मतलब नहीं रखता। अदालत ने कहा कि प्राधिकरण ने न केवल मूल मालिकों को भूमि का उपयोग करने की अनुमति नहीं दी, बल्कि अब खरीदारों को भी भूमि का उपयोग करने की अनुमति नहीं दी जा रही है।

पीठ ने कहा, महाराष्ट्र क्षेत्रीय एवं नगर नियोजन अधिनियम, 1966 की धारा 126 के तहत भूमि अधिग्रहण के लिए कानून में दस वर्ष की अवधि प्रदान की गई है। महाराष्ट्र अधिनियम 42/2015 द्वारा संशोधन से पहले भूमि अधिग्रहण के लिए नोटिस देने के लिए भूमि मालिक को एक अतिरिक्त वर्ष दिया गया है। ऐसी समयसीमा पवित्र है और राज्य या राज्य के अधीन प्राधिकारियों द्वारा इसका पालन किया जाना चाहिए।

शीर्ष अदालत एक ऐसे मामले की सुनवाई कर रही थी जिसमें एक खाली भूखंड के मालिकों ने 2.47 हेक्टेयर के विकास के लिए भूमि विकास योजना प्रस्तुत की थी। योजना को मंजूरी दे दी गई और शेष क्षेत्र को 1993 में अधिनियम के तहत संशोधित विकास योजना में निजी स्कूल के लिए आरक्षित दिखाया गया। हालांकि, 1993 से 2006 तक महाराष्ट्र के प्राधिकारियों द्वारा निजी स्कूल के लिए संपत्ति अधिग्रहित करने हेतु कोई कार्रवाई नहीं की गई।

## न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक की तिजोरी की क्षमता 10 करोड़

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक के महाप्रबंधक, लेखा प्रमुख और उनके सहयोगियों के खिलाफ 122 करोड़ रुपये के गबन का मामला दर्ज किया था। मामले को आगे की जांच के लिए शहर पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) को सौंप दिया गया था। न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक में 122 करोड़ रुपये के गबन मामले में बड़ा अपडेट सामने आया है। बताया गया कि बैंक की प्रभादेवी शाखा में एक बार में 10 करोड़ रुपये रखने की क्षमता थी, लेकिन हैंडबुक में दर्ज प्रविष्टियों के मुताबिक आरबीआई के निरीक्षण के दिन तिजोरी में 122.028 करोड़ रुपये थे। मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने यह खुलासा किया है। दरअसल, ईओडब्ल्यू बैंक में 122 करोड़ रुपये के गबन की जांच कर रही है। मामले में अब तक बैंक के दो पूर्व शीर्ष अधिकारियों सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। दरअसल, एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की निरीक्षण टीम ने 11 फरवरी को प्रभादेवी स्थित बैंक की कॉरपोरेट ऑफिस शाखा का दौरा किया था। यहां उन्हें तिजोरी से 122 करोड़ रुपये की नकदी गायब मिली। उन्होंने बताया कि कॉरपोरेट ऑफिस शाखा की बैलेंस शीट में प्रभादेवी और गोरेगांव शाखाओं में बैंक की तिजोरी में 133.41 करोड़ रुपये दिखाए गए थे, जबकि उस दिन प्रभादेवी शाखा की बैलेंस शीट में 122.028 रुपये दर्ज थे। जांच के दौरान ईओडब्ल्यू ने पाया कि कॉरपोरेट ऑफिस में नकदी रखने की तिजोरी की क्षमता केवल 10 करोड़ रुपये थी, जबकि उन्हें वास्तव में तिजोरी में 60 लाख रुपये मिले। अधिकारी के मुताबिक, आरबीआई के निरीक्षण के दिन गोरेगांव शाखा की तिजोरी में उन्हें 10.53 करोड़ रुपये की नकदी मिली। गोरेगांव शाखा की तिजोरी में भी 10 करोड़ रुपये रखने की क्षमता थी। उन्होंने कहा कि ईओडब्ल्यू अब इस बात की जांच कर रही है कि बैंक के वित्तीय रिकॉर्ड की जांच करने वाले ऑडिटरों ने बैंक से गायब नकदी के बारे में सवाल क्यों नहीं किए और कार्रवाई के लिए मामले को आगे क्यों नहीं बढ़ाया।

# आकांक्षी भारत के जोश को दर्शाती है कोटक की नई ब्रांड फिलॉसफी 'हौसला है तो हो जाएगा'

**मुंबई।** कोटक महिंद्रा बैंकने आज अपनी नई ग्रुप ब्रांड फिलॉसफी'हौसला है तो हो जाएगा'लॉन्च की है। यह सिर्फ एक विचारधारा नहीं, बल्कि कोटक के लिए एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतीक है। यह नई और दमदार ब्रांड फिलॉसफी कोटक की उस प्रतिबद्धता को और मजबूत करती है, जिसके तहत वह सिर्फ एक बैंक बनकर नहीं, बल्कि आकांक्षी भारतीयों के लिए एक भरोसेमंद वित्तीय संस्थान बनने का लक्ष्य रखता है। इस विचारधारा को लोगों तक पहुंचाने के लिएकोटकएक बड़े स्तर पर मल्टी-चैनल मार्केटिंग कैंपेन शुरू कर रहा है, जो टेलीविजन, डिजिटल, प्रिंट, आउटडोर और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर चलेगा। इसका उद्देश्यभारतीयों को अपने सपनों को पूरा करने के लिए बड़े कदम उठाने के लिए प्रेरित करनाहै।

रोहित भसीन, प्रेसिडेंट हेड अफ्लुएंट, एनआरआई, बिजनेस बैंकिंग और चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, कोटक महिंद्रा बैंकने कहा,'हौसला है तो हो जाएगा' सिर्फ एक ब्रांड फिलॉसफी नहीं, बल्कि कोटक के एक बड़े बदलाव की शुरुआत है। यह उस नए जोश को दर्शाता है, जिसे हम अपने व्यवसाय में लेकर आ रहे हैं। हमारा मानना है कि अगर आकांक्षाओं को सही वित्तीय भागीदार का समर्थन मिले, तो असाधारण परिणाम हासिल किए जा सकते हैं। यह कैंपेन उन कई बड़े बदलावों की पहली झलक है, जो कोटक में होने वाले हैं और जो यह तय करेंगे कि हम आकांक्षी भारतीयों की सेवा किस तरह करते हैं।

**बदलाव की दिशा में एक बड़ा कदम**

आज के समय मेंआकांक्षा ही प्रगति की असली करंसीबन चुकी है। इसी सोच के साथकोटकअपने विभिन्न व्यवसायों को एक साझा विचारधारा से जोड़ रहा है। यह खासतौर पर उन लोगों के लिए है, जो बड़े सपने देखने की हिम्मत रखते हैं, बड़े लक्ष्य तय करते हैं और पूरे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ते हैं।

शुरुआत से हीकोटकइन सिद्धांतों पर काम कर रहा है और अपने ग्राहकों कोबड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने के लिए आत्मविश्वास से भरा रहनेकी प्रेरणा देता रहा है।'हौसला है तो हो जाएगा'इसी विश्वास को और मजबूत करता है। यह उन भारतीयों की आशाओं, सपनों और हिम्मत को दर्शाता है, जो हर दिन कुछ नया हासिल करने की कोशिश में लगे रहते हैं।

केदारस्वामी रवनगावे, एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट मार्केटिंग, कोटक महिंद्रा बैंकने कहा, ÷यह 360-डिग्री कैंपेन कोटक में बदलाव की पहली झलक है। इस कैंपेन में डिजिटल को सबसे ज्यादा प्राथमिकता दी गई है, ताकि यह आज के आकांक्षी भारतीयों की जीवनशैली में आसानी से समाहित हो सके। सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर साहसिक कहानियों से लेकर प्रिंट, आउटडोर और टेलीविजन पर दमदार उपस्थिति तक, 'हौसला है तो हो जाएगा' आत्मविश्वास जगाने का हमारा तरीका है। यह भविष्य के लिए एक नई नींव रख रहा है—और यह तो सिर्फ शुरुआत है।

यह कैंपेनकोटक महिंद्रा बैंकके लिए एक नए दौर की शुरुआत है, जहांबदलाव निरंतर होगा, आकांक्षा की कोई सीमा नहीं होगी और हर कदम इसी विश्वास से उठाया जाएगा कि 'हौसला है तो हो जाएगा'!

# 3 में से 2 भारतीय बादाम को हाई-प्रोटीन स्नैक मानते हैं वर्ल्ड प्रोटीन डे पर किये गये नए सर्वे में सामने आई ये बात

वर्ल्ड प्रोटीन डे के मौके पर, आमंड बोर्ड ऑफ कैलिफोर्निया के सहयोग से यूगोव द्वारा किए गए एक नए सर्वे में पता चला है कि ज्यादातर भारतीय प्रोटीन को एनर्जी पाने और इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने के लिए बेहद जरूरी मानते हैं। भारत के 17 शहरों में 4,300 लोगों पर किए गए इस सर्वे में यह बात सामने आई कि 3 में से 2 भारतीय (65%) बादाम को हाई-प्रोटीन स्नैक मानते हैं। लखनऊ (38%), तिरुवनंतपुरम (37%), कोयंबटूर (34%), गुवाहाटी (34%) और इंदौर (31%) जैसे छोटे शहरों में बादाम को प्रोटीन के स्रोत के रूप में ज्यादा पहचान मिली है। दिलचस्प बात यह है कि इन शहरों में पहचान का स्तर बड़े शहरों से ज्यादा था, जिससे पता चलता है कि शहरी के बाहर भी बादाम को प्रोटीन से भरपूर स्नैक के रूप में ज्यादा स्वीकार किया जा रहा है।सर्वे में पाया गया कि भारत में प्रोटीन के



लिए बादाम टॉप पांच विकल्पों में शामिल हैं। प्रोटीन का एक प्राकृतिक स्रोत, बादाम खासकर कैलिफोर्निया आमंड्स 15 जरूरी पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं, जिनमें स्वास्थ्यवर्धक फैट्स, डाइटरी फाइबर, मैग्नीशियम, पोटेशियम और जिंक शामिल हैं। रोजाना खाने पर, ये कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करते हैं, जिससे वे भारतीयों के बीच एक पसंदीदा स्नैकिंग विकल्प हैं। नए सर्वे के नतीजों के बारे में, एमबीबीएस और न्यूट्रीशनिस्ट डॉ. रोहिणी पाटिल ने कहा, इस वर्ल्ड प्रोटीन डे पर, मैं बताना चाहती हूं कि प्रोटीन एक महत्वपूर्ण पोषक तत्व है, और भारतीय उपभोक्ता इसके फायदों के बारे में तेजी से जागरूक हो रहे हैं। प्रोटीन के सबसे प्राकृतिक स्रोतों में से एक होने के नाते, बादाम मांसपेशियों के स्वास्थ्य का समर्थन करते हैं, निरंतर ऊर्जा प्रदान करते हैं और संपूर्ण सेहत में योगदान करते हैं। मैं बेहतर स्वास्थ्य के लिए आपकी दैनिक डाइट में एक मुट्ठी बादाम शामिल करने की सलाह देती हूं। ये बहुत वर्सेटाइल हैं और इन्हें कई तरह से इस्तेमाल कर सकते हैं।

# अल्पेनलीबे जुज्त जेली ने लॉन्च किए जंगल लैंड और फ्रूटी सलाद

**नई दिल्ली।** पर्फेटी वैन मेल के प्रतिष्ठित ब्रांड अल्पेनलीबे जुज्त जेली ने पहली बार शानदार स्वाद के साथ प्लेफुल जेली आकार, जंगल लैंड और फ्रूटी सलाद को पेश किया है, ये प्लेटाइम





रोमांच को बढ़ाने के लिए तैयार हैं। स्वाद और रंग की एक नई रेंज में उपलब्ध, बंदर, केला, अनानास, स्ट्रॉबेरी, नारंगी और ग्रीन एप्पल समेत कई इंटरैक्टिव आकार के साथ ये मनोरंजन का एक अनूठा तरीका प्रदान करेंगे. गुंजन खेतान, चीफ मार्केटिंग डायरेक्टर,पर्फेटी वैन मेल इंडिया ने कहा, उपभोक्ता अपने जीवन के हर हिस्से में नए अनुभवों की तलाश करना चाहते हैं, और अल्पेनलीबे जुज्त जेली जंगल लैंड और फ्रूटी सलाद को लॉन्च करना हमारे लिए एक रोमांचक उपलब्धि है, क्योंकि हम निरंतर नवाचार को आगे बढ़ा रहे हैं। 10 रुपए की कीमत पर, बंदर जैसी रोमांचक नई आकृतियां उद्योग में पहली बार पेश की गई हैं, जो उपभोक्ताओं के साथ जुड़ाव की सीमाओं को आगे बढ़ाती हैं, प्रत्येक बाइट को एक खेल के अवसर में बदलती हैं। हम मानकों को चुनौती देना जारी रखेंगे, कुछ नया और रोमांचक लाने की कोशिश करेंगे, जो हर जगह स्नैकर्स की कल्पना को पैदा करता है। फलों के रस से भरपूर, ये प्लेफुल आकृतियां एक संवेदी खेल अनुभव का पता लगाने, उससे जुड़ने और आनंद लेने का एक रंगीन और स्वादिष्ट तरीका उपलब्ध कराती हैं, साथ ही हर बाइट के साथ नई कल्पना को आकार देते हैं।जेली प्रति बैग 10 रुपए की कीमत पर भारत के सभी शहरी और ग्रामीण बाजारों में उपलब्ध है। रोमांच को जगाने और लोगों को अपना छोटा सा जंगल या फलों की दावत करने के लिए आमंत्रित करते हुए, यह पेशकश खुद को विकसित जेली श्रेणी से अलग करती है, जहां आकार, बनावट और स्वाद उपभोक्ता की पसंद को बढ़ाने वाले प्रमुख कारक हैं।

# स्काईस्कैनर ने नया फीचर ड्रॉप्स लॉन्च किया, जिससे सस्ते फ्लाइट डील्स पाना पहले से भी आसान हो गया

## जनवरी में सबसे पसंदीदा घरेलू जगह रहा गोवा, जबकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बैंकॉक में सबसे ज्यादा ड्रॉप्स मिले

**नई दिल्ली।** दुनिया का मशहूर ट्रैवल ऐप स्काईस्कैनर, जिसपर हर दिन करीब 80 अरब से ज्यादा कीमतों की तुलना की जाती है, उसने एक नया ऐप-एक्सक्लूसिव फीचर ड्रॉप्स लॉन्च किया है। यह फीचर हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषा में उपलब्ध होगा। यह नया फीचर खास तौर पर यात्रियों को प्रेरित करने और 2025 की यात्राओं के लिए बेहतरीन फ्लाइट डील्स ढूंढने में मदद करने के लिए बनाया गया है। इसके जरिए यात्री उन फ्लाइट्स को खोज सकते हैं जिनकी कीमत पिछले 7 दिनों में अपने सबसे निचले स्तर से 20% से भी ज्यादा कम हुई है।

स्काईस्कैनर की ट्रैवल ट्रेंड्स 2025 रिपोर्ट के मुताबिक, कीमत भारतीय यात्रियों के लिए एक अहम फैक्टर बनी हुई है। 62त्न लोगों ने माना कि फ्लाइट की कीमतें उनके फैसले को प्रभावित करने में अहम भूमिका निभाती हैं। स्काईस्कैनर का नया फीचर स्मार्ट तरीके से सबसे बेहतरीन डील्स खोजने और बुक करने में मदद करता है।

स्काईस्कैनर ऐप में लॉगइन करते ही यात्रियों को रोज़ाना नए ड्रॉप्स अपने आप मिल जाएंगे। इसमें नजदीकी एयरपोर्ट से वे फ्लाइट्स शामिल होंगी, जिनकी कीमत पिछले 7 दिनों के सबसे निचले स्तर से कम से कम 20त्न या उससे ज्यादा कम हुई होंगी। स्काईस्कैनर दुनिया भर में लगातार ड्रॉप्स ढूंढता रहता है, जिससे यात्री निश्चिंत रह सकते हैं कि वे किसी भी बेहतरीन डील को मिस नहीं करेंगे।

ड्रॉप्स फीचर के लॉन्च का जश्न मनाने के लिए, स्काईस्कैनर के डेटा एक्सपर्ट्स ने आंकड़ों का विश्लेषण किया है और जनवरी 2025 में भारतीय यात्रियों को मिले बेहतरीन ड्रॉप्स की जानकारी दी।

शुक्रवार बना सबसे पॉपुलर ड्रॉप्स दिनः भारतीय यात्रियों को वीकेंड की बचत के साथ शुरुआत करने में मदद करते हुए स्काईस्कैनर ने जनवरी में सबसे ज्यादा ड्रॉप्स शुक्रवार को दिखाए। जल्दी उठने वालों को मिले सबसे ज्यादा ड्रॉप्सः जनवरी में 38त्न ड्रॉप्स सुबह 9:00 बजे से पहले, यानी कामकाजी दिन शुरू होने से पहले ही जारी किए गए।

जनवरी में गोवा को मिले सबसे ज्यादा ड्रॉप्सः सांस्कृतिक रूप से समृद्ध और पसंदीदा पर्यटन स्थलों में ड्रॉप्स की संख्या ज़्यादा रही। इस जनवरी में सबसे ज्यादा ड्रॉप्स के साथ गोवा टॉप डेस्टिनेशन बना।

# दुग्धेश्वर नाथ, सोहगरा धाम मंदिर में श्रद्धालु का उमड़ा जन सैलाब किया जलाभिषेक

अवधनामा संवाददाता



**भाटपार रानी, देवरिया।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शिव भक्तों का अपार जन सैलाब अश्वत्थामा की तपोस्थली दुर्गेश्वर नाथ व सोहगरा धाम मंदिर पर महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर हजारों भक्तों ने हर हर महादेव के नारों के साथ जलाभिषेक किया सुबह के प्रातः 3 बजे से ही भक्तों का ताता लगना शुरू हो गया और देर शाम तक यह चलता रहा, यहां पर मंदिर के मुख्य पुजारी ने प्रातः श्रृंगार आरती के साथ व विधि विधान से पूजन अर्चन के बाद मंदिर कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया इसके बाद आस्था का जैन सैलाब महादेव के जलाभिषेक के लिए उमड़ पाड़ा, बच्चे नौजवान महिला पुरुष सभी आस्था के रंग में सरोवर नजर आए और महादेव को जल अर्पित करने के लिए घंटे अपनी बारी की प्रतीक्षा करते रहे और भगवान भोलेनाथ को बेलपत्र भांग धतूरा बैर फूल व फल व पंचामृत से स्नान कराएं वअपनी मनोकामना की कामना की, प्रशासन पूरी तरह से सजग रही प्रशासन ने श्रद्धालुओं के असुविधा न हो इसके लिए इसके लिए विशेष प्रबंध किए थे प्रवेश द्वार और निकास द्वार से ही आने और जाने की अनुमति थी, यहां पर प्रशासनिक अम्लै के साथ एनसीसी के कैडर देखे गए जो पूरी मुस्तैदी के साथ मुस्तैद रहे प्रशासनिक अम्लै की चाक चौकस व्यवस्था रही, और नगर सहित ग्रामों के विभिन्न शिवालियों में शिव भक्तों का ताता लगा रहा उपनगर के शिव मंदिर सहित सभी मंदिरों पर प्रशासन की तरफ से श्रद्धालुओं के कोई असुविधा न हो इसका विशेष प्रबंध किया गया था, भाटपार रानी थाना अध्यक्ष नंदा प्रसाद अपने में मय फोर्स के साथ मुस्तैद रहें, उप जिलाधिकारी भाटपार रानी क्षेत्राधिकार भाटपार रानी सहित विभिन्न स्थानों के पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## श्रद्धा और सद्भाव के साथ मना महाशिवरात्रि का पर्व

**अमेठी।** महाशिवरात्रि का पर्व श्रद्धा और सद्भाव के साथ मनाया गया। जिले में महाशिवरात्रि के पर्व पर शिवालयों में जलाभिषेक सुबह 4बजे शुरू हुआ और दोपहर तक चलता रहा। सभी शिवालय ॐ नमो शिवाय और हर हर महादेव की ध्वनि दिन भर गूंजती रही। महाशिवरात्रि पर्व पर जिले में तीन दर्जन से अधिक स्थानों पर पारम्परिक मेलों का आयोजन किया गया। मेलों में पुलिस अधीक्षक अर्पणा रजत कौशिक की ओर से कड़ी सुरक्षा की गई थी। पुलिस के जवान सादी वर्दी में भी टहलते देखे गए। मुकुल नाथ धाम ताला में बड़ी संख्या में विभिन्न दलों के नेताओं और पंचायत प्रतिनिधियों ने अपने परिवार के साथ जलाभिषेक किया। जगेसरन, शोभनाथन, महादेवन धाम में महाशिवरात्रि पर्व पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। बुधवार की सुबह पांच बजे से ही स्वामी परमहंस आश्रम, टीकरमाफी में महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ा। आश्रम में स्थित 12 शिवलिंगों पर जलाभिषेक और दर्शन के लिए सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें लग गई।

# मुठभेड़ में गौ तस्कर के पैर में लगी गोली, छह गोवंश बरामद

अवधनामा ब्यूरो



पुलिस गिरफ्त में घायल तस्कर

**कुशीनगर।** पुलिस की संयुक्त टीम व पिकअप सवार गो-तस्कर के बीच बुधवार तड़के चौराखास के दूबे पट्टी गांव के समीप पथरदेवा-जौरा बाजार मार्ग पर मुठभेड़ हो गई। इसमें पैर में गोली लगने से तस्कर घायल हो गया। उसकी पहचान कसया के डूमरी टोला सिसवा महंथ के रूस्तम के रूप में हुई। तस्कर के पास से तमंचा व कारतूस मिला है। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पिकअप से छह गोवंश बरामद हुए।

प्रभारी निरीक्षक चौराखास विद्याधर कुशवाहा तड़के तीन बजे गश्त पर थे। तभी सूचना मिली कि गोवंश की खेप लेकर तस्कर देवरिया के पथरदेवा की ओर से जौरा बाजार की तरफ आ रहे हैं। उच्चाधिकारियों को सूचना दे वे तत्काल दूबे पट्टी गांव के समीप पथरदेवा-जौराबाजार मार्ग पर घेराबंदी कर तस्करों की तलाश में जुट गए। इस बीच पटहेरवा व स्वाट टीम भी आ गई। तभी गोरखपुर जिले के नंबर लगे पिकअप को आते देख टीम ने रुकने का इशारा किया। पुलिस टीम को देख बैरिकेडिंग तोड़ते हुए चालक तेज गति से पिकअप भगाने लगा। टीम ने पीछा किया तो वाहन रोक एक व्यक्ति उतरा और पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए पीआरके मेमोरियल स्कूल की ओर भागा। जवाबी कार्रवाई में रूस्तम के दाएं पैर में गोली लगी और वह गिर पड़ा। उसके पास से एक तमंचा, तीन कारतूस मिला। मौके से एक खोखा बरामद हुआ। पिकअप पर छह गोवंश, धारदार हथियार, लकड़ी का टुकड़ा, रस्सी आदि मिला। गोवंश को गो आश्रय स्थल भेज दिया गया। गो-

**चौराखास थाना क्षेत्र के जौरा बाजार मार्ग पर दूबे पट्टी गांव के समीप हुई भिड़ंत**

तस्कर ने बताया कि देवरिया के पथरदेवा से गोवंश की खेप लेकर वह बिहार के गोपालगंज जा रहा था। एसपी संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि पकड़ा गया तस्कर संगठित गिरोह का सदस्य है।

यह गिरोह बेसहारा पशुओं की तस्करी करता है। इसके विरुद्ध बलरामपुर, देवरिया व कुशीनगर में गो-तस्करी सहित कई धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। इसके विरुद्ध गोवध निवारण, पशु क्रूरता व आर्म्स एक्ट की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। टीम में स्वाट प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह, थानाध्यक्ष दीपक कुमार सिंह, दारोगा आलोक यादव, देवीलाल यादव, रामप्रगट मिश्र आदि शामिल रहे।

## सामूहिक रुद्राभिषेक में सम्मिलित 101 यजमान



**तरकुलवा देवरिया अवधनामा संवाददाता।** जनपद के विकासखंड तरकुलवा अंतर्गत ग्राम सभा मठिया महाबल के शिव मंदिर पर महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर श्री सिद्धेश्वर शिव दरबार में पंडित सूरज मिश्रा के नेतृत्व में ग्राम प्रधान सत्येंद्र गुप्ता के सौजन्य से सामूहिक रुद्राभिषेक का आयोजन रखा गया।अभिषेक से 24 घंटे पूर्व अखंड कीर्तन का आयोजन रखा गया था।सामूहिक रुद्राभिषेक में 101 यजमान सम्मिलित हुए थे सभी ने सामूहिक रूप पार्थिव पूजन कर रुद्राभिषेक किए मत्रों से गुजता रहा पूरा माहौल। जबकि रुद्राभिषेक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सत्यम अंकित राव ने सभी यजमानों को ऐसे कार्यक्रम करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित कीए। कुछ ही देर बाद अभिषेक के समय कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही भी पहुंच कर भगवान श्री सिद्धेश्वर की पूजा अर्चना किए। कृषि मंत्री ने ऐसे आयोजन के लिए ग्राम प्रधान सत्येंद्र गुप्ता को धन्यवाद दिया।उक्त अवसर पर लालबहादुर कुशवाहा, राधा कृष्ण बोस,ठाकुर प्रसाद, सुधीर पाण्डेय दुर्गेश तिवारी, सचिन गुप्ता, मुन्ना कोटेदार, राजेश राय, अंश राय, ओमकार राव के साथ अनेकों भक्त गड़ उपस्थित रहे।

## उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में पटरी से उतरी मनरेगा

**अमेठी।** मनरेगा विलम्बित भुगतान के कारण उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में प्रभावित हैं। नये इस्टीमेट नहीं जारी हो रहे हैं। मजदूरों ने हाथ खड़े कर दिए हैं। नवम्बर से अब तक 1714.46 करोड रु बकाया है। मनरेगा में विलम्बित भुगतान भ्रष्टाचार का एक बड़ा कारण बना हुआ है। कभी भी मजदूरी का पैसा समय से नहीं आता। अधिकांश ग्राम प्रधान अपने पास से मजदूरी का भुगतान करते हैं,जब पैसा आता है तो मजदूरों से वापस लेते हैं। सूत्रों का कहना है कि मनरेगा में जो ई-मास्टर रोल जारी किए जाते हैं,स्थल पर उस अनुसार काम नहीं होता है। तमाम ऐसे मजदूरों के खातों में पैसा आता है,जो कभी मौके पर काम नहीं करते। कार्यस्थल पर मजदूरों की संख्या कहीं भी मास्टर रोल के आधार पर नहीं होती है। जिले की तमाम ग्राम पंचायतों में रात में जे सी बी चलाकर भी काम चल रहा है।

## बाबा साहेब के सपनो को साकार कर रहे प्रधानमंत्री : शशांक मणि



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** देवरिया लोकसभा के सांसद शशांक मणि के नेतृत्व में चल रही संविधान सबका प्रयास यात्रा बुधवार को गौरी बाजार नगर पंचायत के पिपरा धन्नी, खैरटिया गांव में पहुंची जहां लोगों ने यात्रा का भव्य स्वागत किया। इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए सदर सांसद ने कहा कि आजादी के बाद लगभग 60 सालों तक देश पर कांग्रेस ने शासन किया और अपनी सुविधानुसार भारत के संविधान में विभिन्न परिवर्तन किए लेकिन भाजपा के शासनकाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संविधान का गौरव बढ़ाने के लिए, शोषितों, वंचितों और गरीबों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। संविधान गौरव यात्रा, संविधान सबका प्रयास यात्रा हमारे आम नागरिकों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने का एक साहसिक प्रयास है। विपक्षी पार्टियों ने देश की जनता को सिर्फ छलने का काम किया है। उन्होंने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को सभी समाज वर्गों के लिए आदर्श बताते हुए, भाजपा सरकार द्वारा उनके पांच तीर्थस्थलों के निर्माण का भी उल्लेख किया। इस दौरान दिल्ली से आई संसद टी वी की पत्रकार अमृता चौरसिया की टीम ने पूरी यात्रा की कवरेज की । यात्रा में संयोजक कृष्णनाथ राय, मंडल अध्यक्ष आदित्य सिंह, प्रभाकर तिवारी, अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजन सोनकर, अखिलेश त्रिपाठी, दिनेश पांडे, डिग्गी बाबा, दुर्गेश नाथ त्रिपाठी, अतुल राय, महेंद्र राय, राहुल पांडे, कमलेश मौर्य, संतोष कुमार, संजय मौर्य, मुन्ना विश्वकर्मा, धीरज प्रताप राव, मंजेश कुशवाहा सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# शरारती तत्वों ने खंडित की अंबेडकर मूर्ति प्रशासन की सूझबूझ से टला विवाद

### स्थानीय तहसील प्रशासन ने कराई मूर्ति की मरम्मत, तब माने लोग

अवधनामा संवाददाता



मौके से पहुंचे थानाध्यक्ष लोगों को समझाते

**बोदरवार, कुशीनगर।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के पोखर भिण्डा नं. एक में डॉ भीम राव अम्बेडकर की मूर्ति तोड़ने की सूचना पर पहुंचे लोगों ने हंगामा खड़ा कर दिया। मूर्ति तोड़ने वालों की गिरफ्तारी के साथ साथ बाबा साहेब की नई मूर्ति लगाने की मांग करने लगे। न्यायिक तहसीलदार कप्तानगंज जितेन्द्र सिंह और प्रभारी निरीक्षक धनवीर सिंह ने उग्र भीड़ को समझा बुझाकर शांत कराया तथा खंडित मूर्ति की मरम्मत कराई।

बुधवार को महाशिवरात्रि पर्व पर पोखरभिंडा शिव मंदिर में भोर से ही ग्रामीणों द्वारा जलाभिषेक शुरू हो गया था। जलाभिषेक करने आने वाले लोगों द्वारा अंम्बेडकर मूर्ति तोडने की सूचना से क्षेत्र में अफरा तफरी मच गई। थोड़ी देर में लोगों का हुजूम पोखरभिंडा के भगवानपुर पुरवां के दक्षिण बुद्ध बिहार में स्थापित बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर स्थल पर जमा होने लगा। भगवानपुर निवासी नागेंद्र प्रसाद, राम नगीना, अनिल कुमार के सूचना पर भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष अयोध्या प्रसाद, बसपा विधानसभा अध्यक्ष रोहित निगम, जितेन्द्र गौतम, चन्द्र शेखर अपने समर्थको के साथ मौके पर पहुंच गए। सैकड़ों महिलाओं का हुजूम इकठ्ठा हो गया। इसी बीच थानाध्यक्ष धनवीर कुमार सिंह मय फोर्स घटना स्थल पर पहुंचकर उग्र भीड़ को शांत कराने का प्रयास कर ही रहे थे कि न्यायिक तहसीलदार जितेन्द्र सिंह, कानूनगो रामानंद, हल्का लेखपाल जैकी सरोज के साथ पहुंच गए। महिलाएं नई अंबेडकर मूर्ति लगवाने और दोषियों को तत्काल गिरफ्तार करने की जिद पर अड गई। थानाध्यक्ष और तहसीलदार की सूझबूझ से खंडित मूर्ति के मरम्मत और तहसीलदार को ज्ञापन तथा थानाध्यक्ष को तहरीर सौंपने के बाद समाप्त हुआ। थानाध्यक्ष ने कहा कि मूर्ति क्षतिग्रस्त करने वालों को बख्शा नहीं जायेगा। उन्हें चिन्हित कर उचित कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## डीएम व एसपी द्वारा महाशिवरात्रि के दृष्टिगत शिवमंदिरों का किया गया निरीक्षण



**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह ने महाशिवरात्रि के दृष्टिगत सदर क्षेत्रांतर्गत प्राचीन जगमोहनेश्वर मन्दिर चंदापुर व आस्तीक मंदिर परिसर लालूपुर का भ्रमण कर सुरक्षा, पार्किंग, साफ-सफाई, बैरिकेटिंग तथा अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा मन्दिर में पूजा अर्चना भी की गई। निरीक्षण के समय जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मन्दिर परिसर व उसके आस-पास साफ-सफाई की व्यवस्था, पार्किंग, प्रकाश, सुरक्षा की समुचित व्यवस्था बनाए रखना सुनिश्चित किया जाए, जिससे आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न न हो। निरीक्षण के समय नगर मजिस्ट्रेट राम अवतार, तहसीलदार सदर प्रज्ञा द्विवेदी सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## मारपीट के अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**अमेठी/ मुंशीगंज अवधनामा संवाददाता।** पुलिस टीम ने जानलेवा हमला करने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। मंगलवार को सरायखेमा निवासी जवाहरलाल पुत्र मिठाई लाल के घर पर शुभम् कोरी नाम के युवक ने अपने साथियों से साथ दबंगई और मारपीट की। युवक पर फायरिंग का भी आरोप है। पुलिस ने बुधवार को अभियुक्त शुभम कोरी को जेल भेजा है। अभियुक्त के पास से 01 अदद देशी पिस्टल मय 02 जिन्दा कारतूस बरामद किया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मु0अ0सं0 26/25 धारा 115(2), 352,351(3), 61 बी0एन0एस0 एवं 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया था।

# निर्माण कम्पनियों को चार महीने से नहीं मिले पैसे, जल जीवन मिशन के काम ठप



अवधनामा संवाददाता

### दीपावली के बाद नहीं हुआ कोई भुगतान, इसीलिए रुके पड़े हुए हैं काम

**अमेठी।** अमेठी, भादर, भेंटुआ, संग्रामपुर, शाहगढ़ और मुसाफिरखाना में चार महीने से काम ठप हैं। निर्माण कम्पनियों के कर्मचारी फील्ड में नहीं आ रहे हैं। एक अवर अभियंता ने बताया कि चार महीने से कम्पनियों को कोई पैसा नहीं मिला है, चर्चा है कि सरकार का सारा पैसा महाकुंभ में खर्च हो गया है। जल निगम विभाग के साथ अन्य कई विभागों में भी वित्तीय संकट है। कर्मचारी परेशान हैं। **जल जीवन मिशन की स्थिति -एक नजर** कुल परियोजनाओं की संख्या -487 पूर्ण परियोजनाओं की संख्या -55 पूर्ण ओवर हेड टैंकों की संख्या -95 70 फीसदी से 90 फीसदी तक काम वाले ओवर हेड टैंकों की संख्या -206 जलापूर्ति वाले गांवों की संख्या -461

**अमेठी।** जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जिले में काम कर रही निर्माण कम्पनियां अवशेष भुगतान के लिए परेशान हैं। निर्माण कम्पनियों का सौ करोड़ रुपए से अधिक बकाया है। तौलिया बनाने वाली एक कम्पनी को काम मिला है,इस कम्पनी से कुछ ठेकेदारों ने चुनाव के पहले ही करोड़ों रुपए ले लिए हैं,न पैसा वापस कर रहे हैं और न ही काम आगे बढ़ा रहे हैं। धनाभाव में सरकार ने जल जीवन मिशन के प्रोजेक्ट को2028तक बढ़ा दिया है। जिले में जल जीवन मिशन का काम वेलस्पन, गायत्री और बी टी एल कम्पनियों को दिया गया है। कोई भी निर्माण कम्पनी अपना काम समय से नहीं पूरा कर पा रही है। भुगतान न होने से कम्पनियों काम आगे नहीं बढ़ पा रहा है। प्रोजेक्ट अधर में लटके हुए हैं।जिन परियोजनाओं काम 80 फीसदी तक हो गया है, उन्हें भी पूरा करना मुश्किल हो रहा है। जिले के 945 राजस्व गांवों में से 461गांवो में वाटर सप्लाई शुरू हुई है, परंतु वाटर सप्लाई और रोड रेस्टोरेशन को लेकर शिकायतें शून्य नहीं हो रही हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार केंद्र सरकार ने जल जीवन मिशन योजना को 2028 तक आगे बढ़ा दिया गया है, परन्तु इसकी अधिकृत घोषणा अभी नहीं हुई है। सभी जिलों को 30 जून 2025 तक अवश्य काम पूरा कराने के निर्देश दिए गए हैं।

# महाशिवरात्रि : हर-हर महादेव की जयघोष से गूंजयमान हुआ शिवालय

अवधनामा ब्यूरो



कुबेर स्थान प्राचीन शिव मंदिर में जलाभिषेक चढ़ाते श्रद्धालु

**कुशीनगर।** महाशिवरात्रि के अवसर पर बुधवार को जिले के सभी शिवालय हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठे। ब्रह्म मुहुर्त से ही श्रद्धालु शिव मंदिरों में कतार बद्ध होकर जलाभिषेक करने में जुट गए। भक्तों ने बेलपत्र, भांग, धतूरा, दूध, अक्षत आदि चढ़ाकर देवाधिदेव महादेव और माता पार्वती की विधिवत पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। पावन पर्व के इस वेला पर महिलाएं जहा दिन भर उपवास रख घर-परिवार की उन्नति के लिए प्रार्थना की। वहीं शिवालय परिसर में लगे मेले में लोगों ने जमकर खरीदारी की। सुरक्षा को देखते हुए प्रमुख मंदिरों में सीसीटीवी कैमरे के साथ ही पुलिस बल की व्यवस्था की गई थी। कुबेर स्थान स्थित द्वितीय काशी के नाम से ख्याति प्राप्त प्राचीन शिव मंदिर में ब्रह्म बेला से ही भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

मंदिर पीठाधीश्वर व उनके सहयोगी पुजारियों ने रात्रि करीब ढाई बजे से महाशिव आरती एवं पूजन कर मंदिर की कपाट आम लोगों के लिए खोल दिया। मंदिर में पहुंचे लोग हाथों में धतूरा, अक्षत, गुड़, चंदन, मधु, दूध, गंगाजल आदि पूजन सामग्री चढ़ाकर कालो के काल महाकाल की विधि विधान से पूजन-अर्चन की। इस दौरान मंगल गीत और हर-हर महादेव के जयघोष से शिवालय गूंज उठा। मंदिर में श्रद्धालुओं और मंदिर की सुरक्षा को देखते हुए भारी पुलिस बल की तैनाती की गई थी।

## मुस्लिम समाज के लोगों ने सांप्रदायिक सौहार्द की पेश की मिसाल



श्रद्धालुओं को माला पहनाकर स्वागत करते मुस्लिम समाज के लोग

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** महाशिव रात्रि पर्व को सभी थाना क्षेत्रों में शिव मंदिरों एवं संवेदनशील स्थानों पर पुलिस कर्मियों द्वारा उपस्थित रहकर सकुशल सम्पन्न कराया गया। इसी क्रम में थाना तमकुहीराज एवं सेवरही क्षेत्रांतर्गत शिव मंदिर पर मुस्लिम सम्प्रदाय के लोगों द्वारा भाईचारे का परिचय देते हुए श्रद्धालुओं को माल्यार्पण कर स्वागत किया गया एवं शुभकामनाएं दी गई। हिंदू और मुस्लिम समुदाय के सदस्यों ने एक साथ मिलकर एक-दूसरे के प्रति सम्मान और सद्भाव का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर, मुस्लिम समुदाय के लोगों ने कहा, हम सभी भाई-बहन हैं और हमें एक-दूसरे के त्योहारों का सम्मान करना चाहिए। यह हमारी संस्कृति और परंपरा का हिस्सा है। हिंदू समुदाय के लोगो ने मुस्लिम समुदाय के इस उदार भाव की सराहना की और कहा, इस तरह के पहल से हमारे बीच एकता और मजबूत होती है।

# हरिश्चंद्र कोरी बनाए गए आजाद समाज पार्टी कांशीराम के जिला अध्यक्ष



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता रहे हरिश्चंद्र कोरी को आजाद समाज पार्टी का नया जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रशेखर एडवोकेट के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व एम एल सी सुनील कुमार चित्तौड़ ने नियुक्ति पत्र जारी किया है। हरिश्चंद्र कोरी ने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व और प्रदेश अध्यक्ष, आजाद समाज पार्टी -कांशीराम ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है, उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से पूरा करेंगे। बाबा साहब डॉ अम्बेडकर और मान्यवर कांशीराम के विचारों के अनुरूप काम करते हुए ग्रास रूट तक पार्टी का विस्तार करेंगे। हरिश्चंद्र कोरी ने प्रदेश कोषाध्यक्ष अमित गौतम के साथ नगर स्थित डॉ अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और डॉ देवराज यादव की आजाद समाज पार्टी में ज्वाइनिंग भी कराई।भीम आर्मी के मंडल अध्यक्ष अरुण कुमार शास्त्री, प्रदेश सचिव सद्दीक खान,मो इश्तियाक, विनोद कुमार पासी आदि मौजूद रहे।

# मोनू यादव नैपुर ने रुद्रा मठिया को दिखाया आसमान

अवधनामा संवाददाता



**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** मोतीचक विकास खण्ड क्षेत्र के असना गांव में बुधवार को परंपरागत शिवरात्रि मेला का आयोजन किया गया। मेला में आयोजित कुश्ती में मोनू सिहोरवां ने रूद्रा मठिया को आकाश सिहोरवां विशाल मठिया को सत्यदेव मठिया ने गोलू सिहोरवां अनिरुद्ध मठिया ने शिवम बनकटा को अतुल मठिया ने मिंटू कुसुम्ही को अंकित मठिया ने नील कमल सिहोरवा को लक्की नैपुर ने शिवम् बरसैना को अखाड़े में चित्त किया। सेराज असना व हेराम महुई कुन्दन मठिया व अमरनाथ नन्दनी नगर फैजाबाद की कुश्ती बराबरी पर छूटी।

अन्तर्जनपदीय स्तर के कुश्ती में गोरखपुर फैजाबाद महराजगंज कुशीनगर जनपद के पहलवानों ने अखाड़ा में जोर आजमाईश किया। अखाड़े में गोरखपुर के पहलवानों का दबदबा रहा। खेल प्रशिक्षक रामानन्द तिवारी तथा मेला संयोजक गंगाप्रसाद चौबे ने अखाड़े में पहलवानों का हाथ मिलवाकर कुश्ती का शुभारंभ कराया। खेल प्रशिक्षक रामानन्द तिवारी ने कहा ग्रामीणांचल में प्रतिभाओं की कमी नही है। इस तरह के आयोजन से ग्रामीण प्रतिभाओं को देश व प्रदेश स्तर पर अपनी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता है। पूर्व प्रधानाचार्य रमेश चन्द्र त्रिपाठी ने कहा सरकार गांव गांव मिनी स्टेडियम तथा अखाड़ा बनवाकर ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर उपलब्ध करा रही है पहलवान शैलेन्द्र कुमार ने अखाड़े में निर्णायक की भूमिका निभाई। इस दौरान राजेन्द्र चौबे अरविन्द कुमार चौबे विद्या विश्वकर्मा नरायन सिंह कैलाश सिंह नेबूलाल यादव गौरीशंकर दिवाकर बबलू सिंह शिवदत मल्ल रामप्रीत हबीब अली जीयुत यादव आदि क्षेत्रीय लोग तथा सैंकड़ों ग्रामीण अखाड़े के दर्शक दीर्घा में मौजूद रहे है।

## फेयरवेल फ्रेशर पार्टी का आयोजन

**उरई (जालौन)।** अशोक शुक्ला महिला पीजी कॉलेज में फेयरवेल फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम ज्योति सिंह रहीं। विशिष्ट अतिथि क्षेत्राधिकारी देवेंद्र कुमार पचौरी और महा विद्यालय के प्रबंधक विपिन शुक्ला महा विद्यालय के प्राचार्य डॉ शैलेंद्र कुमार द्विवेदी उपस्थित रहे। छात्राओं को फेयरवेल फ्रेशर्स चुना गया।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद बिलग्राम हरदोई**

पत्र संः 1351/न0पा0परि0बिल0/भवन मानचित्र/2024-25 दिनांक- 15/01/2025

**सार्वजनिक सूचना (भवन मानचित्र स्वीकृत)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती रूबी पुत्री सादिक हुसैन नि0 मो0 मैदानपुरा तहसील बिलग्राम जनपद हरदोई ने भवन मानचित्र स्वीकृत हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। जिसमें मो0 कटरा हैदराबाद अन्दर नगर पालिका बिलग्राम जनपद हरदोई में आवासीय भूमि है। जिसकी चौहद्दी निम्नवत् है-

| | |
|---|---|
| पूरब - | शेष भूमि मो0 आसिफ। |
| पश्चिम - | मकान शफीक। |
| उत्तर - | मकान हसमत। |
| दक्षिण- | 12 फिट चौडा कच्चा रास्ता। |

अतः इस भवन मानचित्र स्वीकृत प्रार्थना पत्र यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो एक माह के अन्दर नगर पालिका में कार्यालय अवधि में दे सकता है। समयावधि व्यतीत होने के पश्चात् किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी** **अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद बिलग्राम हरदोई** **नगर पालिका परिषद बिलग्राम हरदोई**

CMYK



# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत संपन्न हुआ 90 कन्याओं का विवाह

**अवधनामा संवाददाता**

- जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व परिजनों ने दिया वर-वधू को आशीर्वाद
- बाबुल का ऑगन बना गल्ला मण्डी परिसर



**बहराइच।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अन्तर्गत गल्ला मण्डी परिसर मिहींपुरवा में विकास खण्ड मिहींपुरवा, नवाबगंज, बलहा व शिवपुर तथा नगर पालिका परिषद नानपारा व नगर पंचायत मिहीपुरवा की गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले ज़रूरतमन्द, निराश्रित/निर्धन परिवारों की हिन्दू समुदाय की 83 व अल्पसंख्यक समुदाय की 07 सहित कुल 90 विवाह योग्य कन्याओं का विवाह उनकी सामाजिक/धार्मिक मान्यता एवं परम्परा/रीति-रिवाज के साथ सम्पन्न कराया गया। सामूहिक विवाह कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक बलहा श्रीमती सरोज सोनकर एवं पूर्व सांसद बहराइच अक्षयवरलाल गोंड द्वारा संयुक्त रूप से शंकर भगवान के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया गया। जबकि बीडीओ मिहींपुरवा विनोद कुमार यादव ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

सामूहिक विवाह कार्यक्रम में उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए विधायक बलहा श्रीमती सोनकर ने कहा कि समाज कल्याण विभाग अन्तर्गत जनकल्याण हेतु विशेष कर सामूहिक विवाह कार्यक्रम जैसी योजना संचालित करने के लिए में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को बधाई देती हूॅ। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि जैसे पावन पर्व के अवसर पर अत्यन्त शुभ मुहुर्त में आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह कार्यक्रम में प्रतिभाग कर मैं अपने आप को गौरान्वित महसूस कर रही हूॅ। श्रीमती सोनकर ने प्रथम वेदी पर बैठ कर विधिवत पूजा पाठ सम्पन्न करने के उपरांत हिन्दू सप्तपदी विवाह विधि से कन्याओं का कन्यादान करते हुए, समस्त जोड़ों को अपना आशीर्वाद प्रदान किया। पूर्व सांसद बहराइच श्री गोंड ने कहा कि रानी सशक्तिकरण के लिए देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी व प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा उनके नेतृत्व में केन्द्र व प्रदेश संरकार दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम अपने आप में एक अनूठी योजना है जिसमें जिसमें गरीब परिवार कोे बेटियों का सरकारी खर्च पर विवाह सम्पन्न कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में प्रतिवर्ष 01 लाख से अधिक गरीब कन्याओं के विवाह के लिए बजट की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने आमजन से अपील की इस योजना का भरपूर लाभ उठायें। पूर्व सांसद श्री गोंड ने नवविवाहित दम्पतियों को वैवाहिक सामग्री का वितरण करते हुए खुशहाल जीवन के लिए आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर उपायुक्त एनआरएलएम दीपक सिंह, उपायुक्त मनरेगा के सतीश पाण्डेय, जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पाण्डेय, खण्ड विकास अधिकारी बलहा अर्पणा, नवाबगंज के राहुल पाण्डेय, शिवपुर की अनुष्का श्रीवास्तव एवं सहायक प्रबंधक समाज कल्याण देवव्रत शर्मा उपस्थित रहे।

# महाकुम्भ के अंतिम नहान को लेकर स्टेशन पर उमड़ी भीड़

**अवधनामा संवाददाता**



**टूंडला।** महाकुम्भ प्रयागराज में महाशिवरात्रि को लेकर रेलयात्रियों में जुनून देखने को मिला। वहीं रेलयात्री की भीड़ देखते हुए आरपीएफ व जीआरपी पुलिस स्टॉफ ने जगह जगह चेकिंग अभियान चलाया। रेलवे स्टेशन टूंडला पर जीआरपी,आरपीएफ पुलिस फोर्स द्वारा महाकुंभ की भीड़ के चलते चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान बाहर से आने जाने वाली रेल यात्रियों पर पैनी नजर रखी गई। महाशिवरात्रि के अंतिम गंगा नहान को लेकर प्रयागराज महाकुंभ में चल रही भीड़ के चलते जीआरपी व आरपीएफ पुलिस फोर्स द्वारा ट्रेनों, वेटिंग रूम, टिकट घर, सर्कुलेटिंग एरिया आदि स्थानों पर रेल यात्रियों के बैग एवं अटैची आदि सामान की चेकिंग की गई। संदिग्ध लोगों पर पैनी नजर रखी गई।

## डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई कर एवं करेत्तर राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक

**बहराइच।** राजस्व कार्यो एवं कर-करेत्तर राजस्व वसूली की समीक्षा हेतु मंगलवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने तहसीलों को निर्देश दिया कि आई.जी.आर.एस. से सम्बन्धित प्रकरणों का गुणवत्तापरक निस्तारण कराया जाय। तहसीलदारों को निर्देश दिये गये कि नियमित रूप से अमीनवार वसूली की समीक्षा करें। विशेषकर विभिन्न विभागों से प्राप्त हुई आर.सी. का मिलान कर वसूली की जाय। तहसीलों को निर्देश दिया गया कि जिले में अवैध खनन पर प्रभावी अंकुश के लिए प्रवर्तन की कार्यवाही की जाय तथा अवैध खनन में संलिप्त लोगों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जाय तथा खनन में संलिप्त वाहनों को सीज़ किया जाय तथा समय से रायल्टी जमा करायी जाय। राजस्व वादों के निस्तारण की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया गया कि लम्बे समय से चल रहे वादों को चिन्हित करें तथा अभियान संचालित कर उन्हें निस्तारित किया जाय। डीएम ने निर्देश दिया कि विभिन्न न्यायालयों पर प्रचलित सीलिंग से सम्बन्धित वादों में प्रभावी पैरवी कर उन्हें निस्तारित कराया जाय।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ने निकाली भव्य शिव संदेश यात्रा

**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय कैला देवी मंदिर फ़िरोज़ाबाद स्थित सेवा केंद्र के तत्वाधान में आज भव्य शिव सन्देश यात्रा निकाली गई। यात्रा में शामिल सेवा केंद्र के सभी भाई बहन हाथो में झंडे, स्लोगन लेकर और माताये सिर पर कलश धारण कर नारों के माध्यम से परमात्मा को पहचानने और उनके इसलिए धरा पर अवतरित होने का संदेश देते चल रहे थे।

यह शिव यात्रा रैपुरा रोड में सिल्वर सिटी से चलकर दम्मामल नगर होते हुए कैला देवी मंदिर सेवाकेंद्र पर समाप्त हुई। जहाँ पर शिव पिता के झंडे का ध्वजारोहन किया गया. और झण्डा फहराने के बाद सेवा केंद्र कि मुख्य संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सरिता दीदी नें शिवजयंती का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए कहा कि शिव पर आक, धतूरा और बेर अर्पित करने का अर्थ है कि हमें इसलिए कलयुग रूपी अज्ञान अधेरी रात्रि में अपने अंदर के विकारो, बुराइयों, कमियों को शिव पर अर्पित करना है। संस्था द्वारा शिव जयंती के



इसलिए महापर्व पर सेवाकेंद्र पर बारह ज्योतिर्लिंग स्थापित किये गए। जो सभी के आकर्षण का मुख्य केंद्र था। जिसमें 15 फुट ऊँचा शिवलिंग तैयार कया गया था। इस बारह ज्योतिर्लिंग कि भव्य झांकी का उदघाटन असिस्टेंट ट्रेसरी ऑफिसर कृष्णकांत गौतम नें किया. कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि महापौर कामिनी राठौर ने पूजा अर्चना कर अपने परिवार और समस्त नगर वासियों के लिए मंगल कामना की और आशीर्वाद लिया. उनके अलावा कार्यक्रम में नगर मजिस्ट्रेट राजेंद्र कुमार, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी के.एम. सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी उपेंद्र कुमार अपने परिवार सहित शामिल हुए और समाज सेविका अनुपम शर्मा, शिव जयंती के इस कार्यक्रम में नगर निगम के कर निर्धारण अधिकारी कि प्रमुख सहभागिता रही. दिन भर दूर-दूर से आये श्रद्धालुओं ने बड़ी श्रद्धा और भक्ति भाव से ज्योतिर्लिंग के दर्शन किये. कार्यक्रम का संचालन खुशी बहन ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत अंजना बहन, सपना बहन, अनीता बहन, मधु बहन, माधुरी बहन, रिंकी बहन और निर्मला बहन ने तिलक लगाकर और पीत दुपट्टा पहना कर किया।

सभी अतिथियों ने प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा किए जा रहे सेवा प्रकल्पों और जीवन में सकारात्मक सुधार के सतत् संकल्प की अपने अपने नजरिए से सराहना की।

# एनसीआरईएस टूंडला की शाखाओं ने मनाया 23वां स्थापना दिवस

**अवधनामा संवाददाता**



**टूंडला।** एनसीआरईएस टूंडला की तीनों शाखाओं द्वारा 23 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में उत्तर मध्य रेलवे उपमंडलीय चिकित्सालय टूंडला के मरीजों को फल वितरण आयोजन मंडल उपाध्यक्ष मनीष कुमार मीना के नेतृत्व में किया गया। जिसमें मुख्य चिकित्सा अधीक्षक अविनाश कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान मंडल उपाध्यक्ष मनीष कुमार मीना ने बताया कि नॉर्थ सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज संघ का 23वां स्थापना दिवस संघ सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है। जिसमें प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी रेलवे चिकित्सालय के सभी मरीजों को फल वितरण किया गया और उन्होंने बताया कि स्थापना दिवस के दौरान हमारे सभी कार्यालय की साफ सफाई, पेंटिंग कर सभी कार्यालय को लाइटिंग द्वारा शाम को सजाया जाएगा। इस संघ सप्ताह के दौरान शाखाओं के पदाधिकारी द्वारा उनके कार्य क्षेत्र में जाकर कर्मचारियों की समस्याओं को संग्रहित किया जाएगा जो भी कर्मचारियों की समस्याएं होंगी उनके निस्तारण हेतु तुरंत कार्रवाई की जाएगी। शाखा सचिव सचिन मिश्रा ने बताया कि एनसीआरईएस के महामंत्री आरपी सिंह का केवल एक ही उद्देश्य है कि हर कर्मचारी की पहुंच में हो और उनकी समस्याओं का शीघ्र निस्तारण किया जाए। इसलिए प्रत्येक वर्ष संघ स्थापना दिवस को कर्मचारियों के लिए समर्पित किया गया है। इस मौके पर वीके गौतम, शाखा सचिव नरेश चंद मीना, सीपी गर्ग, शाखा अध्यक्ष हरपाल सिंह, सुजीत कुमार सिंह, पवन कुमार बघेल, जोगेंद्र बघेल, राहुल कुमार मीना, सतपाल शर्मा, राकेश सिंह, हरिकांत, नवल किशोर मीना, सोहन देव, पंकज कुमार, रहीश पाल सिंह, विनीत, मुनी राम मीना के अलावा रेलवे पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत भ्रमणशील रहे डीएम व एसपी



**बहराइच।** महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह तथा जिले के अन्य प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी निरन्तर भ्रमणशील रहका व्यवस्थाओं का जायज़ा लेते रहे। नगर क्षेत्र के भ्रमण के दौरान डीएम व एसपी ने अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा के साथ पौराणिक सिद्धनाथ मन्दिर पहुंचकर महामण्डलेश्वर श्री रवि गिरि जी महाराज के नेतृत्व में जलाभिषेक कर विधिवत पूजा अर्चना भी की। इस अवसर पर डीएम व एसपी ने महामण्डलेश्वर गिरि जी महाराज से व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–टेन्डरिंग निविदा सूचना सं० 10/2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है। **क्र.सं. 1.** कार्य का विवरण : इज्जतनगर डिवीजन के कानपुर अनवरगंज-फर्रूखाबाद अनुभाग में अरौल मकनपुर-बिल्हौर स्टेशनों के मध्य मेजर ब्रिज सं. 102 पर कुल 6 पीयर्स का सुदृढ़ीकरण/जैकेटिंग। अनुमानित लागत रूपयों में : रू. 2,48,71,179.38, बयाना राशि रूपयों में : रू. 2,74,400/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य : शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 08 माह। **क्र.सं. 2.** कार्य का विवरण : पीलीभीत, फर्रूखाबाद एवं कासगंज स्टेशनों पर प्रदूषण नियंत्रण के लिए ग्रीन बेल्ट का प्रावधान। (काशीपुर, रूद्रपुर सिटी, पीलीभीत, फर्रूखाबाद एवं कासगंज स्टेशनों पर स्वीकृत कार्य के अन्तर्गत प्रदूषण नियंत्रण के लिए ग्रीन बेल्ट का प्रावधान।) अनुमानित लागत रूपयों में : रू. 1,38,99,761.18, बयाना राशि रूपयों में : रू. 2,19,500/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य : शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 08 माह। **1.** ई-निविदा दिनांक 21.03.2025 को 15.00 बजे तक आन लाइन जमा कर सकेंगे। **2.** ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेब साईट **www.ireps.gov.in** पर देखे।

मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०), इज्जतनगर

मुजाधि/डब्लू - 420

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

# मुठभेड़ में असलाह सहित एक गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा थाना उत्तर पर पंजीकृत अभियोग मु.अ.सं. 54/25 से सम्बन्धित शातिर अभियुक्त अनुराग गुप्ता उर्फ अन्नू को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से 01 तमंचा 315 बोर, 01 खोखा कारतूस, 02 जिंदा कारतूस, 01 अदद चोरी की मोटर साइकिल एवं छिनैती के 1,500/- रुपये बरामद हुए। घायल अभियुक्त को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया। अभियुक्त के विरुद्ध जनपद के विभिन्न थानों में गम्भीर धाराओं में डेढ़ दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।उक्त प्रकरण के खुलासे हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में 02 पुलिस टीमों का गठन किया गया था। प्रकरण की विवेचना के दौरान अभियुक्त अनुराग गुप्ता उर्फ अन्नू पुत्र वेदप्रकाश गुप्ता निवासी पत्थर वाले मंदिर के पास स्टेशन रोड़ थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद व उसके 02 अन्य साथियों जयप्रताप उर्फसिमू पुत्र विजय सिंह निवासी कपावली थाना नारखी, आदेश पुत्र गजेन्द्र निवासी टूण्डली थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद का नाम प्रकाश में आया जिनकी पुलिस टीम को तलाश थी। इसी क्रम में आज दिनाँक 25-02-2025 को थाना उत्तर पुलिस टीम को मुखबिर खास से सूचना प्राप्त हुई कि मु.अ.सं. 54/25 में वांछित अभियुक्तगण थाना उत्तर क्षेत्र में मोटर साइकिल पर सवार होकर किसी वारदात को अंजाम देने के इरादे से घूम रहे हैं। सूचना के आधार पर थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा बैंदी की पुलिया पर सघन चैकिंग अभियान चलाया जा रहा था इसी दौरान एक बाइक पर सवार 03 संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखाई दिये। पुलिस टीम द्वारा बाइक सवार संदिग्ध व्यक्तियों को रुकने का इशारा किया गया तो उक्त संदिग्ध व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर बाइक को वापस मोड़कर भागने लगे, लेकिन हड़बड़ाहट में भागते समय उनकी बाइक फिसलकर गिर गई। खुद को घिरता हुआ देख संदिग्ध व्यक्तियों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया। आत्मरक्षार्थ थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में एक संदिग्ध व्यक्ति के पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया तथा 02 अन्य संदिग्ध व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग गये। घायल व्यक्ति की पहचान छिनैती की घटना में संलिप्त अभियुक्त अनुराग गुप्ता उर्फ अन्नू के रूप में हुई है। अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में लेकर उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजा गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही जारी है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में राजेश कुमार पाण्डेय प्रभारी निरीक्षक, उ.नि. सुनील कुमार चौकी प्रभारी ककरऊ कोठी, उ.नि. गौरव वर्मा चौकी प्रभारी आगरा गेट, उ.नि. मिथलेश कुमार, है.का. 722 अजीत सिंह, है.का. 807 नीलेश कुमार, है.का. 636 सतीश शर्मा, का. 743 सत्यवीर सिंह थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद सम्मिलित रहे।

## रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

## विशेष रेलगाड़ियां

**महाकुम्भ मेला–2025** के उपरांत रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का तिथिवार विवरण निम्नानुसार है:–

दिनांक **27.02.2025** (गुरुवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर जं. | 14:00 | प्रयाग जं., फाफा मऊ जं., फूलपुर, जंघई एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर जं. | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली, बछरावां एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | प्रयाग जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुलतानपुर जं. स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04229 | प्रयाग जं. | 21:10 | अयोध्या कैंट | 01:55 | फाफा मऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिशनाथगंज, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, पीपरपुर, सुलतानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड एवं मसौधा स्टेशन |
| 04271 | प्रयाग जं. | 14:45 | जौनपुर जं. | 16:20 | फाफा मऊ जं., थरवई, सराय चण्डी, फूलपुर, उग्रसेनपुर, बरिया राम, जंघई जं., मड़ियाहूँ एवं ज़फराबाद जं. स्टेशन |
| 04293 | प्रयाग जं. | 20:20 | लखनऊ जं. | 02:00 | फाफा मऊ जं., अटरामपुर, राम चौरा रोड, लालगोपालगंज, भदरी, कुण्डा हरनामगंज, गढ़ी मानकपुर, परियावां कालाकांकर रोड, अरखा, ऊँचाहार जं., लक्ष्मणपुर, दरियापुर जं., रायबरेली जं., गंगागंज, हरचन्द पुर, कुनिनगंज, बछरावाँ, श्रीराज नगर, निगोहा, कनकहा, मोहनलालगंज एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04233 | प्रयाग जं. | 09:40 | अयोध्या धाम जं. | 15:05 | फाफा मऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिशनाथगंज, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, पीपरपुर, सुलतानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, मसौधा एवं अयोध्या कैंट स्टेशन |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफा मऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुलतानपुर जं. स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफा मऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुलतानपुर जं. स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफा मऊ जं. | 10:15 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफा मऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला, खुन्डौर, सुलतानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ जं., उतरेटिया जं., मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराज नगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत एवं फाफा मऊ जं. स्टेशन |
| 04066 | दिल्ली जं. | 23:25 | फाफा मऊ जं. | 14:15 | गाजियाबाद, हापुड़ जं., गढ़मुक्तेश्वर, गजरौला जं., अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ जं., एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., गोविन्दपुरी एवं फतेहपुर स्टेशन |
| 04145 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविन्दपुरी, इटावा जं., टूण्डला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 01823 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जं. | 17:50 | आनन्द विहार टर्मिनल | 13:45 | निवाड़ी, मऊ रानीपुर, हरपालपुर, महोबा जं., बाँदा जं., अतर्रा, चित्रकूट, मानिकपुर जं., शंकरगढ़, नैनी जं., सूबेदारगंज, फतेहपुर, गोविन्दपुरी, इटावा जं., टूण्डला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 05011 | गोरखपुर जं. | 14:30 | अयोध्या कैंट | 19:35 | सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, स्वामी नारायन छपिया, मसकनवाँ, मनकापुर जं. एवं अयोध्या धाम जं. स्टेशन |
| 05012 | अयोध्या कैंट | 21:50 | गोरखपुर जं. | 04:30 | |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:20 | प्रयाग जं., फाफा मऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुलतानपुर जं. स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधो सिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मडियाहूँ, ज़फराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर जं., गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुलतानपुर जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ अइमा, फाफा मऊ जं. एवं प्रयाग जं. स्टेशन |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | प्रयाग जं., फाफा मऊ जं., मऊ अइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुलतानपुर जं., अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., गोशाईगंज, अकबरपुर जं., शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फराबाद जं., मडियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधो सिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग जं., फाफा मऊ जं., मऊ अइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुलतानपुर जं., अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., गोशाईगंज, अकबरपुर जं., शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फराबाद जं., मडियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधो सिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 05104 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 10:30 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 04:30 | झूँसी, ज्ञानपुर रोड, माधो सिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., सुलतानपुर जं., खजुरहट, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., मनकापुर, जं., स्वामी नारायन छपिया, बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., दुल्लहपुर, औंड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधो सिंह, ज्ञानपुर रोड एवं झूँसी स्टेशन |
| 05150 | गोरखपुर जं. | 19:30 | झूँसी | 04:00 | चोरी चौरा, गौरी बाज़ार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., लार रोड, बेलथरा रोड, इन्दारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05149 | झूँसी | 11:15 | गोरखपुर जं. | 20:00 | |
| 05152 | गोरखपुर जं. | 23:45 | झूँसी | 08:00 | चोरी चौरा, गौरी बाज़ार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., लार रोड, बेलथरा रोड, इन्दारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05151 | झूँसी | 15:15 | गोरखपुर जं. | 23:45 | |
| 05101 | झूँसी (रिंग रेल) | 09:00 | झूँसी (रिंग रेल) | 04:15 | ज्ञानपुर रोड, माधो सिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, सारनाथ, औंड़िहार जं., गाजीपुर सिटी, यूसुफपुर, चित बड़ागाँव, बलिया, सुरेमनपुर जं., छपरा जं., छपरा कचहरी, मढ़ौरा, मसरख, दिघवा दुबौली, सिधवलिया, रतन सराय, गोपालगंज, थावे जं., हथुआ जं., सीवान जं., मैरवा., भाटपार रानी, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, इन्दरा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, जखनियाँ, औंड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधो सिंह एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05102 | झूँसी (रिंग रेल) | 14:30 | झूँसी (रिंग रेल) | 09:00 | ज्ञानपुर रोड, माधो सिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, सारनाथ, औंड़िहार जं., जखनियाँ, दुल्लहपुर, मऊ जं., इन्दरा जं., बेलथरा रोड, सलेमपुर जं., भटनी जं., भाटपार रानी, मैरवा, सीवान जं., हथुआ जं., थावे जं., गोपालगंज, रतन सराय, सिधवलिया, दिघवा दुबौली, मसरख, मढ़ौरा, छपरा कचहरी, छपरा जं., सुरेमनपुर, बलिया, चित बड़ागाँव, यूसुफपुर, गाजीपुर सिटी, औंड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधो सिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 01034 | मऊ जं. | 23:50 | छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस | 14:30 | आज़मगढ़, शाहगंज जं., वाराणसी जं., चुनार जं., मिर्ज़ापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना जं., मैहर, कटनी जं., जबलपुर जं., नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी जं., बानापुरा, हरदा, खिरकिया, छनेरा, तलवड़िया, खंडवा जं., भुसावल जं., मनमाड जं., नासिक रोड, इगतपुरी, कल्याण जं., ठाणे एवं दादर स्टेशन |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट **https://enquiry.indianrail.gov.in** अथवा **NTES App** देखें।

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

CMYK

# एक दूसरे से नफरत ही सारे झगड़े का मूल: ब्रह्माकुमारी

**अवधनामा ब्यूरो**




**सोनभद्र।** रावटसगंज नगर स्थित विकास नगर ब्रह्माकुमारीज संस्था की सेवाकेंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी सुमन बहन ने बताया कि महाशिवरात्रि परमात्मा शिव के दिव्य अवतरण तथा आदि सनातन दैवी संस्कृति का महापर्व है। ओम शांति महामंत्र है जो जीवन की सारी समस्याओं को सुलझाये महाशिवरात्रि के अवसर पर ब्रह्माकुमारीज संस्था द्वारा निकाली गई चैतन्य झांकी के माध्यम से विश्व शांति और सद्भावना का महामंत्र पूरे शहर में गूंजा। इस अवसर पर सर्व मनुष्य आत्माओं की चैतन्य झांकी निकाली गई, जिसमे देव, (ईसामसीह) दीप, (गुरुनानक) शौर्य (ब्रह्माकुमार), आयुष्मान, (मुस्लिम) वैभव ने (श्रीराम ) रिशु पंडित मनमोहक स्वरूप में सजे लोगो के आकर्षण के केंद्र थे। सर्व मनुष्य आत्माओं का परमपिता परमात्मा एक ही निराकार चैतन्य ज्योतिबिंदुस्वरूप शिव एक ही है। इसलिए भारतीय संस्कृति सनातन है। निराकार शिव ही सृष्टि की सांस्कृतिक, धार्मिक और आध्यात्मिक चेतना के मूल है। वर्तमान अधर्म और अज्ञानता से मुक्त कर निकट भविष्य में संपूर्ण विश्व में आदि सनातन दैवी संस्कृति की पुनर्स्थापना कराने वाले परमात्मा शिव को ही अनेक गुणवाचक नाम जैसे अल्लाह - नूर तथा गॉड इज लाइट इत्यादि सम्बोधनों से अलंकृत किया जाता है। नवयुग की पुनर्स्थापना का दिव्य कर्तव्य स्वयं निराकार परमात्मा शिव मानवीय माध्यम के द्वारा करा रहे हैं। महाशिवरात्रि के अवसर पर अपनी मानवीय कमजोरी को छोड़कर सनातन संस्कृति के उत्कर्ष में सहयोग करके अपना श्रेष्ठ भाग्य बनाना है। ब्रह्माकुमारीज संस्था की सेवाकेंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी सुमन बहन ने बताया कि महाशिवरात्रि का पर्व स्वयं को पांच महाविकारों से मुक्त कर जीवनमुक्ति का अनुभव करने का महापर्व है। परमात्मा शिव का सर्व मनुष्यात्माओ के लिए यह दिव्य संदेश है कि अति निकट भविष्य में सृष्टि का महापरिवर्तन होगा तथा आदि सनातन दैवी संस्कृति की पुनर्स्थापना होने वाली है। महाशिवरात्रि के अवसर पर पर्चा वितरित कर संदेश दिया गया तथा लोगों से दिव्य और भारत के नवनिर्माण में सहयोग करने के लिए बुराइयों को छोड़कर भारत को विश्वगुरु के सर्वोच्च पद पर प्रतिष्ठित करने का आह्वाहन किया गया। कार्यक्रम में पूरे जनपद से पधारे संस्था तक सदस्य तथा गणमान्य नागरिक सम्मिलित हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में बीके प्रतिभा सीता सरोज बहन दीपशिखा कविता ललिता पूजा डॉ हरीन्द्र भाई, गोपाल भाई ,राजीव शुक्ला, अवधेश धर दुबे इत्यादि ने सक्रिय सहयोग दिया। शांति मार्च यात्रा का शहर में समाजसेवी डॉ अनुपमा, डॉ संजय,(डिप्टी सी एम ओं) विजय कुमार (BDO)लोगों तथा संस्था जुड़े सदस्यों द्वारा स्वागत किया गया।

# पीडीए पंचायत में बीजेपी पर साधा निशाना

**अवधनामा संवाददाता**

**सुमेरपुर हमीरपुर।** सदर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत खैरी, बैजेमऊ एवं भटुरी में आयोजित पीडीए पंचायत में सपा नेताओं ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा धर्म की आड़ में गांव गरीब किसान की बात नहीं करती है। यह विकास के बजाय धर्म की आड़ में लोगों को गुमराह करके इनका भविष्य गर्त में डाल रही है। जिलाध्यक्ष इदरीश खान की अध्यक्षता में आयोजित पीडीए पंचायत को संबोधित करते हुए वरिष्ठ सपा नेता शुभकरण सिंह परिहार ने कहा कि सपा ने कभी धर्म की राजनीति नहीं की। सपा संस्थापक अपने राजनीतिक जीवन में गांव गरीब किसानों छात्रों नौजवानों अल्पसंख्यकों महिलाओं के उद्धार के लिए संघर्षरत रहे और इन वर्गों के कल्याण के लिए अनेकों योजनाओं को लागू किया। सपा लोहिया जी, मुलायम सिंह, जनेश्वर मिश्र, कर्पूरी ठाकुर के सिद्धांतों पर चल रही है। जिलाध्यक्ष इदरीश खान ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश की सरकारें समाज में भेदभाव नफरत पैदा कर रही हैं। धर्म के नाम पर देश समाज को गुमराह किया जा रहा है। संचालन ओपी सोनकर वारसी ने किया। इसके बाद सभी नेता सिसोलर में आयोजित शिव बारात में शामिल हुए। इस मौके पर घनश्याम साहू, मनीष यादव, सलीम खान, अरुण यादव, कृष्णा यादव, मलखान यादव प्रधान खैरी, मदनपाल, कामता प्रसाद, शिवकुमार पाल, राकेश अनुरागी, शिवकुमार यादव, विश्राम अनुरागी, बालेंद्र पाल, महेंद्र पाल, सुनील यादव, कंचन मिश्रा, विशंभर वर्मा, रामेश्वर दीक्षित, भोला मिश्रा, इंदल प्रजापति, शिवम मिश्रा आदि पार्टी कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### नफर अभियुक्त गिरफ्तार



**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) व क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक 26.02.2025 को थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर 01 नफर अभियुक्त रइस आलम पुत्र बदरे आलम निवासी पुरब मोहाल कस्बा रॉबर्ट्सगंज थाना रॉबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र उम्र करीब 32 वर्ष के पास से 07.62 ग्राम नाजायज हेरोइन, 02 अदद मोबाईल व 01 अदद मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया जिसके सम्बन्ध में थाना रॉबर्ट्सगंज पर मु0अ0सं0-207/2025 धारा 8/21/27ए/29 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त को मा0 न्यायालय भेजा गया।

### नारायन कॉलेज में महाशिवरात्रि पर शिवपरिवार एवं अन्य देवी-देवताओं की मूर्तियों की हुई प्राण-प्रतिष्ठा



**इटावा।** महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर नारायन कॉलेज ऑफ साइन्स एंड आर्टस् के परिसर के नवनिर्मित मंदिर में शिवपरिवार एवं अन्य देवी-देवताओं की मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम विद्यालय के चेयरमेन इंजीनियर हरिकिशोर तिवारी व उनकी धर्म पत्नी मधुलता तिवारी के कर कमलों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सम्पन्न हुआ। प्राण-प्रतिष्ठा के इस शुभ अवसर पर सबसे पहले प्रतिमाओं को गंगा जल से स्नान करा कर स्वच्छ वस्त्र से पोंछकर नवीन वस्त्र धारण कराये गये व प्रतिमाओं को चंदन का लेप लगाकर श्रृंगार किया गया फिर बीज मंत्रों का पाठकर प्राण-प्रतिष्ठा सम्पन्न कराई गई। इस शुभ अवसर पर शहर के गणमान्य व्यक्ति अतुल आक्रोश, अवधेश नारायन तिवारी, दिलीप मिश्रा, डी.डी.मिश्रा व विद्यालय के वाइस चेयरमेन इंजीनियर अंकित तिवारी, विद्यालय के प्रधानाचार्य डा.धर्मेन्द्र शर्मा, डिग्री कॉलेज के प्रधानाचार्य योगेश दुवे, स्किल डेवेलपमेन्ट हेड प्रवल गुप्ता, फॉर्मेसी कॉलेज हेड अभिषेक तिवारी एवं सीबीएसई विद्यालय समस्त स्टाफ, डिग्री कॉलेज समस्त स्टाफ व क्रिएटिव किंगडम प्ले स्कूल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। मंदिर में मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर सभी भक्तों को प्रसाद स्वरूप फलाहार कराया गया।

### बालकृष्ण की लीलाओं का मंचन देख आनंद में डूबे दर्शक



**सुमेरपुर हमीरपुर।** कस्बे के पैलानी मार्ग में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन कथा व्यास ने माखन चोरी, गिरिराज पूजन, महारास लीला, कंस वध का सुंदर वृत्तांत सुनाया। श्री कृष्ण की बाल लीलाओं को सुनकर श्रोता भावविभोर हो उठे। कस्बा निवासी कमला गुप्ता ने पैलानी मार्ग में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन कराया है। कथा के छठवें दिन कथा व्यास दुर्गा प्रसाद द्विवेदी ने श्री कृष्ण के बाललीलाओ का सुंदर वृत्तांत सुनाकर लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। उन्होंने माखन चोरी, महारास लीला, कंस वध का वृत्तांत सुनाया। इस अवसर पर इटरा आश्रम के महंत स्वामी वेदानंद सरस्वती उर्फ बलराम बाबा, श्रीकृष्ण गुप्ता, रेनू गुप्ता, रामखिलावन गुप्ता, रामकृष्ण गुप्ता, रामकरण गुप्ता, रमाकांत गुप्ता, पूर्व सभासद उमाकांत उर्फ बाबा गुप्ता, महेश भदौरिया, दुर्गेश शिवहरे, विष्णु गुप्ता आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

### ब्रह्म कुमारी बहनों ने निकाली शिवबारात



**कुरारा,हमीरपुर।** कस्बा में महाशिवरात्रि के अवसर पर ब्रह्मकुमारी संस्था की बहनों ने नगर शिव बारात निकाली। जिसमे नगर की महिलाएं शामिल रही। महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर ब्रह्म कुमारी संस्था की बहनों ने भगवान शिव की बारात निकाली। नगर भ्रमण के दौरान चेयरमैन आशारानी कबीर भी मौजूद रही। तथा संस्था की सभी बहनों ने मौजूद रहकर बारात निकाली। नगर भ्रमण के बाद बाजार में समापन हो गया।

### प्राचीन कोटेश्वर मंदिर से निकली भोले बाबा की बारात

**कुरारा,हमीरपुर।** विकास खंड क्षेत्र के बेरी गांव स्थित प्राचीन कोटेश्वर शिव मंदिर से भगवान भोलेनाथ की बारात धूमधाम से निकली इस दौरान भूत पिशाच वेश धारी बाराती नाचते गाते हुए चल रहे थे। वही क्षेत्र के शंकर पुर गांव स्थित प्राचीन शिव मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर लोगो ने पूजा अर्चना की तथा कांवर भी चढ़ाई गई। तथा भंडारे का आयोजन किया गया। भक्तो की भारी भीड़ मौजूद रही। क्षेत्र के बेरी गांव में बेतवा नदी के किनारे प्राचीन शिवमन्दिर स्थित है। इस मंदिर में लोगो की अपार आस्था है। प्रतिवर्ष महा शिवरात्रि के अवसर पर ग्रामीणों के सहयोग से शिवबारात का आयोजन किया जाता है। बारात शिवमन्दिर से उठकर गांव के अंदर से होकर किले के दरवाजे से होकर बाजार से होकर गाजेबाजे के साथ भ्रमण करते हुए पुलिस चौकी के समीप सेहोकर वापस शिव मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई। शिव बारात में बैल पर सवार शंकर भगवान व उनके गण चल रहे थे।

# 332 मरीजों की हुई जांच मुफ्त में दिए चशमा एवं दवा



**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** लायंस क्लब राबर्ट्सगंज द्वारा निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन प्रत्येक माह की 26 तारीख को लायंस भवन में श्री सदुरु नेत्र चिकित्सालय, चित्रकूट के सहयोग से आयोजित किया जाता है, कैम्प लायंस भवन में होता है,इस बार आज 26 फरवरी को डॉ0 संतोष यादव, मैनेजर हेमराज यादव के नेतृत्व में आई टीम ने मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए 78 मरीज चित्रकूट भेजे गए। अध्यक्ष राधिका सिंह, कोषाध्यक्ष परमजीत कौर,पूर्व मंडलाध्यक्ष हरीश अग्रवाल, एसोसिएट कैबिनेट सेक्रेटरी किशोरी सिंह, विमल अग्रवाल, रीजन चेयरपर्सन दया सिंह, श्याम बाबू, अमित जायसवाल, मुकेश जायसवाल, अभय सिंह आदि सदस्य उपस्थित रहकर कार्यक्रम को संपन्न कराएं। 126 मरीजों को निःशुल्क चश्मा दिया गया,दवा दी गई। जिसमें 26 फरवरी 2025 तक 3464 मोतियाबिंद के मरीजों का निशुल्क ऑपरेशन हो चुका हैं, 6509 मरीजों की जांच हो चुका है। अध्यक्ष राधिका सिंह ने कहा कि आज के आयोजन में 78 मोतियाबिंद के मरीजों को ऑपरेशन के लिए चित्रकूट भेजा गया,हरीश अग्रवाल, परमजीत कौर, विमल अग्रवाल, किशोरी सिंह,दया सिंह, संगम गुप्ता, श्याम बाबू, अमित जायसवाल, मुकेश जायसवाल, अभय सिंह ने संयुक्तरुप से कहा कि यह पुनीत कार्य लायंस क्लब द्वारा कई वर्षो से किया जा रहा है, निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में आज तक हुए सभी ऑपरेशन शत-प्रतिशत सफल रहे। 332 मरीजों की जांच हुई जिन्हें चश्मा एवं दवा मुफ्त दिया गया। लायंस क्लब राबर्ट्सगंज निरंतर इस तरह की सेवा करता रहता है।

# शिवद्वार धाम महाशिवरात्रि का पर्व बहुत धूमधाम से मना



**अवधनामा संवाददाता**

**घोरावल/सोनभद्र।** स्थानीय तहसील में स्थित शिव पार्वती मंदिर सत्तद्वारी (शिवद्वार धाम) पर शिवरात्रि महापर्व बहुत धूम धाम से मनाया गया बताते चले कि शिवद्वार धाम जनपद सोनभद्र का अति लोकप्रिय मंदिर है जहा शिवरात्रि महापर्व के पावन अवसर पर बहुत बड़ा मेला का आयोजन हुआ जिसमे लगभग लाखो भक्तो का भीड़ लगा जिसमे प्रशासन कि ओर से पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पीडब्ल्यूडी, विकाश खंड, राजस्व एवं आपदा विभाग इत्यादि के संयुक्त टीम के शकुसल प्रयास से मेला संपन्न हुआ वही मंदिर प्रबंध समिति शिव पार्वती प्राचीन काशी सेवा समिति कि ओर से भव्य प्रसाद (भंडारे )का आयोजन कराया गया जिसमे संस्था के संरक्षक क्रांति ब्रह्मा अध्यक्ष रविंद्र कुमार मिश्र उपाध्यक्ष श्रीकांत दुबे, सचिव शिवनारायण सिंह सदस्यगण सर्वेश, शिवप्रसाद, कुंजबिहारी, ठाकुर प्रसाद, रामनिहोर, विनीत , अमित, सूर्यकांत, सुप्रीत, राजन आदि संस्था से लगे वालंटियर के सहयोग से प्रसाद वितरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ बताते चले कि जिलाप्रशासन कि ओर से व्यवस्था बिल्कुल चुस्त दुरुस्त मिली मंदिर प्रांगण में भक्तो द्वारा शांति पूर्वक दर्शन पूजन का क्रम चला मंदिर परिसर में अनियमित रूप से दुकान लगने से भक्तो को असुविधाओं और कठिनाइयो का सामना करना पड़ा श्रावण मास में आयुक्त महोदय विंध्याचल मंडल मिर्जापुर द्वारा भक्तो के सुविधाओं को देखते हुए स्वयं मंदिर पर मेला का भ्रमण करते हुए मंदिर परिसर से सभी दुकानों को हटवा दिया गया था लेकिन इस महाशिवरात्रि पर्व पर कुछ लोकल प्रशासन के लापरवाही से दुकानों को नहीं हटवाया गया वही सफाई कर्मचारी और पुलिस बल के अथक परिश्रम से मेले को सकुशल संपन्न करवाया गया मंदिर संस्था कि ओर से मांग उठी कि श्रद्धालुओं के सुविधा को देखते हुए मंदिर का सौंदरीकरण किया जाना अति आवश्यक हैं जिससे भक्तो को कठिनाइयों का सामना न करना पड़े उक्त मेला व्यवस्था में एसडीएम घोरावल राजेश कुमार सिंह, तहसीलदार नटवर सिंह, क्षेत्राधिकारी राहुल पांडेय , एसएचओ कमलेश पाल, चौकी प्रभारी शिवद्वार रामग्यान यादव, प्रधान सियाराम यादव, अमित, श्रीकांत, रविंद्र, राजन, सुप्रीत, रामनीहोर समेत आदि लोग सेवा भाव में उपस्थित रहे।

### शिवरात्रि महापर्व पर उमड़ भक्तों का हुजूम हर हर महादेव के जयघोष से गुंजायमान रहा इलाका



**चोपन/सोनभद्र।** नगर सहित आसपास के देवालयों पर महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर भोर से ही श्रद्धालुओं का तांता लगने लगा लोगों ने अपने आराध्य भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर मंगलकामना किये। जहां एक तरफ नगर के पश्चिम पहाड़ी पर स्थित काली मंदिर, कैलास मंदिर, दुर्गा मंदिर, नर्वदेश्वर महादेव पराम्बा शक्तिपीठ मंदिर, हनुमान मंदिर, रामेश्वर महादेव मंदिर पर लोगों ने भोलेनाथ का जलाभिषेक किया तो वहीं दूसरी तरफ जुगैल थाना क्षेत्र के गोठानी गांव में विराजमान अतिप्राचीन बाबा शोभनाथ के मंदिर पर भोर से ही श्रद्धालुओं का तांता लगने लगा जहां दस बजते-बजते शिव भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा। बताते चलें कि बाबा शोभनाथ सोननदी के पावन तट पर अवस्थित हैं यहां नगर समेत आसपास के सैकड़ों गांव से लोग आते हैं और बाबा शोभनाथ का जलाभिषेक करते हैं यहां पर लगने वाले मेले का परिवार सहित आनंद उठाते हैं मेले का गुड़हिया जलेबी आकर्षण का केंद्र रहता है मंदिर के चारों तरफ व्यवस्थित ढंग से लगे मेला में लोगों ने जमकर अपने अपने पसंद की वस्तुओं की खरीदारी भी किये सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जूगैल पुलिस जगह जगह मुस्तैद रही।

### पुण्यतिथि पर सावरकर के जीवन पर प्रकाश डाला

**सुमेरपुर हमीरपुर।** आजादी के संघर्ष मे देशभक्तों की महत्ता के मद्देनजर वर्णिता संस्था के तत्वावधान मे विमर्श विविधा के अन्तर्गत जिनका देश ऋणी है के तहत भारतीय क्रांतिकारी आन्दोलन के प्रणेता दामोदर वीर सावरकर की पुण्यतिथि पर संस्था के अध्यक्ष डा. भवानीदीन ने श्रद्धान्जलि देते हुए कहा कि सावरकर सही मायने मे मां भारती के एक सच्चे सपूत थे। वीर सावरकर के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। इनका जन्म नासिक महाराष्ट्र मे 28 मई 1883 को दामोदर सावरकर तथा यशोदा बाई के घर हुआ था। ये प्रारंभ से ही देशसेवी थे। ये ऐसे पहले क्रांतिकारी थे, जिन्हें गोरी सरकार ने दो बार आजन्म कारावास की सजा दी। ब्रिटेन मे इन्डिया हाउस की स्थापना कर आजादी की मुहिम को आगे बढाया। आजाद भारत में भी इन्होंने देश के लिये काम किया। कालांतर में इनका 26 फरवरी 1966 निधन हो गया। इस कार्यक्रम में सिद्धा, प्रेम, महावीर, प्रिन्स, भोलू सिंह, आशुतोष, पंकज सिह, अजय, दस्सी आदि शामिल रहे।

# सौंखर में शिव बारात में शामिल हुए सदर विधायक

**अवधनामा संवाददाता**

**सुमेरपुर हमीरपुर।** युवा मंडल सौंखर की अगुवाई में गाजेबाजे के साथ नयनाभिराम झांकियों संग शिव बारात निकालकर मनासर बाबा शिव मंदिर पहुंची। यहां पर मंदिर के महंत ने बारात की अगुवानी की। इस मौके पर सदर विधायक, ब्लॉक प्रमुख एवं पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा मौजूद रहे। बारात देखने के लिए आसपास के गांवों से लोगों की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी। वहीं भोर होते ही मनासर बाबा शिव मंदिर में भक्तों का दर्शन पूजन के लिए तांता लगा रहा। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी युवा मंडल सौंखर के नेतृत्व में शिव बारात का शुभारंभ ग्राम सचिवालय से हुआ। सौंखर में भ्रमण के उपरांत बारात मनासर बाबा शिव मंदिर के लिए रवाना हुई। बारात के मंदिर में पहुंचने पर आश्रम के महंत स्वामी द्वारिका दास महाराज ने शिव पार्वती की आरती उतारकर स्वागत किया। इस मौके पर सदर विधायक डा. मनोज कुमार प्रजापति, ब्लॉक प्रमुख जयनरायन सिंह यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष ब्रजकिशोर गुप्ता, अरविंद श्रीवास्तव, प्रधान कप्तान सिंह यादव, श्यामबाबू कुशवाहा, राममनोहर साहू, कमलेश बाबा, मुन्नालाल प्रजापति, अरविंद प्रजापति, सभाजीत कुशवाहा आदि मौजूद रहे। बारात में शिव पार्वती, राधा कृष्ण आदि की नयनाभिराम झांकियां शामिल की गई थी। शिव बारात देखने के लिए सौंखर के अलावा नजरपुर, नरायनपुर, कारीमाटी, सिमनौडी, देवगांव, कुंडौरा, सुमेरपुर से लोगों की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी। वहीं भोर होते ही मनासर बाबा शिव मंदिर में पूजन अर्चन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। शिव भक्तों ने भोलेनाथ का दूध, दही, गंगाजल से अभिषेक करके भांग, धतूरा, विल्व पत्र, बेल, बेर आदि का भोग लगाकर क्षेत्र में सुख समृद्धि की कामना की। इस मौके पर यहां मेला भी लगा हुआ है।

# शिवालयों में उठी हर-हर बम -बम की गूंज

- भूत प्रेतों के संग मदमस्त दिखे भोले के बाराती

**अवधनामा संवाददाता**



**मौदहा/हमीरपुर।** मौदहा कस्बा सहित आसपास के गांवों में महाशिवरात्रि पर्व के चलते बुधवार को सभी शिवालयों में सुबह से देर रात तक हर हर बम - बम की गूंज सुनाई दी वहीं कई कस्बा सहित सिसोलर व अन्य कई गांवों में निकली शिव बारात में भूत प्रेतों के साथ ही भोले के हजारों बाराती नाचते गाते मदमस्त दिखाई दिए हैं। मौदहा कस्बा में महाशिवरात्रि के त्यौहार में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी मोहल्ला फत्तेपुर स्थित शिव मंदिर से बाबा भोलेनाथ की भव्य बारात निकाली गई है। इसमें दर्जनों डीजे, बैंड-बाजे, घोड़े व सैकड़ों भूत प्रेतों के साथ हजारों महिलाएं,युवा, युवतियां, बच्चे और बुजुर्ग सभी बाराती मदमस्त हो कर नाचते गाते व अबीर गुलाल उड़ाते चल रहे थे। भोले बाबा की यह बारात फत्तेपुर शिवालय से शुरू हुई और गांधी विद्यालय, बड़ी देवी मंदिर, टेवनबाबा, मराठी पुरा, कोतवाली, मलीकुआ चौराहा, तहसील मार्ग होकर पुनः फत्तेपुर शिवालय पर पहुंच कर सम्पन्न हुई है।कस्बा के मराठी पुरा कांशीराम कालोनी के निकट स्थित त्रंयबकेश्वर शिव मंदिर से भी शिव बारात निकाली गई।बारात में विभिन्न देवी देवताओं की झांकियां सजाई गई थीं।शिव बारात के चलते भारी पुलिस बल के साथ तहसीलदार और कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी विनीता पहल, उपजिलाधिकारी राजेश कुमार गुप्ता लगातार जुलूस में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे जबकि ड्रोन कैमरे से निगरानी करते रहे हैं। शिव बारातियों के लिए जगह जगह पर लोगों ने शीतल पेय और स्वल्पाहार का इंतजाम किया था कोतवाली क्षेत्र के गांव खण्डेह में शिव बारात निकाली गई। गांव बह्मरौली में शिवरात्रि पर मेले का आयोजन हुआ वहीं रीवन गांव में विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। सिसोलर गांव के मोहल्ला लोहरउडा के प्राचीन शिवालय से सैकड़ों ट्रैक्टरों और डीजे, बैंड-बाजे, घोड़े और भूत प्रेत के साथ हजारों शिवभक्तों ने भोले बाबा की बारात निकाली है। इसके अलावा मौदहा कस्बा के स्टेशन मार्ग स्थित शिवशक्ति मंदिर, धर्मशाला के सामने स्थित शिवालय, मथुरा मंदिर, नगरपालिका के सामने स्थित शिवालय,क्योटरा स्थित शिवालय, निजामी पुरा स्थित शिवालय, शांति नगर स्थित पीपलेश्वर शिवालय सहित अन्य शिवालयों में सुबह से ही जलाभिषेक, रुद्राभिषेक , शिवार्चन एवं हवन पूजन तथा प्रसाद वितरण कार्यक्रम जारी रहा है।जिसके चलते मंदिरों के आसपास साफ सफाई व व्यवस्था चुस्त दुरुस्त दिखाई दी है।

# एक सप्ताह रात में बंद रहेगा रेलवे फाटक

**अवधनामा संवाददाता**

**सुमेरपुर हमीरपुर।** कस्बे के बांदा मार्ग के गेट संख्या 31 की ध्वस्त सड़क की मरम्मत के लिए बुधवार रात नौ बजे से पांच मार्च को सुबह पांच बजे तक यह गेट रात में बंद रहेगा। इसकी सूचना सीनियर सेक्सन इंजीनियर घाटमपुर ने जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, थानाध्यक्ष आदि को पत्र भेजकर दी है।

सीनियर सेक्शन इंजीनियर रेलवे पथ घाटमपुर के हरिशंकर साहू ने बताया कि 26 फरवरी की रात 9:00 बजे से सुबह 5:00 तक गेट संख्या 31 बांदा मार्ग में मरम्मत कार्य होने के कारण यह गेट रात 9:00 बजे से सुबह 5:00 बजे तक 5 मार्च तक प्रतिदिन बंद रहेगा। सेक्शन इंजीनियर ने पत्र जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, चौकी आरपीएफ घाटमपुर, थानाध्यक्ष, स्टेशन मास्टर को भेजा है। सेक्शन इंजीनियर ने रात के समय सभी अधिकारियों से यातायात बंद कराने के लिए सहयोग मांगा है। बता दें कि बांदा मार्ग के गेट संख्या 31 में रेलवे ट्रैक के अंदर बाहर बनी सड़क बुरी तरह से ध्वस्त हो गई है। भारी भरकम गड्ढे होने से आए दिन भारी वाहन फसते हैं। इस खबर को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया गया था। खबर छपने के बाद हरकत में आए रेलवे प्रशासन ने सड़क की मरम्मत शुरू कराई है। मरम्मत के कारण रात में रेलवे फाटक को पूरी तरह से बंद रखा जाएगा। दिन में इसको आवागमन के लिए खुला रखा जाएगा।

# डबल इंजन की सरकार ने पार पट्टी क्षेत्र की जनता का दर्द समझा: सरिता

**अवधनामा ब्यूरो**



- जिले में बिछाया सड़कों का जाल 296 करोड़ की लागत से बनेगा सिग्नेचर ब्रिज
- सदर विधायक सरिता भदौरिया ने विधि विधान से पूजन कर किया शिलान्यास, 2 वर्ष में होगा कार्य पूर्ण

**इटावा।** उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की सीमा को जोड़ने वाले चंबल नदी पर महत्वपूर्ण सिग्नेचर ब्रिज का विधि विधान से पूजन कर सदर विधायक सरिता भदोरिया ने शिलान्यास किया मुंबई के बांद्रा वर्ली सी लिंक की तर्ज पर बनेगा सिग्नेचर ब्रिज। भारतीय जनता पार्टी की सदर विधायक सरिता भदौरिया और मध्य प्रदेश के भिंड के विधायक नरेंद्र कुशवाह ने संयुक्त रूप से पूजा अर्चना के बाद पुल का शिलान्यास किया। 296 करोड़ की लागत से बनेगा सिग्नेचर ब्रिज और 2 साल में निर्माण पूरा होगा। शिलान्यास के अवसर पर सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि 1970 में बने पल के निर्माण के लिए पार पट्टी एवं मध्य प्रदेश भिंड की जनता ने कई बार पूर्व की सरकारों से गुहार लगाई किंतु किसी ने नहीं सुनी आज देश व प्रदेश में डबल इंजन की सरकार ने हम सब की सुधली और हमारी जलन समस्या का निराकरण करने का निर्णय लिया जिसके लिए हम उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री जी एवं सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के साथ-साथ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित करते हैं उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने इटावा में सड़कों का जाल बिछाया है इटावा बसरेहर बाईपास भरथना रोड का चौड़ीकरण कचौरा रोड कचौड़ीकरण बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे कोटा अटल एक्सप्रेसवे के साथ-साथ आज इस सिग्नेचर ब्रिज से सरकार ने साबित कर दिया कि वह जन-जन की सरकार है जिसकी पूरे प्रदेश देश में बहुत ही प्रशंसा हो रही हैदोनों राज्यों के दर्जनों जनपदों की जीवन रेखा है चंबल नदी का पुराना ब्रिज 6 लेन का नया सिग्नेचर ब्रिज दोनों राज्यों के निवासियों और व्यापारियों के लिए महत्वपूर्ण है नए सिग्नेचर ब्रिज के बनने के बाद यूपी और एमपी के बीच यात्रा करना और व्यापार करना काफी आसान होगा विशेष रूप से खनिज व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। यह ब्रिज यूपी का पहला हाईटेक एक्स्ट्रा डोज सिग्नेचर ब्रिज होगा और इसे यमुना ब्रिज मार्ग से जोड़ते हुए फोर लेन में तब्दील किया जाएगा। शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मध्यप्रदेश की भिंड विधानसभा से विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाहा ने कहा किचंबल पुल के बगल से एक नया पुल बनने जा रहा है सिग्नेचर ब्रिज के निर्माण से ग्वालियर, भिंड, इटावा और आसपास के अन्य जिलों के यात्रियों और व्यापारियों को बड़ी राहत मिलेगी। यह एक्स्ट्रा डोज सिग्नेचर ब्रिज न केवल सुरक्षित और उपयोगी होगा, बल्कि इसकी खूबसूरती भी आकर्षक होगी। शिलान्यास कार्यक्रम में अपने संबोधन में जानकारी देते हुए पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता मुकेश ठाकुर ने बताया किइस परियोजना के पूरा होने में लगभग दो साल लगने की उम्मीद है। यूपी और एमपी को जोड़ने के लिए चंबल नदी पर अत्याधुनिक एक्स्ट्रा डोज सिग्नेचर ब्रिज एएससी इंफ्राटेक कंपनी द्वारा बनाया जाएगा। शिलान्यास कार्यक्रम को पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया, जिला पंचायत सदस्य सचिन यादव, जिला महामंत्री शिवाकांत चौधरी, पूर्व विधायक सिद्धार्थ शंकर दोहरे, पूर्व जिलाध्यक्ष अजय धाकरे आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष भाजपा विक्रम अग्रवाल ने किया। शिलान्यास कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सदर विधायक सरिता भदौरिया, भिंड विधायक नरेंद्र कुशवाहा, पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया, पूर्व विधायक सिद्धार्थ शंकर दोहरे, सीडीओ अजय गौतम, सीईओ सिटी अभय नाथ त्रिपाठी, पीडब्ल्यूडी अधिशासी अभियंता मुकेश ठाकुर, प्रोजेक्ट मैनेजर ओमवीर सिंह, ब्लॉक प्रमुख दिलीप यादव बबलू, जिला पंचायत सदस्य सचिन यादव, निवर्तमान जिलाध्यक्ष अजय धाकरे, जिला महामंत्री शिवाकांत चौधरी, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एम पी सिंह तोमर, घनश्याम वाजपेयी, व्यापार मंडल शहर अध्यक्ष ओम रतन कश्यप मंडल युवा अध्यक्ष अजय गुप्ता अशोक चौहान टीटू विनीत कुमार पांडे अजय भदौरिया, मंडल अध्यक्ष विवेक गुप्ता गोल्डी चौहान, अश्वनी सिंह, विरला शाक्या, चंदन पोरवाल, विवेक चौधरी, बबुआ ठाकुर सहित सैकड़ों की संख्या में पार्टी पदाधिकारी व क्षेत्रवासी उपस्थित रहें।

# महाशिवरात्रि के महास्नान पर त्रिवेणी में उमड़ा आस्था का महासागर

- सुबह 08 बजे ही 60 लाख से ज्यादा लोगों ने कर लिया पवित्र स्नान
- सुरक्षा को लेकर अलर्ट रहा प्रशासन

अवधनामा ब्यूरो

**महाकुम्भनगर/लखनऊ।** महाशिवरात्रि के महास्नान पर बुधवार को त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान के लिए आस्था का महासागर उमड़ पड़ा। महाकुम्भ के अंतिम स्नान पर्व पर करोड़ों श्रद्धालु देर रात से ही पुण्य की कामना के साथ संगम की रेत पर एकत्रित होने लगे। सुबह 08 बजे ही 60 लाख से ज्यादा लोगों ने पवित्र स्नान कर लिया। हर-हर गंगे, बम बम भोले और जय श्री राम के गगनभेदी उद्घोष से पूरा मेला क्षेत्र गूंज उठा। सीएम योगी के विशेष निर्देश पर सुरक्षा के ऐसे पुख्ता इंतजाम रहे कि परिंदा भी पर न मार सके। यहां डीआईजी वैभव कृष्ण और एसएसपी राजेश द्विवेदी खुद मैदान में उतरकर व्यवस्थाओं की निगरानी करते रहे। श्रद्धालुओं के साथ साधु-संत, महामंडलेश्वर और देश-विदेश से आए भक्त संगम में पवित्र डुबकी लगाते नजर आए। इसके साथ ही सुरक्षा के बेहद कड़े इंतजाम किए गए थे। महाकुम्भनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पवित्र स्नान के लिए अद्भुत और दिव्य महाकुम्भ की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई। महिला सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए क्षेत्र को पूरी तरह सुरक्षित बनाया गया। यातायात पूरी तरह सुचारू रहा और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। स्नान के बाद श्रद्धालु दान-पुण्य करते दिखे।



### ऐतिहासिक क्षण को कैमरे में कैद करने की उत्सुकता

महाशिवरात्रि पर अंतिम पवित्र स्नान के दौरान इस ऐतिहासिक क्षण को अपने मोबाइल कैमरे में कैद करने के लिए श्रद्धालुओं की उत्सुकता विशेष रही। हर व्यक्ति इस दिव्य अनुभूति को अपने कैमरे में सुरक्षित करने के लिए उत्साहित नजर आया। लोग स्नान के दौरान और स्नान के बाद सेल्फी से लेकर ग्रुप फोटोज लेते नजर आए। वहीं, तीर्थराज प्रयागराज में इन अद्भुत क्षणों को देश विदेश में बैठे अपने परिजनों को लाइव दिखाने की भी होड़ लगी रही।

## महाशिवरात्रि में शिव मंदिरों में उमड़ा शिव भक्तों का जन सैलाब



- सृष्टि के प्रथम शिव मंदिर ब्रह्मेश्वर महादेव और सिद्ध पीठ मनकामेश्वर मंदिर में शिव भक्तों ने किया जलाभिषेक
- शिवालयों में शिव भक्तों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस और अर्धसैनिक बलों की रही मौजूदगी

**महाकुम्भ नगर।** पावन त्रिवेणी के तट पर 45 दिनों से चल रहे महाकुम्भ 2025 के आखिरी स्नान पर्व महा शिवरात्रि में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। संगम और गंगा यमुना में पुण्य की डुबकी लगाने के बाद श्रद्धालु शहर के विभिन्न शिव मंदिरों में जाकर भगवान भोले शंकर का जलाभिषेक कर रहे हैं। बाहर से आए श्रद्धालुओं में खासतौर पर महाकुम्भ नगर में बने पौराणिक शिव मंदिरों में भगवान शिव की अराधना और जलाभिषेक की उत्सुकता देखी गई। मेला प्रशासन की ओर से भी मंदिरों में भारी सुरक्षा व्यवस्था की गई है।भगवान विष्णु का उपासना क्षेत्र प्रयागराज शिव आराधना के महापर्व महा शिवरात्रि में शिवमय हो गया है। ब्रह्म मुहूर्त से ही शहर के सभी शिव मंदिरों में शिव भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। त्रिवेणी के तट पर चल रहे महाकुम्भ का आखिरी पुण्य स्नान करके श्रद्धालु निकट के शिव मंदिरों में पहुंच रहे हैं। सरस्वती घाट के निकट सिद्ध पीठ मनकामेश्वर में सुबह से लाखों लोग जलाभिषेक कर चुके हैं। सृष्टि के प्रथम शिव मंदिर के रूप में पुराणों में उल्लेखित दारागंज के ब्रह्मेश्वर महादेव मंदिर में भी सुबह से भक्तों का तांता लगा हुआ है। मां गंगा में पवित्र स्नान कर शिव भक्त ब्रह्मेश्वर महादेव और शिवकुटी के कोटेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक कर रहे हैं। अरैल के विभिन्न घाटों में स्नान कर शिव भक्त निकट के सोमेश्वर महादेव मंदिर में भोले भंडारी का जलाभिषेक कर रहे हैं।

### नेपाल के श्रद्धालुओं का उत्साह

इस मेले ने न केवल भारत के चारों कोनों से लोगों को आकर्षित किया, बल्कि पड़ोसी देश नेपाल से भी श्रद्धालु आए। चार किशोरों मनीष मंडल, रब्बज मंडल, अर्जुन मंडल और दीपक साहनी ने अपने चाचा डोमी साहनी के साथ महाशिवरात्रि पर पवित्र डुबकी लगाई। सभी ने भगवान शिव की थीम वाली एकसमान ट्यूनिक पहनी थी और तीन युवाओं ने महाकाल लिखा गमछा भी ओढ़ रखा था। साहनी ने बताया, हम नेपाल के जनकपुर से हैं, जो माता सीता से जुड़ा स्थान है। हमारा शहर जाह्नवी मंदिर के लिए भी प्रसिद्ध है। स्नान के बाद हम अयोध्या में भगवान राम के दर्शन के लिए जाएंगे। यह समूह जनकपुर से जयनगर तक गया, फिर भारतीय रेलवे की ट्रेन से प्रयागराज पहुंचा।

144 वर्षों के फैक्टर ने बढ़ाया उत्साह

कई श्रद्धालुओं ने कहा कि वे इस महाकुम्भ में 144 वर्षों के फैक्टर से आकर्षित हुए, जिसके चलते उन्होंने हर हाल में यहां आने का निर्णय लिया। कोई भी इस दुर्लभ क्षण का साक्षी बनने से खुद को रोक नहीं पाया। इसके लिए कर्नाटक, बिहार, दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश जैसे राज्यों से आए श्रद्धालुओं ने देश की लंबाई-चौड़ाई को कवर किया।

## महाशिवरात्रि पर त्रिवेणी में भारत के रंगों का संगम



- अंतिम स्नान पर्व पर स्नान के लिए देश के कोने-कोने से महाकुम्भ पहुंचे श्रद्धालु
- पश्चिम बंगाल से आए चार दोस्तों की संगम यात्रा

**महाकुम्भ नगर।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर त्रिवेणी संगम में झांझों की मधुर झंकार, पवित्र मंत्रोच्चार और भारत के विविध रंग एक-दूसरे में घुलमिल गए। देश के कोने-कोने से आए श्रद्धालुओं ने इस पवित्र संगम स्थल पर डुबकी लगाकर महाकुम्भ के अंतिम दिन को यादगार बनाया। आखिरी शुभ स्नान होने के कारण, मध्यरात्रि से ही संगम के तट पर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी थी। कुछ ने ब्रह्म मुहूर्त में स्नान के लिए धैर्यपूर्वक इंतजार किया, तो कई ने निर्धारित समय से पहले ही स्नान कर लिया। इन श्रद्धालुओं में पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी से आए चार दोस्त भी शामिल थे, जिन्होंने एकसमान चटख पीले धोती पहनकर स्नान के लिए घाट की ओर कदम बढ़ाया। आकाश पाल (एमएनसी कर्मचारी), अभिजीत चक्रवर्ती (कंटेंट राइटर), राजा सोनवानी (फार्मास्युटिकल क्षेत्र में कार्यरत) और अभिषेक पाल (वकील) अलग-अलग पेशे से हैं, लेकिन महाशिवरात्रि को महाकुम्भ में मनाने की चाह ने उन्हें एकजुट किया। आकाश पाल ने बताया, ÷हम दोस्त हैं और पश्चिम बंगाल से प्रयागराज तक कार से आए। जहां वाहन की अनुमति खत्म हुई, वहां से पैदल चलकर संगम पहुंचे। इस अद्भुत समागम का हिस्सा बनना और खास तौर पर इस शुभ दिन पर, बेहद रोमांचक है।÷ चारों ने गंगा जल ले जाने के लिए भगवा रंग के कंटेनर भी साथ रखे थे। इनके अलावा, दुर्गापुर और कूचबिहार जैसे स्थानों से भी बंगाल के श्रद्धालु पहुंचे।

### भारत की सांस्कृतिक और आर्थिक ताकत का संदेश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जहां इस महाकुम्भ को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए दिन-रात प्रयास किए, वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मार्गदर्शन से इसे वैश्विक पटल पर पहचान दिलाई। सीएम योगी ने महाकुम्भ को लेकर कहा था कि यह आयोजन जाति, पंथ और वर्ग के भेदभाव को मिटाकर एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना को मजबूत करता है। लाखों श्रद्धालुओं ने एकजुट होकर यह सिद्ध कर दिखाया कि एकता ही हमारी असली पहचान है। महाशिवरात्रि के पवित्र अवसर पर अंतिम स्नान के साथ महाकुम्भ का समापन हुआ, लेकिन इसका संदेश विश्व भर में गूंज रहा है। योगी और मोदी के संकल्प से प्रेरित यह महाकुम्भ न सिर्फ आध्यात्मिक शक्ति का प्रदर्शन है, बल्कि भारत की सांस्कृतिक और आर्थिक ताकत को भी रेखांकित कर रहा है।

## संगम तट पर फलीभूत हुआ एकता का महाकुम्भ



- प्रयागराज महाकुम्भ में महाशिवरात्रि के अंतिम स्नान पर्व पर सनातन धर्म की एकता का प्रदर्शन

**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ के अंतिम अमृत स्नान पर्व महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर प्रयागराज में करोड़ों सनातनी श्रद्धालुओं का समुद्र उमड़ पड़ा। न 'ब्राह्मण,' न 'वैश्य,' न 'क्षत्रिय,' न 'शूद्र', सिर्फ सनातन धर्म की शाश्वत सुंदरता और एकता का प्रतीक बनकर संगम तट पर यह पवित्र स्नान संपन्न हुआ। सुबह के धुंधलके से लेकर दिन चढ़ते तक, गंगा, यमुना और सरस्वती के पवित्र संगम पर श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाकर पुण्य अर्जित किया। मंत्रोच्चार और भक्ति संगीत के बीच, यह दृश्य सनातन संस्कृति की जीवंतता को दर्शाता रहा। प्रशासन द्वारा सुरक्षा और व्यवस्था के लिए किए गए कड़े इंतजामों के बीच यह महाकुम्भ महज धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सनातन समाज की एकजुटता और आध्यात्मिक शक्ति का प्रतीक बन गया। महाशिवरात्रि का यह स्नान कुम्भ के समापन का एक ऐतिहासिक क्षण रहा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में महाकुम्भ 2025 न केवल एक धार्मिक आयोजन बन गया, बल्कि यह राष्ट्रीय एकता और सनातन संस्कृति के संकल्प का प्रतीक भी बन गया है। पीएम मोदी और सीएम योगी ने इसे 'एकता का महाकुम्भ' करार देते हुए देशवासियों को एक सूत्र में बांधने का संदेश दिया था। संगम तट पर लाखों श्रद्धालुओं का समागम इस संकल्प की जीवंत तस्वीर पेश कर रहा है।

## महाशिवरात्रि पर औद्योगिक विकास मंत्री ने किया संगम स्नान, मां गंगा को अर्पित की चुनरी

**महाकुंभ नगर।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने प्रयागराज की पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नन्दी के साथ त्रिवेणी संगम में सपरिवार आस्था की डुबकी लगाई। माँ गंगा को नमन करते हुए उन्होंने चुनरी अर्पित की और लोककल्याण व जनकल्याण की प्रार्थना की। मंत्री नन्दी ने कहा कि माँ गंगा केवल एक नदी नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति, भक्ति और मोक्ष की जीवनदायिनी धारा हैं। इन पावन लहरों में स्नान आत्मशुद्धि का वह अनमोल क्षण है, जहाँ श्रद्धा और दिव्यता एकाकार होती हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से धर्म और अध्यात्म के मार्ग पर चलने का आह्वान करते हुए महाशिवरात्रि के पर्व को शिव साधना, सेवा और संकल्प का प्रतीक बताया।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में महाकुंभ 2025 का दिव्य और भव्य आयोजन भारत की सांस्कृतिक विरासत, आध्यात्मिक चेतना और आस्था का अनुपम संगम है। यह महाकुंभ 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की भावना को साकार कर रहा है, जहाँ संपूर्ण विश्व भारतीय संस्कृति की भव्यता का साक्षी बन रहा है।



## डीएम ने कंट्रोल रूम से की यातायात व्यवस्थाओं की समीक्षा

महाकुंभ 2025 के सुचारू आयोजन हेतु जिलाधिकारी प्रयागराज रवींद्र कुमार माँदड़ ने पुलिस लाइन स्थित इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (ICCC) से प्रयागराज के विभिन्न क्षेत्रों की यातायात व्यवस्था का CCTV कैमरों के माध्यम से निगरानी किया। इस दौरान उन्होंने प्रमुख मार्गों, पार्किंग स्थलों और भीड़-नियंत्रण व्यवस्थाओं की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बेली कछार स्थित पार्किंग क्षेत्र का भी दौरा किया और वहां की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि पार्किंग व्यवस्था सुव्यवस्थित होनी चाहिए ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके अलावा, उन्होंने मुख्य मार्गों पर जाम की स्थिति की भी समीक्षा की और यातायात पुलिस को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि यातायात नियंत्रण को प्रभावी बनाने के लिए ICCC कंट्रोल रूम से लगातार निगरानी की जाए और आवश्यकता पड़ने पर मौके पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही, वाहनों की पार्किंग को सुव्यवस्थित करने, ट्रैफिक रूट को स्पष्ट करने और तीर्थयात्रियों को पर्याप्त जानकारी उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए गए।



## मजलिसे चेहलुम आज

**लखनऊ।** रेलवे से सेवानिवृत्त हुए इंजीनियर स्वर्गीय आबिद रजा रिजवी के ईसाले सवाब के लिए मजलिसे चेहलुम गुरुवार को होगी। स्वर्गीय की पुत्री डॉ. गुंजा रिजवी ने बताया कि हरदोई रोड के सरफराजगंज स्थित मस्जिद बिल्कीस जहां में सुबह 10 बजे तिलावते कलामे पाक से शुरू होने वाली मजलिस को मौलाना मूसी रजा यूसुफी खिताब करेंगे। महिलाओं की मजलिस गुरुवार को सरफराजगंज के लहरपुर हाउस स्थित स्वर्गीय के आवास पर 10 बजे होगी, जिसे जाकिरा ख्वाहर रीना फातिमा खिताब करेंगी। वहीं स्वर्गीय मोहम्मद अस्करी जैदी के ईसाले सवाब के लिए मजलिसे बीसवां का आयोजन गुरुवार को किया जाएगा। ठाकुरगंज स्थित इमामबाड़ा मकसदे हुसैनी में शाम 7 बजे तिलावते कलामे पाक से शुरू होने वाली मजलिस को इस्लामिक विद्वान इंजीनियर रजीउल हसन रिजवी खिताब करेंगे।

## रमज़ान पर शहर की मस्जिदों में तरावीह की नमाज का होगा आयोजन

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** माहे मुबारक रमजान में शहर की अलग-अलग मस्जिदों में तरावीह की विशेष नमाज का आयोजन होगा। शुक्रवार को रमजान का चांद नजर आने के साथ ही मस्जिदों में तरावीह की नमाज शुरू हो जाएगी। अलग-अलग मस्जिदों में एक पारे से लेकर पांच पारों तक की तरावीह की नमाज होगी। तरावीह की नमाज में बड़ी संख्या में मुसलमान शामिल होकर तरावीह की नमाज अदा करते हैं। दारुल उलूम नदवतुल उलमा की मस्जिद में रात 8:15 बजे होने वाली तरावीह की नमाज में सवा पारे होंगे वहीं ऐशबाग ईदगाह की जामा मस्जिद में रात 8 बजे होने वाली तरावीह की नमाज में पांच पारों की तरावीह पढ़ी जाएगी। मस्जिद का नाम नमाज का वक्त पारे मस्जिद नदवुल उलमा, टैगोर मार्ग, लखनऊ 8:15 सवा पारा मुम्ताज मस्जिद मलेसे मऊ 7:45 दो पारे मस्जिद हमज़ा, कंघी वाली गली 7:45 दो पारे मस्जिद हकीम साहब वाली, कंघी वाली गली 8:00 दो पारे दरगाह वाली मस्जिद, उजरियाव, गोमती नगर 8:15 दो पारे मस्जिद बर्फ खाना, मलेरिया चौकी 8:00 दो पारे चॉद वाली मस्जिद, तालकटोरा 8:00 तीन पारे मस्जिद कादर खॉ, तालकटोरा 8:00 तीन पारे मस्जिद इब्राहीमी, गली मीर माता 8:00 तीन पारे मस्जिद हमज़ा जलाल पुर 8:00 तीन पारे मस्जिद चॉद वाली, तालकटोरा 8:00 तीन पारे मस्जिद तक़वियतुल ईमान, नादान महल रोड 8:00 तीन पारे दरगाह हाजी हरमैन, मेडिकल कालेज 8:00 तीन पारे जामा मस्जिद ईदगाह, लखनऊ 8:00 पाँच पारे मस्जिद दरगाह शाह मीना शाह, लखनऊ 8:00 पाँच पारे मस्जिद राईन (मदीना मस्जिद) तरकारी मण्डी 8:00 पॉच पारे होंगे।

## मोहम्मद अस्करी ज़ैदी की मजलिस आज

**लखनऊ।** स्वर्गीय सैय्यद मोहम्मद अस्करी ज़ैदी इब्ने सैय्यद मोहम्मद तक़ी ज़ैदी,के इसाले सवाब की मजलिस आज शाम सात बजे बादे मगरेबैन मस्जिदे मक़सदे हुसैन घास मंडी ढाल ठाकुरगंज मे बरपा की जा रही है.इस मजलिस को मौलाना सैय्यद रज़ीउल हसन रिज़्वी ईरान ख़िताब फरमाएगे, इसकी जानकारी मरहूम के पुत्र आरिफ़ ने दी।

## Lexar ने भारत में सबसे मजबूत और टिकाऊ ARMOR 700 पोर्टेबल SSD लॉन्च किया

**लखनऊ।** Lexar, जो एक प्रमुख वैश्विक ब्रांड है मेमोरी समाधान के क्षेत्र में, भारत में ARMOR 700 पोर्टेबल SSD लॉन्च करने जा रहा है। यह दुनिया के सबसे मजबूत SSDs में से एक है। ARMOR 700 को मजबूत और टिकाऊ बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो तेज़ प्रदर्शन और भरपूर स्टोरेज क्षमता देता है। यह ड्राइव आपके सबसे ज़रूरी फाइलों जैसे परिवार की फोटो, महत्वपूर्ण दस्तावेज़ और अन्य परियोजनाओं को सुरक्षित रखने के लिए बनाया गया है, ताकि आपका डेटा सुरक्षित रहे, चाहे कोई अप्रत्याशित स्थिति हो। Lexar का ARMOR 700 पोर्टेबल SSD toughest conditions में भी काम करने के लिए तैयार है। इसमें IP66 रेटिंग है, जिससे यह पानी और धूल से बचता है, और आपके डेटा को छींटे, गिरने और धूल से बचाता है। इसका मतलब है कि चाहे आप बाहर काम कर रहे हो या यात्रा कर रहे हो, ARMOR 700 आपको बाहरी मौसम से सुरक्षा देता है।

## काज़मैन रोड पर खुला आल इन वन का सुपरमार्ट

- मुख्य अतिथि अनीस अंसारी पूर्व आईएएस और लखनऊ पश्चिम के विधायक अरमान खान ने किया शुभारंभ

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** रियायती दर पर लोगो को सामान उपलब्ध कराने के लिए आल इन वन सुपरमार्ट पुराने लखनऊ स्थित काज़मैन रोड पर खुल गया है। लखनऊ में आल इन वन सुपरमार्ट का भव्य उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व आई.ए.एस अनीस अंसारी तथा लखनऊ पश्चिम क्षेत्र के विधायक अरमान खान तथा डॉक्टर हरीश कुमार अग्रवाल ने फीता काटकर किया। इस सुपरमार्ट के शुभारम्भ के अवसर पर ओनर हसन अब्बास और जिशान नकवी ने बताया कि देश भर में 32 मार्ट की गिनती में लखनऊ की ये ब्रांच भी आज शामिल हो गई है। उद्घाटन के अवसर पर अति विशिष्ट के रूप में मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसियेशन के चेयरमैन वरिष्ठ पत्रकार अज़ीज़ सिद्दीकी, महामंत्री अब्दुल वहीद, सचिव ज़ुबैर अहमद, समेत कई पत्रकार मौजूद रहे,इन्हीं के साथ रोहित कुमार यादव, मेंहदी हसन बब्लू विवेक कुमार, लईक आगा तथा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शब्बू कुरैशी, डॉक्टर ज़फ़र खान, भानु प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे। अपने वक्तत्व में ओनर जीशान नकवी और हसन अब्बास ने बताया कि कम्पनी की तमाम स्कीमों के साथ कस्टमर को तमाम सुविधाएं दी जाएंगी साथ ही मार्केट रेट से काफ़ी रियायत दरों पर सामान भी मुहैया कराया जायेगा। लखनऊ में मार्ट फैशन लगातार बढ़ता जा रहा है,लगभग लोगों को इसकी आदत भी पड़ती जा रही है पर ज्यादातर मार्ट बड़ी कालोनियों में या फ़िर पाश इलाकों तक ही सीमित हैं।ऐसे में लखनऊ स्थित काजमैन रोड पर इस तरह का मार्ट खुलना सच में सराहनीय है। जहां एक ही छत के नीचे ग्रॉसरी आइटम के साथ साथ घर में इस्तेमाल होने वाली तमाम चीजें मिल जायेंगी। ऑल इन वन सुपर मार्ट की शुरुआत करने वाले रोहित यादव ने बताया इसकी यात्रा 2023 में शुरू हुई जब मैंने एक खुदरा ब्रांड की कल्पना की जो खरीदारी के अनुभव में क्रांति लाई,पहला स्टोर ग्वालियर में लॉन्च किया गया,जो एक महत्वाकांक्षी यात्रा की शुरुआत थी। मामूली निवेश, एक समर्पित टीम और एक स्पष्ट दृष्टिकोण के साथ, ब्रांड जल्दी ही खुदरा क्षेत्र में एक विश्वसनीय नाम बन गया।

